9. Ct. Roop Lal, and
10. Ct. Bir Bahadur Rai

Those who may desire to donate blood are welcome to do so. The donated blood is used for saving the seriously ill CRPF personnel.



DECISIONS OF MEDICAL OFFICERS' CONFERENCE

The first Medical Officers' Conference was held at Shillong on October 3 and 4, 1975. The Conference was presided over by Shri S.M. Ghosh, IGP, Sector-II.

The following are some of the important decisions of the Conference :—

(1) The medical officers have been authorised to wear separate cap and belt buckle badge, red lanyard and to use word "Dr." on the name plate.

(2) Each type of hospital has been authorised to establish a medical library.

(3) Each Unit has been authorised to convert a one-ton vehicle into an ambulance.

(4) It was decided to establish 20-bed hospitals on ad hoc basis from our own resources at Imphal and Aizawl. The work to equip and staff the Imphal hospital is in progress.

(5) The Medical Officers, holding current charge of Chief Medical Officer, have been deemed to be equivalent to District Civil Surgeon by the Ministry of Health and Family Planning. Now the M.Os officiating on the posts of CMOs are competent to invalidate CRPF patients.

(6) The Govt. has recognised the Nazareth Mission Hospital at Mokamehghat for treatment of CRPF patients. The Govt. has also agreed for treatment of serious CRPF patients in the Durgapur steel plant hospital.

(7) Specialists can be employed on part-time basis in GC Hospitals.

(8) A separate TB hospital is being planned.

(9) CMOs will attend Commandants' Conference.

(10) Medical Officers' basic course is being revised to suit their need.

Good Work in Tamenglong

In Tamenglong area of Manipur, 47 and 58 Battalions have done good work in operations against hostiles. On October 5, 1975, a combined column of 58 and 47 Battalions raided a hostile camp in Barak river area and apprehended three hostile leaders.

In this operation, Nk. A. K. Singh of 58 Battalion exhibited courage and great presence of mind in overpowering a hostile sentry who was about to fire a .303 rifle.

The same column raided another hostile camp on getting a clue from one of the captured hostiles. The CRPF party approached the camp silently after marching through thick jungle and difficult slippery mountainous terrain. Suddenly, hostiles opened fire. This was returned by CRPF party with 2" mortar and LMGs. The firing lasted a few minutes and the hostile position was assaulted and over-run. The hostiles fled in panic, leaving behind 2 rifles one SBML gun, 39 live rounds and some fired cases.

On October 7, 1975, a patrol of 58 Battalion from Abin post while returning after search of village Old Kandihang apprehended two undergrounds along with one 12 bore gun and five packets of explosives. One self-styled Sergeant-Major Bonjok was captured by the Battalion on October 7, 1975, from Longchai village. In yet another operation, the Battalion recovered one .303 rifle and some articles of uniform from an underground hideout near village Khonkang.



BRIG. PANDALAI RETIRES

Brig. K.M. Pandalai, Deputy Director of Operations, CRPF retired from the service on December 19, 1975.

Brig. Pandalai joined the CRPF as Deputy Director (Training and Operations) on August 1, 1968. on retirement from the Army. This was a crucial period when the CRPF was undergoing large-scale expansion. Brig. Pandalai was responsible for the setting up of new training institutions in CRPF and was awarded the President's Police Medal for Distinguished Services in 1972.

While in the Army, Brig. Pandalai commanded the Indian contingent at Gaza and he distinguished himself in this delicate assignment. His last assignment in the Army was as Commander, Madras and Kerala Sub-Area, Madras.

Brig. Pandalai was given a send-off on December 21, in the Force Officers' Mess at Jharodakalan, G.C. New Delhi. Speaking on the occasion, the Director-General, Shri N.S. Saksena, paid a glowing tribute to Brig. Pandalai for the services rendered by him to the CRPF in his capacity of Deputy Director (Training) and Deputy Director (Operations).

Brig. Pandalai is succeeded by Shri S.P. Mishra, Deputy Inspector-General of Police, Central Reserve Police Force, Patna Range.

JOBS FOR THE INVALIDATED

As a welfare measure, twelve members of the CRPF who were invalidated on medical grounds, have been employed as Peons and Chowkidars in the Force. Of these, four persons are working in Hyderabad Range, three in Delhi Range, two in Srinagar Range and one each in Gauhati and Ajmer Ranges.

REWARDS FOR GOOD FREE DRIVING

The drivers in hilly areas will now get a reward of Rs. 30 for the first 5,000 kms of accident-free driving; Rs. 70 for next 5,000 kms of accident-free driving and Rs 100 for every subsequent 5,000 kms of accident-free driving.

For drivers in plain areas, the reward will amount to Rs. 30 for first 7,500 kms of accident-free driving, Rs. 70 for next 7,500 kms of accident-free driving and Rs. 100 for every subsequent 7,503 kms of accident-free driving.

Apart from these rewards, they will get appreciation letters from DIGP and IGP in various cases.

FLOUR MILLS


Two flour mills—one for grinding condiments and the other for wheat-grinding—were inaugurated by Shri J. F. Ribeiro, DIG, Hyderabad on October 18, 1975 in the CRPF Family Welfare Centre at Avadi for the benefit of the CRPF personnel and their families.

Gallantry Awards

The President has awarded the Police Medal for gallantry to H.C. Shashi Dharan Pillai of CRPF, presently on deputation with Indo-Tibetan Border Police, and Jemadar Khazan Singh (ITBP).

On January 19, 1975 when an earthquake shook the snowbound Kinnaur and Spiti districts of Himachal Pradesh, Shri Pillai went out in the open in the blinding snowfall, retrieved from the debris one wireless set and accessories and was able to flash first news of the earthquake. He continued working in the open throughout the night and maintained communication with the affected areas.

On receipt of the information about the earthquake, a rescue party of the Indo-Tibetan Border Police arrived and carried out relief operations. On their return journey, the Battalion Commandant, Lt. Col. P.S. Grewal, slipped while negotiating a landslide. As he was about to fall into the river below, Jem Khazan Singh showing presence of mind jumped down on a loose boulder, and caught hold of the Commandant’s hand, having anchored himself precariously to a rock. Ultimately the other members of the rescue party succeeded in pulling Lt. Col. Grewal and Jem Khazan Singh back to safety.



Directly Appointed Gazetted Officers of the 14th Officers' Course photographed with Sh. Harideo Joshi, Chief Minister of Rajasthan, Sh. N. S. Saksena, Director-General of CRPF and Sh. H. Veerabhadraiah, Director of the Internal Security Academy, (CRPF) at Mount Abu.



Inspector Hari Chand receiving the Best Athlete trophy from Shri N. S. Saksena, Director-General of CRPF.

कैपलर


केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का वृत्त पत्र तथा सचित्र पत्रिका


[द्वैमासिक हिन्दी संस्करण]

31 जनवरी, 1975] [11 माघ, 1896

संख्या 5

खण्ड 3





हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता

हिन्दी क्रैपलर के 30 नवम्बर 1974 वाले संस्करण में पाठकगण हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता के विषय में पढ़ ही चुके हैं। इसके विषय में इस संस्करण के पृष्ठ 3 पर पुनः विज्ञापन दिया जा रहा है। एतद्विषयक नियमावली निम्नलिखित है:

(1) प्रतियोगिता वार्षिक अथवा जैसे एवं जब आवश्यकतानुसार आयोजित की जायेगी तथा कमाण्डैंट के पद तक के सभी अधिकारी वर्ग के एवं लिपिक वर्ग के समस्त कर्मचारीगण भाग ले सकते हैं।

(2) प्रतिस्पर्द्धक का निबन्ध अपना मौलिक होना चाहिए।

(3) निबन्ध को तीन प्रतियों में प्रेषित किया जाना चाहिये और 6000 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिये।

(4) यदि किसी प्रकाशित पुस्तक से कुछ अंश उद्धत किया जाये तो पाद-टिप्पणी में उसका वर्णन होना चाहिये।

(5) निबन्ध के पन्ने की एक ओर डेढ़ इंच के बाये हाशिये (उपान्त) के साथ टाइप होना वाँछनीय है। परन्तु साफ-साफ हस्तलिखित प्रतियां भी स्वीकार की जा सकती

है।

(6) प्रत्येक निबन्ध को मुहर बन्द लिफाफे में भेजना चाहिये और उस लिफाफे पर "निबन्ध प्रतियोगिता" लिखा होना चाहिये। अग्रप्रेषण पत्र में स्पर्द्धक का नाम, उपनाम पद तथा पता लिखा होना चाहिये अपना उपनाम निबन्ध के अन्तिम पृष्ठ में भी सर्वोपरि लिखा जाना चाहिये। लेखक के विषय में बिना जाने हुये निर्णायकों को पुरस्कारों के विषय में निबन्ध के गुणों के आधार पर ही निर्णय करना होगा।

(7) निबन्ध का शीर्षक प्रथम पृष्ठ पर सर्वोपरि होना चाहिये।

(8) समिति द्वारा निबन्धों के निर्णायकों की नियुक्ति होगी। महानिदेशक के० रि० पु० दल की स्वीकृति पर समिति का निर्णय अन्तिम माना जायेगा। वांछित स्तर के नहीं होने पर कोई या सभी निबन्ध समिति द्वारा अपुरस्कृत हो सकते हैं और प्रथम पुरस्कार को बिना दिये, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार प्रदान करना भी नितान्त नियमित होगा।

(9) समिति किसी भी विधि से पुरस्कार की सूचना दे सकती है तथा प्रतियोगिता में भेजे गये निबन्ध को उचित स्तर के पाये जाने पर क्रैपलर में भी प्रकाशित किया जा सकता है।

(10) निम्न पुरस्कार दिये जायेंगे :— प्रथम पुरस्कार 300 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 200 रुपये, तथा तृतीय पुरस्कार 100 रुपये। जो व्यक्ति नकद पुरस्कार लेना स्वीकार करेगा उसे कापीराइट (प्रतिलिप्याधिकार) 'क्रैपलर' को अर्पित करना होगा।

क्रैपलर

द्वैमासिक]

[हिन्दी संस्करण

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का वृत्तपत्र तथा सचित्र पत्रिका



खण्ड 3

अंक 5

31 जनवरी, 1975
11 माघ, 1896
मुख्य सम्पादक :
एच० एस० सेठी
हिन्दी सम्पादक :
जे० एस० शर्मा
सम्पादकीय कार्यालय :
द्वारा महानिदेशालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल, पश्चिमी खण्ड-8, रामकृष्णापुरम नई दिल्ली मुद्रक—दि कैक्स्टन प्रेस (प्राइवेट) लिमिटेड, नई दिल्ली-110055
प्रकाशक : महानिदेशक के० रि० पु० दल की ओर से
एच० एस० सेठी

मुख पृष्ठ पर : विशिष्ट गृह सचिव श्री के० एफ० रुस्तमजी द्वारा शहीद श्रद्धांजलि।
सम्मुख पृष्ठ पर : श्री एन० एस० सक्सेना महानिदेशक के सहित श्री एन० के० मुकर्जी गृह सचिव द्वारा अभिमुख प्रयाण (मार्च पास्ट) में सलामी।
पृष्ठ 23 पर : श्रीमती एन० के० मुकर्जी द्वारा सर्वोत्कृष्ट एथलीट जमादार हरिचन्द को ट्रॉफी प्रदान

इस अंक में :

1. नूतन-वर्ष-अभिनन्दन :
(क) महानिदेशक तथा (ख) हिन्दी सम्पादक की ओर से
2. रिपोर्ताज :
(क) के० रि० पु० दल की 35वीं जयन्ती
(ख) कमाण्डैण्ट (समादेशक) सम्मेलन
(ग) बेस अस्पताल आवडी का प्रथम वार्षिकोत्सव
3. कविता :
(क) शहीद श्रद्धांजलि—रचयिता श्री कृष्ण कुमार वत्स, बेस अस्पताल नीमच
(ख) सैनिक आह्वान-रचयिता कांस्टेबिल राजनाथ 12 बटालियन
4. कहानी : दारुण सुहाग रात—लेखक श्री जे० एस० शर्मा हिन्दी सम्पादक
5. लेख : (क) पुलिस के प्रति सद्भावना की वांछनीयता
(ख) क्या न्यायिक जांचे अपरिहार्य हैं—लेखक श्री के० सी० ढिल्लों
(ग) नौकरी की कहानी-अपनी जवानी—ले० श्री एम०आर० निलगुण्डे
6. गौरव गाथा : (क) राष्ट्रपति पुलिस तथा अग्निशमन शौर्य सेवा पदक
(ग) नागा विद्रोहियों को एक आतंक-ले०एच०एस० सेठी, जनसम्पर्क अधिकारी
(घ) 15 बटालियन गोलाबारूद पकड़ने में सर्वप्रथम
7. स्वास्थ्य सन्देश : जल में डूबने पर पुनर्जीवन के प्राथमिक उपचार —लेखक श्री जे० एस० शर्म्मा, हिन्दी सम्पादक
8. क्रीड़ा क्षेत्रे :
9. विज्ञान के चढ़ते चरण :
10. विविध : (क) यह भी खूब रही
(ख) पेट्रोल के उपभोग में बचत
(ग) शाक-सब्जी खोजिये
(घ) पहेलियां
(ङ) सूक्ति-सुधा

हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता :—निम्नलिखित विषयों पर निबन्ध 28 फरवरी

1975 तक दल के सभी लिपिक वर्गीय तथा कमाण्डैण्ट पद तक के अधिशासी सदस्यों से आमंत्रित हैं :


(क) के० रि० पु० दल के सेविवर्ग के लिये नागालैण्ड
(ख) आर० एफ० एफ० के सेविवर्ग के लिये अरुणाचल
(ग) के० रि० पु० दल के सेविवर्ग के लिये मिजोराम

के विषय में आधारभूत जानकारी

निबन्ध (तीन प्रतियों में) 6000 शब्दों से अधिक के नहीं होना चाहिये तथा श्री बी० के० त्रिपाठी, उपनिदेशक (संभरण) महानिदेशालय, के० रि० पु० दल, रामाकृष्ण पुरम, नई दिल्ली के पते पर प्रेषित हों।

प्रथम पुरस्कार 300 रु० का, द्वितीय 200 रु० का तथा तृतीय 100 रु० का होगा।

नूतन — वर्ष — अभिनन्दन



महानिदेशक की ओर से—"1975 और अधिक प्रसन्नता लायेगा"

"मुझे विश्वास है कि के० रि० पु० दल के वीर जवान तथा अधिकारीगण स्पष्ट तथा निर्लिप्त सत्य सुनना चाहेंगे। 1974 में आपके कर्त्तव्यपालन ने सर्वोच्च स्तरों से प्रशंसा प्राप्त की है। पूर्ण क्षमता से सेवा निभाने वाले संयत तथा प्रौढ़ दल होने के नाते हमें दम्भ के स्थान पर गर्व तथा आत्मप्रशंसा के स्थान पर प्रसन्नता होनी चाहिए।

हिंसा की उग्रवृद्धि होने के कारण सन् 1975 में और भी अधिक प्रक्षुब्धता होने की आशंका है। सम्भलने का क्षणिक अवसर भी नहीं देकर स्थितियां तीव्रगति से आपके सम्मुख मुख फाड़े आयेंगी। आन्तरिक सुरक्षा में संलग्न कोई वटालियन भी कदाचित् ऐसी होगी जो पथराव से परित्राण पा सके। वाह्य दवाब के बढ़ते हुए हमे आंतरिक शान्ति-सुरक्षा बनाये रखने के लिए और भी अधिक कृत-संकल्प बनना होगा। यद्यपि शारिरिक कठिनाइयों में वृद्धि हो सकती है, तद्यपि आप अपनी समस्त चिन्ताओं को मुझ पर छोड़ दीजिए।

कठिनाइयों से एक लाभ भी है। वे परिवार में धनिष्ठता तथा पारस्परिक प्रेम में और भी अधिक ऊष्मता लाती हैं। यही हमारी के० रि० पु० दल के परिवार में हो रहा है। 21 दिनों के पदप्रयाण की दूरी पर स्थित वाह्य चौकियों पर नियुक्त व्यक्तियों तक को

अलग नहीं समझना चाहिए। मुझे उनका सदैव ध्यान है।

आप सबको शांत-चित्त तथा संयतस्नायु होना चाहिए। अतिशय बल का प्रयोग करने वाला एक उत्तेजित अधिकरी समग्र दल को कलंकित कर सकता है।

ग्रुप केन्द्रों में अपेक्षाकृत अधिक आवास-व्यवस्था तथा गृह जाने के लिए अवकाश के अधिक दिनों के रूप में सम्बत् 1975 और अधिक प्रसन्नता लायेगा। के० रि० पु० दल में विधवाओं तथा बालकों को सहायता का मापक्रम बढ़ाया जा रहा है और कुशाग्र-बुद्धि बच्चों को छात्रवृत्तियां भी अधिक दी जायेंगी। भारतीय खाद्य निगम ने गेहूं तथा चावल इत्यादि को उचित दरों पर देने का आश्वासन दिया है। हमारी पद्धतियों में भी सुधार हो रहा है तथा अधिकारों का विकेन्द्रीयकरण किया जा रहा है जिससे आपके क्षेत्राधिकारी आपकी सहायता तुरन्त कर सकें।

आपका भविष्य उज्ज्वल है। हिंसा तथा अराजकता के और घिरते हुये अन्धकार में अनेकों व्यक्ति के० रि० पु० दल जैसे निष्पक्ष एवं व्यक्ति निरपेक्ष कानून पालन कराने वाले अभिकरण की महत्ता आँकने लगे हैं।

आपके जीवन में सफलता के लिये , आपके परिवारों के लिये सौख्य तथा सुन्दर स्वास्थ्य के हेतु एवं राष्ट्र के हितमें आपके अस्तित्व के निमित्त मेरी शुभ कामनायें हैं।"

हिन्दी सम्पादक की ओर से—'ला रहा शुभ कामनायें आपको सम्वत् पछत्तर'

शान्ति-सुख-सौभाग्य-संपद्, तुव चरण चूमें निरन्तर।
ला रहा शुभ कामनायें, आपको सम्वत् पछत्तर।
वर्ष गत में बन्द थे, दुख-द्वन्द थे, उद्भ्रातियां थीं।
रेलवे हड़ताल, तालेबन्दियां, उत्क्रान्तियां भी।
तेल-राशन अरु-वनस्पति, के चढ़े थे मूल्य अम्बर।
ला रहा शुभ कामनायें, आपको सम्वत् पछत्तर।
तेज भावों अरु अभावों से पिसे थे देशवासी।
छेड़ चोरी-चोरबाजारी रही थी स्वर प्रणाशी।
ओढ़ अरुणांशुक क्षितिज पर, अब उषा आती मनोहर।
ला रहा शुभकामनायें, आपको सम्वत् पछत्तर।
विश्व से यह कलमुंही हम, आज चौहत्तर निकालें।
दैन्य-दुख-दारिद्य-दल का, कर दलन हम पूर्ण डालें।
आश अरू अभिलाष अविरल, अब थिरकती दिग्दिगन्तर।
ला रहा शुभ कामनायें, आपको सम्वत् पछत्तर।

नव उमंगे, मृदु उचंगें, है तरंगे, रंग आभेनव।
हर्ष नव, उत्कर्ष मंजुल, मर्ष लाता वर्ष यह सब।
कोटि अभिनन्दन तुम्हें, नववर्ष ! हम सब का अनान्तर।
ला रहा शुभ कामनायें, आपको सम्वत् पछत्तर।

शहीद श्रद्धांजलि

रचयिता—कृष्ण कुमार वत्स, मेल नर्स,
घन्यवाद दें किन शब्दों में,
वीर शहीद तुम्हारा।
भरा हुआ श्रद्धा से है यह,
अविरल हृदय हमारा।
किया देश हित तुमने वीरों,
निज सर्वस्व निछावर।
कार्य किये वे जो साधारण
जनना कभी सकते कर।
जीवन लगा दांव पर तुमने,
मां की लाज बचाई।
विजय कीर्ति मम मातृभूमि की,
दिग्दिगन्त फैलाई ॥
प्राणों के अन्तस्तल से है,
आज तुम्हारा बन्दन।
कोटि कोटि भारत के जनगण,
करते तुव अभिनन्दन।

सैनिक आह्वान
रचयिताः का० राजनाथ पांडेय

हम शपथ को याद करते हैं सदा,
जो गुरु जी से मिली थी प्राणदा।
व्योम में, भूलोक में, जल में सजग,
संतरी हम देश के है सर्वदा।
युग युगान्तर की रही यह साध है,

सब शहीदों की कहानी याद है।
हर दिशा में हम हिमालय बन अडिग,
नित रखें जो देश की मर्य्यादा है।
नहीं गंवाना धर्म अपनी आन का,
नहीं सहेंगे घात अपने मान का।
इन नसों में रक्त अर्जुन, भीम का,
बढ़ चलो, अब ध्यान रख नहिं प्राण का।
देश-सेवा ही हमारा धर्म है,
शत्रुओं को रौंदना ही कर्म है।
मातृ-भू पर प्राण देना नित्यशः,
सैनिकों की जीवनी का मर्म है।



के० रि० पु० दल की 35वीं जयन्ती

दिनांक 31 अक्टूबर 1974 को ग्रुपकेन्द्र दिल्ली में के० रि० पु० दल ने अपनी 35वीं जयन्ती मनायी। श्री के० एफ० रुस्तम जी, विशिष्ट सचिव (गृह) भारत सरकार ने

समारोहात्मक परेड में सलामी ली जिसका नेतृत्व 32 बटालियन के कमान्डैण्ट श्री जे० एस० नेगी ने किया। श्री रुस्तम जी ने 35 शौर्य तथा अन्य प्रकार के पदक विजेताओं को पदक प्रदान किये।

उस अवसर पर भाषण देते हुये श्री रुस्तमजी ने पैरेड के अधिकारियों तथा जवानों को उनके भव्य प्रदर्शन पर बधाई दी। उन्होंने उन कठिन परिस्थितियों का भी उल्लेख किया जिनमें इस दल के जवान देश के विभिन्न भागों में कार्य कर रहे है तथा इसका आश्वासन दिलाया कि इस महानिदेशालय के विविध प्रस्तावों पर सरकार द्वारा अनुकूल विचार हो रहा है।

राज्यों को नाना प्रकार की चुनौतियों से सुलझाने में के० रि० पु० दल के सक्षम सहयोग की रुस्तम जी ने उन्मुक्त कण्ठ से सराहना की। उन्होंने मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल में न्याय तथा व्यवस्था की सामान्य स्थिति लाने में इस दल की महत्वपूर्ण भूमिका का वर्णन किया। "इस समय भी बिहार में के० रि० पु० दल समुचित व्यवस्था रखने में यथाशक्ति योगदान दे रहा है। वस्तुतः जहां कहीं भी के० रि० पु० दल प्रविस्तारित किया जाता है वहां की राज्य सरकारें इस दल को छोड़ना नहीं चाहती है।"


के० रि० पु० दल की उन बीरात्मानों (शहीदों) की स्मृति में जिन्होंने कर्त्तव्य वेदी पर प्राण बलिदान किये हैं, एक भावभीनी श्रद्धांजलि का समारोह आयोजित किया गया। शहीद स्मारक के आधार पर श्री रुस्तमजी तथा श्री एन० एस० सक्सेना महानिदेशक के० रि० पु० दल ने पुष्पांजलि समर्पित की।

स्वर्गीय सरदार पटेल के छायाचित्र पर सुमन मालायें चढ़ाई गई जिनको स्वतन्त्रता के उपरान्त इस दल को स्थायी एवं अधिकृत करने का श्रेय है।

अपराह्न में महानिदेशक ने एक पत्रकार सम्मेलन में भाषण दिया जिसमें प्रमुख समाचारपत्रों तथा समाचार एजेन्सी (अभिकरणों) के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

एक मनोरंजक समारोह "पागल जिमखाना" का भी इस अवसर पर आयोजन हुआ। सायंकाल को ग्रुप केन्द्र दिल्ली में महानिदेशक तथा दल अधिकारियों ने के० रि० पु० दल के जवानों के साथ बड़े खाने में भोजन किया।

मितव्ययिता को ध्यान में रखते हुये इस वर्ष जयन्ती-समारोह केवल एक ही दिन को परिसीमित रहा।



समादेशक (कमान्डैण्ट) सम्मेलन

दिनांक 26 नवम्बर, 1974 को समादेशक (कमाण्डैण्ट) सम्मेलन का समारम्भ करते हुए श्री एन० एस० सक्सेना महानिदेशक के० रि० पु० दल ने यह अभिव्यक्त किया कि के० रि० पु० दल निखिल देश में न्याय तथा व्यवस्था के लिये मुख्याधार रहा है। कदाचित् ही कोई ऐसा राज्य हो जिसने असैनिक अशान्ति, हड़ताल, बन्द, चुनाव आदि के समय के० रि० पु० दल की सहायता का मुख नहीं ताका हो।

इस सन्दर्भ में उन्होंने गुजरात के आन्दोलन, उत्तर प्रदेश के निर्वाचन, रेल हड़ताल, तथा बिहार की क्रान्ति के समय के० रि० पु० दल की राज्य प्रशासनों के प्रति अमित सहायता का उल्लेख किया तथा यह बताया कि सभी सम्बद्ध प्राधिकारियों ने के० रि० पु० दल के कार्य की सराहना की है।

भारत के पूर्वोत्तरी भाग में सेवा निभाते समय के० रि० पु० दल के जवानों की कठिनाइयों से श्री सक्सेना पूर्णतः परिचित हैं तथा उन्होंने बताया कि एक ऐसी योजना बनाई गई है कि वे सभी बटालियनें जो 1969 या उससे पूर्व किसी क्षेत्र में भेजी गई हैं वे अब अन्य क्षेत्रों को स्थानान्तरित की जायेंगी।

'के० रि० पु० दल न्याय तथा व्यवस्था का मुख्याधार'- महानिदेशक

अपनी पारम्परिक भूमिकाओं के अतिरिक्त, के० रि० पु० दल सिक्किम में राज्य व्यवस्था के लिये प्रविस्तारित रहा तथा तस्कर व्यापार के उन्मूलन की कार्यवाहियों में इस दल की सेवायें नियोजित की गई। महानिदेशक महोदय ने बताया कि इन दोनों सेवा के क्षेत्रों में इसने अत्युत्तम कार्य करके दिखाया । किन्तु तस्कर व्यापारी अतीव धनाढ्य तथा साधन-सम्पन्न हैं। अतः यह अत्यावश्यक है कि हमारे जवान दीर्घकालीन तक प्रलोभनों के मुख में न पड़े रहें । इस सेवा में तीन मास से अधिक किसी को नहीं लगाये रखना चाहिये।

सीमेंट तथा इस्पात के घोर अभाव में भी, भवन निर्माण की उपलब्ध प्रगति पर उन्होंने सन्तोष प्रकट किया। विगत वर्ष में दो ग्रुप केन्द्रों का उद्घाटन हुआ। 1975-76 के वित्त वर्ष में सरकार ने के० रि० पु० दल के निर्माण कार्य के लिये 5 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है।

संभरण में प्रगति :-यह जानकर कि के. रि० पू० दल के अधिकांश व्यादेश (इन्डेन्ट) परिसमाप्त हो चुके हैं, महानिदेशक को सन्तुष्टि हुई। अस्त्र-शस्त्रों, द्विनेत्रीय दूरदर्शक यंत्रों तथा दिग्सूचकों को सुधारने के लिये के० रि० पु० दल ने अपनी कार्यशालाओं के खोलने की योजना बनाई है तथा यह प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। महा निदेशक के कथनानुसार--"सरकार ने ये आदेश दिये हैं कि गेहूं तथा चावल की हमारी मांगें भारतीय खाद्य निगम के डिपो से पूरी हों। सर्वतोंमुखी भीषण प्रभाव के होते हुए भी गेहूं तथा चावल पाने में कोई विकट कठिनाइयां हमारे समक्ष नहीं पा रही हैं। चीनी तथा वनस्पति के विषय में भी सरकार ने के. रि० पू० दल की उचित आपूर्ति के लिये अनुदेश दे दिये हैं।

"चिकित्सा की सुविधाओ के विषय में, महानिदेशक ने बताया कि दिल्ली तथा प्रावडी के दो बेस अस्पतालों तथा नीमच, अजमेर, जम्मू तथा गोहाटी के चार ग्रुप केन्द्र अस्पतालों में सरकार ने पौर अधिक सेविवर्ग तथा उपकरण स्वीकृत किये हैं। इन परि योजनाओं को क्रियान्वित करने का प्रबन्ध किया जा रहा है। हम चिकित्सक वर्ग को संयोधीकरण (कम्वैटाइजेशन) करने में भी सफल हुए हैं। आप से यही मेरी विशेष अभ्यर्थना है कि डाक्टरों से सद्व्यवहार कीजिये और उन्हें यह अनुभव नहीं करने दीजिये कि वे निष्पादक कोटि से बाहर हैं।"

प्रशिक्षण-क्रम-महानिदेशक ने कमाण्डेण्टों को सूचित किया कि 31 अक्टूबर, 1974 को समाप्त होने वाले वर्ष में, 1722 कर्मचारियों को प्राथमिक प्रशिक्षण तथा 3,675 व्यक्तियों को सेवास्थ प्रशिक्षण प्रदान किया। साथ ही, के० रि० पु० दल ने सहज संगठनों के कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने में योगदान दिया।

के० रि० पु० दल के अधिकारियों को अपने ज्ञान को प्रत्यास्मरण करने तथा अपनी क्षमता को सुधारने के लिये (1) सहायक अभिनवन पाठचर्या तथा (2) राजपत्रित अधिकारी मोटर परिवहन पाठ्यक्रम नामक दो पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये गये। इनके अतिरिक्त, 64 राजपत्रित अधिकारी तथा 368 अराजपत्रित अधिकारी सेना तथा सीमा सुरक्षा दल के प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों में (के० रि० पु०) दलेतर पाठ्चर्याओ को भेजे गये।

सामान्यतः कर्मचारियों ने इन में अच्छे परिणाम दिखाये तथा कुछेकों ने तो अपने तथा अपने के० रि० पु० दल के लिये प्रशंसा-पत्र भी प्राप्त किये।

क्रीड़ा क्षेत्र में के० रि० पु० दल का खेल प्रभावोत्पादक रहा। इस विषय में, निखिल पुलिस खेलों, अखिल पुलिस ड्यूटी (सेवा) प्रतियोगिता तथा राष्ट्रीय (नेशनल) जिम्नास्टिक्स में के० रि० पु० दल द्वारा प्राप्त वरेण्यताओं का महानिदेशक ने उल्लेख किया।

अवकाश-वर्धन—के० रि० पु० दल के कर्मचारियों के लिये प्रति वर्ष 33 दिनों के स्थान पर 45 दिनों का अजित अवकाश देना सरकार ने इन्हीं दिनों स्वीकार किया है। यह हमारी दीर्घकालीन प्रदत्त आवश्यकता को पूर्ण करेगा। इसी प्रकार, देश में कहीं भी सेवारत अपने कर्मचारियों को प्रति वर्ष एक मुफ्त अवकाश-पास स्वीकृत कराने के लिए हम यथाशक्ति प्रयत्न कर रहे हैं ।

कल्याण में अधिक व्यय— महानिदेशक के शब्दों में "बकि अधिक से अधिक मितव्ययिता का पालन हो रहा है तथा होगा, अपने जवानों के योगक्षेम में अपेक्षाकृत अधिक व्यय करने का हमारा प्रस्ताव है। उदाहरणार्थ :--

(क) साधारण समिति की अन्तिम बैठक में यह निर्णय हुआ है कि दिवङ्गत कर्म चारियों के आश्रितों को कम से कम 3,000 रुपये का अनुदान दिया जाये।

(ख) अराजपत्रित अधिकारियों के प्रतिभाशील सन्तानों को उच्च मात्रा में छात्रवृत्ति देने की भी योजना बनाई जा रही है। डी० वाई० एस० पी० के बच्चों को भी इस योजना में लाभान्वित कराने की संभावना है।

(ग) ग्रुप केन्द्रों में रहने वाले 5 वर्ष तक के बच्चों को पर्याप्त प्रोटीन (प्रोभूजिन) दिलाने की भी एक योजना है। अतिरिक्त प्रोटीन की 50% मात्रा सहायता से पूरी की जायेगी।

अभिनव रेंज-उपमहानिदेशक (मुख्यालय) कलकत्ता को एक रेंज उपमहानिदेशक के कार्यालय के रूप में 15 दिसम्बर 1974 से परिवर्तित करने के निर्णय की घोषणा श्री सक्सेना ने की। प्रारम्भ में, भुवनेश्वर तथा त्रिवेन्द्रम के ग्रुप केन्द्रों और 43, 52, 57 पौर 58 बटालियनों को इस नई रेंज के अधीन रखा गया है।

महानिदेशक ने कुछ चिन्ताजनक विशेषताऔ का उल्लेख किया जैसे लेखा-संधारण में अनुपयुक्त अधीक्षण तथा कुछ राजपत्रित अधिकारियों में अनुभवहीनता । कुछ त्रुटियां तो भ्रष्टाचार के कारण ही हुई हैं ।

मित-व्यय आन्दोलन—महानिदेशक ने कहाः "मैंने अपना भाषण मितव्ययिता की आवश्यकता पर बल देते हुए प्रारम्भ किया था क्योंकि इस विषय में जितना भी बल दिया जाये वह थोड़ा है। अतएव मेरी पुनः यही अभ्यर्थना है कि आप सर्वप्रकार अधिक से अधिक मितव्ययिता का पालन करें।" इस सन्दर्भ में पैट्रोल के कम उपभोग, भवनों की समुचित देख-रेख तथा संचार व्यवस्था को दुरुपयोग करने वालों से क्षति पूर्ति आदि की महत्ता पर उन्होंने बल दिया।

खाली कारतूसों को शीघ्र बेचने तथा उनसे उपलब्ध धनराशि को कल्याणकारी कार्यों में उपयोजित करने की भी उन्होंने प्रेरणा दी।

निर्णयावली

1. एक सिपाही हिन्दी की तीसरी कक्षा की परीक्षा को 35 वर्ष की आयु तक उत्तीर्ण कर सकता है। केवल तीन बार बैठने का प्रायंत्रण हटा दिया गया है।

2. कैन्टीन के लाभांश यनिटें अब महानिदेशालय नहीं भेजेंगी। अस्तु, बटालियन कल्याण निधि का 15 प्रतिशत महानिदेशालय को भेजने का कार्यक्रम चलता रहेगा। इस राशि को केन्द्रीय क्रीड़ा निधि में जमा किया जायेगा।

3. अपने अधीनस्थ बटालियनों की नामावली (नामीनल रोल) ग्रुप केन्द्र नहीं रखेगा। तब भी, ग्रुप केन्द्र तथा बटालियन अपनी अपनी नामावली रखा करेंगी।

4. फर्नीचर, साईकिलों, कार्यालय मुहरों तथा रबड़ मुद्रांकों तथा संम्भाव्यताओं के विषय में उपमहानिदेशकों तथा समादेष्टानों (कमाण्डण्टों) की क्या आवर्ती तथा क्या अनावर्ती वित्त शक्ति बढ़ा दी गई है।

5. अधीनस्थ अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों का सूत्रपात कम्पनी कमाण्डर करेंगे तथा उनकी समीक्षा कमाण्डेण्ट करेंगे।

6. अर्द्धस्थायी रूप से प्रविस्तारित यूनिटें औषधीं के संभरण हेतु (इन्डेन्ट) व्यादेश मुख्य चिकित्सक (सी० एम० प्रो०) को सीधे भेज सकती हैं जो इन बटालियनों के निकटस्थ औषधागारों (एम० एस० डी०) को अग्रेषित करेगा तथा प्रत्येक की एक प्रति लिपि सम्बद्ध ग्रुप केन्द्र बटालियन को भेजेगा।

7. खेल के सामान कमांडेंट की वित्तीय क्षमता के अंतर्गत सम्भाव्य व्यय से क्रय किये जा सकते हैं। यह क्षमता एक सहन रुपये तक प्रति वर्ष प्रत्येक बार 'अनावर्ती शीर्षक' के अन्तर्गत है।

8. प्रत्येक सेक्टर (क्षेत्र) से तीन -राजपत्रित एवं तीन अधीन अधिकारी निरस्त्र संयोधन पाठ्यक्रम (Unarmed cambat course) हेतु प्रतिवर्ष भेजे जायेंगे । इनकी आयु 35 वर्ष से कम की होगी।

9. राजपत्रित अधिकारियों की कारुण्य नियुक्ति (कम्पेशनेट पोस्टिग) की अवधि ढाई वर्ष होगी। किन्तु जो 15 वर्ष कठोर क्षेत्र में सेवा कर चुके हैं तथा जो सेवा निवृत्ति के सन्निकट है उन अधिकारियों को यह अवधि तीन वर्ष की हो सकती है।

वेस अस्पताल प्रावडी की वर्षगाँठ

दिनांक 1 जुलाई 1974 को द्वितीय बेस अस्पताल के० रि० पु० दल आवडी का प्रथम वार्षिकोत्सव साधारणतया नागरिक जनता की परन्तु मुख्य करके के० रि० पु० दल के कर्मचारियों की निष्ठावन्त सेवा के एक वर्ष के उपलक्ष्य में मनाया गया। समारोह सूक्ष्म किन्तु भव्य था। उसमें "वेल बेबी" (सुपुष्ट शिशु) प्रतियोगिता, कुछ खेल, संगीत

सम्मेलन तथा चित्रावेचित्र वेशभूषा की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ ।

डा० एम० वी० चारी मुख्य चिकित्सक, एस० आई० एस० अस्पताल अम्बथुर (मद्रास) इसमें मुख्य आगन्तुक थे। उन्होंने ही प्रति योगिताओ के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये। श्री चारी ने इस संस्थान के एक वर्ष के लघु जीवन में सक्षम रूप से काम करने पर अतीव प्रसन्नता अभिव्यक्त की।

अपने सिगनल में महानिदेशक के० रि० पु० दल ने शुभकामनायें देते हुए लिखा था : "दल को मानव रोग-शोकों से निवृत्त कराने वालों! तुम्हारी दक्षता पर मुझे अत्यन्त प्रत्याशा है । चिकित्सक वृत्ति की उत्तरोत्तर सफलता तथा गौरव के निमित्त मेरी शुभ कामनायें प्रेषित है।"



पुलिस के प्रति सद्भावना की वांछनीयता

"समाज विरोधी तत्वों के विरुद्ध कानून का दृढ़ता से पालन करते हुये हमें उनके प्रति कोई बुरी भावना या बदले का विचार नहीं रखना चाहिए । पथ-भ्रष्ट नागरिकों के विपरीत कम से कम शक्ति का प्रयोग ही एक पवित्र सिद्धांत है।"

हमारे वर्तमान महानिदेशक साहब ने 30 सितम्बर, 1974 को अपना कार्य-भार सम्भालते समय दल के प्रति अपने शुभ-संदेश में उपर्युक्त सिद्धान्त का अनुकरण करने का आह्वान किया था। इस संदर्भ में यदि पुलिस और जनता के व्यवहार को लेकर दैनिक जीवन में दृष्टिपात करें तो हम पायेंगे कि एक दीर्घ काल से पुलिस और जनता एक दूसरे से कटती चली आ रही है और अभी तक एक दूसरे के श्रद्धा के पात्र नहीं बन पाये है। यदि घटना का संबंध सामान्य जनता से है तो इस बात की हर समय आशंका बनी रहती है कि सामान्य विवाद पुलिस और जनता के बीच कभी भी संघर्ष

का रूप ले लेगा।

उदाहरणतः विद्यार्थियों ने ट्रांसपोर्ट की अनियमितताओं से तंग आकर कंडक्टर और ड्राइवर से दुर्व्यवहार कर बसों को सड़क पर रोकना शुरू कर दिया और देखते ही देखते संपूर्ण वातावरण इतना अव्यवस्थित हो गया कि दोनों तरफ से आना जाना बिल्कुल बंद । अब पुलिस को तैनात किया जाता है कि वे 'शान्ति और व्यवस्था' कायम करें। अनुमान लगाया जा सकता है कि इस प्रकार की घटना से निपटने के लिए पुलिस का कार्य कितना कठिन और जोखिम से भरा हुआ होता है। पुलिस की समस्या से सुलझने के लिए इस प्रकार कार्यवाही करनी है कि उसके आचरण एवं सिद्धांत पर कोई आंच भी न आये और जनता की दशा एवं इच्छाओं के साथ सामंजस्य भी स्थापित हो जाये । यदि गम्भीरता पूर्वक अवलोकन करें तो इस समस्या का समाधान कथित सिद्धांत में मिल जाता है। किन्तु एक कहावत चरितार्थ है कि — 'एक हाथ से ताली कभी नहीं बजती है।' जब तक जनता का सहयोग पुलिस को नहीं मिलेगा और पुलिस का दृष्टिकोण जनता को स्पष्ट नहीं होगा तब तक जनता यही कहती सुनी जायेगी कि— "व्यवस्था के बहाने पुलिस अनुशासन-हीनता का परिचय दे रही है, अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर रही है और कर्तव्यों का प्रायः उल्लंघन कर रही है।"

पुलिस घटना-स्थल पर पहुंच जाती है और जैसे ही ट्रैफिक को खोलना शुरू किया कि विद्यार्थी भड़क उठते हैं और पथराव करना शुरू कर देते हैं । देखते ही देखते पूरा वातावरण हिंसा में बदल जाता है। ऐसे वातावरण में कोई भी पुलिस जवान केवल यही सोचेगा कि अपनी जान को सुरक्षित रखते हुये राष्ट्रीय संपत्ति को आगजनी जैसी जघन्य घटनाओं से बचाना है। इस कर्तव्य पालन में यदि कोई पुलिस जवान दुर्भाग्य को प्राप्त हो जाता है तो जनता अपराधियों की भर्त्सना करने में मूक रहती है। किन्तु अपनी सुरक्षा के लिए पुलिस ने अगर गोली चलाने का सहारा लिया और दुर्भाग्य से कोई जनता का सदस्य घायल हो गया तो चारों तरफ आक्रोश का समुद्र उमड़ पड़ता है। अगर इसे पुलिस का दुर्भाग्य न कहा जाय तो क्या कहा जाय ?

27 अगस्त, 1974 को कूच बिहार में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस की एक गाड़ी और सरकारी बस सेवा के टक्कर हो जाने के कारण एक मामूली दुर्घटना हुई । किन्तु क्योंकि यह पुलिस की गाड़ी के साथ दुर्घटना हुई थी तब सड़क पर चलने वाले सभी वाहन चालकों एवं यात्रियों ने पुलिस के विपरीत मोर्चा बांधा तथा बाद में पास के स्कूल के छात्र भी मोर्चे में शामिल हो गये । विचारणीय बात है कि क्या यह एक नई घटना थी? इस प्रकार की न जाने दिन में कितनी असंख्य घटनायें देश के बड़े शहरों में घटित होती है। किन्तु इसका केवल एक कारण यही हो सकता है कि पुलिस के प्रति जनता की भावना का दृष्टिकोण उनके आचरण एवं सिद्धांत के प्रति अधिक स्पष्ट नहीं है । केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के जवानों ने अपनी जान को सुरक्षित रखने तथा गाड़ी को क्षति से बचाने के लिए एवं भीड़ के आक्रामक व्यवहार को निरुत्साहित करने के लिए हवा में गोली दागी; किन्तु एक छर्रा अलग होकर एक विद्यार्थी को जा लगा और

उसकी मृत्यु अस्पताल में हो गई। इस घटना को स्थानीय जनता ने इतना तूल दिया कि संगठित होकर कई स्थानीय सरकारी कार्यालयों पर धावा बोल दिया। आगजनी के कारण पुलिस अधीक्षक और डिवीजनल अफसर के कार्यालय के बहुत से कागजात जलकर भस्म हो गये।

जनता के इस प्रकार के विपरीत आचरण से एक पुलिस जवान की भावनाओं को कितना आघात पहुंचता है कि वह अपने आपको वृक्ष की उस टहनी के सदृश समझने लगता है जो वृक्ष से अलग भी नहीं हो रही है और शाखा के साथ जुड़ी हुई सूख भी रही है। इसी उधेड़-बुन में शायद एक पुलिस जवान सोचता होगा कि--क्या कर्तव्यशील पुलिस जवान उस समाज के अंग नहीं...। यह मैं क्या सोच रहा हूं। कहां भटक गया हूं? कोई शत्रु भी नहीं दिखाई देता; किन्तु मित्र भी कोई नहीं है। काल मार्क्स कहता है।

"मनुष्य की मैं मुक्त कंठ से तारीफ करता अगर वह भेड़ बकरी की तरह मनुष्य को भी पका कर खाता; किन्तु यहां तो मनुष्य को जीवित ही खाया जा रहा है और वह भी बिना भूख के—ट्रेजेडी यह है कि भोज्य को ज्ञात ही नहीं है कि उसको खाया जा रहा है।"

तथ्य तो यह है कि अपराध और कानून में दिन प्रतिदिन स्पर्धा कायम होती जा रही है। इसलिए ज्यों-ज्यों दवा करो मर्ज बढ़ता है; नहीं तो कोई कारण नहीं कि देश के अंदर इतनी विशाल संख्या में पुलिस एवं सेना होते हुये शांति और व्यवस्था को बनाये रखने में हम अपने आपको असमर्थ पा रहे हैं। इसका कारण केवल जनता का असहयोग ही हो सकता है जो नक्सलवादी क्रियाओं, आंदोलनों, आगजनी और लूट-पाट के रूप में प्रकट होता है तथा सरकार और पुलिस के काम-काज में अवरोध उत्पन्न करता है। इस प्रकार पुलिस अपने कर्तव्य पालन से संतुष्ट तभी रह सकती है तथा जनता शांति के वातावरण में श्वास तभी ले सकती है जब कथित सिद्धांत का पालन करते हुए पुलिस को जनता का सहयोग मिलता रहे। क्या कभी उपद्रवियों ने सोचा है कि चारों ओर व्याप्त जीवन का अवसाद कितने निर्दोषों को रह रह कर कचोटता है। जीवन की जिस अनवरत कार्यश्रृखला को नियम के घेरे में बांधकर हमारे नेताओं ने हमें मनुष्यत्व का मार्ग दिखाया हम उसे तोड़ते हैं या अवरोध उत्पन्न करते हैं, नैतिकता और सदाचार को धब्बा लगाते हैं। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के सिपाही सुख-दुख को अपने आंचल में समेटकर उल्लिखित मार्ग की रक्षा करते हैं। क्या इसकी रक्षा का भार अकेला सिपाही उठा सकता है ? सदियों की कीचड़ क्या एक इंसान बहा सकता है ? नहीं, तो जनता को पुलिस के साथ सहयोग देते हुये उनके अंदर छिपे अपराधी और स्वार्थी दैत्यों का पर्दाफास करना होगा; अन्यथा यह आकाश को छूती हुई अकथनीय व्यथा समाज में अभिशापबन फैलती रहेगी और कभी हाथ नहीं आयेगी।

असामाजिक प्रवृत्तियों को पैदा करने वाले, जीवन को रौंदते हुए तथा कुत्सित जीवन को वरण करने वाले क्यों नहीं उस आचरण को अपना लेते जो जीवन के जगत

को सुखमय बना दे और हम कह सकें **" भगवान को इस सुन्दर सांष्टे में रहने के लिये हम अनंत जन्म लेना चाहते हैं।"**

कहानी:

दारुण सुहाग रात

लेखक श्री जे ० एस ० शर्म्मा

बम्बई-हावड़ा एक्सप्रेस के जाते ही रायपुर रेलवे पुलिस थाने पर अचानक भीड़ सी लग गई। अप्रैल की प्रचण्ड ऊष्मा से वैसे ही मनुष्य पसीने से तर बतर होते हैं, किन्तु सुशील के तन से तो बुरी भांति पसीने छूट रहे थे । उसकी सुध-बुध विचित्र ही प्रकार से खोई जा रही थी तथा उसके नेत्रों से गंगा जमुना अजस्त्र बह रही थी....।

और भीड़ एक सूटेड-बूटेड सम्भ्रान्त व्यक्ति की यह दारुण व्यथा विलोक कर आश्चर्यान्वित थी। अन्ततः बात क्या हुई है ? इसी कारण पुलिस के बारम्बार चले जाने के आदेश पर भी भीड़ तितर बितर नहीं हो रही थी।

कारण कि सुशील निज करुण-कथा विलख-विलख कर सुना रहा था 'हन्त उसको दो आगन्तुओ ने स्नेह जताकर उसका सब या था जिसमें पांच सहस्त्र रुपये तो नकद थे।'

विस्तार पूर्वक बताने के लिये थानेदार के आदेश पर सुशील ने दुःख भरी एक दीर्घ श्वासली और कहा 'क्या बताऊं । थानेदार साहब । मैं तो बरबाद हो गया । मेरे जीवन भर की पूंजी लुट गई..." कहते कहते वह स्त्रियों की भांति इधर उधर हाथ पटकने लगा।

थानेदार ने वेचारे की दयनीय दशा पर सम्वेदना खा कर उसे काफी पिलाई और जलपान कराया, जिससे वह कुछ आश्वस्त हो सके। कुछ देर के बाद पूछने पर उसने बताया कि "मुझे सुशील कुमार नायडू कहते हैं और मैं अजमेर के सरकारी अस्पताल में सहायक सर्जन के पद पर काम कर रहा हूं। कुछ दिन पूर्व जब मुझे सरकारी कार्यवश होशंगा बाद जाना पड़ा था तब मेरा परिचय वहां के कलक्टर के दफ्तर में एक नायडू से हो गया था। शीघ्र ही वह परिचय स्नेह-सूत्र में बंध गया। वार्तालाप के मध्य जब मैंने उस मित्र को यह बताया कि में अविवाहित हूं तब उसने एक पर्ची जेब से निकाली और अपनी भान्जी कुमारी शान्ता राम का जो यहां रायपुर के बैरंग बाजार में रहती है पता लिख दिया । साथ ही उसने मुझे यह भी सलाह दी कि मैं स्वयं उस कन्या को देख लू और यदि कन्या मेरी समझ में आ जाये तब आगे बात चीत प्रारंभ की जाएगी ।"

तदुपरान्त सुशील ने बताया "होशंगाबाद से मैं अपने स्वर्गीय पिता के सुहृद कर्नल मुकर्जी के पास जबलपुर माया। और कुछ दिन ठहरने के उपरान्त में रेल से रायपुर चला । नागपुर-जबलपुर पैसेंजर के द्वितीय श्रेणी के डिब्बे में जब मैं यात्रा कर रहा था

तब तभी मेरी भेंट दो शिष्ट सम्भ्रांत व्यक्तियों से हुई जो नागपुर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि वे राउरकेला में इन्जीनियर हैं और छुट्टी से लौट रहे हैं। उनकी मुखाकृति ऐसी लुभावनी थी, उनकी वेशभूषा ऐसी सुहावनी थी तथा उनकी बातें ऐसी लच्छेदार थीं कि अनायस मेरा हृदय उनसे आकर्षित होता चला गया और शीघ्र ही हमारी सहयात्रा मित्रता में परिवर्तित हो गयी।

एक बजे मध्याह न जब लू चपेटे मार रही थी और जब वे ही पुरुष गृह से निकलने का साहस कर सकते थे जिन्हें आवश्यक ही कार्य हो हम तीनों ने नागपुर से बम्बई-हावड़ा एक्सप्रेस पकड़ी। इस समय तो तृतीय श्रेणी के डिब्बों तक में भी उछीड़ थी फिर द्वितीय श्रेणी के डिब्बों का तो कहना ही क्या ? उसमें तो केवल हम तीन ही यात्री थे। गपशप लगाते लगभग साढ़े तीन उत्तराह न पर जब हम भांडारा पहुंचे तब उनमें से एक सज्जन ने मुझे थरमस फ्लास्क से काफी भेंट की । वस्तुतः उस काफी का स्वाद अत्यन्त निराला था और मैंने एक अन्य प्याला और मांग कर पी लिया। उसके उपरान्त मुझे कुछ ही क्षण में बरबश निद्रा ने आ घेरा...। रात्रि के आठ बजे के लगभग दुर्ग स्टेशन पर जब मेरी निद्रा भंग हुई तब हन्त ! भगवन्त ! मैं क्या देखता हूं कि वे दोनों महा नुभाव नौ दो ग्यारह हो गए हैं और साथ ही वे चम्पत कर गए हैं वह मेरा सूट-केश जिसमें थे एक कैमरा, एक ट्रांजिस्टर, एक सोने की नेकलेस, वस्त्र तथा नकद रुपये । कुल मिलाकर लगभग पांच सहस्त्र की वे मेरे चपत लगा गये हैं ।”.. कहते कहते सुशील पुनः बेसुध सा होने लगा। “शोक । मेरा कभी ऐसे बदमाशों से पाला नहीं पड़ा था मुझे कभी ऐसे हथकण्डों का ज्ञान नहीं था। ओफ! वे शठ मेरी सरल हृदयता का अनुचित लाभ उठा ले गये—मुझे बुद्धू बना गए—हाय—मेरा सर्वनाश कर गए”—सुशील के नेत्र विस्फारित से हो गये, उसका कण्ठ अवरुद्ध हो गया, एवं उसके कपोलों पर अश्रुधारा अप्लावित हो गयी।

भीड़ भी द्रवीभूत हो गयी और थानेदार ने 328/279 धाराओं में उसकी रपट लिख ली।

विस्तार पूर्वक समस्त विवरण लिख लेने के पश्चात् थानेदार ने डाक्टर सुशील को कुमारी शान्ता के घर पहुंचा दिया । जब कुमारी शान्ता के परिवार ने डाक्टर की दुःखभरी गाथा सुनी तब उसे सहज ही डाक्टर के प्रति अत्यन्त सहानुभूति उत्पन्न हो गयी और मुख्य करके जब डाक्टर के आने का कारण कुमारी शान्ता से परिणय सूत्र में बंधने का वृत्त सुना तब तो परिवार का प्रत्येक व्यक्ति और भी उसकी ओर आकृष्ट हुआ। शान्ता तो मानो स्वयं को धिक्कार रही थी “छिः मेरे कारण इस वेचारे डाक्टर पर कहां से आपत्ति के पहाड़ टूट पड़े।”

दूसरे दिन प्रातः होते ही डाक्टर सुशील थाने जा पहुंचा और जा पहुंचता भी क्यों नहीं ? अन्ततः वह अमित धनराशि गवां बैठा था । वैसे ही वेतन-भोगी कहां बचा पाते हैं ? बस गिने पुये संभाल खाये । फिर नित्यप्रति की महंगाई ने तो सबकी कमर तोड़ रखी है। ऐसी विषम स्थिति में किसी की जड़ी जुड़ाई सब सम्पत्ति निकल जाए तब उसकी प्रक्षुब्धता का सहज ही अनुमान किया जा सकता है। उसको कहां दिन में भूख

और कहां रात्रे में नींद ?

थानेदार उसे देखते ही पहले तो खीझ उठे परन्तु डाक्टर की करुण दशा पर उसकी तुरन्त सम्वेदना जाग उठी।

"कहिये डाक्टर साहब ; कैसे प्राना हुया?"

"अरे थानेदार साहब ! क्या इसके बताने की भी आवश्यकता है? मेरा तो कलेजा लवों पर पा रहा है—इतनी सम्पत्ति—हानि—ऐसी नाजुक स्थिति-उफ"

"आप विश्वास कीजिए। हम इस मामले में कोई कसर नहीं उठा रखेंगे।"

"ऐसी तो मुझे आप से सदैव आशा है। वरन्च आप कदाचित् जानते हों कि भूपाल के सहायक महानिरीक्षक श्री नायडू जो हैं उनसे हमारा निकट का सम्बंध है।"

"उनको कष्ट देने की आपको कोई आवश्यकता नहीं । हम तो खुद ही इसकी उधेड़ बुन में लगे हुए हैं। प्रभु ने चाहा तो शीघ्र ही कुछ न कुछ पता लगेगा। आखिर हमने थानेदारी कोई घास चरा कर तो पाई नहीं है। शायर चाहे वहां नहीं पहुंच पावे जहां सूरज नहीं पहुंच पाता है; पर एक पुलिस का सिपाही वहां अवश्यमेव पहुंच जाता है।"

सो तो है ही । सो तो है ही" कहते हुए डाक्टर ने शीघ्र अपने गृह का मार्ग पकड़ा ।

डाक्टर के इस प्रकार घबड़ा कर चले जाने का कारण थानेदार नहीं समझ पाये। वह तो समझते थे कि उस बात से डाक्टर अत्यन्त प्रसन्न होगा किन्तु डाक्टर की तो टर्र वहीं फिस हो गयी और रुक गयी उसकी प्रसन्नता ।

इसके उपरान्त थानेदार ने कई बार डाक्टर को बुलाया; परन्तु डाक्टर ने वह उत्सुकता, वह कटुता तथा वह तीव्र वेदना फिर नहीं दर्शायी जो उसने प्रथम बार दर्शायी थी । अब तो वह कुमारी शान्ता के वार्तालाप में तथा उसके साहचर्य में व्याप्त रहता था। अब उसे कहां थानेदार से मिलने का अवकाश-और कहाँ निज सम्पति के खो जाने का दुःख .....

इस विरोधी व्यवहार ने थानेदार को सशंकित कर दिया । उसने तुरन्त भूपाल के सहायक महानिरीक्षक नायडू से टेलीफोन करके डाक्टर के विषय में पूछा किन्तु—ऐं-यह क्या? वह सहायक महानिरीक्षक उस डाक्टर से पूर्णतः अविज्ञ निकले।

अब क्या था? सन्देह सदेह आ खड़ा हुआ। थानेदार को दाल में काला पूरा नजर आया। तुरन्त एक छोटा थानेदार जबलपुर भेजा गया कि ज्ञात करे कि क्या वस्तुतः कर्नल मुकर्जी डाक्टर के दिवङ्गत पिता के मित्र हैं और क्या डाक्टर अभी उनके पास ठहर कर आया है ?

सुनते ही कर्नल मुकर्जी नितान्त चकित रह गये। उन्होंने स्पष्ट मना कर दिया "भई ना डाक्टर सुशील और न ही उसके पिता से हमारी कभी जान पहचान रही है। पास में ठहरना-ठहराना तो दूर की बात है।"

फिर क्या था ? पूछ-ताछ का तारतम्य प्रारंभ हो गया और तथ्य सम्मुख आने लगे।

जबलपुर से विदित हुआ कि जिस तिथि को डाक्टर ने बताया था उस तिथि को तो कोई नागपुर के लिये टिकट ही नहीं बिका था जबकि डाक्टर के कथनानुसार तीन टिकट बिके थे। और भी आश्चर्य की बात यह ज्ञात हुई कि नागपुर का सीधा डिब्बा भी उस दिनांक को रेल में जबलपुर से नहीं जुड़ा था ।....

थानेदार अब समझ गये कि इसमें कोई विकट रहस्य है और उन्होंने डाक्टर की गतिविधि पर बिना डाक्टर को सन्देह उत्पन्न किये हुए कड़ी निगरानी प्रारंभ कर दी।

इसी समय एक अन्य कौतूहलप्रद तथ्य सामने आया और वह यह था कि डाक्टर ने निज मंगेतर कुमारी शान्ता के सहारे अन्य किशोरियों से भी मिलना जुलना प्रारम्भ कर दिया था। अतः यह उपयुक्त समझा गया कि स्त्री प्रसंग के बिना डाक्टर का मर्म नहीं जाना जा सकता। तुरन्त डाक्टर के पीछे एक पुलिस जवान अज्ञात रूप से लगा दिया गया।

कुछ दिन घनिष्टता स्थापित करने के पश्चात् उस जवान ने अत्यन्त विक्षुब्ध स्वर में निश्वास ली—! "अरे भाई ठण्डी आहे क्यों भरते हो..?

"क्या कहूं मित्र ? यह कुछ ऐसी बात है न कहते ही बनती है और न बिना कहे ही ।"

"आखिर मित्रों से भी दुराव छिपाव..."

"नहीं । नहीं । ऐसी तो कोई बात नहीं है। पर क्या कहूं--कहते शर्म आती है। उफ । प्रभु किसी का ऐसी बाला से प्रेम नहीं कराये जो तुम्हें नहीं चाहे ।"

"वाह भई वाह । यह कोई नई बात नहीं है । हमारी तो तुमसे भी बुरी दशा है, घोर निराशा है।"

बस फिर क्या था? वह जवान जान गया कि यदि वासना की वार्त्ता छेड़ दो तब डाक्टर से सब उगलवा सकते हो। उस जवान ने डाक्टर को खूब लच्छेदार कामोत्पादक कथायें सुनाई और ले गया उसे सिनेमा दिखाने । उस दिन चल-चित्र भी रोमानी था । जभी कामुक क्षण आया तभी जवान के उकसाने पर डाक्टर ने बताया कि होशंगाबाद के बाबई गांव में कैसे उसकी एक कुमारी लता से प्रीति है जो विकास खण्ड के कार्यालय में सामाजिक कर्त्री का कार्य करती है।

होशंगाबाद से पता लगाने पर ज्ञात हुआ कि वह प्रीति कथा सत्य है किन्तु अंतिम बार वह डाक्टर लता का रेडियो चुरा लाया है और उसने फिर वहां जाने का नाम नहीं लिया है। लता ने भी इस चोरी की रपट नहीं लिखाई है।

पुलिस जवान के और फुसलाने पर विदित हुआ कि वह डाक्टरी छोड़ बी० ए० भी नहीं है। वह वर्मा का एक शरणार्थी है और निपट अनाथ है। उसने बंगलौर के एक अनाथालय से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण की है और तबसे यत्र तत्र जीविकोपार्जन कठिनता से कर पाता है एवं दीर्घकाल से एक शिक्षित किशोरी से विवाह का इच्छुक है किन्तु धनाभाव के कारण उसे निराशा ही हस्तगत हुई है। तरुण होने के नाते वह विवाह से कैसे पराङ मुख हो सकता है। अतएव कुमारी शान्ता से परिणय संबंध स्थापित करने

के लिये उसने स्वयं को डाक्टर उद्घोषित किया है और सम्पाते खोने की कपोल कल्पित आख्यायिका रची है.....

फिर क्या था । डाक्टर का पारिण पीड़न के स्थान पर प्रारण पीड़न हो गया । पुलिस ने उसके हाथों में लोहे के कंघन पहना दिये । न्यायाधीश ने उसे सरकारी सुसराल का भी दामाद बना दिया जहां उसे चार मास की दारुण सुहागरात भोगनी पड़ी।

यह भी खूब रही

दिल्ली में एक सेठ ने बस स्टाप के पनवाड़ी से पूछा 'करोल बाग से रामकृष्ण पुरम को कौनसी बस जाती है ?'

"पैत्तालीस 'बी'।"

कई पैंतालीस 'बी' बसें निकल जाने पर भी सेठ को किसी में न बैठते देख कर पनवाड़ी ने पूछा "सेठ जी ! क्यों बस में गये नहीं।"

"भाई तुम्हीं ने तो बताया था पैतालीस वीं बस से जाना सो अभी तक तो चालीस ही बसे गई हैं।"

रेल के डिब्बे में सभी यात्री टिकट के दामों में बढ़ोत्तरी की शिकायत कर रहे थे... "कहने को तो नेता कह देते हैं कि वस्तुओं के दाम गिरे हैं। पर स्वयं सरकार भाव बढ़ाये जा रही है।" तभी एक मसखरा युवक बोला "पाप कैसे कहते हैं कि दाम नहीं गिरे हैं। पिछले वर्ष रुपये का मूल्य पैतीस पैसे था और अब गिर कर सत्ताईस पैसे रह गया है ।"

बहुत दिनों के उपरान्त मिलने पर एक मित्र दूसरे से "आजकल क्या कर रहे हो?"

"खाक छानते फिरते हैं। और आप ?"


"हम उस छनी खाक से सोना बनाते हैं । हजरत, मकान बनाने की ठेकेदारी ले रखी है ।"

एक यात्री ने बस स्टाप के पास के दुकान दार से बाजार को सीधी जाने वाली बस का नम्बर पूछा।

"यहां से तो सीधी केवल आपकी 11 नम्बर जाती है।" यात्री को फिर भी प्रतिक्षा करते देख उस दुकानदार से हंसकर कहा "श्रीमान माप अपनी ग्यारह नम्बर बस इन टांगों को नहीं जानते । बस यहां से यही बस प्रापका बाजार सीधी पहुंचा सकती है।"

एक मित्र "आजकल मैं राशन वासन से तंग आ गया हूं।"

दूसरा "राशन तो खैर ठीक पर वासन यह क्या बला है ?" "छि: श्रीमती के झगड़ने पर माई जो वासन मांजना मेरे लिए छोड़ गई है।"



क्या न्यायिक जांचें अपरिहार्य हैं

लेखक : श्री के० सी० ढिल्लों

किसी विशेष घटना के गुण दोषों पर नहीं जाकर, अपितु जनता की अभ्यर्थना पर पुलिस के गोली-चालन के प्रकरणों में (अथवा उन तक में जहां बल का प्रयोग केवल लाठी प्रहार तक परिसीमित रहा हो) परिपृच्छा आयोग अधिनियम 1952 के अन्तर्गत न्यायिक जाचें कराने की प्रवृत्ति चल पड़ी है ।

ऐसे उदाहरण हैं कि न्यायिक जांच इसी हेतु हुई कि यह आरोप लगाया गया कि पुलिस ने अवैध भीड़ को छिन्न-भिन्न करने में लाठी का प्रयोग किया था जब कि जिला प्रशासन की अवधारणा यह थी कि एतदर्थ केवल अश्रु गैस का प्रयोग हुआ था। जुलाई 1968 के राज्य कर्मचारी आन्दोलन के फलस्वरूप मध्य प्रदेश सरकार के न्यायिक जांच के आदेश 1969 में दे दिये। जिन परिस्थितियों में इस न्यायिक जांच के आदेश हुए उन से स्पष्ट था कि घटना के तत्व सरकार के इस निर्णय में कोई औचित्य नहीं पाते थे, परन्तु कुछ असंगत कारण इसके आधार बने हुए थे। प्रशासनात्मक विषयों में ऐसी गुप्त राजनीतिक दुष्प्रेरणाओं द्वारा लिये गये निर्णय प्रशासन-तंत्र के मनोबल पर ही व्याघात नहीं पहुंचाते, प्रत्युत् अधिकारियों की प्रतिरक्षा हेतु प्रख्यात वकीलों को लगाने इत्यादि में परिहार्य अमित राशि व्यय कराते हैं।

तथ्य निरूपण : यह उल्लेखनीय है कि पुलिस नियमावली में ऐसे सभी प्रकरणों में जहां पुलिस ने बल प्रयोग किया है अथवा मनुष्य हताहत हुये हैं मजिस्ट्रेट द्वारा (दण्डाधिकारीय) लगभग सभी राज्यों में जांच का प्रावधान है। वस्तुत: जिलाधिकारी

तथा पुलिस अधीक्षक स्वतः ही इन विषयों में तथा दण्डाधिकारीय जांच कराने के प्रति जागरूक रहते हैं। जिलाधिकारी सभी प्रकरणों की छानबीन से स्वयं को बचाने में त्रुटि तक कर बैठते हैं। एक ऐसी मजिस्ट्रेटी जांच तथ्य निरूपण के लिये विपुल क्षेत्र प्रदान करती है। तथा जांच अधिकारी के समक्ष साक्ष्य देने से जनता को भी उसमें भलीभांति भाग लेने का सुअवसर मिलता है।

स्वतंत्रता के पूर्वापर : यह बताना आवश्यक है कि पहले मजिस्ट्रेट द्वारा जांचें उद्देश्य की भली भांति पूर्ति कर देती थीं। राजनीतिज्ञों के मस्तिष्क में यह शंका निराधार है कि मजिस्ट्रेट न्यायपालन में इतने अन्तर्ग्रस्त होते हैं कि वे निष्पक्ष नहीं रह सकते, क्योंकि वे न्याय पालन में अत्यन्त दक्ष होते हैं। यदि कोई जांच अपरिहार्य ही हो तब अधिकांशतः उसे मजिस्ट्रेटों को सौंप देना चाहिये, क्योंकि ऐसे मजिस्ट्रेट स्थानीय स्थितियों से मुख्यत: परिचित होते हैं तथा कानून एवं व्यवस्था रखने वाले तथ्यों का उन्हें अच्छा ज्ञान होता है।

इस शताब्दि के तीसरे दशक के पूर्वार्द्ध से ही न्यायिक जांचों की संख्या में वृद्धि हुई है, यद्यपि उससे पूर्व भी जनगण न्यायिक मान्यता के सिद्धान्त से अविज्ञ नहीं थे। तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने कतिपय न्यायिक आयोग एवं समितियां बिठाई थीं ; तो भी तीसरे दशक में ऐसी जांचों की संख्या में असाधारण वृद्धि हुई। इसके कारण हो सकते हैं:--जनता में अधिक जागृति, सेवाओं का भारतीयकरण तथा लोकप्रिय निर्वाचित निकायों का प्रारम्भ ।

स्वतन्त्रता के पश्चात् तो वास्तव में इनकी भीड़ लग गई है तथा निष्पादन तंत्र के बल प्रयोग की जांच इत्यादि में न्यायधीशों द्वारा मानव घण्टों का नाश आकाश छूने लगा है तथा उनके न्यायालयों के अभियोग इकट्ठे होते रहते हैं । प्रत्येक दूसरे दिन समाचार-पत्र उच्च न्यायालयों तथा सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन अभियोगों के आंकड़े प्रकाशित करते हैं तथा इस आधार पर कि लोक न्याय को विलम्बित करना मानो न्याय से वञ्चित करना है, अतिरिक्त न्यायधीशों की नियुक्ति के लिये, प्रस्ताव उठाये जाते हैं। यदि राज्य सरकारें न्यायिक जांचों की बारम्बारता को सावधानीपूर्वक नियंत्रित करें, तब कदाचित् नियत समय में तथा अधिक तीव्र गति से न्यायधीश अपने कार्यों को पूर्ण कर डालें। निश्चय ही कुछ प्रकरणों में राजनैतिक तथा अन्य लक्ष्यों के कारण न्यायिक जांच की आवश्यकता मूर्द्धन्य होगी किन्तु उनकी संख्या में भारी कमी आयेगी।

जांच के पीछे प्रश्रय : यदाकदा राज्य सरकारें केवल आलोचना से तथा विधान सभाओं में अविश्वास के प्रस्तावों से प्रश्रय खोजने को न्यायिक जांच का आदेश देती हैं। यह सुप्रसिद्ध सिद्धान्त पर आधारित होता है कि न्यायिक विमर्शाधीन विषय पर कोई वादविवाद नहीं हो सकता ; अन्यथा न्यायालय-अवमान का भय होता है । न्यायिक जांचों में यथार्थतः एक श्लाघनीय उद्देश्य होता है और वह होता है--जनता को उस जांच में सम्मिलित करने का अवसर प्रदान करना तथा उसे स्वयं ही पुलिस कार्यवाही तथा प्रयुक्त बल की मात्रा के औचित्य से संतुष्ट होना । उधर मद्रास तथा आन्ध्र प्रदेश

के दाक्षणी राज्यों में, दण्डाधिकारीय (मजिस्ट्रेट द्वारा) जांचों पर राज्य सरकारें साधारणतया आश्वस्त रहती हैं; तब इधर उत्तरी राज्यों में जब कभी लोक दबाव तथा मांग हुई तभी न्यायिक आयोग अथवा समितियां नियुक्त कर दी जाती हैं।

न्यायिक जांच आयोगों की एक अगणित संख्या ने यही घोषित किया है कि पुलिस के गोली-चालन की कार्यवाही तक उचित थी तथा उसको प्रशंसा एवं बधाई मिली है। ऐसी स्थिति में प्रशासनात्मक-तंत्र की प्रतिरक्षा का कोई प्रश्न ही नहीं उठता; क्योंकि यदि पुलिस को कुछ अतिक्रमण का लांछन भी लगे, तब कानून में बचाव के उपयुक्त प्रावधान हैं। सक्षम प्राधिकारी के स्पष्टादेश के बिना अभियोग चल ही नहीं सकते (दण्ड प्रक्रिया संहिता 132 धारा)।

एक भावुक व्यक्ति को इस से भी अधिक असह्य तथा तीव्र पीड़ा होती है। ऐसी जांचों की समीक्षणशील प्रवृत्ति, जिसमें क्या पुलिस तथा क्या उच्च नागरिक अधिकारी तक प्रक्षोभ में अपनी कर्त्तव्य परायणता के लिये न्यायालय के कठघरे में लाकर खड़े कर दिये जाते हैं। यह भी भय रहता है कि जांच-आयोग कहीं व्यक्ति निरपेक्षता का अतिक्रमण करजाये। जिस वस्तु स्थिति में पुलिस ने गोली चलाने अथवा अन्य ऐसे कार्य करने को बाध्य किया, न्यायाधीश उसका मूल्यांकन बारम्बार नहीं कर पाते हैं। ऐसी अविलम्ब क्रिया की अनिवार्यता को समझें बिना वे अपनी पश्च दृष्टि से व्यर्थ में छिद्रान्वेषण कर सकते हैं तथा वातानुकूल कक्षों में बैठे पुलिस कार्यवाही को समीक्षा अधिनियम ग्रंथों के अक्षरशः अर्थों में करते रहते हैं।

बर्वर पूछताछ : इस प्रकार की जांच में ऐसे साक्षियों की संख्या अतीव कम होती है जो प्राधिकारियों के सम्मुख स्वतः उपस्थित हों। अतः प्रमाण में प्रमुख निर्णयात्मक तत्व होते हैं पुलिस कर्मचारी तथा दण्डाधिकारी। जो वकील कभी अच्छे शान्त समय में क्या पुलिस तथा क्या दण्डाधिकारी को प्रिय पात्र नहीं समझते हैं वे ही जनता के समक्ष कठोर किम्बहुना बर्वर पूछताछों से पुलिस तथा दण्डाधिकारी गणों को उत्पीड़ित करते हैं। इस सार्वजनिक अनावरण में जिसमें अत्यधिक अभिरुचि दिखाई जाती है, जिलाधीश तथा पुलिसाधीक्षक जैसे उच्चाधिकारियों की धज्जियां उड़ा दी जाती हैं। और क्षति होती है सम्बद्ध प्राधिकारियों के मान तथा मनोबल की। ऐसी परिस्थितियों में अनुकूल निष्कर्ष (जिसकी अत्यन्त सम्भावनायें होती हैं) कोई विशेष महत्त्व नहीं रखता है; क्योंकि न्यायिक आयोग की कार्यवाहियां कभी प्रकाश में आती नहीं यद्यपि जनता को सब ज्ञात हो जाता है। जो कुछ भी मान तथा मनोबल की क्षति सम्भव थी वह हो ही चुकी होती है। इसका अवांछनीय फल यह होता है कि जब ये अधिकारी उसी प्रकार की स्थिति फिर देखेंगे तब वे उससे पहली वाली दृढ़ता से नहीं निबट पायेंगे। सार्वजनिक व्यवस्था के संधारकों में उत्तरदायित्व से पलायन तथा सेवा-निष्ठा से पराङ्मुखता जड़ पकड़ने लगेगी और अन्ततोगत्वा जनता स्वयं ही भुकतभोगी होगी।

समुचित वातावरण का निर्माण : राजकीय कानून से पुलिस अधिकार प्राप्त करती है। समस्त अधिकार तथा प्रभावोत्पादकता के स्त्रोत राज्य सरकार पर निर्भर

हैं। प्रत्येक सरकार को यह तथ्य ध्यान में रखना चाहिये तथा अपने उत्तरदायित्व को समझना चाहिये। एक सम्वेषित दल उसी वातावरण में कार्य कर सकता है जहां उसके कार्य को समाज की बहुसंख्या से विशद रूप से समर्थन प्राप्त हो। किन्तु यदि स्थानीय सरकार ही जब अपनी सेवाओं की ध्येयनिष्ठा को समझने में विफल रहेगी, तब ऐसे समर्थन तथा आस्था आदि सब नष्ट हो जायेंगे।

पुलिस को अत्यन्त कठिन परिस्थितियों में अतीव दुष्कर समस्याओं का समाधान खोजना होता है जब कि उसके विकल्प अत्यधिक सीमित होते हैं। उसकी गतिविधियों का अधिमूल्यन योग्य से योग्य न्यायाधीश के स्वर्णिम तुलापट पर नहीं हो सकता। कारण कि वे कानून तथा व्यवस्था के साधन तथा उसके संधारण से अविज्ञ होते हैं। एक न्यायिक जांच के लिए अभिलेखों की लम्बी चौड़ी तैयारी, समीक्षा तथा अनेकों साक्षियों की स्मरण शक्ति का अभिनवन करना होता है, प्रशासनात्मक व्यक्तियों तथा कार्यों के लिए उच्च शुल्क के वकीलों की तथा अन्य समर्थनों की आवश्यकता होती है।

उद्देश्य की सिद्धि : जितने समय आयोग की बैठकें होती हैं जो महीनों ले जाती हैं, अनेक जवानों तथा अधिकारियों को अपनी सामान्य पुलिस सेवाओं पर ध्यान नहीं दे मिलता। प्रत्येक सम्बद्ध व्यक्ति परिक्षुब्ध रहता है तथा सर्वत्र तनाव व्याप्त रहता है। यद्यपि कभी भी प्रारम्भ में यह अभीष्ट नहीं होता, किन्तु वास्तव में होता इसी प्रकार है तथा जनता को इस वातावरण में पुनः दुख भोगना पड़ता है। निःसन्देह वकीलों की संयोगवश चांदी हो जाती है। तथा सम्बद्ध अधिकारियों के स्थानान्तरण अथवा पद्च्युति का कोलाहल शान्त हो जाता है और कालान्तर में सहन मृत्यु पा जाता है। इस प्रकार न्यायिक जांच से केवल यही उद्देश्य सिद्ध होता दीखता है कि राजनीतिज्ञों तथा जनता के मुखरित वर्ग में एक सुखभ्रान्ति उत्पन्न हो जाती है। परन्तु तथ्य निरूपण की कोई गम्भीर अभि रुचि नहीं होती है। क्या यह वस्तुतः वांछनीय है ?

समझने की आवश्यकता : जनता को निश्चय ही यह अधिकार है कि वह सरकार द्वारा अपराधियों से ही केवल नहीं, अपितु अधिकारिक उत्पीडन एवं अत्याचार से पूर्ण मुक्ति तथा स्वतन्त्रता सुनिश्चत कराये। एतदर्थ वर्तमान सरकार को अनिवार्य है कि वह निज समस्त आनुनयिक साधनों को संभाले तथा विश्वास एव प्रत्यय जो उसके तंत्र के आवश्यक अंग है, यथायथ मात्रा में धरती पर ही नहीं किन्तु जनगण के मन में भी स्थापित करे जैसा कि ब्रिटेन में होता है। जनता को सरकार की हित साधना में निष्ठा होनी चाहिए। यह लक्ष्य जन रव को शान्त करने के लिये अनीच्छापूर्वक न्यायिक जांच के आदेश द्वारा व्यवस्था बनाये रखने से सिद्ध नहीं होता प्रत्युत् सीधे तथा सद्भाव पूर्वक शासन करने से पूरा हो सकता है।

जब कभी भी एक न्यायिक परिनिरीक्षण की अनिवार्यता दृग्गत हो, तब अवश्य न्यायिक जांच होनी चाहिए, परन्तु पुलिस के बल प्रयोग के सभी प्रकरणों का तर्कानुसार इसी निष्कर्ष पर पहुंचना कि न्यायिक जांच हो उसका मूल्य नष्ट कर देना है। इस प्रकार तो एक वह समय आ जायेगा (देश के कुछ भागों में तो यह आ भी गया

है) जब न्यायेक निर्णय जनगण को सन्तुष्ट नहीं कर पायेंगे । तब शासन चलाना वस्तुतः अत्यन्त दुःसाध्य हो जायेगा । ऐसी सम्भावना का सर्वतोभावेन निराकरण करना चाहिये । पुलिस जवान कोई विदेशी तो हैं नहीं, वे भी अन्य देश वासियों की भांति सहानुभूति तथा अनुकम्पा के पात्र हैं। ना तो वे कसाई हैं और ना ही वे बन्दूक विनोदी हैं जैसा कि सामान्यतः विश्वास किया जाता है । अरक्षित जनसमुदाय पर गोली चलाने का निर्णय लेना चाहे कितना ही पथभ्रष्टक क्यों न हो, सरल कार्य नहीं है । भीड़ों तथा जमघटों के समक्ष उतावले होने के स्थान पर पुलिस कभी कभी कार्रवाई में विलम्ब करती है । परन्तु उसको अपना कर्त्तव्य निभाना है और यदि कर्त्तव्य पालन में उसे गोली चलाने को बाध्य होना पड़ता है, तो वह केवल इसीलिये कि आगे और भी अधिक भीषण उपद्रव को नहीं होने देना है। उसकी कार्रवाई घृणा के स्थान पर समर्थन चाहती है जिससे भावी परिस्थितियों में वह अपेक्षाकृत और भी आत्म विश्वास तथा निपुणता से सेवा भार उठा सके। हमें जवानों का मनोबल बनाये रखना होगा तथा आत्म-विश्वास की भावना उत्पन्न करनी होगी। ये सब प्रयास अन्ततोगत्वा लोक कल्याण तथा योग-क्षेम में सहायता करेंगे। सुतराम् लोकहित तथा पुलिस के मनोबल के निमित्त न्यायिक जांचों के आदेशों की संख्या कम से कम करनी होगी।

स्वास्थ्य सन्देश

जल में डूबने पर पुनर्जीवन के प्राथमिक उपचार

—ले० श्री जे० एस० शर्म्मा

'बचाओ-बचाओं' की कातर ध्वनि वातावरण में गूंज गई । तट पर खड़े जब पुलिस जवान को वह कर्ण गोचर हुई तब उसने क्या देखा कि सामने नदी आंख फाड़े जा रही है। और जा रही है लिए एक किशोर को डुबोती हुए अपने विकराल उत्ताल तरंगित आंचल में। उसकी उल्लोलें परस्पर टकरा रही हैं, तथा गम्भीर भंवर पड़ रहे हैं। लाखों की भीड़ है, परन्तु सब इस संघातक घटना को खड़े-खड़े किम् कर्त्तव्य विमूढ विलोक रहे हैं। इसके अर्थ यह नहीं कि उनमें संताप नहीं है, सम्वेदना नहीं है; परन्तु अभाव है अधिकांशतः जीवट का, वीरता का तथा प्राणों से खेलने की कृत्संकल्पता का । हाहन्त ! एक- एक क्षण जीवन-मृत्यु की आंख-मिचौली खेल रहा है। फिर क्या एक पुलिस जवान को यह सब असह्य नहीं है, कर्त्तव्य च्युतता नहीं है, किम्बहुना मानव जीवन के मूल्य की अवहेलना नहीं है।

अतः वह बिना कूदे कैसे रह सकता है ? इस समय उसे न चिन्ता है अपने गणवेश की, और न ही समादेष्टों के आदेश की। इतना तो उस पर अवकाश ही नहीं है उसकी अन्तरात्मा ने उसे झकझोर दिया है, मानवीय अधिमान्यता ने उसे उत्प्रेरित किया है; परमार्थ ने उसे ललकारा है। तभी तो निज जीवन की नितान्त चिन्ता नहीं करते हुए वह अगम्य जल में अवगाहता चला जा रहा है। बड़ी कष्ट साध्यता एवं चेष्टा से उसने उस बालक को पकड़ लिया और यह क्या ? उसके जीवन के स्वयं लाले पड़ गये। वह

भंवर में फंस गया और लगा स्वंय डूबने । सहसा बहता हुआ एक केले का वृक्ष पानी में आ गया। लोकोक्ति है कि डूबते को तिनके का सहारा प्रर्याप्त होता है; फिर यहां तो एक पूरा वृक्ष पा लिया। उसके सहारे जलावर्त्त को कतराता तट टोहने लगा। तत्काल समादेष्टा के आदेश भी चले; अतः कुछ अन्य साथी भी आ कर्त्तव्यरत हुए । अन्यथा व्यथा तथा विषाद के उपरांत उसकी जल समाधि बन गई होती।

यह कोई अपने में बिरली दुर्घटना नहीं है। नित्यप्रति समाचार-पत्रों में यही निकलता रहता है कि अमुक पुरुष मदिरापान से सुधबुध खोया हुआ एक कुए में लड़खड़ाता जा गिरा, कोई महिला गार्हस्थिक जीवन से दुखार्त्त होकर जलाशय में कूद पड़ी; परीक्षा में अनुत्तीर्ण मानसिक सन्तुलन खोये क्षात्र ने पुल पर से नदी में छलांग लगा ली अथवा सागर तट पर मछियारे का पैर फिसल गया । या उसे कोई मगर खींच कर ले गया। ऐसा मद्रास के 'मैरीना बीच' के निकट तो बहुधा होता है, साथ ही लक्ष द्वीप के पास तो जलबवण्डर उठते रहते हैं और प्रायः मनुष्यों के प्राण उनमें उलझ जाते हैं । इधर वर्षाकालीन बाढ़ों का तो कहना ही क्या जो जनजीवन से प्रलयंकर खिलवाड़ करती हैं और असंख्यों की जीवन-लीला समाप्त कर देती हैं। इन विभीषिकाओं को ही दृष्टि में रखते हुए जीवन-रक्षा के निमित्त अनेकों पदकों तथा प्रशस्ति-पत्रों के प्रदान करने की प्रोत्साहन व्यवस्था की गई है । उत्कृष्ट प्रकार के साहस, वीरता एवं कर्त्ततव्य-निष्ठा का परिचय देने पर पुलिस जन को शौर्य-पदक अथवा राष्ट्रपति पुलिस तथा अग्नि-शमन पदक देने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त प्रधान मन्त्री का जीवन-रक्षक पदक मुख्य कर एतद्विषयक संस्थापित हुआ है।

किन्तु ध्यान रहे कि जल से डूबते हुए मनुष्य को निकाल लाने में ही कर्त्तव्य-पालन की इति कृति नहीं होती, जीवन-रक्षा का लक्ष्य पूरा नहीं होता। जिस प्रकार चीरा लगाने मात्र से तो फोड़ा आराम नहीं होता जब तक कि उसके दूषित तन्तु नहीं निकाले जाते, उसके विदेशी तत्व नहीं बाहर किये जाते, उसी प्रकार मनुष्य को जल से बाहर ले आने मात्र से उसे जीवन-लाभ नहीं हो सकता जब तक कि उसके पुनर्जीवन के प्रयास नहीं किये जाते। वैसे तो इसकी सुचारु रूप से चिकित्सा अस्पतालों में ही डाक्टरों द्वारा हो सकती है; परन्तु जल में डूबा व्यक्ति तो प्रायः मृत प्राय होता है, प्राण छटपटा रहे होते हैं, जीवन अथवा मृत्यु के निर्णायक केवल कुछ क्षण ही होते हैं जबकि अस्पताल सर्वदा निकट में नहीं होते, प्रत्युत् उनके पास तक पहुंचने में बहुधा घंटों का समय लग जाता है।

ऐसी स्थिति में प्राथमिक सहायता अमरता का वरदान लिए खड़ी होती है। यदि प्रारम्भिक उपचार भली-भांति हों तो डाक्टरों के हाथ तक पहुंचने पर रोगी पर्याप्त स्वस्थ तथा आश्वस्त होगा।

श्वास लेने वाले प्राणी के डूबने-मात्र से अर्थ यह नहीं है कि वह केवल द्रव्य में निमज्जित हो गया। उसकी मुख्य विषमता तो इससे आंकी जाती है कि उसके फेफड़ों में तो वह द्रव्य नहीं पहुंच गया है। यहां यह बताना उल्लेखनीय है कि फेफड़े श्वसन-प्रक्रिया के मुख्य अंग हैं; वस्तुतः वायुकोषों के समूह का नाम ही 'फुपप्सस' (फेफड़े)

हैं । अतः वहां वायु के स्थान पर तरल पदाथ पहुंचते हो क्या रक्त में एवं क्या मांस्तेष्क में, क्या श्वासोच्छ्वासन तथा क्या रक्त संचालन में, महाविकट व्यवधान उत्पन्न कर देते हैं ।

लगभग 20 प्रतिशत से 40 प्रतिशत दुर्घटनाओं में वायु नली में जल नहीं प्रविष्ट हो पाता है । यह अधिकतर मछिहारों तथा अति दीर्घश्वासों को लेकर तैरने की दशा में होता है। परन्तु तैरने के परिश्रम तथा जल में ऊष्मा-हानि के कारण ओषजन (आक्सीजन) की अमित आवश्यकता होती है।

डूबता हुआ मनुष्य जलपान कर जाता है; इससे श्वास नहीं ले पाता एवं वायु नली में वह व्यतिक्रम अनुभव करता है। फेफड़ों में साधारण तथा समुद्री खारी जल दोनों ही हानिप्रद होते हैं । क्षारीय जल रक्त को गाढ़ा कर देता है और रक्त फेफड़ों में जब पहुंचता है तब हृदय अपनी गति रोक देता है । इसके विपरीत साधारण जल रक्त को पतला कर देता है, रक्त कोषों के टूटने से और ओषजन के अभाव से हृदय संकुचित होता है। अतः उभय प्रकार से जीवन को संकट उत्पन्न होता है। यदि धूलि, मल, क्लोरीन इत्यादि जल में मिले हुए हों तो और भी विषमताएं उत्पन्न कर देते हैं । अतः प्रश्वसन क्रिया दुष्कर हो जाती है ; व्याकुलता बढ़ जाती हैं ; वक्ष स्थल में वेदना हो जाती है, मुख नील वर्ण का हो जाता है, ज्वर सताने लगता है तथा फेफड़ों में दूषित जल घुस कर ज्वर तक ला देता है।

इन सबसे परित्राण पाने के लिए पुलिसजनों को तत्काल उपाय करना चाहिए जिससे डूबा हुआ व्यक्ति पुनर्जीवन प्राप्त कर सके । इसके लिए कृत्रिम श्वसन एवं हृदय प्रदेश पर मालिस परमावश्यक है। ये विधियां करने में सरल हैं, तथा जटिल युक्तियों की भी अनिवार्यता नहीं है। साथ ही, ये शीघ्र प्रभावोत्पादक भी हैं। जल में से रोगी को लाते समय, छोटी नौकाओं में, संकीर्ण स्थानों में, जहां भी, जब भी, आप अपना मुख उसके मुख से मिला सकते हैं इन विधियों को कर सकते हैं।

प्रथम आप रोगी में प्रश्वसन लाने की चेष्टा करें जो (1) मुख से मुख, (2) मुख से नाक, (3) मुख से वायु नली तथा (4) फेफड़े से फेफड़े लगाने से प्राप्त हो सकता है।

कृत्रिम श्वसन विधि के दो रूप हैं (क) शेफर विधि तथा (ख) सिल्वेस्टर विधि

शेफर विधि—रोगी के सभी कपड़े उतार दीजिए या ढीले कर दीजिये फिर उसको पेट के बल लिटा दीजिये। उसका मुख खोल कर एक लकड़ी का टुकड़ा दांतों में लगा दीजिये जिससे मुख खुला रहे। तब अपने हाथों से उसके धड़ को ऊपर उठाइये । इससे फेफड़ों में से जल मुख तथा नाक से बाहर निकल जायेगा। फिर उसे वैसा ही लिटा दीजिए तथा आप उसकी बगल में घुटने के बल बैठ जाइए और अपने हाथ इस प्रकार रखिए कि आपके अंगूठे तथा कलाई उसकी कमर को छुयें और उंगलियां उसके कुल्हे पर फैली रहें तब आप धीरे-धीरे ऊपर को मलते जाइये जिससे रोगी का पेट दबेगा और वह जल निकालने के साथ, भीतर को श्वास लेगा। तब आप दवाब हटा लीजिये। रोगी फिर भूमि पर पूर्व स्थिति में आयेगा तथा उसके फेफड़ों में वायु जाने लगेगी। यह क्रिया एक मिनट में बारह बार करते रहिए जब तक रोगी में

चेतना नहीं आ जाये। इसमें कभी-कभी एक घंटे से भी अधिक समय लग सकता है।

सिल्वेस्टर विधि--तनिक श्वास लेने पर रोगी को पीठ के बल लिटा दीजिये और आपको उसकी जीभ के सिरे को दृढ़ता-पूर्वक बाहर को खींचना चाहिए। आप रोगी के सिर के पीछे बैठ जाइये । गोल किये हुए वस्त्र या तकिया उसकी कमर के ऊपरी भाग के नीचे रखिये जिससे उसका वक्ष ऊपर उठे। रोगी की ऊपर उठी बांहों को खूब दबाइये जिससे फेफड़ों से वायु निकले। फिर बाहुओं को ऊपर खींचकर सिर के ऊपर मिला दीजिये। इससे वक्ष चौड़ा होगा और वह वायुग्रहण करेगा। बांहों को एक मिनट में बारह बार ऊपर उठाना गिराना चाहिए तथा दृढ़तापूर्वक ऊपर खींच कर बाहर की ओर घुमाते हुए ऐसा झुकाना चाहिए कि वक्ष की दिशाओं पर जोर पड़े। इससे श्वास का आवागमन स्वाभाविक रूप से प्रारम्भ हो जायेगा। इसका पता ग्रीवानाड़ी से लग जायेगा। आप नेत्रों को विस्फारित नहीं होने दें वरन् मस्तिष्क में क्षति पहुंचेगी।

अन्य कुछ विधियां इस प्रकार हैं :--

1. तह किये वस्त्रों को कंधे के नीचे रख कर रोगी के नीचे एक हाथ रखिए तथा दूसरा हाथ उसके माथे पर रखिए। फिर रोगी का सिर पीछे की ओर झुकाये रखिये । जबड़ा खींच कर उसका मुख खोलिये तथा उसकी नाक क्या स्वर-यन्त्र तक साफ कीजिये । मुख से निकलते झाग पोछिये।

2. यदि घर्घर शब्द श्रुतिगत हो तब रोगी का मुख पसली की एक ओर कीजिये और अंगुली पर वस्त्र रख कर कफ आदि निकाल दीजिये।

3. यदि चूषोदञ्च (सक्सन पंप) मिल जाये तब उससे भी यह क्रिया की जा सकती है। परन्तु फेफड़ों से द्रव्य को निकालने में पंप की खोज के कारण विलम्ब नहीं होना चाहिए।

4. यदि रोगी वेसुध है तब उसका सिर पीछे की ओर झुकाइये, तथा आप भीतर को अपनी श्वास खींचिये और अपना मुख मिला कर रोगी के मुख में उस श्वांस को फूंकिए। अपना गालों से उसकी नाक को दबाइये। इस क्रिया से कुछ व्यक्ति हिचकिचाते हैं क्योंकि उन्हें संक्रामक रोग लगने की आशंका होती है। परन्तु उन्हें सोचना चाहिए कि वे तो रोगी के मुख में वाय भेज रहे हैं ना कि स्वयं ले रहे हैं। फिर उन्हें क्यों संक्रमण का भय ? और यदि है तब तो उन्हें बच्चों तक का चुम्बन नहीं लेना चाहिए।

5. फिर भी उससे बचने के लिए अंग्रेजी वर्ण 'एस' (S) की शक्ल का पुनर्जीवक ट्यूब निर्मित किया गया है जिसके एक सिरे को रोगी के मुख में तथा दूसरे को अपने मुख में रख कर वायु रोगी के वक्ष में फूंक सकते हैं।

6. जब रोगी का वक्ष उठे, तब आप रुकिये और रोगी का मुख एक ओर को कीजिये। जिससे वह स्वयं कुछ श्वास ले सके। तदुपरान्त फिर वही फूंकने की प्रक्रिया कीजिये।

7. यदि रोगी शिशु हो, तब उसको नाक द्वारा और मुख द्वारा क्रमशः अपना श्वास उसके वक्ष में भरिये। परन्तु अतीव सुकुमारता-पूर्वक; अपितु उसको महती क्षति हो सकती है। शिशु के मुख को अपने कपोलों से ढकिये और उसके वक्ष का निरीक्षण कीजिये तथा पुनरावृत्ति करिये। वायु अधिक से अधिक मात्रा में पहुंचानी चाहिए। किन्तु अति सतर्कता एवं सुकुमारतापूर्वक।

8. कृत्रिम प्रश्वसन क्रिया में थकान से बचने के लिए वायु फुलाने वाली धौंकनी तथा स्वतः फूलने वाले थैले रूप श्वांस यंत्रों का निर्माण हुआ है जिसके द्वारा आप ओषजन की प्रचुर मात्रा रोगी में दीर्घ समय तक अश्रान्त पहुंचा सकते हैं। 'डाईल ट्यूब' से नासिका द्वारा भी जल उदर से निकाला जा सकता है।

9. इन उपर्युक्त प्रश्वसन-क्रियाओं के अतिरिक्त आप वक्ष की अस्थि के निचले भाग पर दवाब डालिये। आप रोगी की किसी ओर भी बगल में खड़े हो जाइये; अपने करतल को वक्ष की अस्थि के निचले भाग पर रखिये और दूसरा करतल उसके ऊपर रख कर वक्ष की हड्डी को मेरू दण्ड की ओर आधे सेकेन्ड तक दबाइये तथा फिर तुरन्त दबाव हटा लीजिये। इस प्रक्रिया को एक मिनट में 100-120 बार कीजिये जबकि शिशुओं पर करतल के स्थान पर दो अंगुलियों की शिखाओं से दवाइये। प्रौढ़ों पर अपने समस्त शरीर का खूब दबाब डालिये जिससे कृत्रिम प्रश्वसन तुरन्त होने लगे।

इस बात का ध्यान रहे कि रोगी के चारों ओर जन समुदाय इकत्रित नहीं हो। श्वास की क्रिया प्रारम्भ होने के पश्चात् रोगी का शरीर पोंछ कर उसे गर्म कपड़े से ढक कर रखना चाहिए। हृदय को बल पहुंचाने को डिजीटैलिस या कारोमोन भी दिया जा सकता है, अन्यथा होमियोपैथी औषधि औपियम 30 और उससे लाभ नहीं देखने पर एण्टिम-टार्ट 30 या लैकेसिस 30 शुगर आफ मिल्क (दूध शकर) के साथ दी जा सकती है। एवं बीच-बीच में गर्म दुग्ध का सेवन भी प्रर्याप्त लाभकारी सिद्ध हो सकता है।

इतने सबको ही पर्याप्त नहीं समझना चाहिए। इस प्रारम्भिक चिकित्सा के उपरांत भयावह स्थिति में उसे तुरन्त अच्छे निकटस्थ अस्पताल में ले जाना चाहिए।

गौरव गाथा :

शौर्य पदक

दिनांक 30 जनवरी, 1974 को श्री एम० एस० संधू पुलिस उपाधीक्षक 36 बटालियन के० रि० पु० दल को यसोबामी और पुरावामी के बीच के जंगली इलाकों में विरोधियों के विद्यमान होने के बारे में सूचना मिली और तत्काल उस स्थान को जाने के लिए जहां विरोधियों के छिपने का संदेह था, वह तुरन्त केन्द्रीय रिजर्व पुलिस की एक टुकड़ी को लेकर चल दिये। श्री संधू ने दल को दो भागों में विभाजित किया जिनमें से एक का नेतृत्व उन्होंने स्वयं किया और दूसरे का जमादार विजय बहादुर सिंह ने। श्री संधू के नेतृत्व वाली टुकड़ी जब विरोधी शिविर से लगभग 30 गज की दूरी

पर थी, तो विरोधियों ने उसे देख लिया और दल पर गोलियां चला दीं। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की टुकड़ी को समीप आते देखकर विरोधियों ने बचकर भाग निकलने का प्रयत्न किया। किन्तु श्री संधू ने उनका तेजी से पीछा किया। ऐसा करते हुए उन्होंने एक विरोधी को देखा जो कि .303 की राइफल लिये पास के बांस के झुन्ड की ओर भागा। श्री संधू ने एक कांस्टेबल की राइफल ले ली और आतताई पर गोली चालना शुरू किया। आतताई ने भी मोर्चा संभाल लिया।

दोनों ओर से कुछ देर तक गोलीबारी के बाद विरोधी की मैंगजीन की गोलियां समाप्त हो गयीं और वह अपनी मैंगजीन में फिर से गोलियां भरने लगा। उसी समय श्री संधू बड़ी सूझबूझ का परिचय देते हुए विरोधी की ओर बढ़े और अपनी राइफल की मूठ को जोर से उसके सिर में मारा, जिससे बह वेसुध हो गया। लौटते हुए रास्ते में उन्होंने एक दूसरे विरोधी को एक राइफल लिये नाले में दौड़ते हुए देखा और तेजी से पीछा करके उसे राइफल सहित पकड़ लिया।

इस संक्रिया में श्री एम० एस० संधू ने उच्च-कोटि की सामरिक निपुणता तथा नेतृत्व का परिचय दिया। जिसके उपलक्ष्य में उन्हें राष्ट्रपति का पुलिस तथा अग्निशमन सेवा पदक प्रदान किया गया।

विज्ञान के चढ़ते चरण

जापान में प्लास्टिक का कागज बनाया जा रहा है जो साधारण कागज से कहीं उत्तम है। तथा उसकी रद्दी को गलाकर फिर कागज बनाया जा सकता है।

मलिन जल को शुद्ध करने में फिटकरी की प्रचुर मात्रा के प्रयोग से जल प्रदाय संस्थानों फैक्ट्रियों इत्यादि द्वारा अत्यधिक व्यय को दृष्टिकोण में रखकर आंध्र प्रदेश के चीनी मिल के वैज्ञानिक श्री एन० डी० मिश्र ने सिद्ध किया है कि मेथी फिटकरी की अपेक्षा सस्ती तथा अधिक प्रभावशाली है। वह स्वास्थ्य को भी पुष्ट करती है।

विटामिन 'ई' के सेवन से शरीर में नवस्फूर्ति का संचार होता है तथा प्राकृतिक दूषणों से निवारण मिलता है।

हिमाचल प्रदेश के श्री तेजसिंह ने एक ऐसा पम्प बनाया है जिससे डीजल तथा पैट्रोल के स्थान पर नाममात्र इंधन से कुओं से भारी मात्रा में जल सिंचाई के लिये खींचा जा सकता है। 5 किलो लकड़ी के कोयले के इंधन से पहाड़ी क्षेत्रों में 24 फुट तथा समतल क्षेत्रों में 27 फुट गहराई से 45 मिनट में 6,700 लिटर जल प्राप्त हो सकता है।

फैन्कफर्ट में डाओलोन पदार्थ से बनी ऐसी साटन दिखाई गयी जो इतनी हल्की है कि एक वर्गमीटर के कपड़े का भार केवल 100 ग्राम है तथा जिसमें सिलवटें नहीं पड़ती हैं।

पश्चिमी जर्मनी में ऐसा विशाल यंत्र बनाया गया जो एक दिन में दस सहस्र वर्ग मीटर मार्ग की दृढ़ मरम्मत कर देता है और यातायात में कोई बाधा नहीं डालता। यह

यंत्र तरल गैस से चलता है।

भारत में अब बिजली के तंदूर बनने लगे है जो बिना धूम्र फैलाये बहुत जल्दी रोटियां आदि पका सकते हैं।

गौरव गाथा :

नागा विद्रोहियों को एक आतंक

ले० श्री एच० एस० सेठी

एक उत्कृष्ट बटालियन की एक कम्पनी का जमादार दर्शनसिंह नागा विद्रोहियों को एक आतंक बना हुआ है। उसकी आकृति मात्र भय उत्पन्न करती है। वह 6 फुट 2 इन्च लम्बा है तथा हृष्ट-पुष्ट है, और उसके मुख पर दृढ़-संकल्पता तो मानो अंकित है।

आयु ने उस पर कोई प्रभाव नहीं डाला है। बिना किसी परिल्कान्ति के, यह 52 वर्षीय "तरुण" प्रायः नित्य ही पैदल अत्यधिक दुर्गम यात्रा करता है। जालंधर जिले के फराला ग्राम निवासी जमादार दर्शन सिंह अत्यन्त ऐसे असहिष्णु क्षेत्र में नियुक्त है जिस क्षेत्र ने भूमिगत अनेकों नेता उत्पन्न किये हैं।

वह विनम्र तथा निरभिमान व्यक्ति है तथा अपने सौभाग्य को तथा प्रभु की अनुकम्पा को ही अपनी सफलता का कारण बताता है। उसने गर्वीले स्वर में कहा "प्रभु की कृपा से मैं कभी खाली हाथ नहीं लौटा हूं।"

स्थानीय निवासियों से मैत्रीभाव तथा व्यवहार-कुशलता उसको विद्रोहियों का अतापता तथा अन्त में "पुरस्कार" दिला देते हैं। ऐसे अनेकों पुरस्कारों का उसको श्रेय है। दो वर्ष पूर्व अप्रेल में तथाकथित नागा सेना के एक स्वतः घोषित बिग्रेडियर (भूतपूर्व मेजर जनरल) को पकड़ने में उसने एक महत्व-पूर्ण सेवा निभाई थी। वर्तमान वर्ष में उसके उपरान्त "नागालैंड फैडरेशन गवर्नमेण्ट" के दर्जनों प्रमुख सैनिक तथा असैनिक अधिकारी इस यूनिट ने बन्दी बनाये। पूर्व इसके कि नागाविद्रोही अपने आप को संभल सकें, एक सुयोजित तथा परिचलित उत्तम संक्रिया द्वारा 'नागा सेना' की 10 बटालियन के समादेशाधिकारी स्वतः घोषित ले० कर्नल को जमादार दर्शन सिंह ने पकड़ लिया। अग्रिम मासों में विशेष पहरों का नेतृत्व करके तथा एक स्वघोषित 'वनाधिकारी', चाकासंग क्षेत्र का एक 'सभापति' तथा एक सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति को बन्दी बनाकर जमादार दर्शन सिंह ने अपनी कीर्ति में चार चांद लगाये। बड़े महत्त्व के प्रपत्र भी प्राप्त किये। दो मुख्य ग्रामों के विभिन्न निवासियों से लगभग 25 एस० वी० एम० एल०, अनधिकृत बन्दूकें, एक .303 रायफल प्रतिग्रहण करने में अत्यन्त सहयोग दिया। उसके सावधान तथा सेवा-निष्ठ परिश्रमों के फलस्वरूप ग्यारह और नागा विद्रोहियों को बन्दी बनाया गया जिनमें दो तो केवल एक मास पूर्व ही पकड़े गये।

आज भूमिगत नागागणों को इस बटालियन ने नष्ट-प्राय कर डाला है और इसमें

मुख्य हाथ हमारे इस नेता का है। वह अपने जवानों की प्रशंसा करते नहीं थकता। यह पूछे जाने पर कि उसे घातों का आतंक नहीं खाता, उसका सरल उत्तर था "जब तक जवान, बन्दूक तथा मेरा राम मेरे साथ है, मैं किसी से भी भयभीत नहीं होता"।

वह सदैव भूमिगत नागाओं का चरम लक्ष्य रहा है। कतिपय बार उसे सूचनायें तथा चेतावनी दी गई कि उसके साथ साथ उसकी चौकी नष्ट भ्रष्ट कर दी जायेगी। एक बार तो विद्रोहियों ने एक अच्छी संख्या में सुयोजित ढंग से आक्रमण किया भी, किन्तु वह चौकी पर उस समय उपस्थित नहीं था। तद्यपि उसके जवानों ने अपनी ओजस्विता दर्शायी तथा शत्रु के दांत खट्टे किये।

उस पर अभी तक प्रभु की कृपा रही है। घेरने की कार्रवाइयों में अग्रणी रहने पर भी वह घात से बचा रहा है। एक बार उसके लिये घात लगाई गई; किन्तु उस जाल में अन्य जवान असावधानी से जा फंसे। उसे भली भांति ज्ञात है कि विद्रोही उसके प्राणों के पीछे पड़े हैं। एक अनुभवी नेता की भांति वह नाना प्रकार की कूट चालें चलता रहता है तथा विद्रोहियों को हत्बुद्धि कर देता है।

सन् 1969 में एक भूमिगत ले० कर्नल ने के० रि० पु० दल के एक वाहन पर घात लगाई तथा के० रि० पु० दल के दो जवान तथा पांच अन्य व्यक्ति ठौर मार दिये। यद्यपि जमादार दर्शन सिंह इस क्षेत्र में तब नहीं आ पाया था तथापि उसके सहयोगियों ने उसे यह तथ्य बता दिया है और वह उसका प्रतिशोध लेने को सदैव चिन्ता में निमग्न रहता है।

1939 में सेना में एक सिपाही के रूप में भर्ती होकर, जमादार दर्शन सिंह ने द्वितीय विश्व युद्ध में एक बीर योद्धा होने का परिचय दिया तथा एक विशेष पेन्शन प्राप्त की। 1947-48 के काश्मीर प्रतियुद्धों में इसके शौर्य का उल्लेख "प्रेषणों" (डिस्पेचेजों) में हुआ था। 1954 में कौटुम्बिक कारणों से उसने सेना से निवृत्ति ली।

दो वर्ष पश्चात्, वह के० रि० पु० दल की 4 बटालियन में सिपाही के रूप में प्रविष्ट हुआ। दल में भर्ती होने के तीन मास के भीतर ही हवलदार के पद पर उसकी उन्नति हो गई। उसकी अलौकिक प्रशिक्षण योग्यता ने उसके अधिकारियों को ध्यान आकृष्ट किया। 1960 में वह केन्द्रीय प्रशिक्षण केन्द्र नीमच में प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त हुआ। उसने वहां अत्यन्त निष्ठा से कार्य किया तथा कतिपय नकद पारितोषिक एवं प्रशस्ति की प्रविष्टियां निज सेवा पुस्तिका में प्राप्त की।

अगस्त 1965 में वह अपनी मूल बटालियन में मणिपुर में सम्मिलित हुआ तथा जमादार के पद पर उन्नति पाई और वर्तमान बटालियन में भेजा गया। यह यूनिट नागा विद्रोहियों के विरुद्ध संघर्ष करती रहती है तथा जमादार दर्शन सिंह ने एक व्याघ्र की भांति भूमिगत शत्रुओं में एक आतंक बिठा रखा है। एतदर्थ गुणोत्कृष्ट सेवा के लिये कुछ ही समय पूर्व उसे एक पुलिस पदक प्रदान किया गया है।

15 बटालियन के०रि०पु० दल

1 अक्टूबर, 1973 से 30 सितम्बर, 1974 तक की अवधि में गोला तथा बारूद पकड़ने में 15 बटालियन ने प्रथम स्थान पाया है। द्वितीय तथा तृतीय स्थान 23 एवं 6 बटालियन को क्रमशः प्राप्त हुए हैं।

क्रीड़ा क्षेत्रे :

नीमच रेंज पुनः

अन्तर रेंज एथलेटिक्स (व्यायामिक) प्रतियोगिता में जो ग्रुप केन्द्र नई दिल्ली में 28 नवम्बर 1974 को समाप्त हुई नीमच रेंज के० रि० पु० दल में न्यायामिक (एथलेटिक) प्रजेता रही। उसने 182 अंक प्राप्त किये तथा हैदराबाद रेंज ने 156 अंक और दिल्ली रेंज ने 118 अंक पाये।

के० रि० पु० दल की सभी दस रेंजों के एथलीटों (व्यायामिकों) ने उस प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें दस कीर्तिमान नये स्थापित हुए। दो कीर्तिमानों का सुधार तो प्रतियोगिता के प्रथम दिन 25 नवम्बर 74 को ही हुआ।


दिल्ली रेंज के सूबेदार कृपाल सिंह के पिछले कीर्तिमान 14 मि० 47.1 से० को तोड़ कर हेड कान्सटेबिल हरीचन्द (दुर्गापुर रेंज) ने 14 मि० 33 से० में 5,000 मीटर दौड़ का नया कीर्तिमान स्थापित किया। संयोग से, अखिल भारतीय पुलिस खेलों के 14 मि० 56 से० के रिकार्ड से भी यह आगे बढ़ गया। सूबेदार कृपाल सिंह ने 14 मि० 40.7 से० में द्वितीय स्थान तथा हेड कान्स्टेविल पी० सन्थानम (हैदराबाद रेंज) ने 14 मि० 58 से० के समय में तृतीय स्थान पाया।

शाटपुट में, नीमच रेंज के जमादार परमजीत सिंह ने 13.73 मीटर के पिछले रिकार्ड को सुधार कर 14.40 मीटर दूर फेंक कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। हरप्रीत सिंह भुल्लर (दिल्ली) ने 14.05 मीटर का द्वितीय स्थान तथा सुखवन्त सिंह बाल (हैदराबाद) ने 13.84 मीटर का तृतीय स्थान पाया।

दूसरे दिन, दो अन्य कीर्तिमान स्थापित हुए। अखिल भारतीय पुलिस खेलों में 30 मि० 41 से० का 10,000 मीटर दौड़ में अपना ही कीर्तिमान तोड़कर जमादार हरीचन्द (दुर्गापुर) ने 30 मि० 29 से० का नया रिकार्ड बनाया। हेड कान्स्टेबिल पी० सन्थानम (हैदराबाद) ने 30 मिनट 44.8 से० में द्वितीय स्थान तथा सूबेदार कृपाल सिंह (दिल्ली) ने 31 मि० 22 से० में तृतीय स्थान प्राप्त किया।



जमा० नसीब सिंह की ऊंची कूद



जमा० डी० मुजावर का स्टीपिल चेज में नया कीर्तिमान

जमादार रघुबीर सिंह (नीमच) ने हैमर (आयोघन) को 48.88 मीटर दूर फेंक कर 40.80 मीटर का अपना ही विगत कीर्तिमान सुधारा। हेड कान्स्टेबिल रमा शंकर राई (अजमेर) ने 44.42 मीटर की दूरी पर फेंक द्वितीय स्थान तथा जमादार जसविन्दर सिंह (दिल्ली) ने 40.08 मीटर पर तृतीय स्थान पाया।

डिस्कस (चक्का) फेंक में, जमादार रघुवीर सिंह (नीमच) ने 40.97 मीटर के रिकार्ड को तोड़कर 44.08 मीटर का नया कीर्तिमान स्थापित किया। जमादार हरप्रीत सिंह (दिल्ली) ने 43.06 मीटर तथा जमादार एस० एस० वाल (हैदराबाद) ने 42.44 मीटर की दूरी की पर फेंक कर द्वितीय तथा तृतीय स्थान क्रमशः प्राप्त किये।

अन्तिम दिवस चार नये कीर्तिस्तम्भ स्थापित हुए। 400 मीटर दौड़ को जमा० बाबर अली (दिल्ली) ने 49.6 से० में पूरा किया जब कि पहले यह 50 से० में पूरी हुई थी। 3000 मीटर की स्टीपिल चेज (शिखर भाग) में 9 मि० 29.1 से० के विगत रिकार्ड को गिराकर जमादार डी० मुजावर (अजमेर) ने 9 मि० 27.4 से० में पूरी की। पोलवाल्ट में हेड कान्स्टेबिल बालगोपालन ने 3.55 मीटर के गत रिकार्ड को जीत कर 3.56 मीटर का नया कीर्तिस्तम्भ निर्मित किया। डेकाथलोन में जमादार बी० एस० वालिया (दिल्ली) ने 5,552 अंकों का अन्तिम रिकार्ड समाप्त कर 5,621 अंक प्राप्त किये। जमादार हरी चन्द (दुर्गापुर) वर्ष का सर्वोत्तम एथलीट (खिलाड़ी) निर्णीत हुआ।

विविध खेलों के अंतिम परिणाम इस प्रकार रहे:

पोल वाल्ट—हे० कां० महारानी दीन (अजमेर) 3.50 मीटर, II सबइन्सपैक्टर जोगिन्दर सिंह (नीमच) 3.30 मीटर-III

200 मीटर दौड़—I जमादार वाबर अली (दिल्ली) 22.3 से०, II जमादार के० जी० जोजफ (हैदराबाद) 22.4 से० तथा III जमादार हर्कमेश सिंह (दिल्ली) 22.8 से०।

मैराथान दौड़—I हेड कां० एम० डी० फाजिल (नीमच) 2 घं० 32 मि० 33.2 से०

II ना० सुरजीत सिंह (नीमच) 2 घं० 35 मि० 3.8 से० तथा III जमादार गुरदयाल सिंह (अजमेर) 2 घं० 39 मि० 55 सें०।

डिकाथलोन—II हे० कां० बालगोपालन (हैदराबाद) 5541 अंक, III लां० ना० राधाकृष्णन (नीमच) 5479 अंक।

100 मीटर दौड़—I जमादार के०जी० जोजफ (हैदराबाद) 10.7 से०, II ना० मिठाई लाल (गोहाटी) 10.8 से०, III है० कां० एच एल० गुप्ता (हैदराबाद) 10.9 से०।

4x100 मीटर दौड़—हैदराबाद रेंज-I, दिल्ली रेंज-II, अजमेर रेंज-III

110 मीटर हाई हर्डिल (ऊंची बाधायें) जमादार बी० एस० वालिया (दिल्ली) 15.7 से०-I जमादार भंवर सिंह (नीमच) 15.9 से०-II, कां० नजर सिंह (अजमेर) 16.4 III

400 मीटर दौड़—द्वितीय-हे० कां० राजदेव सिंह (अजमेर) 50.6 से०, तृतीय जमादार पीटर जान (नीमच) 51.2 से०।

400 मीटर हर्डिल (बाधायें)—जमा० पीटर जान (नीमच) 56.1 से०-I, जमा० भंवर सिंह (नीमच) 56.62 सें०-II, कां० गोपालकृष्णन (हैदराबाद) 56.7 से०-III


4x400 मीटर रिले दौड़—(अभिचालित) हैदराबाद रेंज 3 मि० 27.4 सें० I, नीमच रेंज 3 मि० 28.5 से० II, पूना रेंज 3 मि० 29.9 से०-III

800 मीटर दौड़—ना० चन्दर प्रकाश (नीमच) 1 मि० 57.2 से०-I, ला० ना० जन्तु खलको (गोहाटी) 1 मि० 57.5 से० II, हेड कां० विशन सिंह (नीमच) 1 मि० 58 से० - III

3,000 मीटर स्टीपिल चेंज—हे० कां पी० सन्थानम (हैदराबाद) 9 मि० 31.5से०-II जमादार ओ० के० शिवन (हैदराबाद) 9 मि० 35 से०-III

जेवेलिन (नेजा) फेंक—जमादार वी० सुशीलन (नीमच) 58.70 मीटर-I, जमा० भगवान सिंह (सिगनल) 56.76 मीटर-II, हे० कां० बैजनाथ (दुर्गापुर) 52 मीटर-III

(हाई)ऊंची कूद—जमादार नसीब सिंह (गोहाटी) 1.91 मीटर-I, जमादार छगन सिंह (सिग०) 1.85 मीटर-II, हेड कां० बक्सी सिंह (दिल्ली) 1.80 मीटर III



जम० वी० सुशीलन द्वारा जेवेलिन (नेजा) प्रक्षेपण

(ब्राड) चौड़ी कूद—श्री जे० एस० डाउसन (अजमेर) 6.63 मीटर I, ना० के० सुधाकरन (सिगनल) 6.56 मीटर-II, कां० मक्खन लाल (हैदराबाद) 6.47 मीटर III

ट्रिपिल (त्रिवार) कूद—श्री जे० एस० डाउसन (अजमेर) 14.37 मीटर-I, ना० के० सुधाकरन (सिगनल)14.20 मीटर-II, ला० ना० विशम्भरन (अजमेर) 13.70 मीटर III

श्रीमती मुकर्जी ने पारितोषिक वितरित किये।

सर्वोत्तम मल्ल योद्धा ना० धर्मदेव—ग्रुप केन्द्र मुकामेघाट में 8वां अन्तर रेंज दंगल 1974 को सम्पन्न हुआ। समस्त दसों रेंजों के प्रतिनिधि आये तथा 143 मल्ल योद्धानों ने भाग लिया। अजमेर रेंज प्रथम तथा दिल्ली रेंज द्वितीय रही। गोहाटी रेंज का ना० धर्मदेव सर्वोत्तम मल्ल योद्धा निर्णीत हुआ।

निम्नलिखित पहलवानों की कुश्तियां उल्लेखनीय रहीं :

जमादार दीवान सिंह, ईश्वर सिंह तथा ओम प्रकाश, ना० धर्मदेव, उदयराज तथा जीतम यादव, ला० ना० मनीराम, हे० कां० बैजनाथ तथा रघुवीर सिंह, कां० रूप नारायण, राम कुमार, जूथन सिंह तथा महेश।

कबड्डी—अन्तर रेंज कबड्डी प्रतियोगिता 1974 ग्रुप केन्द्र दिल्ली में सितम्बर 74 में आयोजित हुई। सभी दसों रेंजों ने इसमें भाग लिया। वर्ग 'क' की अजमेर तथा नीमच रेंजें तथा वर्ग 'ख' की गोहाटी एवं कोहिमा रेंजें अर्द्ध फाइनल में आई। तदुपरान्त

अजमेर रेंज का कोहिमा रेंज से तथा नीमच रेंज का गोहाटी रेंज से मुकाबेला हुआ।

गोहाटी तथा कोहिमा रेंज फाइनल में परस्पर खेलीं। गोहाटी निश्चय रूप से विजयी रही। कां० अमर सिंह प्रतियोगिता में सर्वोत्कृष्ट खिलाड़ी उद्घोषित हुआ।

फुटबाल में नीमच विजयी—जुलाई 1974 में अजमेर ग्राउन्ड तथा मेयो कालेज ग्राउन्ड में अन्तर रेंज फुटबाल टूर्नामेंट ग्रुप केन्द्र-1 अजमेर द्वारा संगठित किया गया। सभी रेंजों ने इसमें भाग लिया। श्री एम० एम० शाह उपमहानिदेशक अजमेर ने उसका उद्घाटन किया।

वर्क 'क' से पूना तथा दिल्ली रेंजें और वर्ग 'ख' से नीमच तथा हैदराबाद रेंजों का मुकाबला अर्द्धफाइनल में हुआ। फाइनल में नीमच तथा हैदराबाद खेलीं। नीमच रेंज प्रथम आयी तथा हैदराबाद द्वितीय रही।

दिल्ली हाकी चैम्पियनशिप में के० रि० पु० दल की शानदार जीत

दिनांक 12 जनवरी 75 को शिवाजी स्टेडियम दिल्ली में 'दिल्ली हाकी चैम्पियनशिप' में के० रि० पु० दल ने दिल्ली विद्युत प्रदाय संस्थान को फाइनल में 2-0 से पराजित किया। इसका श्रेय श्री एन्थोनी वरला को है जिन्होंने ही दोनों गोल किये।

पेट्रोल के उपभोग में बचत

पेट्रोल में मितव्ययिता के विषय में सरकारी अनुदेशों की प्राप्ति पर, के० रि० पु० दल ने उत्तम फल उपलब्ध किये हैं। पिछले दो वर्षों के उपभोग के आंकड़ों की तुलना निम्नलिखित 44.8 प्रतिशत की बचत दिखाती है :

अक्टूबर 1972 से सितम्बर 1973 तक का पैट्रोल उपभोग : 42, 34, 796 लिटर। अक्टूबर 1973 से सितम्बर 1974 तक का पैट्रोल उपभोग : 23, 36, 358 लिटर। बचत 18, 98, 438 लिटर।

डीजल वाहनों तथा मोटर साईकिलों के प्रयोग से तथा सर्व प्रकार के वाहनों के चलाने में कमी करने के कारण पेट्रोल में यह 44.8% की बचत हुई है। इसी समय में डीजल के उपभोग में केवल 24% की वृद्धि हुई है। अतः पेट्रोल में शुद्ध बचत 20.8% हुई है। और भी बचत करने के प्रयत्न होते रहेंगे।

सुक्ति-सुधा

अपनी 'मैं' को देश की बड़ी 'मैं' में, तथा अपनी पृथक स्वार्थपरता को मानवता की सेवा में विलीन कर दो..... अरविन्द।

हृदय में देशभक्ति होनी चाहिये जिससे उसके समक्ष अन्य सब वस्तुयें किसी महत्त्व की नहीं लगेंगी..... **गोपाल कृष्ण गोखले।**

मुझे दुःख है तो केवल इसी बात का कि देश पर न्यौछावर करने को मुझे एक ही जीवन मिला है.....**नाथान हेल।**

शाक-सब्जी खोजिये

(1)

आजादी की लौ की कीमत क्या बताऊं ? उस से मत मुख मोड़ो।

(2)

कंजूसी ही कंजूसी उनमें थी, पूरे मक्खी राम थे।

(3)

गाने में लगो भी, परसों आठे पे ठाका उसका जायेगा।

(4)

छांह में आ; लू लग जायेगी; फिर तो रईसी सब रखी रह जायेगी।

(5)

पर बल पर फूट डालने को यह खलक कोड़ा लिये फिरती है।

उत्तर-(1) लौकी, बताऊं (बैंगन), सेम (2) मेथी, खीरा (3) गोभी, सोआ, पेठा (4) आलू, तोरई (5) परवल, फूट, ककोड़ा।

पहेलियां

(1)

तरु-तरु पर बिजली जली, दिन होते बुझ जाय।
'स्विच' न उसे बुझावता, 'पावर' नहीं जलाय।

(2)

बारबार मरती रही, फिर भी जीवित आज।
युग-युग में भुव ने कहा, भारत का सरताज॥

(3)

छाती में मम फल लदे, मुख में मेरे बीज।
तरुणी मेरी है कली, जगत रहा है रीझ।

(4)

गज भर के आप, सौ गज की दाढ़ी।

उत्तर-(1) जुगनू (2) दिल्ली (3) अनार (4) सुई।

नौकरी की मेरी कहानी—अपनी जबानी

लेखक—जमा० (रिटायर्ड) श्री एम० आर० निलगुण्डे


श्रीनिलगुण्डे के लेख के कुछ महत्त्वपूर्ण अंश नीचे उद्धृत हैं :—

सी० आर० पी० में मैं 8 जनवरी, 1940 को भर्ती हुआ। वहां से मैं अच्छी तरह से जानता हूं। 6 जुलाई 1943 में (आज के) वेस्ट पाकिस्तान में रहता था। उस समय हमारे साथ बलोच रेजीमेण्ट भी था। वहां एक मशहूर डाकू बनाम बच्चे गुरु पीर पगारा को खत्म किया। 1944 में गुजरात के बाला सनूह प्रान्त में आये। वहां पर चिड़ियां डाकू खत्म किया—1946 में रीवा बन्देलखण्ड के राजा को गद्दी से उतार कर उसके लड़के को बिठा दिया।—1953 में श्री नगर में शेखअब्दुला को अरेस्ट किया और कूदनाम की जेल में रखा।—1960 में नागालैण्ड के देश विद्रोही नागाओं के साथ लड़ते रहे जो कि 18 बिग्रेड (जाट) के हथियार छीन कर ले गये थे। सात रोज उनका पीछा किया और वे ही हथियार वापिस लिये, और 18 बिग्रेड को लौटा दिये। उसी उपलक्ष्य में कमाण्डैण्ट महासिंह को मेडल मिला और बाकी सब को मिला कैस रिवार्ड।

1 मार्च 1965 को कच्छ भेजे गये। 13 मार्च 1965 को सरदार पोस्ट एण्ड ताक पोस्ट पर हमें लगाया गया। दोनों के बीच 60 गज का अन्तर था। 9 अप्रैल 1965 को सवेरे 03.15 पर पाकिस्तान ने हमला किया । ताक पोस्ट पर शेलिंग तथा सरदार पोस्ट और 'नोमेन्स लाइन पैट्रौल' के ऊपर अटैक किया । उस समय मैंने पहला आउट पोस्ट गिराया और ताक पोस्ट के टैन्ट गिरा दिये । शैलिंग और फायर के बीच में पैट्रोल को ढूंढने के लिये अकेला गया और 06.15 का पता लगा कर उनको वापस कैम्प में लाया। और 10.30 पर थ्री इंच का मोर्चा शेलिंग से गिर गया जो कि रामजीलाल हवलदार को लेकर फायर के बीच में मोर्चा तैयार किया। 13.00 बजे से 16.30 के दरम्यान सरदार पोस्ट को हमने ताक पोस्ट के फायर के बीच में जीप से चार दफा अम्युनिशन पहुंचा दिया। इसी के लिये मुझे पुलिस मेडल मिला और साथ ही 1 जून 1965 में तब सब इन्सपेक्टर का रैंक मिल गया । 13 दिसम्बर 1965 को गृह मंत्री गुलजारी लाल नन्दा जी ने अजमेर में पटेल ग्राउन्ड पर 14 पुलिस मेडल दिये जिसमें एक मुझे मिला था। श्री नन्दा जी ने अपने भाषण में बताया था कि संसार के इतिहास में आज तक की किसी भी यूनिट को 14 मेडल एक दिन में नहीं मिले जो कि 2 बटालियन सी० आर० पी० ने जीते ।... नवम्बर 1969 में जम्मू राज्यपाल के लिये ला एण्ड आर्डर ड्यूटी को तैनात हुआ जिसमें 3300 रु० नकद इनाम हमारी 3 कम्पनियों को अच्छा काम करने की वजह से (हरेक कम्पनी को 1100 रु०) मिले ।...16 दिसम्बर 1969 से 30 मार्च, 1970 तक सर्वे आफ इन्डिया बर्मा बार्डर पर मणिपुर में रहा । अप्रैल 1970 को सिलचर प्राया, वहां पर स्कूल के बच्चों को रायफल ट्रेनिंग दी ।...उसके बाद 13 नवम्बर 1972 को उस-किया थाने पर तैनात हुए। वहां हैलन डाकू

का गैंग (दल) था। उस गैंग के हांथेयार, अम्युनेशन, और नकद कैश, सोने की मुहरें प्राप्त किये और हैलन वहां से भाग गया। ...17 मार्च 1974 को पटना (बिहार) आये। 8 जुलाई 1974 को पूना पेन्शन के लिये आ गया।

मैं अब भी इतना स्वस्थ हूं कि अपनी ऐज (आयु) के तो क्या आज के नौजवानों में भी 60% से दौड़ में आगे आ सकता हूं। इसका एक ही कारण है कि मैंने आज तक की जिन्दगी में दूध और सब्जी का प्रयोग किया है। मैं कभी बीमार नहीं हुआ—मैं बचपन से खेलों में भाग लेता था। 1962 तक स्वीमिंग (तैरना) करता था; उसके बाद मैं हर खेल में भाग लेता रहा।



रजिस्टर्ड नम्बर 25627/74



4 नवम्बर 74 को पटना में तरुण आन्दोलनकारियों के हेतु सेवारत के० रि० पु० दल

❀ क्रै प ल र ❀

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का वृत्त पत्र तथा सचित्र पत्रिका

[द्वैमासिक हिन्दी संस्करण]

31 मार्च, 1975] खण्ड 4 संख्या 1 [10 चैत्र, 1896





शौर्य-पदक से सम्बद्ध विशेष स्वीकृति भत्ते में भेद-भाव की समाप्ति

राष्ट्रपति सचिवालय अधिसूचना संख्या 118-प्रेज 74 दिनांक 1 दिसम्बर 1974 के अनुसार विशेष स्वीकृति भत्ता जो कि प्राप्त कर्ताओं के पदों के आधार पर दिया जाता था वह भेद अब समाप्त कर दिया गया है । अतः अब नवीन दरें समस्त पुलिस अधिकारियों को जिनमें राज पत्रित पुलिस अधिकारी भी सम्मिलित हैं, बिना किसी पद के भेद-भाव के दिया जायेगा। नवीन दरें 1 दिसम्बर 1974 से लागू होंगी जो कि निम्न प्रकार हैं :—

1. राष्ट्रपति का पुलिस तथा अग्नि शमन सेवा पदक	रु० 60/-प्रति माह
2. उपर्युक्त पदक के लिये बार	रु० 30/-प्रति माह
3. पुलिस पदक	रु० 40/-प्रति माह

4. उपर्युक्त पदक के लिये बार रु. 20/-प्रति माह

सूक्ति-सुधा

मन को प्रसन्नता से समस्त शारीरिक तथा मानसिक रोग दूर हो जाते है तथा दूर रहते हैं।

—रामदास

मनुष्य प्रकृति पर विजय के लिए उत्पन्न हुआ है ना कि अन्धानुसरण करने के लिए।

—स्वामी विवेकानन्द

क्रोध मनुष्य का मुख खोलता है परन्तु ज्ञान-कपाट बन्द करता है।

-केन्टो

गुणों से ही मनुष्य की महत्ता है ना कि उच्चासन से।

—चाणक्य

निर्धन वह नहीं है जिस पर धन नहीं है, अपितु वह है जो अधिक धन की तृष्णा रखता है।

—डेनियल

क्रैपलर

द्वैमासिक]

[हिन्दी संस्करण

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का वृत्तपत्र तथा सचित्र पत्रिका

खण्ड 4

अंक 1

31 मार्च, 1975
10 चैत्र, 1896
मुख्य सम्पादक:
एच० एस० सेठी

हिन्दी सम्पादक :
जे० एस० शर्मा

सम्पादकीय कार्यालय :
द्वारा महानिदेशालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल,
पश्चिमी खण्ड-8, रामकृष्णपुरम,
नई दिल्ली-110022

सम्मुख पृष्ठ पर :-उपद्रवग्रस्त जामा मस्जिद (दिल्ली) में सेवारत के० रि० पु० दल के जवान।

27 पृष्ठ पर :-सर्वप्रथम संयोधित महिला डाक्टर (श्रीमती) सीता लक्ष्मी।

मुद्रक-दि कैक्स्टन प्रेस (प्राइवेट) लिमिटेड, नई दिल्ली-110055
प्रकाशक : महानिदेशक के० रि० पु० दल की ओर से
एच. एस. सेठी

इस अंक में :

विषय

पृष्ठ

1. लेख (i) साम्प्रदायिक उपद्रव-ले० श्री निगमेन्द्र सेन सक्सेना, महानिदेशक
(ii) एक अभिपूजित डाक्टर-ले० श्री एच.एस.सेठी, जन सम्पर्क अधिकारी
(iii) दिन का नाम कैसे ज्ञात करें-ले० ना.पी.एन, उपाध्याय
2. रिपोर्ताज (i) शौर्यपदक का विशेष स्वीकृति भत्ता
(ii) गणतंत्र दिवस पर के० रि० पु० दल की टुकड़ी
(iii) भुवनेश्वर स्टेडियम
(iv) कल्याण साहाय्य का अनुमाप
(v) ग्रुप केन्द्र गोहाटी
(vi) दल की अकादमी
(vii) हैदराबाद वेस अस्पताल
(viii) ग्रुप केन्द्र दीमापुर
(ix) मिजोराम अभिनव रेञ्ज
3. गौरवगाथा (i) उड़ती धज्जियां
(ii) एक नक्सलवादी टोली का मूलोत्पाटन-ले० श्री एस.सी. सीताराम
(iii) 7 वटालियन के० रि० पु० दल का इतिहास
(iv) कुंये में डूबी दो तरुणियों का जीवन त्राण
(v) गुणोत्कृष्ट सेवा तथा शौर्य पदक
4. कविता :-'इंसान तू संभल ले'-रचयिता सिपाही सतपाल सिंह
5. कहानी :-लाहौर का मोची दरवाजा-ले० श्री जे. एस. शर्मा हिन्दी संपादक
6. क्रीडा क्षेत्रे
(i) अखिल भारतीय पुलिस खेल
(ii) रतन नगर में वालीबाल टूर्नामेण्ट
(iii) पश्चिमी क्षेत्र में टूर्नामेण्ट
(iv) विभिन्न फुटबाल टूर्नामेण्ट
7. स्वास्थ्य सन्देश :-हमारे कान तथा ध्वनि-ले० श्री जे. एस. शर्मा हिन्दी सम्पादक

8. विज्ञान के चढ़ते चरण

9. विविध

(क) सूक्ति सुधा

(ख) पहेलियां

(ग) सर्वोत्तम प्रशिक्षार्थी

(घ) वन्य प्राणियों का परिक्षण


(ङ) यह भी खूब रही

(च) केन्द्रीय स्कूलों में दल की प्रविष्टि

(छ) पटसन गोदामौ का निस्तारण

(ज) दलीय बचत को प्रोत्साहन

(झ) सर्वप्रथम संयोधित महिला डाक्टर



गणतंत्र दिवस पर के० रि० पु० दल की टुकड़ी

श्री० टी० एस० ढिल्लों

दिनांक 26 जनवरी 1975 को श्री टी. एस० ढिल्लों डीवाई० एस० पी० 44 बटालियन के० रि० पु० दल ने गणतन्त्र दिवस परेड के लिए 112 जवान तथा वादक बृन्द (बैण्ड) वाली के० रि० पु. दल की टुकड़ी का नेतृत्व किया। गत वर्ष, वह उस टुकड़ी के प्रशासन अधिकारी तथा उप समादेष्टा थे। जुलाई 72 में जब इन्होंने सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारी पाठ्यक्रम को उत्तीर्ण किया था, तब इन्हीं सर्वोत्तम (बहिरंग) प्रशिक्षार्थी पदक प्रदान किया गया था।

इस वर्ष एस० पी० (अधीक्षक) अवतार सिंह 119 रु० के० रि० पु० दल की टुकड़ी के उप समादेष्टा थे। सूबेदार गुरदयाल सिंह वादक वृन्द का समादेशन कर रहे थे।



पहेलियां

(1) तीन अक्षर का मेरा नाम ।
उलट फेर वही परिणाम ।
आदि कटे अधरों धरता ।
अन्त कटे बल-बल करता ।
(2) गोल मगर नहीं चन्दा जो।
करे पेट का धन्धा वो ।
(3) बिन शरीर-चोगा पहरा ।
बिन कानों में नहीं बहरा ।
(4) हूं फल पर में लता कहाता ।
तीन पात, नहिं ढाक से नाता।
कण्टक हटा मुझे जो खाता ।
खा पीकर चंगा हो जाता ।
उत्तर :— (1) बलब (2) रोटी (3) टेलिफोन (4) बेल ।

साम्प्रदायिक उपद्रव : बहुमुखी समस्या

साम्प्रदायिक उपद्रवों की प्रावृत्ति की एक महत्त्वशालिनी समस्या है जो सरकार को स्वतंत्रता से सदैव चिन्तित कर रही है। इस समस्या के अनेक पक्ष हैं-ऐतिहासिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, प्रशासनिक तथा पाकिस्तान से सम्बन्धित। प्रशासनिक पक्ष स्वतः इस भांति विभक्त हो सकता है :

(1) साम्प्रदायिक उपद्रवों की रोक थाम (2) इन उपद्रवों के होने पर उनसे निबटना (3) पंजीकृत अपराधी की छानबीन तथा अभियोजन (4) इनकी आवृत्ति को रोकने के उपाय।

प्रस्तुत लेख में केवल प्रथम पक्ष और वह भी उसके एक दृष्टिकोण का ही उल्लेख किया जा रहा है।

निवारण का महत्त्व:-कतिपय अन्य अपराधों से भिन्न, जहां तक साम्प्रदायिक उपद्रवों का सम्बन्ध है, उनकी छानबीन तथा अभियोजन की अपेक्षा उनका निवारण परम महत्त्वपूर्ण है।

1) लगभग 5 लाख जनसंख्या के मध्यम श्रेणी के नगर तक में केवल तीन दिनों में ही साम्प्रदायिक उपद्रवों से समस्त उत्पादन के रुकने से कई करोड़ों की क्षति होती है।

2) भीषण उपद्रवों में जीवन तथा सम्पत्ति की महती क्षति होती है। अहमदाबाद में 1969 के सितम्बर मास के उपद्रवों में रोमांचकारिणी क्षति हुई। राज्य सरकार के अनुसार ध्वस्त मकानों-दुकानों की संख्या 6,742 थी।

सम्पत्ति की कुल क्षति का मूल्य लगभग 4.25 करोड़ रुपये आंका गया। आहत मनुष्यों की संख्या प्रा अनुमान 1,084 था। जीवनहानि का अनुमान 437 से 600 तक किया गया था। शरणार्थियों मुख्यत: यवनों की संख्या लगभग 30,000 थी।

3) साम्प्रदायिक उपद्रवों से प्रतिशोध तथा प्रतियातन की शृंखला चल पड़ती है।

4) इनसे विश्व में हमारे देश का प्रति रूप बिगड़ता है तथा पाकिस्तान को हमें कुख्यात करने का कारण मिल जाता है।

5) इनसे बंगला देश, मिश्र, ईराक, कोरिया इत्यादि मित्र देशों से हमारे संबंध बिगड़ते हैं।

बाधाओं का मानना:-जब तक कि हम अनेक बाधाओं को नहीं समझते और उनके विरुद्ध परिवाद करना नहीं छोड़ते तब तक साम्प्रदायिक उपद्रवों से निबटने के लिए कोई भी उपयुक्त नीति नहीं निकाली जा सकती।

1) सर्वप्रथम बाधा भारत का इतिहास है। कुछेक ऐतिहासिक तथ्य ऐसे हैं जिनका। दुरुपयोग साम्प्रदायिक दल द्वारा हिन्दू तथा यवनों में घृणा उत्पन्न करने के लिए किया जाता है।

2) छोटी घटनाओं का दमन करना जो बड़े उपद्रव उत्पन्न करती हैं तथा कर चुकी

हैं असम्भव है। कई करोड़ हिन्दू तथा यवन साथ-साथ रहते हैं, अतः छोटी-मोटी घटनाओं का होना सहज है।

लेखक-श्री निगमेन्द्र सेन सक्सेना

3) 1947 के सितम्बर से हमारा पार्श्ववर्ती देश पाकिस्तान है जिसको साम्प्रदायिक उपद्रवों की अग्नि फैलाने में आनन्द आता है तथा उसके प्रचार ने कतिपय प्रकरणों में एक निर्णायक भूमिका निभाई है। दिसम्बर 1963 में कुछ उपद्रव फैलाने वालों ने श्री नगर में हजरत बाल की मस्जिद से पैगम्बर मुहम्मद के पवित्र केश को चुरा लिया। पाकिस्तान के रेडियो द्वारा प्रचार ने जम्मू तथा काश्मीर में पक्षघात सा ला दिया, पूर्वी पाकिस्तान के जेसोर तथा खुलना जिलों में हिन्दुओं पर अत्याचर कराये, पश्चिम बंगाल में कलकत्ते नदिया तथा चौबीस परगने के जिलों में प्रतिशोधात्मक घटनायें उत्पन्न की तथा पूर्वी पाकितान में नारायणगंज तथा ढाका में प्रतिनिर्यातन कराये जिनके फल-स्वरूप बिहार तथा उड़ीसा में उपद्रव उद्भत कराये।

4) भारत जैसे गणतन्त्र देश में साम्प्रदायिक दलों को मिटाना असम्भव है जो एक लघु घटना को महा विध्वंस में परिवर्तित करने के अवसर की प्रतीक्षा में रहते हैं। निर्वाचनों के पूर्व प्रायः साम्प्रदायिक भावनायें समुत्तेजित की जाती है।

5) एक गणतन्त्र में न्यायिक जांचों को समाप्त करना सम्भव नहीं है क्योंकि सरकार जनता के प्रति उत्तरदायी है। तब भी पुलिस अधिकारियों को निलम्बित करके प्रशासन तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी साध्यानों के प्रति पूर्वनिर्णयों पर पहुंचना रोक सकते हैं। साथ ही, हमें न्यायिक जांच के उपरान्त प्रकरण को विसारना नहीं चाहिए ।

सहसोद्भेद का थोथा सिद्धांतः-समाचार पत्रों में साधारणतः साम्प्रदायिक उपद्रवों के सहसा भड़क उठने के समाचार प्रकाशित होते है । पर कठिनता से ऐसा कोई उपद्रव सहसा होता है। ऐसी घटनामों में पुलिस तंत्र अपर्याप्त तथा/अथवा अक्षम होता है और निम्नलिखित बातों को समय रहते वह ताड़ नहीं पाता है :

1) दोनों जातियों में तनाव के चिह्न होते हैं जिनमें जनसंख्या के छोटे अनुमाप के स्थानान्तरण भी अन्तर्ग्रस्त होते हैं। दोनों जातियों के वे व्यक्ति जो इक्के-दुक्के स्थलों पर रहते हैं अपनी जाति के घने बसे स्थानों में जाकर बसने लगते हैं।

2) ईट, पत्थरों, तेजाब भरे बल्बों, चाकू, बमों आदि वस्तुओं का संग्रह होता है। बाद में पुलिस-छापे प्रायः ऐसी वस्तुओं के भण्डारों को प्राप्त करते हैं। ये उपलब्धियां निश्चय प्रकार से सिद्ध करती हैं कि उत्पात भड़कने से पूर्व तैयारियां की जा रही थीं।

3) एक उत्तम साँख्यिक अपराधात्मक विवरण रखने के सामान्य सिद्धान्त के कारण, हस्तक्षेप्य या अहस्तक्षेप्य छोटी-मोटी घटनाओं का उल्लेख पुलिस के खातों में नहीं होता है।

4) अनेकों परिपृच्छाओं में प्रमाणित हो गया है कि गण्यमान्य व्यक्तियों की

सामायेक सूचना को प्रशासन द्वारा बहुधा अवहेलना होती है।

पुलिस विभाग का सामान्य स्वास्थ्य ही निश्चय रक्षा-कवच:-जब कोई व्यक्ति किसी न किसी रोग से सदैव ग्रस्त रहता है तब यह आवश्यक हो जाता है कि विशेष रोग के उपचार के साथ-साथ इस के सामान्य स्वास्थ्य का भी परीक्षण हो । सामान्य सुन्दर स्वास्थ्य ही कुछेक रोगों की सर्वोत्तम गारण्टी है। अपराधी तथा समाज विरोधी तत्वों से भरपूर क्षेत्र वाले स्वस्थ पुलिस दल को बार-बार साम्प्रदायिक उपद्रवों से नहीं निबटना पड़ता है जबकि रोगी पुलिस दल को जल्दी जल्दी ऐसे दंगों का बलि बनना पड़ता है केवल एक दृष्टान्त देना पर्याप्त होगा। बिहार से धनबाद हजारी बाग, सिंहभूमि तथा रांची के जिलों में 1950-60 के मध्य एक बड़े पैमाने पर औद्योगीकरण तथा नागरीकरण हुमा, जनसंख्या बढ़ी और बढ़ीं उसके साथ समस्यायें। बाहर से अनेक प्रकार के व्यक्तियों का आगमन हुआ। बिहार के महानिरीक्षक के बारम्बार अनुरोध करने पर भी पुलिस की जनशक्ति तथा प्रभावोत्पादकता में कोई वृद्धि नहीं की गई। जब शरणार्थी धड़ाधड़ आने लगे तब स्थिति के मूल्यांकन तथा प्रभावी कार्यवाही करने को पर्याप्त पुलिस दल नहीं था । फलस्वरूप, 1964 सिंहभूमि तथा रांची में घोर साम्प्रदायिक दंगे हए । यवनों के ही हताहतों की संख्या 740 थी-471 हत तथा 269 आहत । साढे तीन वर्ष के पश्चात् 22 से 29 अगस्त 1967 तक रांची में पुनः भीषण साम्प्रदायिक उपद्रव हुए । इनमें 213 व्यक्ति मृत्यु के घाट उतरे जिनमें 193 मुस्लिम थे। पुलिस के मूल स्वास्थ्य की उपेक्षा ही इस पुनरावृत्ति का कारण थी। 1966 की वार्षिक रिपोर्ट में महानिरीक्षक ने अभिव्यक्त किया है...

"न्याय तथा व्यवस्था की पूर्वादृष्ट एवं अदृष्ट पूर्ण समस्या से सुलझने को राज्य के बाहर से आरक्षित दल बुलाने पड़े । क्योंकि उस समय से जब वर्तमान शक्ति निर्धारित की गई थी, तब से कार्यभार तथा राज्य की जनसंख्या अत्यधिक बढ़ गई है। पुलिस तथा अनुसंधानात्मक कर्मचारियों की संख्या बढ़ाना अनिवार्य है। यदि अपराध तथा अपराधियों की रोकथाम करनी है तथा न्याय तथा व्यवस्था रखना है तब थानों और चौकियों के स्तर पर जनशक्ति बढ़ानी होगी। जिलों के आरक्षित दल की भी अभिवृद्धि करनी होगी क्योंकि बी०एम०पी० कम्पनियां जो पूर्वादृष्ट स्थिति को निपटने हेतु निष्पादित आरक्षण हैं राज्य के विभिन्न सामान्य कार्य-कलापों के लिए प्रविस्तरित रहती हैं और आपातिक स्थिति में राज्य को बाहर से प्राप्त दल पर निर्भर रहना पड़ता है ।"

इन्हीं दिनों में हुए उपद्रवों ने प्रगट किया कि निम्न प्रकार की स्थायी आधारभूत कमियों के कारण अनेक स्थलों पर उन्होंने उग्र रूप धारण किया है—(क) उपलब्ध स्थानीय सेवि-शक्ति इतनी अपर्याप्त थी कि कितनी ही घटनाओं में जो थोड़े बहुत जवान थे उनको थाने के अन्य व्यक्तियों को लाने के लिए थाने को भागना पड़ा।

(ख) संचार सुविधायें प्रमुख नगरों तक में इतनी क्षीण थीं वि पुलिस लाइन्स से पुनर्बल प्राप्त करने घण्टों लग गये। तब तक जमघट इतना बढ़ गया कि अभिवृद्ध पुलिसशक्ति भी अपर्याप्त हो गई।

(ग) इन्सपेक्टरों (निरीक्षकों) तथा सब इन्सपेक्टरों (उपनिरीक्षकों) जैसे मध्यम श्रेणी के कर्मचारियों की संख्या इतनी क्षीण होती है कि संकट काल में कोई भी नहीं मिलता है।

(घ) प्ररुचि लेने की अरुचि तथा सामान्य उदासीनता इतनी अधिक होती है कि कितने ही बार-वरिष्ठ से वरिष्ठ अधिकारी स्थिति से निपटने के स्थान पर निदेशों के पाने के लिये फोन खटखटाते फिरते रहे, तब तक भीड़ अधिक बढ़ गई और स्थिति अधिक बिगड़ गई

ऐसी प्रत्याशा रखना व्यर्थ है कि एक दल जो नित्यप्रति की अराजकता, युवतियों से छेड़छाड़, रेल की अस्तव्यस्तता राजनीतिप्रेरित आन्दोलन इत्यादि को सुलझा नहीं सकता वह दल विक्रान्ति के शिखर पर पहुंच जायेगा तथा कुछ ही घंटों में साम्प्रदायिक उपद्रवों को शान्त कर देगा। न्यायपालन एक 24 घण्टे, 365 दिन वाली अश्रान्तचर्या है। सामान्य अराजकता की स्थिति साम्प्रदायिक दंगों की एक उपजाऊ भूमि है। प्रतः साम्प्रदायिक समस्या पर विशेष ध्यान देते समय, 365 दिवस के

आधार पर समाज विरोधी तत्वों के शमन करने के दीर्घकालीन समाधानों की उपेक्षा नहीं की जा सकती । साम्प्रदायिक उत्पातों के समय समाज विरोधी तत्वों को हिरासत में लेना परोक्ष रूप से यही सिद्ध करता है कि इस धड़पकड़ का प्रभाव निपट अस्थाई होता है क्योंकि पकड़े गये व्यक्ति कठिनता से कुछ ही दिन जेलों में रहते हैं।

यदि न्याय के प्रति स्वस्थ समादर हो, नित्यप्रति के अपराधों पर सक्षम नियंत्रण हो, अपराधी तत्वों का भला ज्ञान हो तथा अनुसंधान एवं अभियोजन का एक सुदक्ष तंत्र हो; तब ऐसी संभावना है कि पुलिस से षड़यंत्रों तथा घोर साम्प्रदायिक उपद्रवों की तैयारियाँ छिपी नहीं रह सकतीं। छोटी-मोटी दुर्घटनामों कभी भी नहीं रोकी जा सकतीं; किन्तु अलग-अलग करके उनको तुरन्त शमन किया जा सकता है। यह इस कारण भी है कि एक साम्प्रदायिक घटना स्वतः ही महा अनुमाप पर दंगे नहीं भड़का सकती । कतिपय उपद्रवों की छानबीन ने प्रमाणित किया है कि साम्प्रदायिक घटना के उपरान्त जिससे दंगा हुआ, कोई भी भीड़ में उत्तेजना नहीं फैली । परन्तु मकानों तथा दुकानों की दारुण लूटपाट तो उन व्यतियों ने की जिनका ध्येय लटना था, ना कि साम्प्रदायिकता। इससे गुण्डों अथवा समाज विरोधी तत्वों की भूमिका उभर कर आती है।

गुण्डों की उपद्रवी योजनायें—समाचार-पत्रों में यही पढ़ने में साधारणतया आता है एक साम्प्रदायिक घटना के कुछ ही समय में, कभी-कभी तो आध घण्टे के भीतर ही, समाज विरोधी तत्वों ने बड़े पैमाने में घुसपैठ की और कितनी ही दुकानें लूट लीं । जब तक कि गुण्डों की अपनी योजना नहीं होती, ऐसा होना सम्भव नहीं था । प्रायः ऐसा देखा गया है कि जो दुकानें लूटी गयीं अथवा जो मकान जलाये गये, वे पहले से ही लक्ष्य बना लिए गये थे। 11 दिसम्बर 1973 के मेरठ वाले साम्प्रदायिक उपद्रवों ने पूर्णतः यह सिद्ध कर दिया है । उस दुर्घटना के 15 मिनट के अन्दर ही, जिसने उपद्रव

उत्पन्न किये थे, ईंट-पत्थरों तथा तेजाब भरे बल्बों का दीर्घ-व्यापी प्रयोग हुआ। मनोनीत दुकानों को ध्वस्त करने के लिये पेट्रोल प्रयुक्त हुआ। यह सब केवल तैयारी ही नहीं, अपितु अत्यन्त गूढ योजना का संकेत देती है।

उत्तरी भारत के इदानीन्तन उपद्रवों में छुरा भोंकने के बलिदानों के विस्तृत अध्ययन से पता लगता है कि छुराबेधन एक व्यव सायिक कार्य था। घावों से प्रकट होता है कि चाकू चलाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। यह एक उन्मत्त साम्प्रदायिक उपद्रव का परिणाम नहीं हो कर, पुलिस के वश के बाहर 'गुण्डों' का प्रकरण होता है। जब भी ऐसा होता है तब समाचारपत्र तथा जनता पुलिस पर समाजधाती तत्वों से गठबन्धन का आरोप लगाती है। इधर पुलिसजन समाचार-पत्रों से व्यक्तिगत साक्षात्कारों में लोक कण्टकों के संरक्षण देने का दोष नेताओं के सिर मढ़ते हैं। न्याय परायण जनता को ऐसा आभास होता है कि पुलिस गुण्डों से निबटने की अभिक्रमशीलता खो बैठी है तथा भीषण लूटपाट तथा अग्निकाण्ड के अनन्तर ही वह कोई कार्रवायी करना न्याय-संगत समझती है। संक्षेप में, न्याय तथा व्यवस्था का तंत्र केवल समाजद्रोही तत्व के कार्यों की प्रतिक्रियायें करता है और समाज द्रोहियों से ही उसमें प्रेरणा उत्पन्न होती है।

अबिरत सतर्कता—शत्रु देश की सीमा स्थित सशस्त्र सेना की भांति, समाजद्रोही तत्वों के विरुद्ध सतर्कता में पुलिस ढील नहीं डाल सकती है। गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, अतिविशिष्ट व्यक्तियों के आगमन, महानिरीक्षक के निरीक्षण के अर्थ ये कदापि नहीं हैं कि सामान्य प्रहरी चर्याओं से अधिकारी तथा जवान भारी संख्या में हटा लिए जाएं। यहां 11 दिसम्बर 1973 वाले मेरठ के उपद्रवों का दृष्टान्त उद्धत किया जा सकता है। प्रायः सभी मैजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारी राज्यपाल के निमित्त व्यस्त थे जबकि साम्प्रदायिक उपद्रव गूदड़ी बाजार में नग्न नृत्य कर रहा था तथा छोटे से पुलिस दल को पूर्व ही उसने पराभूत करा दिया था।

जिलों में उत्पाती योजनायें—किसी भी साम्प्रदायिक घटना का शीघ्र लाभ उठाने के लिये गुन्डों की निरन्तर तत्परता के विरुद्ध जिले की पुलिस में अधिकतर तत्परता का अभाव दृग्गत होता है। जिला मैजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक तथा दण्डाधिकारीगणों एवं कनिष्ट पुलिस अधिकारियों को राजनैतिक आन्दोलनों की, जघन्य अपराधों की, छात्र अराजकता की तथा विधान सभा के प्रश्नों इत्यादि की दिनचर्या से इतनी बिह्वलता उठानी पड़ती है कि उन्हें किसी भी आपातित स्थिति से सुलझने के लिए अध्ययन तथा योजना बनाने का अवकाश ही नहीं मिल पाता। इस वातावरण में कार्यभार लेने तथा देने की रिपोर्ट भरने के दो ही समय पर वे औपद्रविक योजनाओं के दर्शन (ना कि अनुशीलन) कर पाते हैं। परिणामस्वरूप, जिले की ओपद्रविक योजनायें जर्जर हो जाती हैं, कुछ में तो इन योजनाओं के प्रलिखित होने के पश्चात् नव स्थापित जन केन्द्रों का उल्लेख तक नहीं होता है। अनेकों संलग्नक भी उसी भांति अप्रचलित होते हैं।

तथापि ऐसी जीर्णयोजना तक का अध्ययन लाभदायक सिद्ध हो सकता है। यदि इसी "पूर्वोपायी अवस्था" का पूर्वाभ्यास एक बार त्रिमास इत्यादि में अथवा हिन्दू,

मुस्लिम त्यौहारों पर किया जाये, तब इससे गुण्डे हतोत्साहित होगे क्योंकि वे जानेगें कि जिला अधिकारी निठ्ठले नहीं हैं। दण्डाधिकारी, जिला पुलिस, सशस्त्र पुलिस तथा स्थानीय सेना की (यदि ऐसी कोई हो तब) यूनिटों का संयुक्त अभ्यास केवल एक मनोंवैज्ञानिक प्रभाव ही नहीं डालेगा, अपितु अधिकारियों को अपने नगरों का भूगोल अध्ययन करने के लिए विवश भी करेगा जिसकी अज्ञानता के कारण यदा-कदा ये गम्भीर परिणाम हुये हैं :

इन योजनाओं से संलग्नित दुराचारियों की सूची में कई प्रभाव होते हैं :—

(1) यह सदा सावधानी से संकलित नहीं की जाती है।

(2) यह प्रायः अप्रचलित होती है ।

(3) सूची बनाने वाले साधारणतः ऐसे प्रभावशाली व्यक्तियों के नाम सम्मिलित करने से भयातुर होते हैं जो दुराचारियों के पृष्ठपोषक तथा बित्तदाता होते है ।

यह स्पष्ट है कि छात्रों, श्रमिकों, हड़ताली सरकारी कर्मचारियों की अराजकता तथा राजनीतिक आन्दोलन आदि से निबटने में कुछ सहिष्णुता तथा सयम व्यवहृत किया जा सकता है, परन्तु साम्प्रदायिक दंगों का शमन तो प्रारम्भ से ही कठोरतापूर्वक करना चाहिए। अस्तु, दोनों ही दमन-नीति में अन्तर केवल मात्रा का होना चाहिये, अन्यथा असंख्य जटिलतायें उत्पन्न हो जायेंगी । सहिष्णुता तथा संयम को प्राय: नियम पालन कराने में पूर्णविफलता का पर्याय माना गया है। इन्हीं ने साम्प्रदायिक हिंसा तक को प्रोत्साहित किया है । यद्यपि अधोलिखित घटनायें परस्पर अलग दीखती हैं तथा उनका साम्प्रदायिक दंगों से कोई सम्बन्ध नहीं है तद्यपि विगत कई वर्षों के पुलिस प्रलेख बताते है कि इनमें से प्रत्येक ने भयानक साम्प्रदायिक उत्पात उन विरले अवसरों पर मचाये हैं जब उत्पीड़क तथा उत्पीडित दो भिन्न जाति के थे तथा साथ में साम्प्रदायिक तनाव की पृष्ठ भूमि तैयार थी :—

(1) पुलिस तथा उत्पादक विभागों की मौन अनुमति से विहित समय से उपरान्त भी मदिरा की दुकानें खुली रहती हैं तथा वहां नित्य गुन्डागर्दी छायी रहती हैं । (यदि वहां दो भिन्न सम्प्रदाय के व्यक्ति लड़ बैठते है तथा एक दूसरी की हत्या कर डालता है, तब सोचिये कि वहाँ क्या होगा ?)

(2) दुश्चरित्र बालक बालिकाओं को छेड़ते हैं तथा कोई अन्य उस पर ध्यान ही नहीं देता है यदि दो भिन्न जातियों के ये दोनों होंगे तब साम्प्रदायिक उत्पात भड़क ही उठेगा।

(3) छात्रों की भीड़ निविरोध बढ़ती जामी है और पुलिस तब तक कोई ध्यान नहीं देती जब तक यह ज्ञात नहीं होता कि छात्र अपने से भिन्न जाति वाले की दुकानें जला या लूट रहे हैं।

(4) दिसम्बर 1974 में उत्तर प्रदेश में पीलीभीत जिले में एक रिक्शा वाले का एक विद्यार्थी से झगड़ा हो गया। विद्यार्थियों की एक बड़ी संख्या ने न्याय अपने हाथ में ले लिया। पुलिस में विद्यार्थियों से निबटने की अरुचि रही । दुर्भाग्यवश, विद्यार्थी हिन्दू थे

जब कि रिक्शा वाला मुसलमान था । अतः उसने शीघ्र साम्प्रदायिक दंगे का रूप धारण कर लिया ।

(5) दुर्घटनाग्रस्त बस के चारों ओर भीड़ एकत्र होती है और उसे माग लगा देती है । बस चालक बस में फंसा रह जाता है। पुलिस हस्तक्षेप नहीं करती है। यदि भीड़ तथा बस चालक दो भिन्न सम्प्रदाय के हों तब आप परिणाम सोचिये।

ये सब असम्बद्ध प्रतीत होते हैं, परन्तु सब का आधार-भूत एक ही कारण है और वह है न्याय पालन में क्षीणता। येन-केन् प्रकारेण पुलिस का यह स्वभाव हो गया है कि वे दूसरों से निदेश लेते हैं कि कौन से कानूनों का उन्हें परिपालन कराना चाहिए और कब कराना चाहिए । यह अभिवृत्ति केवल प्रबंध ही नहीं है, प्रत्युत् व्यवहार में भी भयानक है और समाजद्रोही तत्वों को साम्प्रदायिक घटनामों में हस्तक्षेप करने की खुली छूट देती है । यही हस्तक्षेप छोटी मोटी घटनाओं को भीषण उपद्रवों में परिवर्तित कर देता है। यदि एक बार राज्य सरकार समस्त गुण्डों के दमन की पुलिस को हरी झंडी दे दे, तब चाहे वे गुण्डे किसी दल के क्यों नहीं हों उसका परिणाम क्षेमप्रद होगा। इसी के फलस्वरूप मई 1973 में साम्प्रदायिक उपद्रव पूना में शीघ्र दबा दिये गये । अखिल भारतीय कांग्रेस समिति ने सुतराम् अकारण थोड़े ही अल्पसंख्यक जातियों के विषय में ये सिफारिशें की थीं :—

"यदि कोई उपद्रव 12 घंटे से अधिक चलता है, सम्बद्ध स्थानीय अधिकारीगणों को भर्त्सना देनी चाहिए। यदि 24 घण्टों में भी वह नहीं दवे, तब गृहसचिब, मुख्य सचिव तथा पुलिस महानिरीक्षक को उसका उत्तर दायी ठहराना चाहिए और यदि हिंसा 48 घण्टे से भी अधिक चले तब राज्य सरकार पर उसका पूर्ण दायित्व डालना होगा।"

यह काल की प्रवधि अत्यन्त कठोर प्रतीत होती है किन्तु इन सिफारिशों में मौलिक सत्यता अवश्य है । प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप के किन्हीं भी संकेतों या नियमों से अराजकता स्वाभाविक रूप से नहीं नियंत्रित हो सकती। कई क्षेत्रों में (कहिए तीन में) अराजकता को विभक्त नहीं किया जा सकता और ना ही एक में ग्रहस्तक्षेपण, दूसरे में शीघ्र हस्तक्षेपण तथा तीसरे में आंशिक हस्तक्षेपण विहित किया जा सकता है । इस प्रकार की अभिवृत्ति केवल अव्यवस्था ही उत्पन्न करती है तथा पुलिस को पंगु बना देती है। अतएव साधारण न्याय पालन में एक उच्चस्तर की अपरिहार्यता है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय समन्वयन समिति की 1961 वाली रिपोर्ट में यही कहा गया कि "जहां प्रशासन सक्षम है वहां उपद्रव, लूट पाट तथा अग्निकान्ड हो ही नहीं सकते।"

पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार:— इस निष्कर्ष पर पहुंचना नितान्त संगत होगा कि पुलिस के सामान्य स्वास्थ्य को क्षीण करने वाले ये दो तत्व है (क) जनशक्ति तथा संयत्रों का प्रभाव (ख) आधिकारियों की गलत अभिवृत्ति । एक तीसरा और कदाचित् सबसे महत्वपूर्ण तत्व है पुलिस विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार । इन्सपेक्टर, सब इन्सपेक्टर, असिस्टेंट सब इन्सपेक्टर तथा हैड कांस्टेबिल पदों के पुलिस अधिकारी

ऐसे दुश्चरेत्रों के महासंरक्षक होते हैं जो जुआ, अवैध मांदेरा प्रासवन, जेबकतरी, रेल तस्करी इत्यादि सुनियोजित अपराधों में फंसे होते हैं। यह भी उन्लेखनीय है कि अपराधियों को इन दो श्रेणियों में विभक्त नहीं कर सकते (क) साधारण उपद्रव करने वाले तथा (ख) साम्प्रदायिक उपद्रवों में भाग लेने वाले।

अपराधियों की अवैध कार्यवाईयों की मौन स्वीकृति से स्थायी रूप के गुण्डों का जन्म होता है जो लूटपाट के प्रत्येक अवसर का तुरन्त लाभ उठाते हैं। प्रतः जनता द्वारा लगाये गये आरोपों में यह अत्यधिक तथ्यता है कि पुलिस द्वारा दुराचारियों का संरक्षण उपद्रवों से बहुत तालमेल खाता है। 1972-73 में हुए दिल्ली सदर बाजार के उपद्रव इस विषय में अच्छे दृष्टान्त हैं, कुछ सीमा तक हिन्दू मुस्लिम गुण्डों का वृन्द-युद्ध ही उन उपद्रवों का जनयिता था।

अपेक्षाकृत सुदृढ़ न्यायिक शस्त्रागार:— विगत कुछ वर्षों में निष्पादित तंत्र के कानूनी शस्त्रागार में पर्याप्त सुदृढ़ता पाई है।

(1) दण्ड प्रक्रिय संहिता की 151 धारा पुलिस को प्राप्त होने से किसी भी दुश्चेष्टा शील व्यक्ति को पकड़ा जा सकता है।

(2) दण्ड प्रक्रिय संहिता की 161 धारा के अन्तर्गत 15 दिन तक के रिमाण्ड (प्रतिपेक्षण) की याचना मजिस्ट्रेट से की जा सकती है।

(3) यदि दुश्चरित्रों की दुष्टता का लम्बा इतिहास है तब उन्हें निवारक निरोध अधिनियम के अंतर्गत हिरासत में रखा जा सकता है।

(4) भारतीय दण्ड संहिता में 153 (क) धारा जोड़ने से तथा दण्डित मोर निर्वाचन नियम (संशोधन) अधिनियम 1969 के क्षेत्र को व्यापक करने से पुनः जिले मैजिस्ट्रेटों तथा पुलिस अधीक्षकों एक शक्तिशाली यंत्र प्राप्त हो गया जो साम्प्रदायिक उपद्रवों का निवारण करने के लिए वस्तुतः कृत्संकल्प हैं। इस कानून के उत्तम पक्ष ये हैं:—

(क) कुछ अपराध हस्तक्षेप्य तथा अजमानती बना दिये गये हैं।

(ख) पूजा स्थलों पर किये गये अपराधों में अधिक दण्ड देने का प्रावधान है।

(ग) किन्हीं अपराधों में दोष सिद्ध होना जनगण के प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा से अनहता है।

वर्तमान काल के चंचल वातावरण में साम्प्रदायिक शान्ति भंग करने वाले भाषणों, लेखों इत्यादि के विरुद्ध तुरन्त कार्यवाही करना आवश्यक है। एतदर्थ, मैजिस्ट्रेटों तथा पुलिस अधिकारियों को वांछनीय है कि वे कानुनी प्रावधानों से स्वयं को पारंगत करें। यदि कानूनी मंत्रणा पाने के लिए वे कई दिनों की प्रतीक्षा में लगे, तब बड़े गम्भीर परिणाम हो सकते हैं क्योंकि एक वक्तव्य के उपरांत पक्ष या विपक्ष में अन्य वक्तव्य निकलते हैं तथा प्रलयंकर अग्नि फैल सकती है।

निर्ममशमन:—ऐसे कई उदाहरण हैं कि कुछेक वर्षों के अनन्तर साम्प्रदायिक उपद्रव उसी नगर में अथवा नगर के उसी भाग तक में भड़क उठे हैं। विगत उपद्रवों में प्रशासन की न्याय-भंजकों के विरुद्ध प्रभावोत्पा दक कार्यवाही नहीं करना ही

इसका कारण है। राजनैतिक आन्दोलन में प्रयुक्त अनुनय मंत्रणा तथा चेतावनी के सामान्य सिद्धान्त धर्मान्धता से उन्मत्त भीड़ पर लागू नहीं करना चाहिए। निर्मम शमन पद का मर्थ यह नहीं है कि इन उपद्रवों को शमन हेतु प्रर्वध उपाय प्रयक्त किये जायें। इसका तात्पर्य यही केवल है कि अपराधियों को बन्दी बनाने तथा उन पर अभियोग चलाने में पुलिस दचित्त समस्त चेष्टा करे। इसका अभिप्राय यह भी है कि यदि अन्य उपाय विफल होने पर लूटपाट तथा अग्नि काण्ड हो रहा है तब पुलिस कानून के अन्तर्गत गोली चलाकर उसको रोक सकती है। और उसे रोकना भी चाहिए।

राज्य सरकार की अभिवृत्तिः—ऐसा तर्क दिया जा सकता है कि राज्यों पर एक प्रथम श्रेणी का पुलिस तंत्र रखने के उपयुक्त वित्तीय साधन नहीं हैं। यद्यपि वित्तीय साधन कुछ सीमा तक आवश्यक है, तद्यपि प्रत्यधिक सक्षमता तो अधोलिखित उपायों का प्रयोग करने से प्राप्त हो सकती है जिसमें कोई धन की आवश्यकता नहीं हैं तथा न्याय एवं व्यवस्था बनाये रखने की प्रेरणा को सुदृढ़ करना है (इनमें से कई पर रघुवर दयाल मायुक्त रिपोर्ट 17 अगस्त 1968 में बल दिला है जिनको उदरण चिन्ह में रखा गया है)।

(1) जनता के सभी वर्गों के विरुद्ध न्याय का समुचित एवं निष्पक्ष पालन हो।

(2) "ऐसे मनुष्यों के विरुद्ध दृढ़ कार्यवाही की जा सकती है जिनकी गतिविधि से सम्प्रदायों में मनोमालिन्य, द्वैष इत्यादि उत्पन्न होने की सम्भावना हो। एक बार न्यायालय में भेजे जाने पर ऐसे अभियोग राजनैतिक कारणों से लोटा लेना नहीं चाहिए। इसके पालन ने साम्प्रदायिक दंगों में इन दिनों कमी ला दी है। 1970 से पूर्व कतिपय ऐसे अभियोग लौटाये गये परन्तु 1970 में 10 अभियोग, 1971 में केवल 5 अभियोग तथा 1972 में कोई अभियोग नहीं लौटाया गया।

(3) सेवारत अधिकारियों का स्थानान्तरण केवल सेवाओं की अपेक्षामों के अतिरिक्त अन्य कारणों पर नहीं करना चाहिए। मौखिक तथा व्यक्तिगत शिकायतों पर स्थानान्तरण नियमतः नहीं करना चाहिए। ऐसी शिकायतों की प्रमाणों से अभिपुष्टि होनी चाहिये।

(4) जिला मजिस्ट्रेटों तथा पुलिस प्रधीक्षकों को दूसरे स्थानों पर नियुक्तियां स्थानों के महत्त्व तथा सम्बद्ध अधिकारियों के अनुभवों के अनुसार होनी चाहिए। ऐसे अधिकारी केवल स्थिति को समुचित प्रकार से सुलझने में ही सक्षम नहीं होना चाहिए। अपितु साथ में उन्हें संकट काल में अपने बरिष्ठ अधिकारियों का विश्वास भी प्राप्त होना चाहिए।

(5) बरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को उपलब्ध धनराशि को इस प्रकार से व्यय करने की स्वतन्त्रता होनी चाहिए जिसे वे दल को तकनीकी सक्षमता में सर्वोत्तम समझते हों कुछ व्यक्तियों का यह तर्क हो सकता है कि साम्प्रदायिक व्यवस्था में पुलिस की प्रसफलता के लिए प्रशासन के उच्च कार्यों को जोड़ना दूर की कौड़ी फेंकना है। परन्तु तथ्य यह है कि प्रशासन की अभिवृत्ति पुलिस की समस्त कार्यवाही को प्रभावित करती है तथा पुलिस की छोटी-छोटी सफलता अथवा विफलता कई प्रकार से इसी

अभिवृत्ति पर निर्भर होती है। इसी कारण रघुबर दयाल प्रायोग को प्रशासनात्मक तंत्र के प्रति निम्नलिखित सिफारिशें हैं :—

(क) सरकार को बनाने वाले मंत्री गणों को विभिन्न स्वरों में नहीं बोलना चाहिए जैसा कि सरकार की दूसरी सरकारी भाषा उर्दू को बनाने वाले आन्दोलन के सम्बन्ध में हुआ । ऐसे वक्तव्य आन्दोलन की सम्वृद्धि करते हैं तथा दलों को उनके पक्ष में समर्थन प्रदान करते हैं। ऐसे व्यक्तियों को जिन्हें सरकारी प्रवक्ता माना जा सकता है, एक स्वर से जनता के समक्ष बोलना चाहिए।

(ख) यदि एक बार उत्पात प्रारम्भ हो जाए तब राज्य मंत्रियों को उपद्रवों के निदान तथा उनको दमन हेतु किए गये उपाय के विषय में निज विचार अभिव्यक्त नहीं करना चाहिये । उनको बनाये गये वक्तव्य पर ही ऐसे वक्तव्य आधारित होते हैं। उन वक्तव्यों को उक्त स्थितियों में प्रतिरंजित तथा अतिशय बढ़ाया-चढ़ाया जाता है। स्थानीय अधिकारियों द्वारा वस्तु स्थिति से सुलझने के उपायों पर कोई भी टीका टिप्पणी उपद्रवों के समय में एक जटिल भार को उठाते हुए स्थानीय प्रशासकों की नीतियों पर दुष्प्रभाव डाले बिना नहीं रहती। वक्तव्यों को देने पर स्वयं लगाई रोक होनी चाहिए; मुख्य कर के जब राज्य मंत्री-गण एक स्वर में नहीं बोल रहे हों।

(ग) तृतीय, बस्तु स्थिति से जूझते हुए स्थानीय अधिकारियों पर इस कारण राज्य मंत्रियों द्वारा व्यर्थ में प्रभाव नहीं डालना चाहिए कि वे निर्वाचित हुए हैं किन्तु स्थानीय स्थितियों के विषय में उनके ज्ञान से इतनी पूर्णता की आशा नहीं की जा सकती है जितनी स्थानीय अधिकारियों के ज्ञान से।

(घ) राज्य मंत्रियों को कम से कम स्पष्टतः ऐसे वक्तव्य नहीं देने चाहिये जिनसे आधिकार का आदर क्षीण हो जाये तथा आधिकारियों के मनोबल का ह्रास हो। उत्तम प्रशासन के लिये प्रशासन तथा प्रशासक में आस्था रखने से बढ़ कर अन्य कोई सहायक नहीं है। यदि वही नष्ट हो जाती है तब प्रशासन को क्षति उठानी पड़ती है।

परिचालनीय स्वच्छन्दता:—केन्द्रीय निदेशन तथा परिचालनीय दायित्व में अस्त-व्यस्तता एक ऐसा वातावरण प्रस्तुत करती है जिसमें अधिकारीगण साम्प्रदायिक उपद्रवों को मिलाकर अराजकता की घटनाओं से निबटने के लिये प्रभावी कार्यवाही नहीं कर पाते हैं। स्वातंत्र्योत्तर भारत में कितनी ही न्याय तथा व्यवस्था की स्थितियां सर्वनाश में परिवर्तित हुई; क्योंकि जिला मैजिस्ट्रेट, पुलिसाधीक्षक, सब डिविजनल मैजिस्ट्रेट प्रादि स्थानीय अधिकारी राज्य सरकार के सामान्य निदेशनों के अनुसार स्थिति से सुलझने के स्थान पर राज्य मुख्यालय को फोन खटखटाने दौड़ते रहे । 'सम्प्रदायिक विषमता तथा सर कारी नियंत्रण को समस्या' नामक लेख का निम्नलिखित उद्धरण अनेकों मनीषियों के विचारों का प्रतीक स्वरूप होकर लाभदायक सिद्ध होगा। (इन्डियन पोलिटिकल साइन्स रिव्य-खण्ड-5(अप्रेल-सितम्बर 1971) संख्या 2 में प्रकाशित)।

"जगन्नाथ मन्दिर वाली घटना के अध्ययन के अनुसार यह कहा जा सकता है कि यद्यपि 18 सितम्बर 1970 के मन्दिर की घटना की तैयारियां तथा प्रकोपों से सरकार

भली भांति परिचित थी । तद्यापि निर्णयात्मक कार्यवाही खण्डित रूप में धीरे-धीरे आई। प्रारम्भ में कई स्थानों पर कर्फ्यू लगा दिया गया तथा आधिकारियों ने स्थिति सुलझाने के लिये सेना को बुलाने में दो दिवस लगा दिये। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार इसी बात पर विचार विमर्श में एक पूरा दिन लगा दिया कि किंवा समस्त नगर सेना को सौंपा जाये। आधिकारियों के इस प्रकार बिलम्ब करने से दुराचरियों को स्थिति के समझने, अनावृत करने तथा विस्फोटक कार्यवाही करने का अत्यधिक अवसर मिल गया । ऐसी ही उपपत्ति कांग्रेस संसदीय दल की सात सदस्यक समिति की है जो साम्प्रदायिक सामंजस्य हेतु स्थापित की गई थी तथा जिसने यह उल्लेख किया है कि 'यदि पुलिस अपराधियों के विरुद्ध तुरन्त

कार्यवाही करती तब जैसी तूल इस प्रकरण ने पकड़ी वह कभी नहीं पकड़ता। जबलपुर दंगों को राष्ट्रीय समन्वयन समिति ने ऐसे ही विचार व्यक्त किये कि आधिकारियों में जबलपुर के तीस चालीस सहस्र मुस्लिमों के संरक्षण हेतु गम्भीर चितवन तथा द्रुत उपायों की कमी ने उपद्रव को विस्फोटित किया । अतः साम्प्रदायिक उपद्रवों के अध्ययनों ने साधारणतया इसी तथ्य की पुष्टि की है कि सरकार की बिलम्बित कार्यवाही ने उत्तेज नामों को बढ़ाने ही में सहायता नहीं दी है। अपितु उसको तुरन्त नियंत्रित करने में भी आधिकारियों को असमर्थ कर दिया है।"

एक विस्तृत परिपृच्छा कदाचित् इस सम्पूर्ण आलोचना को सही प्रमाणित नहीं कर सके, किन्तु ऐसे प्रकरणों में आधिकारियों की अभिवृत्ति ऐसी स्पष्ट होनी चाहिये कि उसमें शंका तथा संशय को कोई स्थान ही नहीं मिले।

जिला मैजिस्ट्रेट की अभिवृत्ति:— जिला मैजिस्ट्रेट की अभिवृत्ति प्रमुख रूप से राज्य सरकार की इच्छा पर निर्भर रहती है और कुछ अंश में निजी प्ररुचि पर भी "बीप्रान्ड रूल्स" (नियमों से प्रागे) नामक पुस्तक में एक श्रीमिकी रदरफोर्ड के विषय में श्री एस० सी० मिश्र ने उल्लेख किया है जिनको बारम्बार साम्प्रदायिक उपद्रवों के होने वाले एक जिले में भेजा गया। प्रथम दिवस ही जिला मजिस्ट्रेट ने सभी हिन्दू मुसलमानों को बुलाया। तब श्री एस० सी० मिश्र के शब्दों में :—

"जब प्रत्येक व्यक्ति इकत्रित हो गया तब मिकी विना समारोह के महाकक्ष में घुस आये तथा कपाट बंद करने और अन्दर से चटकनी लगाने का आदेश दिया। तब उन्होंने अपने शब्द भंडार के प्रत्येक अपशब्द की बौछार स्थानीय नेतामों पर करते हुए कोई 15 मिनट तक उच्च स्वर में भाषण दिया और उनको ही नगर के समस्त उपद्रव का सीधा उत्तरदायी ठहराया। पूर्व इसके कि वे अपने पक्ष में कुछ कहें उन्होंने पुलिस अधिक्षक को सब को बन्दी बनाने एवं सबको कारागार भेजने का आदेश दे दिया । घटनाओं के इस सन्द्यातक परिवर्तन पर नेतागण दिङ्.मूढ़ तथा अवाक् रह गये : कुछ अपनी प्रतिरक्षा के लिए बोलने को खड़े हुए किन्तु मिकी ने उन्हें सुनने से मना कर दिया। कलेक्टर की पूर्व प्रतिष्ठा जानते हुए तथा यह समझ कर की वह कथन को कर भी दिखायेंगे, सब के सब ने एक स्वर में क्षमा मांगी तथा अनुकम्पा की प्रार्थना की। अब मिकी पूर्णरूपेण आश्वस्त हो गये कि वे लोग सम्यक्रूप में अनुतप्त हैं और

अब कोई उत्पात नहीं करेंग, तब उन्होंने सब को इस उपबन्ध पर उन्मुक्त करना स्वीकृत किया कि वे पहले ही लिखे एक समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। इस प्रपत्र में उनके बिगत दुष्कृत्यों की खुली क्षमा याचना थी तथा भविष्य में शान्ति बनाये रखने की एक प्रतिज्ञा थी। इतनी मानहानि सहने पर भी कलेक्टर की कृपा की इस किंचित् दृष्टि से वे प्रसन्न हुए । कारागार की अपकीर्ति से बचने की संभावना से वे प्रफुल्लित हो गये । उन्होंने प्रसन्नता-पूर्वक बिना विषय-वस्तु को पढ़े उस समझौते पर हस्ताक्षर कर दिये । और शान्ति की श्वास ली जब उन्होंने गृह जाने के लिए स्वयं को स्वतंत्र पाया। समस्या की इस बड़ी अप्रचलित पहुंच का प्रभाव प्रत्यन्त हुआ । तथा तत्पश्चात् नगर में पूर्ण शान्ति स्थापित रही। जब तक मिकी उस जिले के कलेक्टर रहे किसी प्रकार का कोई उपद्रव नहीं हुआ ।"

एक गणतन्त्र में ऐसी अपरम्परागत पहुंच की पुनरावृत्ति अब नहीं हो सकती, किन्तु यह अभिवृत्ति निश्चय ही साम्प्रदायिक उप द्रवों को कम कर सकती है।

निष्कर्ष :—भारत में राज्य-पुलिस-दलों में कोई गम्भीर दोष नहीं है। उनकी निष्पक्षता या स्पर्धनीय अभिलेख उनकी सब से बड़ी परिसम्पत्ति है। इस उच्च स्तर में त्रुटियां नगण्य हैं। न्यायिक शस्त्रागार की उपलब्धि भी निष्पादकों को समुचित रूप से प्रर्याप्त है। तो भी अन्तिम विश्लेषण में, साम्प्रदायिक उपद्रवों को निरोधित करने में तथा छोटी घटनांओं को दमन करने के लिये कुल दल अपर्याप्त है। 1970 तक सम्प्रदायिक दंगों की उत्तरोतर वृद्धि के दो मुख्य कारण थे:

(क) कानून पालन के लिये समान्यतः अनुकूल वातावरण निर्मित करने में प्रसफलता ।

(ख) दुष्परिणामों की चिन्ता नहीं करते हुए कठोर कार्यवाही करने की प्रेच्छा का प्रभाव ।

सभी राज्य सरकारों–तथा केन्द्रों शासित प्रशासनों के अग्रेषित किए गए केन्द्रीय गृह मंत्रालय के कड़े परिपन के कारण 1970 के अंत तक दूसरा कारण मिट गया तथा 1971 से साम्प्रदायिक दंगों की संख्या में निरन्तर कमी रही । निष्पादकों की मनोबल की बुद्धि ने अच्छे दृढ़ परिणाम दिखाये । 1967 से 1970 तक की चार वर्ष की अवधि में साम्प्रदायिक स्थिति सामान्यत बुरी रही; पर कठोर अभिवत्ति के फलस्वरूप साम्प्रदायिक दंगों की संख्या तथा गम्भीरता दोनों में कमी हुई है :—

वर्ष	हत्यायें	वर्ष	हत्यायें
1967	251	1970	297
1968	133	1971	107
1969	603	1972	70

प्रथम कारण अब भी विद्यमान है। यह अभी पूर्णतः नहीं समझ में आया है कि वीमे की भांति आपराधिक स्वभाव उस पर चलता है जो 'आतंक प्रतिरूप' के नाम से

प्रख्यात है। कानून-भंजकों को स्वयं पकड़ जाने तथा दांण्डेत होने की संभावना के प्रति अपना ही विचार है। यदि दण्ड भोगने का प्रतिशत कम हैं, तब कानून-भंजन मनोरंजन है। यदि प्रतिशत ऊंचा है, तब अत्यन्त कम व्यक्ति कानून भंजन का दुस्साहस करते हैं। सम्भावना की यह प्रतिशत तीन तथ्यों पर निर्भर करता है :—

1. प्रशासन की अभिवृत्ति
2. पुलिस तंत्र की सक्षमता, और
3. न्यायालयों में निपटाने की गति

इन सभी क्षेत्रों में गम्भीर दुर्बलतायें होती हैं। यह अन्तिम बात अनेकों को ज्ञात नहीं है। आजकल न्यायलय इतने उपारुद्ध है कि अभियुक्तों की भारी संख्या जमानत पर रहने की आशा करती हैं तथा अभियोगों को वर्षों में आने वाली मृत्यु तक चलते रहने की आशा करती है।

भुवनेश्वर स्टेडियम

भुवनेश्वर ग्रुप केन्द्र में इन दिनों 53 बटालियन के० रि० पु० दल के जवानों द्वारा एक स्टेडियम का निर्माण हो रहा है।

विज्ञान के चढ़ते चरण

जर्मनी में 3 मिलीमीटर मोटा ऐसा कागज बना है जो 11 इंच मोटी दीवार जैसा प्रभावशाली है।

ऐसे यंत्र का आविष्कार हुआ है जिसके द्वारा महिलाये स्वयं ही अपने केशों को इच्छानुसार घुंघराले या सीधे बना सकती हैं। इसके लिए हेयरड्रेसर्ज की सहायता नहीं लेनी पड़ती।

फ्रेंकफ्ट के कृषि मेले में एक ऐसा जल शक्तिचालित यंत्र दिखाया गया जो अपनी जगह खड़े सात एकड़ भूमि में फैले खेतों पर वर्षा कर सकता है।

कविता

इन्सान तू संभल ले

रचियता : सिपाही सतपाल सिंह 3 बटालियन

कोरस—इन्सान तू संभल ले दिन मा गये करीब,
मिलना है, तुझ को वो ही है जो लिखा नसीब।

1. दुनियां के ऐसे रंग को, अब तक न जान पाया,
जायेगा साथ कुछ नहिं, नहिं साथ कुछ था लाया,
है वक्त सोच अब भी मो मति-फिरे गरीब।

इन्सान तू संभल ले.....

2. दर-दर की ठोकरें खा, अब भी संभल ना पाया,
कर काम जग में वो ही, जिसके लिए तू आया,
लम्बा सफर पा है दिन जा रहा हबीब।

इन्सान तू संभल ले....

3. जालिम है, यह जमाना, दुनियां है, सात रंगी,
जायेगा जब यहां से, ना होगा कोई संगी,
जायेगा तू अकेला गुलशन से अन्दलीब।

इन्सान त संभल ले....

एक अभिपूजित डाक्टर

ले० श्री एज० एस० सेठी



डा० के० सी. परिदा

सभ्य संसार से सैकड़ों मील दूर पर स्थित किसी बटालियन की एक सम्वेदनशील

डाक्टर से बढ़कर अन्य कोइ कल्याणप्रद देन नहीं हो सकती । श्री के० सी० पारेदा एक ऐसे ही डाक्टर हैं और 36 बटालियन के. रि० पु० दल एक ऐसी ही बटालियन है ।

घने भीतरी क्षेत्र में अपने मुख्यालय को रखते हुए यह बटालियन नागा पहाड़ियों में एक अत्यन्त दुर्गम भू-भाग में प्रविस्तारित है । यह सागर तल से 7,600 फीट की ऊंचाई पर अपना डेरा डाले बैठी है। यहां से 85 कि० मी० के क्षेत्रफल में चौकियों का जाल सा बिछा है। यहां कोई मार्ग नहीं है, और प्रत्येक को कठिन चढ़ाइयों के ऊपर एक दुष्कर पद-यात्रा करनी पड़ती है । यह यात्रा रोगी को और भी प्राण-लेवा होती है। उदाहरणार्थ, एक जवान मरीखोमी चौकी पर रोगी होता है। यह चौकी कम्पनी के मुख्यालय से 15 कि० मी० दूरी पर है । इस दूरी को पार करने में 60 अंश की तिरछी पहाड़ी पर चढ़ना पड़ता है तथा रोगी को स्ट्रेचर (अबस्तार) पर ले जाना होता है। वहां से उसे लगभग 90 कि० मी० की और दूरी बटालियन के मुख्यालय पहुंचने तक वाहन द्वारा पूरी की जाती है । गम्भीर रुग्णा वस्था में रोगी को उसे अभी 70 कि० मी० पागे कोहिमा सिविल अस्पताल ले जाना पड़ता है । इस समस्त समय में सभी को या तो स्ट्रेचर पर अथवा वाहन पर ले जाया एक अभिपूजित डाक्टर जाता है और क्या जवानों अथवा क्या डाक्टर को यही आशंका कचौटती रहती है कि कहीं रोगी इस यात्रा को जीवित पूरा कर भी पायेगा या नहीं।

अनेकों बार ऐसा हुआ है कि जब आहत तथा रुग्ण व्यक्ति इस यात्रा को जीवित पार नहीं कर पाये हैं। इस बटालियन की 'सी' कम्पनी का कांस्टेबिल राम उदित तिवारी को (जब वह चौकी पर स्थित था) मास्ति ष्किक मलेरिया हो गया वह कोहिमा तक तो जीवित पहुंच गया; किन्तु शीघ्र ही मर गया। इसका मुख्य कारण ही यह था कि यात्रा अत्यन्त ही दुखप्रद थी और वाहन यात्रा में अत्यधिक समय लगा। सन् 1973 में डी' कम्पनी के एक और कांस्टेबिल वृश-राम रक्तिम अतिसार से ग्रस्त हो गया । खोजो–कोनुमा की निजी चौकी से स्ट्रेचर पर वह 15 कि० मी० ले जाया गया और उसके आगे 24 कि० मी० उसे वाहन पर ले जाया गया। फलस्वरूप जब तक वह बटालियन के मुख्यालय पहुंचा तब तक उसके प्राण-पखेरू उड़ चुके थे।

एक अन्य रोगी अवध बिहारी की भुजा की अस्थि टूट जाने पर एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल उसे ले जाना पड़ा था क्योंकि वहां के अस्पतालों में उपयुक्त चिकित्सा के साधन नहीं है । अतएव उसे क्रमशः कोहिमा, जोरहाट तथा गोहाटी ले जाया गया; तद्यापि वह समुचित उपचार नहीं प्राप्त कर सका।

ये केवल दृष्टांत मात्र हैं। इस आतिथ्य विमुख क्षेत्र में जहां ना तो छना जल प्राप्त होता है और ना ही स्वास्थ्य-प्रद भोजन, मनुष्य प्राणपण चेष्टा करने पर भी, नाना प्रकार के रोगों से ग्रस्त होते हैं। के० रि० पु० दल ऐसे संगठन में, जो अभिद्रोहोन्मुलन में नागालैंड में निबिष्ट रहता है, अस्थि टूटने जैसी दुर्घटनाओं का होना स्वाभाविक ही है । भला ये रुग्ण व्यक्ति किसका मुंह ताकें?...निश्चय ही डाक्टरों का।

श्री एस० के० शंकरन स्थानापन्न कमाण्डैंट ने विनोद भरे स्वर में यही कहा कि इस बटालियन में केवल दो ही व्यक्ति हैं, जिन्होंने प्रत्येक चौकी के दर्शन किये हैं और वे हैं

एक कमाण्डेंट तथा दूसरे डाक्टर । “हमारे डाक्टर सैनिक से भी बढ़ कर हैं। वह प्रत्येक चौकी पर पहुंचते हैं और उनको वह पसन्द करते हैं ।

यह एक पारिस्परिक स्नेह की बात है कि कर्त्तव्यनिष्ठा तथा जवानों के प्रति स्नेह से समुत्प्रेरित होकर डाक्टर साहब यदा-कदा और आपत्काल में प्रत्येक चौकी का निरीक्षण करते हैं । उधर जवान उनका पूजन सा करते हैं क्योंकि वह ही एक व्यक्ति हैं जो संकट के समय काम आते हैं; तथा अपेक्षित अवकाश दिलाने की सिफारिश करते हैं ।

यह डाक्टर अब स्थानांतरित होने वाले हैं । यह समाचार दावानल की भांति फैल गया है। जवान ऐसा कभी भी होने देना नहीं चाहते थे किन्तु वे यह भी जानते हैं कि सेवा मार्ग इसी भांति प्रशस्त होता है । सब जवान उनकी उचित विदाई का आयोजन कर रहे हैं। यद्यपि वित्तीय दृष्टिकोण से चाहे वह महान नहीं हों; किन्तु यदि कोई जवानों के अन्तःकरण में झांक सके तब वह जान सकता है कि उन्हें डाक्टर साहब के जाने की कितनी असह्य वेदना है।

डाक्टर साहब ने यह स्थानांतरण नहीं मांगा है वस्तुतः जब भी कोई व्यक्ति दुर्गम क्षेत्रों में कठिनाइयों के कारण किसी डाक्टर के त्यागपत्र की बात सुनता है तब डाक्टर के० सी० परिदा का ज्वलन्त उदाहरण उसके नेत्रों के सम्मुख घूम जाता है।

डाक्टर परिदा का दृष्टान्त अपने में कोई बिरला नहीं है । के० रि० पु० दल में ऐसे ही निष्ठावन्त डाक्टरों का समुदाय है तथा डाक्टर परिदा के उदाहरण की पुनरावृत्ति अनेकों बटालियनों में हो रही है। सुरक्षा दल के जवानों के स्वास्थ्य की पूर्ण देखरेख करते हुए ये डाक्टर-गण ही हैं जो इस उत्तम व्यवसाय की कीर्ति में चार चांद लगाते हैं। अब जब कि उनका सन्यौधी करण हो गया है, क्या भावना अथवा क्या संक्रिया दोनों प्रकार से बिना वेशभूषा की भिन्नता के ये डाक्टरजन दल की परिचालन क्षमता में अपना अक्षुण्ण योगदान देंगे।

कथ्यतथ्य

उड़ती धज्जियाँ : एक भीषण चुनौती का साम्मुख्य

घात-बिन्दु पर हमारे जवानों द्वारा पाई हुई पर्ची पर यह टिप्पणी लिखी थी कि “22 सितम्बर 1971 को कोई सेना या रैजीमेंट एक खेल खेलने की इच्छुक है। मेरे पीछे चले आओ—”

ह० कप्तान अचोतुंग--नागा सेना

इस दिनांक को 8 बटालियन की ‘ई’ कम्पनी की प्रशासनात्मक प्रहरी टुकड़ी ने करोंग मुख्यालय के लिये साँगटुम चौकी से प्रयाण किया । जब पहाड़ी चढ़ने के अनन्तर मुख्यालय की ओर प्रहरी टुकड़ी उतर रही थी, तब वह गोली चालन का लक्ष्य

बनी। मीरम खनाऊ के निवासी स्वघोषित कप्तान चॉरग के नेतृत्व में भूमिगत नागाओं की वह सुनियोजित घात थी। इसमें बटालियन को महती क्षति उठानी पड़ी–6 जवान धराशायी हुए तथा 5 पाहत हुए। कुछ गोले बारूद की भी हानि हुई।

जब तक पुनर्बल घटना स्थल पर पहुंचा भूमिगत नागा बच भागे और उपर्युक्त चुनौती की पर्ची घात-स्थल पर पाई गई। स्वघोषित कप्तान अचोंतुंग का कार्य क्षेत्र थपाऊ, करोंगा, मीरम खनाऊ, प्रोखलंग, सडिम तथा बिलंग में था । उसे पूर्वी पाकिस्तान में 1965 में छापेमारी का प्रशिक्षण मिला था। इस दिन दहाड़े की घात से पूर्व भी उसने कई भयावह अपराध किए थे, तथा पैशाचिक ओजस्विता के लिये वह कुख्यात था। नागरिकों के लिए तो वह एक आतंक था । उसकी गतिविधियों की सूचना पाना कठिन था।

इस घटना से पूर्व वह कथित कप्तान (सेना मिलाकर) सुरक्षा दलों से दो बार बन्दी बनाया जा चुका था । किन्तु उनकी परिरक्षा में से भाग निकलने में सफल हुआ था। तब से वह उस क्षेत्र में सेवारत समस्त सुरक्षा दलों का लक्ष्य था, तथापि एक दशाब्धि से उस क्षेत्र की जनता पर वह आतंक जमाये बैठा था।

के० रि० पु० दल भी चारंग से प्रतिशोध लेना चाहता था । श्री मदन गोपाल मणिपुर के पुलिस महानिरीक्षक तथा 8 बटालियन के० रि० पु० दल के कमांडैंट जिन्होंने इस चुनौती को स्वीकृत किया उसे कारागार में पड़ा बिलोकना चाहते थे। किन्तु निज चतुरता के कारण वह 21 अप्रैल 1972 तक चंगुल में नहीं आया ।

सम्पर्क अधिकारी श्री आर० पी० सिंह 8 बटालियन के० रि० पु० दल ने अपने बुद्धि कौशल से एक साधन खोज निकाला । उनके द्वारा हमें ज्ञात हुआ कि स्वतः घोषित कप्तान चारंग मणिपुर उत्तर जिले के सदर गिरी क्षेत्र में थपाऊ ग्राम में शिविर डाले पड़ा है । सूचना पाते ही श्री आर० पी० सिंह से उस सूचना की पुष्टि कराने को आदेश हुए। उन्होंने शीघ्र यह भार लिया तथा बन्दी बनाये जाने एवं मृत्यु पाने के भय से निडर वह थपाऊ ग्राम की ओर 5 बजे अपराह्न अपने साधन से उस सूचना की सुतथ्यता जानने को चल पड़े। निज परिश्रम एवं प्रज्ञा से उन्होंने सूचना का सत्यापन किया और 7-30 बजे सायं वह बटालियन लौट आये।

बड़ी देर इस विषय में विचार विनिमय हुआ तथा बटालियन के मुख्यालय में अराजकता के तत्वों को जीवित अथवा मृत बन्दी बनाने की सांगोपांग योजना बनाई गई। विचार बिमर्श के तुरन्त पश्चात् ग्राम स्वयंसेवक दल के पांच स्वयंसेवकों के साथ इस बटालियन की दो पलटने इस संक्रिया को परिचालित करने भेजी गईं। इस विभीषक कार्य को करने हेतु 2 बजे रात्रि को इस टुकड़ी ने प्रस्थान किया।

थपाऊ ग्राम एक पहाड़ी पर स्थित है तथा तीन ओर सघन बनों से समावेष्टित है । राष्ट्रीय पथ से जाने पर योजना खुल जाती तथा हमें अतिशय क्षति पहुंचा कर विद्रोहियों को ग्राम के पीछे से बच भागने का सुअवसर मिल जाता। अतः उन्हें चकित करने को ग्राम के पीछे से हमने प्रवेश किया। प्रहरी टुकड़ी ने एक सघन दुरारोही मार्ग पकड़ा तथा विद्रोहियों को आश्चर्यान्वित कर दिया । तुमुल तमतोम था। उस दुर्गम पथ

पर प्रहरी टुकड़ी अपनी उपस्थिति का आभास बिल्कुल नहीं दिये निस्तब्ध चलती रहीं । रात्रि के 3-45 बजे ग्राम के छोर पर वह टुकड़ी जा पहुंची। श्री आर० पी० सिंह द्वारा एक तुरन्त सर्वेक्षण के उपरांत ग्राम के चारों ओर घेरा डाल दिया गया तथा सब बच भागने के मार्ग बन्द कर दिये गये । तब ग्राम की खोजबीन वाली टोली ने श्री आर० पी० सिंह के नेतृत्व में उस गृह की ओर प्रयाण किया जहां चारंग के विश्राम करने की आशंका थी । जिस ही क्षण खोजी टोली ने ग्राम में पदार्पण किया। ग्रामीणों को पता चल गया और विचित्र संकेत श्रवणगत हुए । प्रत्यक्षत: वे भूमिगतों को भय की घंटी थी जिससे वे सब नौ दो ग्यारह हो जायें। एक बीर नेता की भांति श्री आर० पी० सिंह ने कपाट तोड़ गृह में प्रवेश किया। तथा उन दुस्साहसी निराशान्ध विद्रोहियों से गोली खाकर मरने की नितान्त चिन्ता नहीं की जिन्हें संकेतों द्वारा पूर्व ही सतर्क कर दिया गया था। श्री सिंह सिंह की भांति गरजे और स्वघोषित कप्तान चारंग को अन्य दो सहयोगियों के साथ जा पकड़ा।

इस प्रकार दीर्घकाल से अपेक्षित चुनौती दिनांक 22 अप्रैल 1972 को पूर्ण हुई और तब उस निर्यातन क्रीड़ा का समापन्न हुआ।

निधन



मेजर के. ए. कृष्णन संयुक्त सहायक निदेशक के. रि. पु. दल महानिदेशालय का 24 जनवरी 75 को हृदयगति रुकने से स्वर्गवास हो गया

एक नक्सलवादी टोली का मूलोत्पाटन : एक चिरस्मरणीय अभियान

खण्डमय भारतीय माओ-परक आन्दोलन के कतिपय रूप हैं। नक्सल वाड़ी में 1961

के कृषक विद्रोह के उपरान्त भारतीय माओ वादी "नक्सल वादी" के नाम से कुख्यात हुए हैं। नक्सलपंथ या नक्सलपंथी शब्द एक राजनीतिक खोटा सिक्का हो गया है जिसका प्रयोग माओवाद के विरोधी तथा निन्दक अन्धाधुन्ध करते हैं।

चारू मजूमदार ने वर्ग विरोधियों के मूलोच्छेदन पर बल दिया था। उसने क्रान्तिकारी छात्रों तथा युवकों को छट्टियों तक में ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे जत्थों में काम करने की मंत्रणा दी थी। कलकत्ता नगर में अगणित लूटपाट तथा बैंकों में डाके डालने के पश्चात् कल्याण राय उपनाम सुव्रतों के नेतृत्व में एक ऐसी उग्र टोली पुलिस के घेराव तथा दमन चक्र से बचने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में फैल गयी।

इस टोली ने 'बम मारो और भागो' की नीति ग्रहण कर रखी थी। दिनांक 26 मई 1970 को रात्रि के तीन बजे, यह टोली घटशिला (बिहार) पुलिस चौकी पर पहुंची। कुमारी मेरी टेलर नाम को ब्रिटिश महिला जो इस टोली की सदस्या थी उस पुलिस चौकी पर गई तथा पीने को जल मांगा। जब प्रहरी जल लाने को पीठ करने वाला ही था कि उसने उस प्रहरी से उसकी रायफल छीन ली। नियुक्त सशस्त्र गार्ड ने चुनौती दी किन्तु पुलिस चौकी पर बम फेंकती हुई निज सहचरों के साथ वह बच भागी। बंकिया की ओर जाती इस टोली को देखा गया। ऐसा विश्वास किया गया कि वह 'रुआम' वन में आश्रय लेने जा रही थी।

आयोजन :--एक बजे रात्रि को 21 बटालियन के० रि० पु० दल के कमाण्डैण्ट ने अपनी टुकड़ी के मुख्यालय चायवासा (बिहार) में बुलाया। उन्होंने घटशिला पुलिस चौकी की घटना से तथा टोली की गतिविधियों से अवगत कराया। उस टोली को बन्दी करने के लिये उन्होंने एक सौ जवानों के साथ जादूगुदा के पुलिस थाने तुरन्त चले जाने के आदेश मुझे दिये।

मैं जानता था कि यह कार्य उत्तेजनात्मक एवं संकटास्पद है किन्तु इसका मुझे ध्यान भी नहीं था कि यह एक युगान्तर-कारक परिचालन है। मैंने तुरन्त टुकड़ी बनाई। मेरा सर्व-प्रथम कार्य था कि मैं अपने जवानों को वस्तुस्थिति से अवगत कराऊं तथा कर्त्तव्यपालन को उन्हें प्रोत्तेजित करूं। मेरे अवगत कराने के अनन्तर कुछ ओजस्वी जवानों ने 21 बटालियन की जय जयकार की। जवानों से 'ख' परिमाण के गणवेश के साथ स्टेनगनों, एल एम जी तथा रायफलों को संग ले जाने को कहा गया। हम तत्काल चायवासा से चल पड़े तथा 8 कि० मी० की दूरी पर स्थित जादूगुदा थाने पर 3 बजे रात्रि को आ पहुंचे। हमारे पहुंचने के आध घंटे के भीतर, सिंह भूमि जिले के पुलिस उपाधीक्षक तथा श्री तेजासिंह ग्रेवाल के नेतृत्व में 'एफ' कम्पनी जमशेदपुर से आ गई।

लेखक : श्री ए० सी० सीताराम

भूभाग की प्रकृति :--बंगाल, बिहार तथा उड़ीसा के तीन राज्यों की सीमा पर 39 मील के अर्द्धव्यास में 'रुआम' बन फैला हुआ है। वन में विषम पहाड़ियां हैं। वह गगनचुम्बी वृक्षों से आच्छादित है। आधी मई से अक्टूबर के अन्त तक लगभग पांच

मास यहां मानसून रहता है। हाथी, चीते व्याघ्र नाना भांति के वन्य पशु इस वन में रहते हैं। काष्ठ तथा अन्य वन्य वस्तुओं के यातायात के लिए वन-विभाग ने टेड़े मेढ़े पंकिल मार्गों का जाल बिछा रखा है। ये मार्ग केवल ग्रीष्म ऋतु में ही प्रयुक्त होते हैं।

इस वन में गिरिपाद क्षेत्र पर आदिवासी निवास करते हैं। ये आदिवासी झोपड़ियों में रहते हैं और ऐसे चार पांच झोपड़ियों के समूह को 'ग्राम' की संज्ञा दी जाती है। साधारणतः इन ग्रामों की दस बीस मनुष्यों की जनसंख्या होती है । आदिवासी कृषि पर जीवन निर्वाह करते हैं और धनुष-बाण, भाले तथा आखेटी चाकुओं इत्यादि अस्त्र-शस्त्रों से वन्य पशुओं का आखेट करते हैं।

संक्रिया-योजना :--जहां नक्सलपंथियों ने प्रश्रय लिया था उस भूभाग का कोई मानचित्र हमें उपलब्ध नहीं था । वन को जाते हुए पहाड़ी मार्ग द्वारा प्राप्त होने से पूर्व जादूगुदा से वन खंगालने की योजना हमने बनाई। उस संक्रिया में निस्तब्ध नीरवता धारण करने के लिए जवानों को आदेश दिये गये । हमने रात्रि के साढ़े चार बजे जादुगुदा से प्रस्थान किया। हमने अग्र अनुभाग को (कांटे का अनुभाग) बनाया गया तथा उसे स्टेनगनों एलएमजी तथा रायफलों से सज्जित किया। यह अनुभाग सिंह भूमि के पुलिस अधीक्षक का अनुसरण कर रहा था जबकि शेष टुकड़ी के अग्र अनुभाग को दोनों ओर खगालने-हेतु दो भागों में विभक्त किया गया। वाई ओर का दल मेरे तथा दक्षिण ओर का दल श्री तेजासिंह ग्रेवाल के अधीन रखा गया।

जब 7 बजे प्रातः बंकिया नामक ग्राम पर पहुंचे तब हमने पंकिल मार्ग पर कुछ पद चिन्ह पाए तथा आगे बढ़कर कुछ आमों के छिलके भी देखे जो दुराचारियों ने कदाचित् फेंके थे । सन्देह जगने पर हमने एक ग्रामीण से जब पूछा तब विदित हुआ कि छब्बीस मई के सांयकाल कुछ युवकों की एक टोली इस मार्ग पर बैठी देखी गयी थी। यह स्पष्ट संकेत था कि नक्सलपंथियों ने वन में प्रवेश किया था।

प्रथम सम्पर्क :-जब तक हमारे अग्र अनुभाग ने नक्सलपंथियों की मुख्य टोली से साम्मुख्य नहीं किया, हम धीरे-धीरे आगे बढ़े । यद्यपि जमादार शोभा चन्द के नेतृत्व में अग्र अनुभाग पहाड़ी मार्ग से बढ़ रहा था, तथापि दोनों ओर हमारे अनुभागों को दुगर्म पर्वतीय भूभाग पर चलना पड़ रहा था। लगभग 1 बजे कोकड़ा झरना पर अग्र-अनुभाग में सघनवन में कोई पचास नक्सलपंथियों को भागते देखा; तत्काल पुलिस अधीक्षक ने गोली चलाने की आज्ञा दी। एल० एम० जी० से 10 बार, रायफलों से 8 बार तथा स्टेनगन से एक बार गोली चली । कोई भी नक्सलपंथी हताहत नहीं हुआ । तथापि इसने उनका मनोबल क्षीण कर दिया और वे अपना बोरिया बिस्तर छोड़कर छिन्न-भिन्न भागने लगे।

अग्र-अनुभाग ने पीछा किया, किन्तु वे नेत्रों से ओझल हो गए । यदि दोनों ओर के अनुभागों से सहायता मिल जाती तब अग्र अनुभाग और भी पीछा करता । किन्तु उन्हें तो जादूगुदा से 20 कि० मी० की दूरी पर स्थित कोकड़ा झरना पहुंचने में 30 मिनट लग गए।

प्राथमिक सफलता :-खोजने की संक्रिया चलती रही। आगे बढ़ने से पूर्व हमने

अग्रभाग को सचेत कर दिया कि वह हमसे सम्पर्क सदैव रखे। हमने गन्दूरिया ग्राम पार किया और 6 कि० मी. और आगे बढ़े । तभी हमने दो आदिवासियों को निदेशन-हेतु साथ में ले लिया। परन्तु हमें नक्सल पंथियों का पता नहीं लगा।

पूर्व योजना के अनुसार उनका और खोजना अब विफल प्रतीत हुआ, क्योंकि नक्सलपंथी छोटे-छोटे वृन्दों में विभक्त हो गए थे । साथ ही, हमारी टुकड़ी की जनशक्ति पर्याप्त नहीं थी । हमने समस्त बच भागने के मार्गों तथा जल स्थलों पर धरने बिठा दिए क्योंकि हमारा विचार था कि कभी न कभी तो नक्सलपंथियों के वृन्द एकत्र होंगे और अन्न जल के लिए पहाड़ियों से नीचे उतरेंगे । स्थानीयों के सहयोग से धरना करने वाले दल लिंजवाड़ा, बंकिया, गन्दूरिया तथा टण्डनगिरि की पश्चिम ओर भेजे गए।

शीघ्र ही एक आदिवासी बालक ने दौड़ते हुए यह सूचना दी कि कुछ अपरिचित गन्दूरिया ग्राम के निकट देखे गए हैं। मैं श्री टी० एस० ग्रेवाल के साथ उपलब्ध दल को लेकर उस ग्राम पर चढ़धाया । हमने ग्राम का घेराव किया । मैंने तथा श्री ग्रेवाल ने अपने जवानों के साथ क्रमशः पूर्व एवं पश्चिम की ओर से प्रवेश किया तथा उस गृह पर जा पहुंचे जहां नक्सलपंथियों के आश्रय लेने की आशंका थी। हमने नक्सलपंथियों को आत्मसम्पर्ण-हेतु गृह से बाहर आने को ललकारा । नक्सलपंथी चकित रह गए। उन्हें बच भागने को कोई मार्ग नहीं था । पांच मिनट में तीन नक्सलपंथी हाथ उठाए गृह से बाहर चले आए और हमने उन्हें तत्क्षण बन्दी बना लिया । यह वृन्द अन्नजल हेतु पहाड़ी से उतरा था। सिद्धांतों में दृढ़ होने के कारण उन्होंने अन्य सहयोगियों के नामधाम की कोई सूचना हमें नहीं दी।

3 बजे अपरान्ह तक गन्दूरिया के ऊपर वाली पहाड़ी की हमने खोजबीन कर डाली तथा गोला बारूद एवं वस्त्रों की अमित राशि प्राप्त की जो नक्सलपंथी हमारे अग्रभाग की मुठभेड़ के उपरांत कदाचित् छोड़ भागे थे।

आधार शिविर :- हमारी आगामी योजना थी कि हम एक प्राधार शिविर स्थापित करें। जहां दल को संगठित करें; भोजन बनावें; तथा बन्दियों पर पूर्ण नियन्त्रण रखें। साथ ही, संचारव्यवस्था स्थापित करें । यहां यह उल्लेखनीय है कि हमने अन्तिम बार भोजन 26 मई को रात्रि 8 बजे किया था और तब से किसी ने कुछ नहीं ग्रहण किया था । जादूगुदा से पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक जवान के लिए दो-दो पूरियां दिलाने का प्रबन्ध किया । क्योंकि हममें से किसी को उस भू-भाग के विषय में ज्ञान नहीं था और ना ही कोई मानचित्र हमारे पास था; इसलिए हमें ग्रामीणों पर ही निर्भर रहना पड़ रहा था। हमने कुछ आदिवासियों को बुलाया और नक्सलपंथियों के पता बताने पर समुचित पुरस्कार देने का प्रलोभन दिया। रात्रि के लगभग 8 बजे, गिरि-शृंग पर कुछ अज्ञात व्यक्तियों के देखे जाने की सूचना मिली जो आधार शिविर से लगभग 7 कि० मी० दूरी पर था। हम थके मांदे हो रहे थे। परन्तु हम दौड़ कर गिरिपाद पर स्थापित हुए । हमने पहाड़ियों को घेरने की योजना बनाई । पहाड़ी सघन वन से परिपूर्ण थीं और उसको चारों ओर से पूर्ण रुपेण घेरने के लिए कम से कम 5 कम्पनियों की

आवश्यकता थी जब कि हम पर केवल कम्पानेयां थीं दो ही। 4 बजे तक हमने पहाड़ों का घेरा डाले रखा। दुर्भाग्यवश कोई नक्सलपंथी हमारे हाथ नहीं आया । ऐसा अनुमान है कि चांदनी रात्रि होने के कारण उन्हें हमारी परियोजना का पता चल गया था । इस संक्रिया में लगे-लगे हमें दस बज गए।

अनुधावन :-28 मई को 5 बजे उनमें से पांच नक्सलपंथी लिंजवाड़ा के निकटवर्ती नदी पर शौच करने आए। जमादार बलजीतसिंह के अधीन धरनैल टुकड़ी ने उस नदी की ओर से कुछ खांसी सुनी । वह अपने अनुभाग को लेकर उधर जा धमका । ब्राह्म मुर्हूत में स्पष्ट नहीं दृष्टिगोचर हो रहा था। अतः पहाड़ी पर घेरा डाल दिया गया। नक्सलपंथी जिन्हें इसकी जानकारी नहीं थी आश्चर्य में रह गए और जाल में फंस गए। जमादार के ललकारने पर पांचों नक्सलपंथियों ने आत्म सम्पर्ण कर दिया । वे केवल अन्तर वस्त्र धारण किए हुए थे और उनसे कुछ भी अपराध जनक सामग्री नहीं प्राप्त हुई ।

कुछ काल के उपरान्त, जमादार बलवन्तसिंह को एक ग्रामीण से यह सूचना मिली कि कुछ मिनट पूर्व एक नक्सलवादी वृन्द 6 कि० मी० दूरस्थ एक ग्राम से चला है। जमादार ने प्ररुचि ली और उस ग्राम की और दौड़ा, उस वृन्द का लगभग 10कि० मी० तक पीछा किया तथा मुसवाड़ी के बस अड्डे पर जब 16 नक्सलपंथियों का वृन्द उड़ीसा जाने वाली बस में चढ़ रहा था उसे जा पकड़ा । दो पथ-प्रदर्शकों के सहित इन बंदी नक्सलपंथियों को जादूगुदा के थाने पर लाया गया। ढूढ़ने पर उनसे 6,262 रुपए की राशि प्राप्त हुई । इस प्रकार 28 मई तक नक्सलवादी बन्दियों की संख्या दो स्थानीय पथ प्रदर्शकों के अतिरिक्त 23 पहुंच गई । तब भी पार्श्ववर्त्ती पहाड़ियों पर खोज चलती रही।

अन्य उपलब्धियां :-29 मई 1970 को लगभग साढ़े चार बजे प्रातः ला० ना० लाडुमल के अधीन गन्दूरिया पर स्थिति धरनेल अनुभाग ने (जहां से पहले वृन्द को हमने बन्दी किया था) टार्च का प्रकाश देखा और निकटवर्त्ती नदी की ओर से खांसी सुनी, लां० ना० ने अनुभाग को सतर्क किया तथा उक्त स्थल की ओर दौड़ा क्षेत्र को खोजने पर वन की ओर जाते हुए कुछ पदचिन्ह दृग्गत हुए । उन चिन्हों का अनुसरण करते हुए जब गिरिश्रृंग पर पुलिसदल पहुंचा तब सहसा क्या देखा कि कुछ नक्सलपंथी वृक्षों तथा चट्टानों के पीछे छिपे हुए हैं । दलनायक ने तुरन्त घेरा डालने के आदेश दिया और ललकारा । तभी कल्पना घोष उपनाम श्रीकृष्णा नाम की बालिका सहित 8 नक्सलपंथियों ने निर्विरोध आत्म-समर्पण कर दिया ।

दल की तेज गति ने उग्रपंथियों का मनोबल नष्ट कर दिया। बीस मिनट के पश्चात् सूबेदार बलवन्त सिंह जो दूसरी ओर से घेराव का नेतृत्व कर रहा था, अपने जवानों के साथ उस दल से आ मिला । एक बड़ी गठरी में 15,412 रुपए के नए नोट, दो रिवाल्वरों बारूद बम माओ साहित्य इत्यादि वस्तुओं की विपुल राशि प्राप्त हुई ।

सर्वत्र प्रशंसित :-समस्त दिन घेरने का कार्य चलता रहा । बिना भोजन किए, बिना सोए, निर्भीक जवान भाग लेते रहे। कमा० तथा रांची (दक्षिणी क्षेत्र) के

उपमहानिरीक्षक उसी दिन आधार शिविर पर पधारे तथा इस परिचालन के सभी जवानों की सराहना की । पटना के आकाशवाणी केन्द्र ने हमारी सफलता को प्रसारित किया तथा बन्दी बनाने की सूचना विभिन्न समाचारपत्रों में प्रकाशित हुई । कलकत्ता के पुलिस अधिकारी सत्यापन तथा पूछताछ को हमारे आधार-शिविर में आए । सिंह भूमि के पुलिस अधीक्षक तो हमारी सफलता पर इतने विभोर हुए कि उन्होंने हमारे आधार-शिविर में एक बड़े खाने के आयोजन की घोषणा की । तथापि हम आंशिक सफलता पर संतुष्ट नहीं थे । हमारा ध्येय तो किसी को भी बिना छोड़े समस्त टोली को बन्दी बनाना था।

नक्सल पन्थियों की भारी-भूल:-30 मई की रात्रि के ढाई बजे कोकड़ा झरना के आधारशिविर के एक प्रहरी जवान ने 25 गज की दूरी पर कुछ मनुष्यों को सहसा देखा । प्रहरी ने गारड को सचेत किया। जमादार शोभा चन्द जो विश्राम कर रहा था तुरन्त उठ बैठा तथा उनको चुनौती दी । के० रि० पु० दल के शिविर के ज्ञान न होने कारण अंधकार में नक्सल पंथी उस शिविर में आने की घोर चूक कर बैठे। जमादार द्वारा आठ नक्सलपंथी तत्क्षण बन्दी बनाये गये। इन्हें मिलाकर बन्दियों की संख्या कुल 43 हो गई।

प्रातः 9.30 बजे, बंकिया ग्राम के निकट कुछ अज्ञात व्यक्यिों के देखे जाने की सूचना मिली। एक क्षण भी बिना नष्ट किये जमादार पूरन सिंह को एक पलटन ट्रक में लेकर वहां पहुचने के आदेश हुए। पलटन विलोकते ही निकटवर वन में छिपे नक्सलपंथी विमूढ़ रह गए । जमादार की चुनौती पर नकसलपंथियों ने निर्विरोध आत्म समपर्ण कर दिया। 11 सदस्यों की उस टोली में कल्याण राय उपनाम सुब्रतो पापसंकल्प 36 वर्षीय दृढ़ नेता भी था जो कलकत्ते में अनेकों बैंक डकैतियों का उत्तरदायी था। 30 मई तक, इस टोली के सभी 51 सदस्य बन्दी बना लिये गये जिनको पकड़ना हमारा उद्देश्य था ।

हैलीकाप्टर द्वारा खोज: 31 मई 1970 को स्थानीय व्यक्तियों से निकटवर्त्ती पहाड़ी पर कुछ अस्त्र देखे जाने की सूचना मिली। मैंने एक टुकड़ी लेकर वहां खोज की तथा एक स्टेगन, एक अमरीकी कार्वाईन (लघु-नालिका), 30 कैलीवर और अन्य वस्तुयें प्राप्त कीं। क्योंकि मानसून जोरों पर था, अपना आधार-शिविर कोकड़ा झरने से हटा कर हमें जादूगुदा लाना पड़ा। उसी गणवेश में बिना कम्बल तथा बिछौने के 'रुआम' वन में 27 मार्च मई से 1 जून तक हमें इस अभियान में संलग्न रहना पड़ा।

इस विश्वास में पर्याप्त बल था कि नक्सलपंथियों ने उस वन में अपने अस्त्रशस्त्र इकत्रित कर रखे थे । पहाड़ी की खोज करने हेतु एक हैलीकाप्टर अधिगृहित किया गया तथा हममें से एक को उसमें बैठना पड़ा क्योंकि अब तक हम 'रूआम' बन के कण-कण को जान गये थे । दुर्भाग्य से, वन की सघनता के कारण, हैलीकाप्टर कोई आयुध या अन्य वस्तु नहीं खोज पाया। 17 जून तक, 'रूआम' वन में हम छानबीन करते रहे तथा गोले, बारूद, वस्त्र माओ साहित्य इत्यादि की प्रचुर राशि प्राप्त की।

सफलता के कारण

1) के० रि० पु० दल का अचानक आक्रमण तथा सामायेक सांक्रेया ने नकसलपंथियों का मनोबल सर्वथा नष्ट कर दिया और उनको बन्दी होने से बचने के लिए छिन्न-भिन्न होना पड़ा।

2) स्थानीय पुरुषों का सहयोग मिला।

3) समस्त सम्भावित बच भागने के मार्गों को अवरूद्ध करने की अधिकारियों द्वारा समुचित एवं सामयिक योजना बनाई गई।

4) उपलब्ध जनशक्ति का उचित प्रयोग हुआ।

5) समग्र टोली को पकड़ने के प्रति जवानों की कृत संकल्पता था;

6) अनुकूल मौसम था;

7) नागरिक प्रशासन द्वारा प्रोत्साहन मिला;

8) के० रि० पु० दल में कर्त्तव्यनिष्ठा, कार्यकुशलता तथा संग भावना कूट-कूट कर भरी थी।

स्वास्थ्य संदेश : हमारे कान तथा ध्वनि

कानों को संस्कृत में श्रुति कहा गया है, जो ज्ञान का पर्याय है । वस्तुतः कानों द्वारा ज्ञान की प्राप्ति होती है। इसी कारण कान को ज्ञानेन्द्रिय माना गया है। कान का इससे भी महत्त्व जाना जा सकता है कि भारतीय आर्यो के सर्वमान्य धार्मिक ग्रन्थों को भी 'श्रुति' कहते हैं, क्योंकि उनकी रचना कर्ण से सुने जाने पर हुई। इस प्रकार ईसाई धर्म में भी यीशु की महत्ता आकाशवाणी सुन कर बढ़ी।

वैसे भी जीवन पद्धति में कान अपना महत्त्व रखते हैं। जीवन का चरम लक्ष्य भगवद्भक्ति माना है। इसे नवधा भक्ति अर्थात् नौ प्रकार का माना है-- श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पाद सेवा, अर्चन, वन्दन, दास्य, सरव्य तथा आत्म निवेदन, इसमें आपने देखा कि श्रवण को सर्वोपरि स्थान दिया है। जब तक आप अमृत सूक्तियां श्रवण नहीं करेंगे, आपका मन प्रभु की ओर लगेगा ही नहीं । इसका प्रत्यक्ष प्रभाव मानव जाति पर ही नहीं, पशु पक्षी तक पर पड़ता है। कहा है--

सुमिरन ऐसो कीजिये जैसे 'नाद-कुरंग' मधुर नाद से हिरण इतना विमुग्ध हो जाता है कि उसे संगीत सुनते-सुनते वह आखेटक का बलि बन कर प्राण त्याग देता है । तोता-मैना श्रवण कर ही मनुष्य की भाषा बोलने लगते हैं। भारतीय संगीत शास्त्र तो यहां तक दावा करता है कि श्रवण करने से जड़ पदार्थों तक में परिवर्तन आ जाता है। दीप जलने लगते हैं। वर्षा होने लगती है । मनुष्यों के रोगों का तो कहना ही क्या ? रोगों के लिये तो विशिष्ट राग विहित है। इन्हें श्रवण का सम्यक् योग कहा है।

ठीक इसके विपरीत उसका मिथ्यायोग है जिसके कारण नित्य प्रति कलह-क्लेश

एवं महाभारत तक होते रहे हैं। यदि द्रौपदी के कटुवचन दुर्योधन नहीं सुनता तो कदाचित् कुरुक्षेत्र का रक्तपात नहीं होता। यदि हम

अपशब्द नहीं सुन सकें तो अनेकों उत्पात लूटपाट मरणमारण आदि के विभीषक काण्ड समाप्त हो जायें।

श्रवणेन्द्रिय का तृतीय योग प्रतियोग है, जिसमें मेघ की गर्जन-तर्जन है, तोप की कर्णभेदी ध्वनि हैं, कर्णातीत गतिवाले वायु यानों का उच्चघोष, रेल का गड़गड़ाहट, मोटर वाहनों की धड़धड़ाहट इत्यादि। वैसे तो जब से सृष्टि की रचना हुई तब से ध्वनि विद्यामान है और सो ही ये योग अन्यथा कानों के निर्माण की आवश्यकता ही नहीं होती। किन्तु श्रवण के प्रतियोग ने वर्तमान युग में प्रति प्रचण्ड रूप धारण कर लिया है जिससे समस्त वातावरण दूषित हो रहा है, जन-जीवन संकट में पड़ा है। तथा निखिल विश्व चिन्तित हो गया है। इसके निवारण हेतु अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मेलन भी हुये हैं, परन्तु पूर्ण परित्राण दूर तक दृष्टि गोचर नहीं होता, श्रुतिगत नहीं पड़ता।

ले० श्री जे० एस० शर्मा

ध्वनि आज मानव जगत की घोर शत्रु बनी हुई है। इसकी शत्रुता का सूत्रपात औद्योगिक क्रान्ति से समझना होगा। औद्योगिक दूषणों ने क्या जल, क्या वायु मण्डल प्रत्युत् जीवमण्डल तक को दुष्प्रभावित किये बिना नहीं छोड़ा है, और इन्हीं दूषणों में से है एक ध्वनि-कार्याशालामों में कल मशीनों की ध्वनि, कार्यालयों में फोनों तथा टाईप टंकणों की ध्वनि, मुहल्लोवेड़ों में लाउडस्पीकरों की ध्वनि तथा घरों में रेडियो टेलीविजनों, फ्रिजों, वातानुकूलयंत्रों प्रभूति नाना प्रकार के विद्युयत संयंत्रों की ध्वनि। और इन सब से बढ़कर हैलीकाप्टरों तथा वायुयानों की कर्णभेदी ध्वनि।

अन्ततः कर्ण के श्रवण करने की कोई सीमा होती है; कोई शक्ति होती है। वह उससे अधिक को ग्रहण नहीं कर सकता और न ही वह मस्तिष्क केन्द्र में पहुंचा कर सम्वेदना प्राप्त कर सकता है। यहाँ यह समझ लेना आवश्यक है कि यह सम्वेदना उत्पन्न होती कैसे है?

कर्णेन्द्रिय को आप तीन अंगों में विभक्त कर सकते हैं--(1) वाह्य कर्ण (2) मध्यकर्ण तथा (3) अन्तस्थ कर्ण।

वाह्य कर्ण : तो सब को दृष्टिगत होता है। इसकी शुष्कली का ढांचा ध्वनि-तरंगों को एकत्र कर कर्णनली में भेजता है, जिसका भीतरी सिरा एक पहली गोल झिल्ली पर बन्द होता है। जब ध्वनि तरंगें इस झिल्ली से टकराती है, तब इसमें कम्पन उत्पन्न करती हैं। झिल्ली पर एक प्रावरण होता है जिसमें रोम तथा मोम होते हैं। ये धूलिकण को रोक कर खुजली होने से बचाते हैं।

मध्यकर्ण : तो एक छोटा सा गर्त है जिसमें तीन अस्थियों की श्रृंखला है, जो उस गर्त की छत तथा दीवारों से लटकी हुई है।

अपनी आकृति के कारण इनके नाम है-- (I) मुग्दर (हैमर), (II) निहाइ (एन्बेल) तथा (II) रक.ब (स्ट्रेप)। ये तीनों अस्थियां कर्ण झिल्ली के कम्पन को अन्तस्थ कर्ण में प्रवेश कराती हैं। इधर मध्यकर्ण, कण्ठ कर्ण-नली से जुड़ा है जो कण्ठ तक जाती है और उधर से भी वायु द्वारा ध्वनि मिलती है। यदि ध्वनि अत्युच्च हुई तब वह मुख कण्ठ में प्रवेश कर जाती है तथा झिल्ली फटने से बच जाती है। कण्ठ में ठण्ड जुकाम आदि से सूजन आने पर मुख कण्ठ-नली में तनाव आ जाता है, फलत: कम्पन नहीं हो पाता है एवं सुनने में कठिनता होती है।

अन्तस्थकर्ण की रचना अतीव जटिल है तथा कनपटी में स्थित है। इसके भीतर एक बन्द झिल्ली की थैली होती है जिसमें एक तरल पदार्थ एण्डोलिम्फ भरा रहता है। अन्तस्थ भाग में कर्णकुटी केन्द्रीय गर्त बनाती है जो सामने घोंघाकार की 'कोक्लिया' से ध्वनि पाती है। 'कोक्लिया' में श्रवण-स्नायु के सिरे तरल पदार्थ में तैरते रहते हैं। यह श्रवण कुटी पीछे तीन अर्द्धवृत्ताकार नालि काओं से अलग ध्वनि प्राप्त करती है जो परस्पर समकोण पर सम्बद्ध होती हैं।

ध्वनि श्रवरग-नालिका द्वारा प्रवेश कर झिल्ली से टकराकर सारे कर्णसंस्थान--कर्ण-पटल, तीनों अस्थियां, गर्त तथा छिद्रों--को कम्पित करती है। तरल पदार्थ में तैरती स्नायु-शिरायें इस कम्पन की सूचना मस्तिष्क के श्रवण केन्द्र में पहुंचाती है, जहां ध्वनि की सम्वेदना उद्भूत होती है।

ध्वनि की इकाई डेसीवैल मानीगई है कर्ण ध्वनि का रंगावली विश्लेषण कुछ रूप इस प्रकार है:-

इकाई **ध्वनि-रूप**

(डेसोवल)

0 शून्य
10-20 फुसफुसाहट, पत्तों के हिलने पर खड़खड़ाहट
30 एक मीटर दूर दीवार घड़ी की ध्वनि।
40 शहर के घर में रेडियो आदि की ध्वनि।
50 शांत कार्यालय; बस्ती।
60-70 ऊंची बातचीत, यातायात, रेस्ट्रां।
80 व्यस्त कार्यालय।
90 भारी यातायात (हार्न)
100 भारी कार्यशाला (वर्कशाप) सिंह गर्जना।
110 रेल के पुल पर रेल गाड़ी।
120 हथौड़े, आरा मशीन का चलना।
130 रिवेटिंग, साधारण वायुयान।
140 जेट विमान।

80 डैसीवेल से कम की ध्वनि केवल निन्द्रा एवं वार्तालाप पर प्रभाव डालती है;

किन्तु कोइ स्थायी क्षति नहीं पहुंचाती। परन्तु उससे ऊंची ध्वनि (क) उद्योगों तथा मशीनों से (ख) यातायात से और (ग) समाज की गतिविधियों से उत्पन्न होती।

उद्योगों की ध्वनि यद्यपि गम्भीर दुष्प्र भाव डालती है; परन्तु स्थानीय होती है। उसका दुष्प्रभाव उद्योगों की सावधानीपूर्वक रचना तथा आवास-व्यवस्था द्वारा कम किया जा सकता है। ध्वनि-मुक्त यंत्रों का निर्माण इस में अत्यन्त उपयोगी होगा।

शीघ्रता के युग होने का कारण क्या स्थलीय, क्या जलीय एवं क्या वायुमंडलीय यातायात, दिनोदिन वाहनों की संख्या वृद्धि तथा उनकी तीव्रगति के कारण बढ़ रहा है। वैज्ञानिकों का ऐसा अनुमान है कि इसके कारण प्रत्येक दशाब्दि में 10 डेसीवेल ध्वनि की तीव्रता बढ़ रही है। जब कि रियोडि-जेनेरियो नामक नगर में 120 डेसीवैल तक ध्वनि पहुंच चुकी है, दिल्ली, बम्बई आदि भारतीय बड़े नगरों में 90 डेसीवेल तक ध्वनि विद्यमान है।

यद्यपि कर्ण 1 वाट की शक्ति ग्रहण कर सकता है, परन्तु वायुयान तो 10 किलो वाट की ध्वनि शक्ति उत्पन्न करते हैं, फिर अब तो कर्णातीत यातायात चल पड़ा है। इनके कोलाहल क्षीण करने की दृष्टि से भवनों को मार्गों से दूर बनाया जा सकता हैं। द्वारों तथा झरोखों में दुहरे किवाड़ लगाना चाहिए तथा बीच में कम से कम 10 से० मी० वायु का अंतराल होना चाहिए। सोने के कमरे, विद्यालय आदि शान्त-स्थान कर्ण ध्वनि निरोधी बनवाने चाहिए। कृत्रिम छतें तथा वातानुकूलता भी कुछ सीमा तक इस समस्या का समाधान कर सकती है। इधर वाहन भी मफ्लर (अर्थात् मौन करने वाले) संयत्रों से सज्जित होने चाहिएं। अतः ध्वनि मुक्त वाहन ट्यूबों का उत्पादन माव श्यक है। साथ में, गति पर भी नियंत्रण होना चाहिए।

समाज में ध्वनि की विचित्र स्थिति है, जब वह एक मनुष्य को कर्णहारी प्रतीत होती है, तब वही अन्य को कर्णकटु लगती है। तभी तो कहा है--··· "भिन्न रुचि लौकः।" दीपावली के बम पटाखे केवल कर्णभेदी होने के अतिरिक्त कुछ नहीं होते, किन्तु वे बालकों को कितने कर्णप्रिय; कैसे मनोरंजक होते है। इसी प्रकार विवाहादि समारोहों में लाउडस्पीकर द्वारा फिल्मी गाने बजाना या रात्रिभर देवी जागरण, संकी र्तन इत्यादि सम्बद्ध जनों को प्राहूलादकारी होता है, जबकि अन्य जनों के स्नायुतन्तु को तोड़ता है, उनके कर्णों को फोड़ता है। प्रतः ऐसे अखिल समाज क्षोभकों को दूर करने के लिए सरकार द्वारा प्रतिबन्धक नियम होना प्रावश्यक हैं।


स्वच्छ काम करने वाले व्यक्तियों को अपने ही क्षोभक होते हैं-उदाहरणार्थ टेली फोन, टाइप टंकण, घंटियों की ध्वनि, उच्च वाग्विलास इत्यादि।

इस प्रकार ध्वनि में तीन बातें अन्तर्ग्रस्त होती हैं : **(1) स्रोत (2) संचारण (3) संग्राहक**। आजकल के युग को यदि ध्वनि युग कहें तो प्रत्युक्ति नहीं होगी। अतः ध्वनि से निर्मुक्त करने के लिए प्रथम स्रोतों पर ही सावधानी बरतनी चाहिए। फलस्वरूप ध्वनि मुक्त कल-मशीनों, वाहनों तथा वायुयानों का निर्माण एक समुचित पग होगा। संचारण का ध्यान नगर-स्थापन तथा निवारण के प्रभि यन्ताओं (इंजिनियरों) को रखना होगा, जिससे निवासियों को कम से कम ध्वनि द्वारा प्रक्षोभ पहुंचे। क्योंकि ध्वनि

का प्रभाव सब प्रकार से मनुष्यों पर हो पड़ता है, अतः उन्हें हरभांते इसके प्रांते जागरुक होना चाहिए। वरञ्च यह देखा गया है कि अत्युच्च ध्वनि से प्रक्षुब्ध व्यक्ति का रक्त-चाप ठीक नहीं रहता है, व्यर्थ की व्याकुलता होती है, स्नायुदौर्बल्य धर दबा बैठता है, चक्कर आने लगते हैं, जठरांत्र में गतिशीलता कम हो जाती है, हृदय पेशियों के गुणों में दुष्परिवर्तन आ जाते हैं, प्रत्युत् विमानों को अड्डे के निकट रहने वालों में अन्य क्षेत्रवालों की अपेक्षा विक्षिप्तता अधिक पाई गई है, क्योंकि कर्णातीत वायुयान न तो वार्तालाप भलीभांति करने देते हैं और न ही कोई अन्य कार्य कलाप, वे न सोने देते हैं और न ही सुनने देते हैं यदाकदा तो वे खिड़ कियां एवं द्वार नष्टभ्रष्ट कर देते हैं मानों भूचाल आ गया हो। इसका दुष्प्रभाव गर्भ वती महिलाओं पर तो पड़ता ही है परन्तु उनके साथ-साथ भावी सन्तान पर भी पड़ता है-जो कभी-कभी तो नियत समय से पूर्व उत्पन्न हो जाती है और शीघ्र मर तक जाती है। यदि बच भी जाय तो दृष्टिक्षीणता, सिर में चक्कर एवं मतिभ्रष्टता की वलि रहती है। अतएव संचारण की दृष्टिकोण से उच्च ध्वनि उत्पन्न करने वाले स्रोतों से दूर आवास बनाना वांछनीय है।

साथ ही, संग्राहक अंग कर्ण की देख-रेख परमावाश्यक है। यदि वह स्वस्थ नहीं हुआ तब मनुष्य अनेकों दुर्घटनाओं का बलि हो जायेगा। यदि वाहन से हार्न बज भी रहा है किन्तु यात्री श्रवण नहीं कर रहा है, तब वह स्वत: मृत्यु को आह्वान कर रहा है। मनुष्य की श्रवणशक्ति पच्चीस वर्ष की आयु से क्षीण होने लगती है। किन्तु इसकी रक्षा बाल्य काल से ही अपरिहार्य है । अन्ततः ये दांत नहीं, जो बाल्यकाल के उपरान्त दूसरे निकलते हैं। इन्हीं कर्णों से हमें आजीवन कार्य लेना है। यदि तनिक भी कम श्रवण पड़े तो डाक्टरों से परामर्श लेकर श्रवण यंत्र तुरन्त लगवाना चाहिए। धूलि कण आदि से श्रवण नालिका की रक्षा करना अत्यन्त अनिवार्य है। कण्ठ के रोगों से भी कर्ण प्रभावित होते हैं। अतः कर्णों को स्वस्थ रखने के लिए कण्ठ, नासिका तथा दांतों का ध्यान अत्यधिक आवश्यक है। कुछ मनुष्य कर्ण में खुजली मचते ही तिनका, पिन, तीली आदि डालकर चैन पाते हैं, परन्तु इनसे कर्ण में चोट लगने या फटने का भय रहता है। तभी तो कहा “कि नाक में उंगली, कान में तिनका मत कर, मत कर, मत कर, ” .

निरस्त्र पाठ्य क्रम 74 का सर्वोत्तम प्रशिक्षार्थी ला० ना० विमलमुखिया



लघु सत्यकथा

लाहौर का मोची दरवाजा

जैसे दिल्ली के लालकिले में लाहौरी दरवाजा 'अजमेरी दरवाजा, दिल्ली दरवाजा, तुर्क मान दरवाजा, कश्मीरी दरवाजा, मोरी दरवाजा आदि कई दरवाजे थे, वैसे ही सुल्तान महमूद गजनवी के गुलाम मालिक खास ने जब लाहौर को नर-ए-एलाही के नाम से बसाया तो उसमें भी बारह दरवाजे बनाये, जिनमें एक मोची दरवाजा भी था।

उसके विषय में एक बड़ी मनोरंजक कथा है कि इस दरवाजे के निकट एक मोची रहता था जिसकी पुत्री अनिन्द्य सौंदर्यशालिनी थी। उस समय वह तरुणावस्था में थी। यौवन उसके अंग-अंग से छलकता था। रति उसकी रूप से छनी पड़ती थी। अतः एक तो चांदनी दूसरे पूर्णिमा की कहावत चरितार्थ होती थी। उस कोक कारिका, काम-कला को विलोक कर एक पठान युवक बुरी भांति आसक्त हो गया। उसे नक्तन्दिव केवल उस रूपसी का ही ध्यान रह गया और सदैव

लेखक : श्री जे० एस० शर्मा

विक्षिप्त की भांति, मंजनू की तरह, मोची के घर के चारों ओर फिरने लगा। उसके एक

मौसी "गीहो" नामकी आंते चारित्र कारिणी चतुर चक्राट स्त्री थी; प्रत्युत् उसका कार्य ही दूतिका का था। प्रेमी प्रेमिका को मिलाना उसे लीला साध्यकार्य था, बांये हाथ का खेल था। जब उसने निज भांजे की अर्द्ध विक्षिप्त दशा देखी तब उसका हृदय द्रवीभूत हो गया और उसने उस युवक की मनोकामना पूर्ण कराने का बीड़ा उठाया। युवक मौसी के चरणों पर गिर गया।

उस समय स्त्रियां कुछ जड़ी-बूटी लिए बेचती फिरती थीं। गीहो भी एक चिकित्सका का रूप धारण कर मोची के गृह के चारों ओर घूमने लगी और शनैः शनैः उस किशोरी से वाग्विलास करने लगी। फिर उस तरुण भाँजे के चित्र इत्यादि दिखा कर तथा उसके गुणों का उल्लेख कर उस तरुणी का हृदय माकृष्ट करने लगी।

तरुणावस्था में सुख-दुख, मानापमान हानि-लाभ की कुछ चिन्ता नहीं रहती। वह मौची की किशोरी गीहो की बातों में आ गई, तथा रुग्ण होने का बहाना बना लिया।

अब क्या था ? गीहो नित्यप्रति आकर कुछ न कुछ औषधि देने लगी और एक दिन तो एक बड़ा लम्बा चौड़ा सन्दूक ले आई और बोली कि इसमें अनेक प्रकार की जड़ी-बूटी हैं जिसके सेवन से वह रोग दूर हो जाएगा।

वह सन्दूक तीन दिवस तक उस रुग्णा रूपबाला के कक्ष में रहा। मोची और मोचिन ने अब निज किशोरी की दशा में आशातीत परिवर्तन एवं स्वास्थ्य लाभ पाया और अतीव प्रसन्न हुये। उन्होंने गीहौ को अनेकों आशीषे दी तथा दिये यथाशक्ति पुरस्कार।

गीहो अब निज सन्दूक ले जाने लगी। किन्तु उसे ले जाने को उस समय कहार पूरे नहीं मिले। गीहो के सकोटि मना करने पर भी, मोची ने श्रद्धा से स्वयं कन्धा देकर उसे पहुंचाने का कार्य किया।

दुर्भाग्यवश जिस मार्ग से वे सन्दूक को लिये जा रहे थे वहां एक ऊंट बिगड़ गया। और ऊंट की डोर उस सन्दूक से जा भिड़ी। मोची घबरा कर जो आगे बढ़ा तो सन्दूक भूमि पर जा गिरा। और गिरन ही वह खुल पड़ा। तभी मनुष्यों ने क्या आश्चर्य देखा कि उस सन्दूक में जड़ी-बूटी न होकर एक प्रेतारमा निकली।

वस्तुतः उसमें से वही पठान युवक सन्दूक के गिरते ही भाग खड़ा हुआ, जिसको मोची ने पहले निज गृह के पास घूमते हुए बहुत डांटा था और फिर आने पर मार डालने तक की धमकी दी थी।

मोची गोहो की दुष्टता समझ गया। वह उसे मारने भागा। किन्तु वह वहाँ से पूर्व ही चम्पत हो गई थी। यह चर्चा तुरन्त ही समग्र नगर में रूई की भांति धुन गई और उस दिन से उस दरवाजे का नाम मोची दरवाजा पड़ गया।

क्रीड़ा क्षेत्रः-



अखिल भारतीय पुलिस खेलों में के० रि० पु० दल विजयी

केन्द्रीय रि० पु० दल कुछ दिन पूर्व जालं धर में खेले गए अखिल भारतीय पुलिस खेलों में निरन्तर चौथी बार विजयी रहा। अन्तिम विश्लेषण में, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ने तुलना में 281 अंकों से विजय प्राप्त की। 263 अंक प्राप्त कर सीमा सुरक्षा दल का द्वितीय स्थान रहा। इस बार केवल 18 अंकों से के० रि० पु. दल जीता, जबकि विगत वर्ष के० रि० पु० दल ने सीमा सुरक्षा को 129 अंकों से पराजित कर भव्य विजय प्राप्त की थी। इस भांति के० रि० पु० दल की प्रतिष्ठा को अखिल भारतीय पुलिस खेलों में इस वर्ष महान चुनौती का सामना करना पड़ा है। आशा है कि और कठोर प्रशिक्षण द्वारा के० रि० पु० दल आगामी वर्षों में प्रजेता बना रहेगा।

प्रत्येक के व्यक्तिगत 36 अंक पाने पर, जमा० हरीचन्द (के० रि. पु.) तथा इन्सपेक्टर अजायब सिंह (सी० सु० दल) दोनों सर्वश्रेष्ठ एथ्लीट माने गये। दोनों को गृह मंत्री का पदक प्राप्त हुआ।

रतन नगर वालीबाल टूर्नामेंट में के० रि० पु० दल की विजय

कुछ दिन पूर्व रतन नगर (राजस्थान) में खेले गए अखिल भारतीय वालीबाल टूर्नामेंट में के० रि०प० दल की केन्द्रीय वालीबाल टीम में विजय किरीट धारण किया। अन्तिम खेल में उसने हरियाणा राज्य को पाँच खेलों में 15-11, 12-15, 15-7, 13-15 तथा 15-6 से हराया।

हे० कां० सी० जे० कुरयान टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी निर्णीत हुआ तथा उसे एक विशिष्ट पदक प्रदान किया गया।

के० रि० पु० दल के वार्षिकोत्सब खेलों में पोल वाल्ट पर सक्रिय हे० कां० वाल गोपालन (हैदराबाद)

क्रीड़ा क्षेत्र

पश्चिमी क्षेत्र में टूर्नामेण्ट

दिनांक 23 से 30 दिसम्बर 1974 को मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा आयोजित 24वें अखिल भारतीय खेल के पश्चिमी क्षेत्र के टूर्नामेंट भोपाल में खेले गये। भाग लेने वाले ये राज्य तथा संगठन थे :-- गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान, के० रि० पु० दल, भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस, एस० वी० पी० एन० पी० अकादमी माउण्ट आबू।

बास्केट बाल :--क्षेत्र की भाग लेने वाली सभी टीमों में के० रि० पु० दल की बास्केट बाल टीम सर्वोत्कृष्ट बनी रही। राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश तथा भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस के विरुद्ध सभी मैचों में वह विजयी रही।

वाली बाल :-इस प्रतियोगिता में के० रि० पु० दल, मारतीय तिब्बत सीमा पुलिस तथा मध्यप्रदेश ने छः छः अंक प्राप्त किये। पुनः खेलने पर भी निश्चित स्थिति नहीं उभरी तथा संयोजन समिति ने मध्य प्रदेश तथा भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस को संयुक्त विजेता तथा के० रि० पु० दल को द्वितीय स्थान पर घोषित किया। एतद्विषयक एक प्रतिवेदन याचिका के० रि० पु० दल द्वारा दी गई है जो विचाराधीन है।

कबड्डी -टुर्नामेंट में समस्त भाग लेने बाली टीमों को पराजित कर के० रि० पु० दल की टीम ने उत्तम खेल का प्रदर्शन किया। के० रि० पु० दल ने महाराष्ट्र (38-21), भारतीय सीमा पुलिस (51-15), मध्यप्रदेश (29-12), राजस्थान (23-21) तथा गुजरात (49-26) को परास्त किया।

जिम्नास्टिक :-सदा की भांति, के० रि० पु० दल तथा महाराष्ट्र में प्रतिद्वन्द्विता रही। हमने अधिक प्रशस्त रूप से चैम्पियन शिप जीती और पुलिस बलों के लिये महता प्राप्त की। महाराष्ट्र के 347.26 अंकों के विरुद्ध हमने 512.90 अंक प्राप्त किये। सभी व्यक्तिगत चैम्पियनशिप में हमने समस्त तीनों प्रथम पद पाये।

दंगल :-प्रल्ल-युद्ध-प्रतियोगिता मुख्यतः के० रि० पु० दल, मध्यप्रदेश तथा महाराष्ट्र के मध्य रही, यद्यपि राजस्थान ने भी कई भारों में भाग लिया। के० रि० पु० दल ने दस में आठ भार जीते। केवल फेदर तथा लाईट भार अपवाद रहे।

हाकी :--एक विवादग्रस्त गोल के कारण के० रि० पु० दल, मध्य प्रदेश पुलिस से प्रथम मैच हारी। दूसरी मैच में अत्यन्त कठिन संघर्ष के पश्चात् के० रि० पु० दल महाराष्ट्र से 1-0 से जीती। तीसरी मैच में तो सरलता-पूर्वक राजस्थान को 6-0 से हमने हराया। चौथी मैच एस० बी० पी० एन० पी० अकादमी, माउन्ट आबू से खेली गई तथा 3-0 से उसे परास्त किया। अन्तिम मंच गुजरात के विरुद्ध खेली और हमने दो गोलों से उसको जीता। मध्यप्रदेश से हम टूर्नामेंट में हारे।

फुटबाल :--प्रथम मैच में महाराष्ट्र से के० रि० पु० दल 1-0 से पराजित हुआ। अन्य मैचों में जीतते हुए भी, यह मैच निर्णायक सिद्ध हुई। वैसे राजस्थान को 2-0 से, गुजरात 10-0 से तथा मध्यप्रदेश को 16-0 से के० रि० पु० दल ने परास्त किया। परन्तु दुर्भाग्यवश महाराष्ट्र से हम हार गये।

के० रि० पु० दल का विभिन्न फुटबाल टूर्नामण्टों में भाग-ग्रहण

अखिल भारतीय ट्राफी, गोंडिया : अन्तिम (फाइनल) मैच में के० रि० पु० दल केवल एक गोल से ई० एम० ई० सिकन्दराबाद से अखिल भारतीय हाकी ट्राफी में पराजित हुआ। यद्यपि ई० एम० ई० उत्कृष्ट टीम थी तथापि हमारे खिलाड़ी उत्तम खेले। टूर्नामैंट समिति ने जमा० केनेथ डेसेना, लां० ना० टी० बी० राई तथा सूबेदार बी० पी० वड्थ्वाल को स्वर्णपदक प्रदान किये और जमा० निर्मल सिंह को 151 रु० तथा है० कां० मौहिन्द्र कुमार घेई को 51 रु. से पुरस्कृत किया।

अखिल भारतीय रोबर्स कप नागपुर :-अन्तिम (फाइनल) मैच में, के० रि० पु० दल ने रोबर्स कप में भारतीय वायुसेना दिल्ली को 2-0 से सरलतापूर्वक हराया।

आंखेल इन्वीटेशन फुटबाल टूर्नामेंट (बिजनौर) उ० प्र० :-हमारे खिलाड़ियों ने प्रत्युत्तम खेल का प्रदर्शन किया तथा वे सर्व प्रशस्त हुए। किन्तु सीमा सुरक्षा दल से दो गोलों से परास्त हुए।



पश्चिमी क्षेत्र में के० रि० पु० दल की कबड्डी टीम

कल्याण-साहाय्य का अनुमाप

दिनांक 4 दिसम्बर 74 वाली के० रि० पु० दल की कल्याण तथा हितकारी निधियों तथा छात्रवृत्ति योजना की केन्द्रीय समिति की बैठक में मृत्यु, असमर्थकरण इत्यादि के विषयों में साहाय्य के अनुमाप निर्धारित किए गए। यह भी निर्णय हुआ कि भविष्य में मृत्यु विषयक याचिकाओं पर विहित सिद्धान्तों तथा अनुमापों के अनुसार क्षेत्रीय महानिरीक्षकों द्वारा सहायता प्रदान की जायेगी। इन श्रेणियों के अतिरिक्त, याचि काओं पर तथा आपवादिक एबं आपातिक प्रकरणों में महानिदेशालय निर्णय ले सकता है।

4 दिसम्बर 74 से लाभों के नये अनु माप इस प्रकार होंगे :-

1. केन्द्रीय सरकार, वित्त मन्त्रालय पत्र संख्या एफ-I (I)-ई- VI (बी)/72 दिनांक 1-4-72 के अन्तहित प्रकरणों में 2,500 रुपये का एक एकमुष्टि अनुदान।

2. उक्त पत्र के अन्तर्गत प्रकरणों के अतिरिक्त शत्रु विद्रोही कृत्यों से, सशस्त्र तस्कर व्यापारियों, डाकुओं, अन्तर सीमा अपराधियों, उपद्रवियों तथा अन्य लोक कण्टकों द्वारा आन्तरिक सुरक्षा करते हुए मृत्यु होने पर 2,500 रुपये का एकमुष्टि अनुदान तथा प्रत्येक एकान्तरीय मास में 150 रुपये की वित्तीय सहायता दस वर्ष की अवधि तक।

3. कर्त्तव्यरत अवस्था में हिमधावों से बहे जाने पर, उच्च क्षेत्रों पर अनावरण के कारण कर्त्तव्य रूप में जलपार करते समय डूबने पर ,शत्रु द्वारा अथवा सहसा खान में विस्फोट/स्खलन से आहत होकर, निज सह योगियों से विक्षत होने पर, तडित्पात से, मोटर दुर्घटनाओं में, सर्पदंश से निधन होने पर अथवा जहां शासी निकाय उचित समझे 2,500 रुपये का एक मुष्टि अनुदान था दस वर्ष की अवधि तक प्रत्येक एकान्तरीय मास मे 100 रुपये की वित्तीय सहायता।

4. सेवारत किसी व्यक्ति के सामान्य निधन पर अथवा आत्महत्या में 2500 रुपये का एक मुष्टि अनुदान।

5. कर्त्तव्यरत अस्वथा में शत्रु-विद्रोही, तस्कर व्यापारी, डाकू, अंतरसीमा-अपराधी, उपद्रवी तथा लोक कण्टकों के विरुद्ध आन्तरिक सुरक्षा करते हुए असमर्थकरण में 2,500 रुपये का एकमुष्टि अनुदान तथा दस वर्ष की अवधि तक एकान्तरीय मास में 50 रुपये का वित्तीय साहाय्य।

6 उपरिलिखित (2) में वर्णित प्रक-रणों में असमर्थकरण होने पर 2,500 रुपये का एकमुष्टि अनुदान तथा दस वर्ष की अवधि तक प्रत्येक एकान्तरीय मास में 50 रुपये का वित्तीय साहाय्य।

7. सामान्य सेवा करते हुए चोटों तथा क्षेत्रीय स्तिथियों के कारण अथवा सेवा क्षेत्र की स्तिथियों से रोग बढ़ने पर असमर्थकरण में 1,500 रुपये का एक मुष्टि अनुदान तथा दस वर्ष की अवधि तक प्रत्येक एकान्तरीय मास में 50 रुपये की वित्तीय सहायता।

ग्रुपकेन्द्र गोहाटी


दिनांक 1 मार्च 1975 को गोहाटी में एक ग्रुप केन्द्र का उद्घाटन हुआ है। इस केन्द्र से 49, 53, 59 और 60 बटालियन संलग्न रहेगी। इस संलग्नता से इन बटालियनों के मुख्यालय भी उसी दिनांक से गोहाटी हो गये हैं।

वन्य प्राणियों का परि-रक्षण

सब कमाण्डरों तथा प्रशिक्षण प्रति-प्ठानों के प्रिसिंपलों के नाम एक परि-पत्र में, महानिदेशक के० रि० प० दल ने वन्य जीवों तथा वनसम्पदा के परिरक्षण पर बल दिया है। उन्होंने यह अभिव्यक्त किया है कि आखेट नियमों के विरुद्ध जवानों द्वारा प्राणी तथा पादप जाति को अन्धाधुन्ध नष्ट करने की रिपोर्ट पाने पर वे गम्भीर कार्य वाही करें।

के० रि० पु० दल की अकादमी

भारत सरकार ने माउन्ट आबू पर के० रि० पु० दल की एक अकादमी की संस्थापना की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस अकादमी में दल के राजपत्रित अधिकारी प्रशिक्षण प्राप्त किया करेंगे। राजपत्रित अधिकारियों के प्रशिक्षण के अतिरिक्त केन्द्रीय प्रशिक्षण कालेज I नीमच अन्य सब कार्य-प्रभार पूर्ववत् निर्वाहित करता रहेगा।



पश्चिमी क्षेत्र टूर्नामेण्ट में के० रि० पु० दल की जिमनास्टिक टीम

यह भी खूब रही

ब्रिटेन के युवराज चार्ल्स ने 21 फरवरी 75 को जब लाल किले दिल्ली की एक दुकान पर घाघरे देखे तब सहज स्वभाव से बोले, "ये स्कर्ट तो बहुत लम्बी स्त्रियों की होंगी।"

1921 के असहयोग आन्दोलन में महिलाओं द्वारा अंगूठियां, बालियां आदि आभूषणों के दान से ओत-प्रोत हो शब्द का बिना सही प्रयोग जाने गांधी जी सहसा कह उठे, "मैं इन बहिनों पर आशिक हो गया हूं।"

कनकटे डाक्टर को चिढ़ाते हुए वकील ने कहा “हैलो कनकटे डाक्टर ।” डाक्टर ने तपाक से कहा “फरमाइये न कटे वकील।”

सरकारी नौकरों की दो स्त्रियां लड़ पड़ीं। एक अनपढ़ चिढ़कर बोली “तेरा पति तो ती ली ली है, और मेरा परमानन्द” जबकि उसका मन्तव्य टैम्पोरेरी (अस्थायी) और परमानेन्ट (स्थायी) से था।

कृषि अध्यापक “बताओ राम, गर्मी में क्या-क्या चीजें अधिक पैदा होती हैं ।” राम “श्रीमान्, मक्खी, खटमल, लू, पसीना।”

कलैण्डर दिखा छोटी मुन्नी ने अपनी नर्स बहिन से पूछा “दीदी, यह ड्राइक्ली कौन सी नर्स होती है ?” बहन ने देखा तो ड्राईक्लीनर्स का कलैण्डर था।

छोटी बच्ची “ममी जब आप मिस्र में सुरक्षित शवों को ममी बताती हैं तब आप स्वयं को ममी क्यों बतलाती हैं।”

सिपाही “अबे, यह हाथ साफ करना किससे सीखा है ?”
जेबकतरा “अपनी श्रीमती जी से ।”

अध्यापक “यदि एक महिला एक काम को दो घंटे में करती है तब दो महिलायें कितने समय में ?”
छात्र “चार घंटे में” (रुक कर) “उन्हें बाते जो करनी हुई।”

हैदराबाद बेस अस्पताल

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने मद्रास के स्थान हैदराबाद में 78 शय्या की बेस अस्पताल बनाने की तथा मद्रास में हैदराबाद के स्थान पर 40 शय्या का अस्पताल बनाने की अनुमति प्रदान कर दी है।

दिन का नाम कैसे ज्ञात करें :

ले० लांस नायक पी० एन० उपाध्याय

दिनांक, मास और सन् की जानकारी होने पर दिन का नाम जानने का नियम :--

इस नियम को जानने से पहले यह जरूरी है कि आप वर्ष के बारहों मास के सामने का निम्नलिखित अंक याद कर लें, ताकि उस माह की जगह आप उसी अंक को जोड़कर दिन के नाम की जानकारी कीजियेगा।

जनवरी, अक्टूबर ... 1 (एक)

मई ... 2 (दो)

अगस्त ... 3 (तीन)

फरवरी, मार्च व नवम्बर ... 4 (चार)

जून, ... 5 (पांच)

सितम्बर व दिसम्बर ... 6 (छः)

अप्रैल व जुलाई .... 0 (शून्य)

आप यह याद कर लेते हैं तो अब आप आसानी से निम्नलिखित नियम के माध्यम से दिन का नाम निकाल सकते हैं।

दिन का नाम :—सन् का नाम (यानी सन् का सिर्फ दहाई तक के अंक जैसे 1975 की जगह सिर्फ 75 को ही लेंगे)+सन् का चौथाई भाग का सिर्फ पूर्ण अंक (यानी 74 का चौथाई 18-1/2 हुआ, लेकिन 18 ही पूर्ण अंक है, इसलिये 18 ही लेंगे)+दिनांक का अंक+मास के सामने जो उपर्युक्त अंक दिये हुये हैं, उस मास की जगह उस अंक को जोड़ देंगे। जब हम इन चार अंकों को जोड़ देते हैं तो योगफल को 7 से भाग देंगे। (सात से इसलिए भाग देते हैं कि सात दिन का ही एक सप्ताह होता है) इसके बाद शेष के अनुसार दिन का नाम जान लेंगे।

अर्थात् शेष निम्न प्रकार होने से निम्नलिखित दिन होंगे:

जब शेष :--

एक हो तो ..... रविवार

दो हो तो ..... सोमवार

तीन हो तो ..... मंगलवार

चार हो तो ..... बुद्धवार

पांच हो तो ..... वृहस्पति

छः हो तो ..... शुक्रवार

शून्य हो तो ..... शनिवार

उदाहरण :--

8 जनवरी 1975 को कौन दिन था?

दिन का नाम= (सन्+सन् का 1/4 + दिनांक+मास के सामने का अंक)÷7

=(75+18+8+1)÷ 7

=102 ÷ 7

=14-4/7 (यानी 4 शेष बचा) तो बुद्धवार होगा।

नोट :--यदि फरवरी 29 दिन का महीना हो तो फरवरी के सामने के अंक 4 के बजाय 3 ही जोड़ें बाकी सब वैसा ही रहेगा।

केन्द्रीय स्कूलों में दल की प्रविष्टि

दिनांक 26 जून 1974 को अपनी बैठक में केन्द्रीय विद्यालय संगठन के प्रशासक परिषद ने निर्णय किया है कि के० रि० पु० दल के जवानों को केन्द्रीय स्कूलों में प्रवेश के विषय में बरीयता दी जायेगी। एतदर्थ, केन्द्रीय विद्यालयों की शिक्षा सन्हिता की 89 धारा के अन्तर्गत स्थान्तरणीय सैनिक जवानों के साथ के० रि० पु० दल के जवानों को श्रेणी-2 में रखा गया है।

कथ्यतथ्य: 7 बटालियन के० रि० पु० दल का इतिहास

सन् 1958 में के० रि० पु० दल को छः और बटालियनों को स्थापित करने तथा प्रशिक्षित करने के आदेश हुये । जम्मू तथा कश्मीर राज्य तथा पूर्वी क्षेत्र में राजनीतिक विप्लवों के कारण देश के इन्हीं भागों में अधिकांश बटालियनें प्रविसस्तारित थीं। कठिनता से कोई बटालियन ऐसी बची होगी जो आन्तरिक सुरक्षा में नहीं प्रयुक्त हुई । केन्द्रीय सरकार ने तभी और बटालियनें निर्मित करने की आवश्यकता का अनुभव किया। नीमच में 17 सितम्बर 1959 को 7 बटालियन के निर्माण का इसी को श्रेय है।

ले० कर्नल के० एस० रावत को इस बटालियन को खड़ा करने का भार सौंपा गया। प्रारम्भ में, श्री आर० एन० सिंह डीबाई एस० पी० क्वार्टर मास्टर (कर्णपाल) के रूप में नियुक्त हुए। तथा बाद को श्री आर० गोबिन्द ले० कर्नल राबत के उपसमादेष्ट के रूप वहां आये । 10 मास के प्रशिक्षण के अनन्तर, बटालियन का मुख्यालय रामपुर को चला गया।

निम्नलिखित 8 अधिकारीगण इस बटालियन के अद्यावधि कमांडेंट (समादेष्टा) रहे : —

(1) ले० क० के० एस० रावत 17-8-59 से 31-3-64 तक

(2) श्री जे० पी० बाजपेई आई० पी० एस० 10-4-64 से 30-12-64 तक

(3) श्री इ० एच० एम० डॉवेड आई० पी० एस० 31-12-64 से 27-3-67 तक
(4) श्री बी० के० त्रिपाठी आई० पी० एस० 1-6-67 से 31-7-68 तक
(5) ले० क० एस० एम. तिवारी 10-12-68 से 18-9-69 तक
(6) श्री जी० एन० नागाप्पा 15-10-69 से 28-2-71 तक
(7) श्री एस० ए० तौफीक 13-6-72 से 6-10-74 तक
(8) श्री डी० के० सूरी 6-10-74 से अब तक।

इस बटालियन में भर्ती उत्तर प्रदेश के पूर्व, गढवाल, पंजाब, हरियाणा तथा भूतपूर्व सैनिकों से की गई।

विकास तथा मुख्य परिचालन :—

(1) दिल्ली---1960 में केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों की हड़ताल की धमकी के कारण, इस बटालियन की एक टुकड़ी दिल्ली को कानून तथा व्यवस्था के लिये भेजी गई । निज कर्त्तव्यपालन से स्थानीय प्राधिकारियों की पूर्ण सन्तुष्टि की।

(2) नागालैंड--दिल्ली में न्याय तथा व्यवस्था के कर्त्तव्य निर्वाहन के उपरान्त, यह टुकड़ी नागालैंड को भेजी गई तथा भूमिगत नागाओं की गतिविधियां तीव्र होने के कारण इस बटालियन का मुख्यालय चकवासा बनाया गया। यह बटालियन तीन वर्ष तक नागालैंड में रही। उस उपस्थिति में जापानी रायफलों के साथ गोलाबारूद के संग, इसने अनेक विद्रोहियों को बन्दी बनाया। 4 जून 1964 को नागा विद्रोहियों से एक अधीन अधिकारी एवं 30 जवानों के साथ जी० एस० भास्करन के नेतृत्व में एक प्रहरी टुकड़ी की मुठभेड़ हुई। इसके अनन्तर, एक (.303 रायफल, एक स्टेनगन, पांच संगीने, तीन मियाने, दो स्टेन मैगजीन, पांच ब्रेन मैगजीन, एक अतिरिक्त बैरल तथा बारूद, वस्त्र एवं अन्य वस्तुओं की अमित राशि प्राप्त हुई। ऐसी सूचना भी मिली कि वह विद्रोही विक्षत हुए परन्तु ठीक-ठीक संख्या का पता नहीं चल पाया। के० रि० पु० दल के किसी जवान को कोई क्षति नहीं पहुंची।

(3) असम---बटालियन में चार कम्पनियां थीं, किन्तु 1964 में दो अन्य कम्पनियां बनाई गई । असम में न्याय तथा व्यवस्था की सहसा बिगड़ती हुई स्थिति से सुलझने को समस्त छै कम्पनियां नागालैंड से असम राज्य में, 1964 में भेजी गई। इस बटालियन ने मार्मिक क्षेत्रों की संरक्षा तथा अवैध जमघटों को छिन्न भिन्न करने का कार्यभार संभाला जिससे स्थानीय प्राधिकारी पूर्ण सन्तुष्ट हुए।

(4) पश्चिमी बंगाल (कूच बिहार) जम्मू तथा कश्मीर एवं हरियाणा ---असम की स्थिति सुधरने पर 'बी' तथा 'डी' कम्पनियां फरवरी तथा मार्च 1965 में क्रमशः पश्चिमी बंगाल (कूच बिहार) भेजी गई । अगस्त 1965 में ये कम्पनियां कूच बिहार से जम्मू तथा कश्मीर भेजी गई । दिसम्बर 1966 में 'बी' कम्पनी हरियाणा भेजी गई और वह वहां जनवरी 1967 तक रही। इसी समय 'डी' कम्पनी पंजाब गई तथा पटियाला में दिसम्बर 1966 से जनवरी 1967 तक रही। 7 जनबरी 1967 को यह कम्पनी बटालियन के मुख्यालय लौट गई। न्याय तथा व्यवस्था के कार्यभार निभाकर ये दोनों कम्पनियां प्रमुख टुकड़ी से सम्मिलित होने को असम लौटीं । जनवरी 1969 तक यह

बटालियन वहीं रहीं।

(5) आंध्र प्रदेश--असम में कार्यभार पूर्ण करके, समग्र छै कम्पनियां खय्याम तथा बारंगल के जिलों में नक्सलवादियों के विरुद्ध अभियान चलाने आंध्र प्रदेश में भेजी गई। ये सब उस अभियान में अन्तर्ग्रस्त हुई जिसे नक्सलपंथियों के विरुद्ध सबसे प्रभावी संक्रिया समझी गई। 31 मई 1969 की रात्रि में 2 बजे एक कम्पनी की दो टुकड़ियों की खोज करती हई ममीलाबाई के बनों में नक्सलवादियों से मुठभेड़ हुई। तीस मिनट तक दोनों ओर से गोलियों का आदान-प्रदान हुआ । नक्सलपंथी भागते हुए दो मृत शरीर 1 डी० बी० वी० एल० गन, एक एस० बी० एल० वी० गन, बारूद के साथ छोड़ गये । 4 अगस्त 1969 के सायं 5 बजे मुलुग क्षेत्र को वे दोनों टुकड़ियां गई तथा एक नक्सलपंथी शिविर पर छापा मारा । दूसरे दिन प्रातः 6-30 बजे एक नक्सलपंथी आहत हुआ किन्तु अन्य सहयोगियों के साथ बच भागने में सफल हुआ । तद्यपि एक •303 रायफल, एक एस० बी० एम० एल० गन, तथा 12 बोर के कारतूसों की बड़ी संख्या पाया गया, ने खय्याम तथा बारंगल के जिलों में जहां 'सी', 'डी' तथा 'ई' कम्पनियाँ प्रविस्तारित थीं निम्नलिखित बारूद के साथ दस उग्रपंथी पकड़े गये :--

25 एम० एल० गनें, 25 देशी बम, एक •303 रायफल, 52 गोले, 3 तलवार तथा 3 चाकू । निम्न घटनायें भी उल्लेखनीय हैं:—

(क) 11 जून 1970 को 'ई' कम्पनी की प्रहरी टुकड़ी ने दो देशी बम, बी० एल. बारूद के 16 कारतूस तथा माओ साहित्य के साथ एक नक्सलपंथी नेता के० पंडू कंगाराब उपनाम शूरी को बन्दी बनाया।

(ख) 21 मई 1972 को प्रातः 5 बजे 'बी' कम्पनी की एक टुकड़ी की नक्सलपंथिपों से मुठभेड़ हुई तथा गोलियों के आदान-प्रदान में दो उग्रवादी मारे गये तथा 12 गोलों के साथ एक विदेशी रायफल तथा 12 बोर कारतूसों के साथ एक एस. बी० एम० एल० गन प्राप्त हुई।

(ग) 25 मई 1975 को 3 बजे अपराह्न 'एफ' कम्पनी को प्रहरी टुकड़ी की नक्सलपंथियों से एक मुठभेड़ हुई तथा गोली के आदान-प्रदान से एक उग्रपंथी खेत रहा तथा एक एस० बी० एम० एल० गन प्राप्त हुई।

(6) बम्बई तथा दिल्ली :--आंध्र प्रदेश में नक्सलपंथी उन्मूलन अभियानों के उपरान्त, वह बटालियन न्याय तथा व्यवस्था कार्य एवं खाद्य उपद्रवों के लिये 1973 के अप्रैल मास मे बम्बई गई तथा अन्त में कानून एवं व्यवस्था के लिए राजधानी आई जहां वह अब भी एतदर्थ सेवारत है।

मान--जमा० एम. सी. सोम ने पुलिस शौर्य पदक अर्जित किया।

क्रीड़ा कार्य—यद्यपि यह बटालियन नागालैंड तथा असम के युद्धक्षेत्रों में तथा आंध्र प्रदेश के नक्सलवादी क्षेत्र में निरन्तर प्रविस्तारित रही, तद्यपि इसने कतिपय एथ्लीट एवं खिलाड़ी भी दल को प्रदान किये हैं।

के० रि० पु० दल द्वारा कुंये में डूबी दो तरुणियों का

जीवन-परित्राण

दिनांक 18 दिसम्बर 1974 को 18 वर्षीय टी उदिया तथा षोडस वर्षीय टी पदमा मारकोड ग्राम (आन्ध्र प्रदेश) में एक कुएं के ऊपर रखे लट्ठे पर पैर रखकर जल भर रही थीं। सहसा लट्ठा टूटा और दोनों तरुणियें चीत्कार करती कुएं में जा गिरी। वहां से सौ मीटर की दूरी पर 45 बटालियन के० रि० पु० दल की चौकी पर नियुक्त प्रहरी कांस्टेबिल मानपाल सिंह ने यह देख सीटी बजाई तथा उच्च स्वर से सारी घटना को बतलाया। चौकी कमाण्डर जमा० प्रीतम सिंह तुरन्त जवानों की एक टुकड़ी ले आया। भारी संख्या में ग्रामीण भी वहां एकत्र हो गए; किन्तु वे निपट असहाय थे। इधर दोनों युवतियों कुएं में पड़ी मृत्यु की घड़ियां गिन रही थीं।

चौकी कमाण्डर से आदेश पाते ही कां० रघुनाथसिंह अपने प्राणों की नितान्त चिन्ता नहीं करते हुए कुएं में कूद पड़ा। उसने कुमारी उदिया को पकड़ कर जलतल से ऊपर उठा लिया । तभी ऊपर खड़े व्यक्तियों ने तीन रस्सियां कुएं में डाल दीं। कां. रघुनाथ सिंह ने कु० उदिया को रस्सी पकड़ने में सहयोग दिया। उसने रस्सी पकड़ ली तथा बाहर खड़े पुरुषों ने धीरे-धीरे रस्सी द्वारा उसे ऊपर चढ़ा लिया।

इसी समय कां० रघुनाथसिंह ने दो बार गोते लगाये, परन्तु दूसरी किशोरी को कहीं नहीं पाया। तीसरी डुबकी में वह उसे कुयें की तली से खींच लाया और रस्सी से बांध दिया। ऊपर खड़े व्यक्तियों ने उसे खींच कर कुएं से निकाल लिया। कां० रघुनाथ सिंह भी बाहर आ गया।

उचित प्राथमिक चिकित्सा द्वारा उन तरुणियों को पुनः चेतना आ गई । सब ने कां० रघुनाथसिंह को भूरि-भूरि प्रशंसा की।

ग्रुप केन्द्र-दीमापुर

गृह मंत्रालय ने बंगलौर ग्रुप केन्द्र के स्थान पर दीमापुर (नागालैंड) में 2 बटालियनों के एक ग्रुप केन्द्र निर्मित करने की अनुमति दे दी है । के० रि० पु० दल के ग्रुप केन्द्रों की कुल संख्या में कोई अभिवृद्धि नहीं हुई है।

मिजोराम में अभिनव रेंज

केन्द्रीय सरकार ने एजल पर मुख्यालय के सहित मिजोराम में एक अभिनव रेंज की स्वीकृति दी है। श्री राज सिंह जो अभी तक अजमेर ग्रुप केन्द्र के कमाण्डैण्ट थे इस नूतन रेंज के उपमहानिरीक्षक पदोन्नति द्वारा नियुक्त हुए हैं।

विगत जनवरी में मिजोराम में स्थित बटालियनों ने 17 एम० एन० एफ० (मिजोराम राष्ट्रीय मोर्चा) विद्रोही बन्दी बनाये तथा बारूद की 125 गोलियां प्राप्त की। महानिदेशक ने उन सब को और मुख्यकर के 23 बटालियन को बधाई दी है,

जिसको 16 विद्रोहियों को बन्दी बनाने तथा पुष्कल मात्रा में गोला बारूद प्राप्त करने का श्रेय है। उपमहानिरीक्षक के० रि० पु० दल मिजोराम के निजी पर्यवेक्षण में दिनांक 28 जनवरी 1975 को के० रि० पु० दल तथा सीमा सुरक्षा दल के संयुक्त छापे में एक पापसंकल्प स्वघोषित मेजर कपच्युआंगा को एजल मे बन्दी बनाने के उपलक्ष्य में प्रशंसा की। महानिदेशक ने 55 बटालियन के अधिकारी तथा जवानों के उत्तम कार्य करने की सराहना की। यह निकृतप्रज्ञ विद्रोही एजल नगर में अनेकों आतङ्ककारी दुष्कृत्यों का उत्तरदायी था तथा 13 जनवरी 75 वाले तीन पुलिस अधिकारियों के हत्याकाण्ड में उसका अत्याधिक योगदान समझा जाता है।

इसी प्रकार एक संक्रिया में 23 बटालियन के० रि० पु० दल की एक प्रहरी टुकड़ी ने एक संशयित व्यक्ति को बन्दी बनाया जो स्वघोषित कप्तान जाकिमा समझा जाता है। उन तीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की हत्या में उसका भी अच्छा हाथ दीखता है।

गौरव गाथा

(क) गुणोंत्कृष्ट सेवा पदक :--

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के इन अधिकारियों को 1975 के गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष्य में उनकी गुणोत्कृट सेवानों के निमित्त पदक प्रदान किये गये।

ले० कर्नल टी० डी० राधाकृष्णन, प्रिंसीपल (रं० प्र० के० II), सर्वश्री सी० सी० पुनाचा, उपाधीक्षक (57 बटा०), महानसिंह उपाधीक्षक (सिगनल ग्रुप केन्द्र) तथा सरदारसिंह उपाधीक्षक (32 बटा०), सूबेदार मेजर राज केसरसिंह (1 बटा०) और गोपालसिंह (2 बटा०) सूबेदार-गण पोखरसिंह (रं० प्र० के० I) बलबीरसिंह (महानिदेशालय) तथा गुरबचन सिंह (45 बटा०) जमादार-गण घनश्याम सिंह (49 बटा०) बिशम्बर दयाल (53 बटा०) तथा राम कुमारसिंह (49 बटा०) है० कान्स्टेबिल-गण प्रह्लादसिंह (18 बटा०), तेहलसिंह (ग्रु० के ० जम्मू) तथा शंकर राव निक्कर (57 बटा०) ला० नायक बिक्कर सिंह (52 बटा०) एवं कांस्टेबिल इन्द्रसिंह (2 बटा०)।

के रि० पु० दल बचत भावना को प्रोत्साहन

महानिदेशक ने के० रि० पु० दल के अधिकारियों को निदेश दिये हैं कि तृतीय वेतन आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप वेतन की अवशिष्ट राशि को जवान व्यर्थ नष्ट नहीं करें। प्रत्युत् उन्होंने यह सुझाव दिया है कि इस राशि में से यथाशक्य अधिक से अधिक बचाने को उन्हें प्रोत्साहित किया जाये।

इस अभ्यर्थना के प्रतिचार में, ग्रुप केन्द्र दिल्ली ने सूचित किया है कि लगभग दो लाख रुपये की प्राप्ति अवशिष्ट राशि में से जवानों ने 60,000 रु० सावधि निक्षेप

(फिक्स्ड डिपोजिट) में जमा कराये हैं। महानिदेशक महोदय ने इस प्रयास की प्रशंसा की है । तथा अन्यों को इसका अनुकरण करने के लिए प्रेरणा दी है।

(ख) शौर्य पदक :—

17 मार्च 1974 को बड़ा बाजार क्षेत्र में मिजोराम पुलिस के 6 कर्मचारियों के एक दल ने एक व्यक्ति को बन्दूक दिखाकर एक स्थानीय व्यक्ति से रुपये छीनते देखा। ललकारे जाने पर, अभियुक्त चिल्लाया कि उसके पास हथियार हैं और उसे कोई भी बन्दी नहीं बना सकता। अपनी रिबाल्बर निकालकर उसने दो गोलियां भी कांस्टेबिल वालयनरूपा पर चलाईं; किन्तु दोनों बार वह विफल मनोरथ रहा । कां० बैलियनरुपा ने अपराधी को पकड़ लिया परन्तु वह भाग निकलने में सफल हुआ।

यह देख कर के० रि० पु० दल के कान्स्टेबिल रुदलसिंह ने अपराधी को सशस्त्र होते हुए भी काबू में कर लिया तथा ·455 मार्क VI वाली रिवाल्वर अपराधी से प्राप्त की। कां० रुदलसिंह ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की नितान्त चिन्ता नहीं करते हुए शस्त्रसज्जित अपराधी को बन्दी बनाने में अनुकरणीय साहस तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया। फलस्वरूप उस कान्स्टेबिल को पुलिस शौर्य पदक प्रदान किया गया।



शोर्य पदक विजेता श्री एम. एस. सन्धू 36 बटालियन

के० रि० पु० दल के जवानों द्वारा पटसन गोदामों का निस्तारण

दिनांक 16 सितम्बर 1974 को रात्रि के 3-55 बजे जमा० बलबीर सिंह पलटन कमाण्डर 'एफ' कम्पनी 25 बटालियन को बी० डी० ओ० (क्षेत्र विकास अधिकारी) फोर्वेसगंज से यह सूचना प्राप्त हुई कि फोर्वेसगंज के मुहल्ला चौपट्टी में आग लग गई है। 5 मिनट में 19 जवानों के साथ जमा० बलबीर सिंह घटनास्थल पर जा पहुंचा । उसने वहां देखा कि पटसन के एक गोदाम में आग लगी है तथा उसकी छत जल चुकी है। अपने जीवन की चिंता न करते हुए जवानों ने छत से लट्ठे नीचे खींच डाले तथा गोदाम से पटसन निकाल फेंकी। यह संक्रिया चार घंटे चली। फलस्वरूप पटसन 40% वच गया।

संयोग से, निकट में एक सरकारी गोदाम था जिसमें अनाज के 400 बोरे रखे थे तथा उस गोदाम के एक भाग में भी आग लग गई। जवानों ने इस अग्नि का केवल शमन ही नहीं किया, किन्तु इस गोदाम पर और अग्नि फैलने से भी रोका। लगभग 70,000 रुपये की क्षति से राज्य सरकार को बचाने में जबानों की सामयिक कार्यवाही ने योगदान दिया।

सर्वप्रथम संयोधित(कम्बैटाईज्ड)महिला डाक्टर

के० रि० पु० दल में डाक्टरों के संयोधीकरण के निर्णय के अनुसार केन्द्रीय प्रशिक्षण कालेज I नीमच ने डाक्टरों को आधारभूत प्रशिक्षण देना प्रारंभ कर दिया है । प्रथम पाठ्यक्रम 13 दिसम्बर 74 से 10 जनवरी 75 तक चला । 15 चिकित्सकों ने उस पाठ्यचर्या में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

डा० (श्रीमती) सीता लक्ष्मी जिनका छायाचित्र सम्मुख पृष्ठ पर दिया है सर्वप्रथम महिला हैं जो इस दल में संयोधित हुई हैं। यह आजकल मुकामेघाट के ग्रुप केन्द्र अस्पताल में सेवारत है। श्रीमती सीता लक्ष्मी 15 अप्रैल 1972 को के० रि० पु० दल में प्रविष्ट हुई थीं। इस से पूर्व वह राजस्थान में ग्रामीण परिवार नियोजन केन्द्र मनोहर थाना की भैषजिक अधिकारी (मेडीकल आफिसर) थीं।



क्रैपलर

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का वृत्त पत्र तथा सचित्र पत्रिका


[द्वैमासिक हिन्दी संस्करण]

30 मई, 1975] खण्ड 4 संख्या 2 [10 ज्येष्ठ, 1897






के० रि० पु० दल के एथलीटों को बधाई देते हुये श्री एन एस सक्सेना महानिदेशक महोदय



श्री पी एन रामकृष्णन



श्री नसीब सिंह



श्री डी० मुजावर

क्रैपलर

द्वैमासिक]

[हिन्दी संस्करण

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का वृत्तपत्र तथा सचित्र पत्रिका

सेओल (कोरिया) में 9 जून 1975 से होने वाली द्वितीय एशियाई एमेच्योर (अव्यवसाई) एथलीट चैम्पियन शिप तथा ओलिम्पिड 1976 में भाग लेने को के० रि० पु० दल के ये एथलीट पटियाला के नेताजी सुभाष राष्ट्रीय लेखों के संस्थान के प्रशिक्षण शिविर में 24 मार्च 1975 से 2 मई 75 तक होने वाले प्रारम्भिक प्रशिक्षण हेतु मनोनीत हुये हैं— (1) सूबेदार कृपाल सिह (2) जमा० हरीचन्द (3) जमा० बी० एस० बालिया (4) जमा० बावर अली (5) जमा० रघुवीर सिंह।

खण्ड 4

अंक 2

31 मई, 1975
10 ज्येष्ठ, 1897
मुख्य सम्पादक:
एच० एस० सेठी

हिन्दी सम्पादक :
जे० एस० शर्म्मा

सम्पादकीय कार्यालय :
द्वारा महानिदेशालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल, पश्चिमी खण्ड-8, रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली-110022

आवरण पृष्ठ पर—24वें अखिल पुलिस खेलों की एथलीट ट्रॉफी पंजाब राज्यपाल श्री एम० एम० चौधरी से प्राप्त करते हुये धी डी० एस० भटनागर उपनिदेशक (प्रशिक्षण)



मुद्रक—दि कैक्स्टन प्रेस (प्राइवेट) लिमिटेड, नई दिल्ली-110055

प्रकाशक : महानिदेशक के० रि० पु० दल की ओर से

एच. एस. सेठी

इस अंक में :

विषय

1. लेख

(क) आर्थिक अपराधों की रोकथाम-ले० श्री निगमेन्द्र सेन सक्सेना, महानिदेशक

(ख) के० रि० पु० दल में आत्महत्यायें-ले० श्री सी० एम० पाण्डेय

2. गौरव गाथा

(क) एक मिजो कस्बा कमांडर को बन्दी बनाना-ले० श्री राजसिंह

(ख) दल द्वारा नागा विद्रोहियों का चीन भागने का प्रयास विफल

(ग) देश सेवा में

(घ) चिकेन नेक की कहानी-ले० एच० एस० सेठी, जन सम्पर्क अधिकारी

(ङ) सदाचार दृष्टान्त

3. क्रीडा क्षेत्रे

(क) प्रशंसनीय कार्य

(ख) भव्य विजय

(ग) माहनिदेशक की बधाइयां

(घ) पूना रेंज की बाली बॉल टीम की विजय

4. स्वास्थ्य सन्देश :—हमारे केश और उनकी देख-रेख —ले० श्री जे० एस० शर्म्मा हिन्दी सम्पादक

5. विज्ञान के चढ़ते चरण

6. कविता :—कीर्ति ध्वजा वीरों की-रचयिता-श्री सन्तोष कुमार अवस्थी

7. कहानी :—संगीत-बाद्य -ले० श्री जे० एस० शर्मा हिन्दी संपादक

8. विविध :—(क) सूक्ति सुधा

(ख) पहेलियां

(ग) नगर खोजिये

(घ) यह भी खूब रही

एक मिजो कस्बा कमाण्डर को बन्दी बनाना

दिनांक 13 जनवरी 1975 को लगभग 4 बजे अपराह्न ऐजाल के जनाकीर्ण ट्रेजरी स्क्कायर में स्थित महानिरीक्षक के मुख्यालय में तीन मिजो राष्ट्रीय मोर्चे के विद्रोहियों ने पुलिस वर्दी में प्रवेश किया तथा तीन मिनट के भीतर ही महानिरीक्षक आर्य को अन्य दो अधिकारियों के साथ मार डाला । यह घटना उत्तेजनात्मक थी और इसने नवजात मिजोराम पुलिस को अनाथ बना दिया। कर्फ्यू लगा दिया गया। प्रशासन स्तम्भित रह गया । के० रि० पु० दल के कमाण्डेण्ट श्री वी० एस० रेखी (23 बटालियन) तथा श्री एम० एस० पोलक (55 बटा०) ने निज हाथ में स्थिति लेने का निश्चय किया तथा 55 बटालियन के संचालिक मुख्यालय को दौड़ गए । वे तुरंत श्री आर० एम० अग्रवाल मुख्य सचिव, श्री सी० एच० चुंगा मुख्य मन्त्री तथा श्री एस० के० छिब्बर उपराज्यपाल से मिले ।


विद्रोह का प्रारम्भ - 1966 से एजाल बिद्रोहों का केन्द्र रहा है जब मिजो राष्ट्रीय मोर्चे ने सरकार के विरुद्ध सम्पूर्ण क्रांति का बिगुल बजाया था तथा मिजोराम के छोटे से सुरक्षा दल पर आक्रमण किया था। वास्तव में जब अन्य सुरक्षा दल सम्मिलित हुए तब मिजोराम राष्ट्रीय मोर्चा परास्त हुमा तथा एक बार पुनः न्याय का राज्य स्थापित हुआ। विद्रोहियों का पीछा किया गया, किन्तु वे बंगला देश (तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान) में एक नाभि केन्द्र स्थापित करने में सफलीभूत हुए एवं वहां से उनके अभियान चलते रहे । एजाल के प्रमुख नगर में उनकी गतिविधियां सर्वाधिक बीं।

1968 के अनन्तर, विद्रोहियों ने अपने अभियान में आमूल परिवर्तन ला दिया उन्होंने सीधी मुठभेड बन्द कर दी तथा अराकान में एक समानान्तर सरकार स्थापित की और अपनी सरकार के प्रतिनिधि रूप में अपने अधिकारी मनोनीत किए।

कपचंगा-एक आतंक-यह विदित हुआ कि एजाल में तथाकथित कस्बा कमांडर स्वघोषित मेजर कपचंगा विद्रोहियों की रामनगर की प्रत्येक गतिविधि से सम्बद्ध था। वह व्यापारियों से 10% के अनुमाप से कर वसूल करता था। उसकी टुकड़ी को वाहन-कर भी दिया जाता था। जनश्रुति यह थी कि एक बार सरकार का राजस्व चाहे मत दो किन्तु कपचंगा तो एक आतंक था और मिजोराम राष्ट्रीय मोर्चे के कर चुकाने को मनुष्य पंक्ति बांधे सदैव खड़े दिखाई देते थे। कपचंगा एजाल के घरों में प्राता जाता था तथा सुन्दर भोजन एवं मनोरंजन करता था। जब कभी सुरक्षा दल उसकी खोज में आते तब उसकी ओर उंगली से संकेत करने का किसी को साहस नहीं होता था। नवम्बर 74 में कपचंगा ने अराकान की विद्रोही-सरकार की ओर से यह सूचना चालू की कि मिजोराम से सब गैर-मिजो चले जाएं । उसने पत्रकार सम्मेलन बुलाए, परन्तु किसी में उसको बन्दी बनाने का साहस नहीं हुआ । सरकारी कर्मचारियों को तो वह 'होआ' था। उन्हें कभी वह प्रशंसा पत्र देता था तथा कभी अपनी रुष्टता प्रकट करता

था; कुछ उससे भयाक्रान्त रहते थे तथा कुछ उसके प्रांते भांक्ति दशांते थे। सुरक्षा दल को एजाल के उस स्वघोषित कस्वा कमाण्डर को बन्दी बनाने की एक समस्या बनी हुई थी। सरकार ने कपचंगा को बन्दी बनाने के उपलक्ष्य में 10,000 रुपये का नकद पारितोषिक देने की घोषणा की थी।

के० श्री राज सिंह



बन्दी कपचंगा के साथ उपमहानिरीक्षक राज सिंह

महानिरीक्षक की टाइप-कर्त्री एक विद्रोहिणी-महानिरीक्षक की हत्या के उपरान्त सार्जेन्ट कपकिमा तथा उस कन्या 'जारी' को बन्दी बनाने से उस हत्या काण्ड का सर्व प्रथम पता लगा जो महानिरीक्षक के टाइप का कार्य करती थी तथा महानिरीक्षक की हत्या में पूर्णरूपेण अन्तर्गस्त थी। महानिरीक्षक के आवास के ठीक पीछे स्थित उसके गृह के छापे ने गोला बारुद, विस्फोटकों तथा अपराध-रोपक प्रपत्रों की प्रचुर राशि प्राप्त की।

28 जनवरी को मिजोराम के नये महानिरीक्षक ने श्री राजसिंह उपमहानिरीक्षक के० रि० पु० दल को निज कमरे में बुलाया तथा यह बताया कि पिछली संध्या कपचंगा

को हैलोटोला क्षेत्र में घूमता देखा गया था।

अभियान का आयोजन-यह समय अभियान के प्रायोजन का था। श्री एम० एस० औलक कमांडेंट 55 बटालियन ने दल को सतर्क किया । अभियान के हेतु पांच कम्पनी कमांडरों के अधीन सी० सु० दल की एक कम्पनी तथा के० रि० पु० दल की एक कम्पनी उपमहानिरीक्षक को सौंपी गई। उन्होंने तैयारियां प्रारम्भ कर दीं। श्री एम० एस० औलक को हेलो टीला का भार दिया गया। श्री राजसिंह उपमहानिरीक्षक के० रि० पू० दल ने व्यापक निदेश दिये तथा 12.307 मध्याह्न तक सभी पांचों कम्पनी कमाण्डर एक लाभकारी स्थल पर निश्चय लेने हेतु एकत्र हुए तथा तत्काल ही सबने अपने-अपने स्थान 1 बजे अपराह्न तक संभाल लिये। हैलो टीला का पूर्ण क्षेत्र घेर लिया गया। खोजी टोलियों ने अपना कार्य प्रारम्भ किया। एक टोली पूर्व तथा दूसरी पश्चिम की ओर को चली।

यह क्षेत्र वस्तुतः लोक निर्माण विभाग के कार्यालयों तथा कर्मचारी क्वार्टरों से भरा है । पहाड़ी पर अधिशासी अभियन्ता (इन्जीनियर) तथा एस० डी० ओ० (उप सम्भाग अधिकारियों) के बंगले हैं । कपचंगा ने इसी क्षेत्र में रहना ठीक समझा था क्योंकि यह कस्बे की बस्ती से पर्याप्त दूरी पर था । निरंतर तीन दिन तक इस क्षेत्र में ताश खेलता तथा 'कस्बा कमाण्डर' के अपने कार्य करते हुए वह वहां रहा।

जी० एस० दहिया निज वलाधिकारी के साथ जब श्री एम० एस० औलक एक ऊंचे स्थान पर खड़े थे, उन्होंने एक मनुष्य को भाग कर एक गृह में घुसते देखा। तभी निकट खड़े हुए श्री ढाहलीवाल को इस क्षेत्र को भली भांति घेरने को भेजा गया । वह और उसके जवान विद्युत् गति से वहां दौड़ गए दूसरी ओर से श्री संतलाल के अधीन सी० सु० दल की टुकड़ी तुरन्त आ मिली और वह गृह पूर्णतया घेर लिया गया ।

एक आह्लादकारी विस्मय-किसी को भी यह ज्ञात नहीं था कि वह व्यक्ति कपचंगा था। परन्तु कपचंगा अब तक यह समझ गया था कि उसका बन्दी बनाना सन्निकट है । उसने श्री रोचंगा उपसंविभाग अधिकारी की पत्नी श्रीमती लालथन मावी को एक घड़ी तथा 276 रु० रखने को दिये तथा बचने के प्रयास में भाग निकला। किन्तु उसने स्वयं को दोनों टुकड़ियों के बीच में फंसा पाया। श्री ढाहलीवाल ने उसके तुरन्त हथकड़ी डाल दी तथा एक मार्ग सुरक्षा टुकड़ी को सौंप दिया जो क्षेत्र की खोजबीन करती रही। महामत्स्य जाल में आ फंसा था, परन्तु उसकी पकड़ का किसी को ज्ञान नहीं था।

एक अन्य पुरुष डेकरीखुमा भी उसके साथ था । कदाचित् वह उसका अंगरक्षक था। श्री एम० एस० प्रौलक तुरन्त उस गृह में घुस गए और गृहिणी से पूछताछ की। उसने कम्पित स्वर में बता दिया कि वह बंदी कपचंगा ही है । उस बन्दी को ब्रिग्रेड मुख्यालय में भेजा गया । वहां सबको यह महाआश्चर्य था । बिग्रेड कमाण्डर ने श्री राजसिंह को बधाई दी। बस पांच मिनट में कपचंगा बन्दीगृह की सलाखों के पीछे था। उसकी पहचान की पुष्टि भी टाइपकर्त्ती जारी ने कर दी जिसके गृह में उस उपनगर में मिजो राष्ट्रीय मोर्चे की गतिविधियों की योजनायें बनाने के हेतु विद्रोही बारम्बार आया

करते थे।

के० रि० पु० दल द्वारा नागा विद्रोहियों का चीन भागने का प्रयास विफल

दिसम्बर 1974 में नागा विद्रोहियों ने चीन से प्रशिक्षण तथा शस्त्र पाने के लिए वर्मा में प्रवेश करने की पुनः चेष्टा की। क्योंकि उनकी इच्छा ज्ञात हो चुकी थी, नागा लेंण्ड में नियुक्त सभी सुरक्षा दलों को उन विद्रोही टुकड़ियों को रोकने के लिए सतर्क कर दिया गया जो बन्दी होने से बचने के लिए छोटे-छोटे जत्थों में विभक्त हो गयीं थीं। उनके मार्ग पर स्थित 18 ग्रामों में कपर्य लगाने का कठिन कार्य मोकोचंग पर मुख्यालय रखने वाली 34 बटालियन के० रि० पु० दल को सौंपा गया। उस बटालियन ने उन ग्रामों में आठों याम पहरा लगाया। कर्फ्यू को कठोरता से अनुपालन कराने का परिणाम यह हुआ कि उनके जीवन निर्वाह के लिए राशन, राजस्व, औषधें तथा अन्य सहायक प्रसाधन मिलना असम्भव हो गया तथा भूख, रोग तथा सुरक्षा दलों से निरन्तर खदेड़े जाने के कारण विद्रोहियों को अगणित कठिनाइयों तथा विवशताओं को सहन करना पड़ा। फलस्वरूप, विद्रोहियों की एक भारी संख्या को क्या सैनिक एवं क्या असैनिक प्राधिकारियों के सम्मुख प्रात्म-समर्पण करना पड़ा।

कर्फ्यू के अनुपालन के साथ, उस बटालियन ने पूछताछ की तथा कृतसंकल्प विद्रोहियों तथा ऐसे संदिग्ध व्यक्तियों की एक प्रचुर संख्या को बन्दी बना लिया जो विद्रोहियों से गुप्त रूप से गठबन्धन किए हुए थीं; अतः सैनिक तथा नागरिक प्राधिकारियों दोनों से उस बटालियन ने भूरि-भूरि प्रशंसा पाई।

56 माउन्टेन ब्रिगेड के कमाण्डर ने 34 बटालियन के कमाण्डेट को पत्र लिखा है : '....यह सब आपके कठोर परिश्रम तथा कर्त्तव्य परायणता के कारण ही ग्रामों में प्रभावी कर्फ्यू लागू रहा, जिससे चीनाभिमुख सशस्त्र नागा टुकड़ी के विरुद्ध सैनिक यूनिटें सफलतापूर्वक तथा निर्विरोध कार्यवाई करती रहीं।'

महानिदेशक नागालैण्ड ने कमाण्डेण्ट को बधाई भेजते लिखा है कि 'अपने दायित्व के क्षेत्र में भूमिगतों की गतिविधियों के समय आपकी यूनिट ने उत्तम कार्य किया है। उसके लिए आपको और आपके जवानों को मैं बधाई देता हूं।'

इन विद्रोहियों की रोकथाम तथा बन्दी बनाने के सैनिक अभियान से जुवेजा स्थित मुख्यालय वाली 51 बटालियन के० रि० पु० दल ने भी भाग लिया। उसके कमाण्डेण्ट को एक अर्द्धशासकीय पत्र में जी० ओ० सी० 8 माउन्टेन बिग्रेड ने तत्सम्बन्धी उत्तम कार्य के लिए बधाई भेजी है।

केन्द्रीय ग्रह मन्त्रालय से भी के० रि० पु० दल के इन प्रयत्नों की सराहना की गई।

प्रशंसनीय कार्य-श्री इमदाद अली

भूतपूर्व महानिदेशक के० रि० पु० दल श्री इमदाद अली ने जो दक्षिणी येमेन के इन दिनों भारतीय राजदूत हैं अपने पत्र में लिखा है :-

...समाचार पत्रों में यह समाचार पढ़ कर प्रसन्नता हुई कि निरन्तर चौथे वर्ष में पिछली अखिल भारतीय पुलिस एथलिटिक्स प्रतियोगिता में के० रि पु० दल ने उत्तम खेल खेला तथा चैम्पियनशिप बनायी रखी। यह प्रशसनीय कार्य था तथा इस दल की टीम को उसके उत्कृष्ट खेल के हेतु मैं बधाई देता हूं। किन्तु इस वर्ष जालन्धर में अपने प्रिय क्रीड़ा क्षेत्र में खेल होने के कारण सीमान्त सुरक्षा दल हमारा निकटतम प्रतिद्वंद्वी रहा है। पांचवीं वर्ष में भी चैम्पियन बने रहने के लिए के० रि० पु० दल को अभी से अभ्यास करना होगा, अन्यथा सन्तुष्टि हमारी विजय को मंहगी बैठ सकती है।

। हमारे केश और उनकी देख-रेख ।

केश हमारी उपत्वचा (Epidermis) के ही अंग नहीं है, अपितु सुन्दरता के भी विशेष अंग हैं । शरीर सौष्ठव का नख-शिख वर्णन शिखा (केशपाश) पर ही जा कर इतिश्री होता है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि क्या नख तथा क्या शिख दोनों अपने स्थान पर ही शोभा देते हैं ओर वहां से कटते ही, हटते ही इनका कोई मूल्य नहीं होता; महत्त्व नहीं रहता। केशों पर कवियों ने कितनी ही चुभती उपमायें दी हैं : किसी को ये सर्पिणी है; तो किसी को दुधारी कटार । कोई इनकी श्यामल घटा से तुलना करता है, तो कोई अंधेरी रात से। किसी को यह भ्रमरावलि दिखाई देती है, तो कोई इनकी छाया में जन्म-जन्मान्तर विश्राम लेना चाहता है। 'नजीर' तो इनसे ऐसे मारे गए को जंजीर भी नहीं पहनना चाहते :—

मुझ जुल्फ के मारे को, न जंजीर पिन्हाओ । काफी है मेरे कैद को, एक मकड़ी का जाला। 'आबरू' का दिल जुल्फ से बंध गया तो गुलाम हो गया—

छोड़ मत दामे जुल्फ से दिल को
बाल बांधा गुलाम है तेरा।

'नाजी' की तो दशा ही मत पूछो-कयामत आती है-हिन्दू काल का शोर करते हैं—

गन्दुमी चेहरे को अपने, जुल्फ में पिन्हा न कर। हिन्दुआ सुन कर मुबादा, शोर डालें काल का ।

संस्कृत तथा हिन्दी के कवि भी पीछे नहीं रहे हैं। राम तथा लक्ष्मण के नखशिख वर्णन करते हुए सुन्दर सिर पर श्यामल घुंघराले केश को नेत्रों से कैसे ओझल किया जा सकता है।

रुचिरचौतिनी सुभग सिर मेचक कुंचित केश । नख-शिख सुन्दर बन्धु दोउ, शोभा सकल सुदेश।

घुंघराले बालों का मोह भक्तों को भी मुक्त नहीं कर सका। तुलसीदास हनुमानजी

की प्राथना में उनके मनमोहक वेश पर घुंघराले केश को नहीं भूल सके :—

कंचन वरन् विराज सुवेशा।
कानन कुण्डल कुंचित केशा ॥

भगवान राम तथा कृष्ण की प्रतिमाओं एवं चित्रों में भी उनके कुंचित केश ही दिखाये जाते हैं। वे उनके रूप में चार चांद लगा देते हैं। जैनमत में तो इन्हें ही मानो सुन्दरता का आधार माना है। वीतराग बनने के लिए सर्वप्रथम इसी अंश पर कुठाराघात होता है। कुंचित केश लुचिंत किये जाते हैं। वस्तुतः बहुत कुछ नर-नारी की सुन्दरता, केशों के नहीं रहने पर समाप्त हो जाती है।

मेघदूत में कालीदास बालों से ढके दुखी यक्ष के मुख को जलधर-घिरे-चन्द्र से तुलना करते हैं।

छूटे केशों मुख ढका हाथ पै बोधरा सी धारे होगा जलधर-घिरे-चन्द्र की दीनता को।

'अंलकार सर्वस्व' में केश कलाप को भ्रमरावलि के समान लिखा है :—

दसन कान्ति कुसमावलि अलिगण असित सुकेश ।
कर पल्लव अति मृदु कलित विलसति तरुणि सुवेश।

'नैषध' का कवि कार्तिकेय भगवान के वाहन मयूर में उनकी सेवा करने का कारण ही यह बताता है कि दमयन्ती के केशपाश की शोभा की तुलना में अपने पिच्छभार की शोभा कम पाकर उसके तुल्य होने के लिए मयूर (जो कार्तिकेय का वाहन है) उनकी सेवा कर रहा है।

लेखक : श्री जे० एस० शर्म्मा

दमयन्ती के केशपाश से,
गत शोभा निज देख कलाप ।
कार्तिकेय का सेवा करता,
है मयूर मानों इस ताप।

'भिखारी दास' जी तो और भी आगे बढ़ गये। उन्होंने युवती के केशपाश को नागिन बना दिया और मोरों पर इतराने का व्यंग्य कस दिया :

दास जू व्याली न, वेनी रची,
तुम पापी कलापी, कहा इतरात हो ।

इन कल्पना की उड़ानों में कविगण अतिरंजना क्यों नहीं भर गए हों, किन्तु जन-साधारण में भी केशों का अपना महत्व रहा है । जैसे सुन्दरी के मनोरम नेत्रों के कारण मृगनयनी, मनोज्ञ मुख के कारण चन्द्रमुखी, तिरछी भ्रुवों के कारण अंचिभ्र पुकारा है, वैसे ही सुन्दर केशों के कारण केशनी का पर्याय दिया है । निज सुन्दर केशों के कारण

हो कालीदास की शकुन्तला शकुन्तला कहलाई। फिर हम क्यों नहीं इस सुन्दरता की खान की भलीभांति देख-रेख करें।

परन्तु इससे पूर्व यह जान लेना वांछनीय है कि केश है क्या ? ये हमारे शरीर के अवयव है। हमारी उपत्वचा के बढ़े हुए भाग है । प्रत्येक केश की मूल उपत्वचा के नीचे एक गड्ढे में होती है तथा इस मूल से जुड़ी एक तेल-ग्रंथि रहती है तथा केशों से छोटी-छोटी मांस पेशियां भी संलग्न रहती है। ठण्ड लगने, भय खाने आदि के समयों पर इन्हीं पेशियों की क्रिया के कारण ही केश खड़े हो जाते हैं, जिन्हें हम रोमहर्षण कहते हैं।

प्राचीनकाल में लम्बे केशपाश सुन्दर समझे जाते थे। उस समय की मूर्ति तथा चित्रकला आदि से इसकी पुष्टि हो सकती है। किन्तु कुछ समय पूर्व पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव में आकर केश कटवाने की प्रथा चली थी। पर अब पुनः 'जुल्फे बंगाल'-लम्बे केशों का चमत्कार दिखाई देता है। प्रत्युत् लम्बे केशों के कारण आजकल दूर से स्त्री पुरुष में अन्तर समझ नहीं पड़ता है। जब लम्बे केश रखते हैं तब उनकी रक्षा भी अत्यावश्यक हो जाती है । इसके लिए कुछ सुझाव निम्नलिखित हैं:—

1. जैसे मनुष्य की वृद्धि को धूप तथा वायु आवश्यक है वैसे ही उसके केशों को भी हमें धूप तथा वायु में कई घंटे खुला रखना चाहिए । इन्हें घुंघराले बनाने की मशीन भी चल पड़ी है, जिनसे जब चाहे कोई भी नर-नारी कुतंल 'घुंघराले' बना सकती है।

2. केशों को स्वच्छ रखना चाहिये। अतः सिर को भलीभांति धोना चाहिये । साबुन के अतिरिक्त खल, आंवले तथा बेसन से भी धोया जाता है। दही से धोने से सिकरी दूर होती है तथा चैन पड़ता है । वैसे सिकरी के लिए नींबू का रस भी उत्तम है। अब तो शिकाकाई की प्रथा नगरों में चल पड़ी है।

3. केशों को रूखा मत रखिये, अन्यथा केश गिरने लगते हैं। वैसे सरसों का तेल अच्छा रहता है तथा केशों को काला रखता है। आकाशवाणी में आजकल इन बातों के लिए नारियल के तेल का विज्ञापन भी चल रहा है । परन्तु ब्राह्मी आंवला, बालछड़ अथवा भृंगराज का तेल अत्युत्तम रहता है। आंवला का तेल घर भी बन सकता हैं। आधे किलोग्राम हरे आंवले का रस आधा किलोग्राम तिल के तेल में मिलाकर पकाने से आंवले का तेल बनता है । यह केशों को लम्बा तथा काला रखता है और मस्तिष्क को चैन पहुंचाता है। इसमें बालछड़ डालने से सिर में चक्कर कम आते हैं।

4. यदि बाल गिरते हैं तब मस्तिष्क दौर्बल्य समझना चाहिए। इसके लिए खसखस तथा बादाम को पीस कर दूध में छौंका लगा कर पीजिये।

केशों को नवजीवन देने, लम्बे तथा चमकदार बनाने के लिए कुछ समय तो अवश्य देना होता है । किन्तु ये केश ही हैं, जो आपकी सुन्दरता को चार चांद लगाते हैं। इनकी देख-रेख से ही हर पुरुष गुडाकेश अर्जुन बन सकता है तथा प्रत्येक नारी सुकेशिनी शकुन्तला।

सदाचार का दृष्टान्त

बंगला देश गणतन्त्र के उच्चायुक्त प्रथम सांचेव ने कमांडैण्ट 59 बटालेयन के० रि० पु० दल को अपने पत्र में लिखा है--

"हमारे उच्चायुक्त से संलग्न 59 बटालियन के० रि० पु० दल के हे० काँ० रामचन्द्र की सच्चाई की प्रशंसा में यह पत्र लिख रहा हूं।"

"1 मई 1974 को उच्चायुक्त के बरामदे में खड़ी अपनी कार में जब बैठने लगा तब मुझसे 600 रुपये नकद तथा एक व्यक्तिगत पत्र वाला एक लिफाफा गिर गया। जब मुझे उसके खोने का पता लगा तब मैंने उसको दो घण्टे के लगभग निज कार्यालय तथा अन्य सभी सम्भाव्य स्थानों पर खोजा। जब मैं निज कार्यालय में अन्तिम खोज में व्यस्त था हे० कां० रामचन्द्र आ उपस्थित हुआ तथा कहने लगा कि उसने उस लिफाफे को पाया है। उसने वह लिफाफा मुझे हाथ में पकड़ा दिया और मैंने नकद धन तथा पत्र यथावत् पाया है।"

महानिदेशक की बधाइयाँ

अपने मासिक पत्र में श्री एन० एस० सक्सेना महा निदेशक के० रि० पु० दल ने कमाण्डेटों को लिखा है :--"हमारे खिलाड़ियों तथा एथलीटों द्वारा प्राप्त सफलता का मुख्य कारण है--सुचारु प्रशिक्षण तथा नियमित रूप से अभ्यास । यह भली भांति सिद्ध हो गया है कि जीतने के लिये एथलीटों का आचरण तथा अनुशासन परमावश्यक तत्व हैं। हमारे सभी हारे तथा जीते खिलाड़ियों और एथलीटों को उनके सुन्दर खेल के लिए मेरे बधाइयां हैं। लै० कर्नल उमराव सिंह तथा उनके अधिकारी तथा अधीन अधिकारी जिन्होंने हमारी टीमों को इतनी उत्तम प्रशिक्षा तथा देखभाल की है मेरी बधाई के पात्र हैं।

हमें अभी से 1976 के लिए तैयारियां प्रारम्भ कर देना चाहिये।

आर्थिक अपराधों की रोकथाम

विश्व के इतिहास को विवेकशील इतिहासकारों ने दो युगों में विभक्त किया है : (1) औद्यौगिक क्रांति से पूर्व तथा (2) औद्यौगिक क्रान्ति के बाद । कुछ दशाब्दियों के अनन्तर, दूसरा युग और भी दो कालों में विभाजित हो सकेगा।

(क) प्राङ्न्यष्टि (Nuclear) काल तथा (ख) न्यष्टि-कालोत्तर।

औद्यौगिक क्रान्ति के उत्तर युग में भारत ने पश्चिम से बहुत समय के उपरान्त प्रवेश किया; किन्तु कुछ अंशों में हम इसी युग में अब भी हैं। दुर्भाग्यवश, हमारी विचारधारा मुख्यतः औद्यौगिक काल से पूर्व युग की ही है और यही बिचारधारा अपराध तथा अपराधियों के प्रति हमारी अभिवृत्तियों को मिलाकर कितने ही क्षेत्रों में दृग्गत होती हैं।

नरक की तप्त भूमि :—एक कृषि प्रधान समाज में (तथा भारत में जहां कृषि ही प्रमुख व्यवसाय है) उत्पादन के दो मुख्य तत्व (1) भूमि तथा (2) श्रम हैं । ऐसे समाज में प्रधान अपराध है—चोरी, तस्करी, डकैती तथा राहजनी। हमारी दण्ड संहिता में इनके विषय में ही विशद विवेचन है। सभी धर्म इन अपराधों को पाप बताते हैं। तथा उन व्यक्तियों को नरक की तप्त भूमि में प्रज्बलित मूर्ति से बांधे जाने का भय रहता है जो नरक यातनाओं में विश्वास करते हैं।

परन्तु नरक यातनाओं का कोई ज्ञान उदाहरणार्थ निम्नलिखित मनुष्यों को नहीं है- (1) वे व्यक्ति जो अवैध रूप से शेयर धारियों की क्षति पहुंचा कर कम्पनी नियमों को तोड़-मरोड़ कर तुरन्त धनी बन बैठते हैं। (2) वे जो तस्कर व्यापार करते हैं तथा असंख्य नागरिकों को विषैली एवं भयानक औषधे बेचते हैं (अमेरिका में ऐसा करोड़ों डालरों का व्यापार होता है) (3) वे जो पेय तथा खाद्य पदार्थों में तथा जीवन-दायिनी औषधों में मिलावट करते हैं (यह अपराध भारत जैसे देशों में पनप रहा है) (4) वे जो धोखेघड़ी तथा छलहरण से धनी बनते हैं (सहकारी समितियों में ही सैकड़ों का गवन होता है) (5) वे जो दुर्लभ वस्तुओं के क्रय-विक्रय में हथकण्डे करने में चतुर हैं और कोटा, परमिट तथा लाइसेंस लेना जानते हैं। इस कार्य में घूस देकर काम निकालने की कुशलता एक पाप नहीं पुण्य माना जाता है। जो ऐसा करता है वह चतुर व्यापारी समझा जाता। (6) वे जो आय कर नहीं देकर मध्यम श्रेणी को परोक्षरूप से उत्पीड़ित करते हैं। परिणामतः ऊंची चुंगी, कर आदि लगा कर निर्धन वर्ग से सरकार धन उगाहती है (7) वे जो विदेशीय विनिमय नियमों का उल्लंघन कर देश के करोड़ों व्यक्तियों के हितों को क्षति पहुंचाते हैं । यह देश ऐसे तस्कर-व्यापारियों के विषय में भली भांति अब परिचित है। ऐसे दृष्टांत अगणित हो सकते हैं।

ले० श्री निगमेन्द्र सेन सक्सेना

पापाचारियों के संघ-ऐसे वर्गों की प्रशंसा होती है जो झूठे खातों से धनी तथा शक्तिशाली बन बैठते हैं। ऐसे व्यक्तियों की सराहना होती है जो आर्थिक शक्ति के तथा भ्रष्टाचार के संघ स्थापित कर लेते हैं । इस समय भारत में न्यायपालन तंत्र ऐसे पापियों से निपटने में लगभग निश्शक्त है। ऐसा सोचना नितान्त अनुचित है कि सभी व्यापारी एवं उद्योगपति ठग हैं । अनेकों सच्चे हैं और समुचित प्रकार से धनोपार्जन करना चाहते हैं। उनके ही उद्यम तथा प्ररुचि ही वे प्रमुख तत्व हैं जिनके बिना कोई भी राष्ट्र कदाचित् प्रगति नहीं कर सकता है। यदि इनमें से कुछेक अमित धन कमाते हैं; तब राष्ट्र को कोई ईर्ष्या नहीं होनी चाहिए, परन्तु उपार्जन के ढंग समुचित होने चाहिए । साथ ही, हमें यह विस्मृत नहीं करना चाहिए कि अन्य अनेकों जनवर्गों के सुख तथा योगक्षेम की ही नहीं, अपितु देश की आर्थिक दृढ़ता तक को, किम्वहुना, उसकी स्वतन्त्र ता तथा प्रभुता तक को घातक सिद्ध हो रहे हैं । वर्तमान तस्कर व्यापार उन्मूलन अभियान ने यह दिखा दिया है कि इस भयानक वर्ग की दो अन्य संघातक वर्गों से मिलीभगत है (क) अधिकारी वर्ग के भ्रष्ट तत्व तथा (ख) व्यावसायिक

अपराधी-जिन्हें थोड़े से भय होने पर तस्कर व्यापार जैसे कार्य अमित लाभ अभी तक दिलाते हैं।

यह भी देखा गया है कि जो व्यक्ति इन आर्थिक अपराधों में व्यस्त रहते हैं उनकी बाहें बड़ी लम्बी दूर तक फैली होती हैं; उनके पास काले धन की प्रचुर राशि होती है जो गणतन्त्र को संघातिनी होती है क्योंकि ये अपराधी सब प्रकार के शक्तिशाली संघ बनाने की क्षमता रखते हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि इस वर्ग के स्वार्थ ऐसे सच्चे व्यापारियों तथा व्यावसायिकों के हितों से तालमेल नहीं खाते हैं, जो समाज को अनिवार्य सेवायें प्रदान करते हैं तथा जो सब राजस्व आदि बचाने के विरुद्ध कठोर कार्यवाई से सबको ही लाभ होता है क्यों कि उससे अवश्य ही सामान्य कर लगाने की दर नीची ही रहती है।

भ्रष्ट सरकारी कर्मचारी-इस वर्ग के अन्तर्गत अनेकों भ्रष्ट सरकारी कर्मचारी आते हैं जो अर्द्ध-वाणिज्य संस्थानों में कार्य करते हैं जैसे परिवहन, विद्युयत उपकरण, सहकारी बैंक, सरकारी योजनायें सरकारी सहायता से चलने वाले प्रतिष्ठान इत्यादि । अनेकों ने भ्रष्टाचार के अड्डे बना रखे हैं। कितनों ही ने तो अपने सम्बन्धियों के नाम परिवहन चला रखे हैं।

इस दुखदायी स्थिति का यह मुख्य कारण है कि निरीक्षकों के सुगठित निकाय का अभी तक अभाव था, जिससे समाज विरोधी गतिविधियों की छान-बीन कर के न्याय-संगत परिणाम निकाले जा सकते हैं। साधारणतः ऐसे दुष्कृत्यों की खोजबीन करने की वैध शक्ति, सम्बद्ध विभागों के अधिकारियों को प्रदान की जाती है। जैसे खाद्य तथा नागरिक प्रदाय, चंगी उप्पादन विक्रय कर इत्यादि । समवर्ती शक्ति पुलिस को भी इस विषय में दी जाती है। विभागी सच्चे अधिकारी तक प्रायः इतने कार्य-व्यस्त होते हैं कि वे ऐसे दुष्कृत्वों पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। अतः इसका एक यही विकल्प है कि विशेषज्ञ सुशिक्षित तथा अच्छे सेविवर्ग से पूर्ण एक अनुसंधान अभिकरण हो । कुछ वर्ष पूर्व ऐसे सब सोचते थे कि व्यापारी धूर्त्तराज इतने चक्राट है कि पकड़े नहीं जा सकते । इस निराशा-वादिता को अब कोई स्थान नहीं है। केन्द्रीय गुप्तचर विभाग ने कतिपय कुख्यात धूर्त्तराजों को बन्दी बना लिया है। किन्तु उसकी क्षमता ऐसे सैकड़ों से सुलझने के लिए नितान्त क्षीण है।

यह मानना पड़ेगा कि वे व्यक्ति जो समाज विरोधी कार्यों द्वारा धन संग्रह करते हैं वे उसमें पर्याप्त अंश लुटाने को भी इच्छुक रहते हैं जब तक इससे उनका व्यापार बढ़ता रहता है। काले धन वालों, तस्कर व्यापारियों, कर-ठगों तथा रेल की चुराई सम्पत्ति पाने बालों से आनन्दपूर्वक दिया गया काला धन कुछ सरकारी कर्मचारियों को उनकी समाज विरोधी गतिविधियों से आंख मूंदने को विवश कर देता है।

विभिन्न प्रकार के घोटाले-यदि किसी देवी चमत्कार से सब सरकारी कर्मचारी रात भर में सदाचारी हो भी जायें तब भी वे इन सब समाज द्रोही गतिविधियों को पूर्णतः रोक नहीं सकते क्योंकि न तो उन पर इतना समय है और न इतना प्रशिक्षण कि वे इन दुष्कृत्यों का गहन अध्ययन करें तथा इन घोटालों का भंडा-फोड़ करें। ये घोटाले

विभिन्न प्रकार के होते हैं। अनेकों तो भारत सरकार से सम्बद्ध हैं, उदाहरणार्थ जो चुंगी, उत्पादन शुल्क, प्रमीलन, विदेशीय विनिमय नियम कम्पनी अधिनियम इत्यादि से सम्बन्ध रखते हैं। किन्तु कतिपय घोटाले राज्य सरकारों के अन्तर्गत आते हैं।

यद्यपि पुलिस को कुछ ऐसे विषयों में छानबीन करने हेतु अधिकार प्राप्त हैं तथापि भारतीय दण्ड संहिता के अधीन अपराधों की छानबीन करने से ही तथा कानून और व्यवस्था की कठिन स्थिति को सुलझने से ही उसे समय नहीं मिल पाता है । साधारणतः पुलिस थाने के अधिकारी का 80 प्रतिशत छानबीन का कार्य तो चोरी तथा तस्करी से सम्बद्ध विषयों में जाता है और 15 प्रतिशत डकैती, हत्या एवं दंगे आदि में व्यतीत होता है । उसको आर्थिक अपराधों की खोज-बीन करने का अभ्यास ही नहीं होता।

खोज अभिकरण—एक पुलिस सब इंस्पेक्टर की जो (राज्यों में साधारण आधार भूत निरीक्षक इकाई होते हैं) न्यूनतम शैक्षिक योग्यता के लिए इण्टरमीडियेट प्रमाण-पत्र चाहिए किन्तु शारीरिक क्षमता पर प्रत्यधिक बल समुचित ही दिया जाता है तथा साधारण तया विहित स्तर से कम शिक्षा प्राप्त सब इंस्पेक्टर नियुक्त कर लिये जाते हैं। पुलिस प्रशिक्षण कालेज में कुछ छोटे-मोटे अधिनियम पढ़ाये जाते हैं, किन्तु मुख्य बल भारतीय दण्ड संहिता पर ही रहता है । अत: इन अधिकारियों में आर्थिक अपराधों की छानबीन करने की क्षमता नहीं होती, जिनमें जटिल अधिनियमों में पारंगतता ही आवश्यक नहीं है, परन्तु विवरण-सिन्धु में डूबकर 'मोती निकालने' की अधिकारियों में शक्ति तथा कृत्संकल्पता भी होनी चाहिए । राज्य के गुप्तचरों को धोखे, धनापहरण इत्यादि विषयों की छानबीन करने की प्रार्थनाओं के प्रति एक साधारण पुलिस अधिकारी बारम्बार अनिच्छा प्रकट करता है। जब कभी भी दीर्घ कालीन सरकारी धन के गबन का प्रकरण उठ खड़ा होता है, जिले की पुलिस सदैव ही उससे बचकर किसी ऐसे विशिष्ट अनु-संधानी अधिकरण को सौंपना चाहती है जो विभागीय विनिमयों तथा विशिष्ट अधिनियमों को अध्ययन करने के लिए तथा प्रतिलेखों की अनुशीलन करने के हेतु घण्टों बिताने को तैयार हों। इन समाज विद्रोही गतिविधियों की छानबीन करने के लिए निरीक्षण अधिकारी यदि पुलिस विभाग में उपलब्ध भी करा दें, तब ऐसे निरीक्षण अधिकारी (सब इंस्पेक्टर) आर्थिक अपराधों की खोज-बीन करने के लिए उपयुक्त नहीं होंगे जिनमें विशिष्ट नियमों, अधिनियमों तथा ठगी, बनावट, धोखाधड़ी, काला-बाजारी, तस्कर-व्यापार, षड्यन्त्र आदि विषयों की छानबीन आवश्यक होती है।

उच्चतर शैक्षिक पृष्ठभूमि तथा अर्थशास्त्र तथा राजनीति आदि सामाजिक विज्ञानों का ज्ञान रखने वाले ही अधिकारियों के द्वारा ही ऐसे प्रकरणों की छानबीन भली-भांति हो सकती है । साथ ही, पुलिस विभाग में अनुभवी अनुसन्धानी अधिकारियों की भारी कमी है और समय समय पर इस विभाग ने अपने अधिकारियों को दूसरे संगठनों में भेजने की असमर्थता प्रकट की है। इसका विकल्प केवल यह है कि अधिकारियों को स्वतन्त्र रूप से भर्ती की जाय तथा आर्थिक अपराधों की खोज-बीन करने का

प्रांशिक्षण दिया जाए, अन्य स्तरों पर भी उपयुक्त अनुभव तथा शिक्षा के योग्य व्यक्ति भर्ती किए जाएं।

आर्थिक अपराधों की गुप्त जानकारी — इस विषय में गुप्त जानकारी पाने का प्रश्न उतना ही महत्व का है जितना अन्य विशिष्ट अपराधों के विषय में। पुलिस की ज्ञानशाखा साधारणत: राजनीतिक ज्ञान संग्रह करती है तथा गुप्तचर विभाग की अपराध शाखा अपराध तथा अपराधियों के विषय में जानकारी एकत्रित करती है। एक ऐसे तत्रं को इन बातों की स्पष्ट आवश्यकता है :– (क) निज अधिकारियों द्वारा जानकारी संचय करना (ख) साधनों के जाल से जानकारी संकलन करना (ग) कर-प्रवन्चकों तथा अन्य व्यक्तियों, उनकी फर्मे, साथी, ऐजेन्टों इत्यादि के विषय में व्यक्तिगत पंजियें और अन्य अभिलेख रखना (घ) विमिन्न साधनों से प्राप्त जानकारी को एकत्रत करना, हटाना, तुलना करना (च) परिपक्व सूचना का प्रसारण करना अथवा उसका स्वयं प्रयोग करना।

एसे अपराधियों के विरुद्ध कोई प्रभावी कार्यवाई उनकी गतिविधियों की सामाजिक तथा विशिष्ट जानकारी के बिना नहीं की जा सकती। आजकल ज्ञान का संग्रह तथा लिपिबद्ध करना अत्यंत ही विशिष्ट तथा तकनीकी कार्य हो गया है । क्रियात्मक अभ्यास तथा अध्ययन के लिए एक जीवना-वधि चाहिए।

राष्ट्र की रक्षा :- यह उल्लेखनीय है कि आर्थिक अपराधों से राष्ट्र की रक्षा पर आंच आ सकेती है । निज अनुभवों द्वारा कितने ही देशों ने इसे जाना है। फ्रांस को पता लगा कि इस्पात की भारी मात्रा वेलजियम से होती हुई चुपचाप हिटलर की जर्मनी पहुंची और वोही इस्पात की मात्रा फ्रांस पर विजय पाने के लिए बन्दूकों में ढाली गई। श्री एच० जी वेल्स ने यह व्यंग कसा है कि दक्षिणी अफ्रीका के बुअर युद्ध में धराशायी अंग्रेजी सैनिकों को यह सान्त्वना होगी कि वे इंगलैण्ड की बनी गोलियों के ही बलि हुए हैं । राष्ट्र विरोधी व्यापार ने कितने देशों का अघः पतन किया है। भारत में चीनी आक्रमण के अनन्तर, भारत सरकार को ज्ञात हुआ था कि कैसे बैंक आफ चायना ने भारत के विरुद्ध षडयंत्र रखने में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यद्यपि गुप्तचर विभाग को विशद छान बीन के आदेश दिए गए, तथा सुरक्षा के कारणों से गुप्तचर विभाग की रिपोर्ट को प्रकाशित नहीं किया गया, परन्तु 11 अगस्त 1967 को तत्कालीन उपप्रधान मंत्री श्री मुरारजी देसाई ने लोक सभा में यह अभिव्यक्त किया था:—

(क) कि पीकिंग राज्य के प्रति सागर-पार वाली चीनी जनता को निष्ठावन्त करने के लिए बैंक को पीकिंग ने आदेश दिए।(ख) चीन ने बैंक को चीनी ग्राहकों के प्रति अत्याधिक सहनशीलता दर्शाने के लिए तथा आर्थिक प्रलोभनों तथा अन्य सुविधाएं प्रदान कर उनको यह शिक्षित एवं सुनिश्चित कराने के लिए निदेश दिये गए कि चीनी सरकार उनकी हितचिन्तक है । (ग) इन अनुदेशों के अनुसार, सागर पार यहां के चीनी लोग तथा संगठनों को धन उधार देने के विषय में एक विशिष्ट उदारनीति व्यवहृत की गई।

अन्य चीनियों को प्रतिभूति पर और कुछ प्रकरणों में तो बिना किसी प्रतिभूति के ही एक असुरक्षित आधार पर भारतीय चीनियों को मुक्त हस्त उधार दिए गए।

अन्य अनेकों तथ्य नहीं बताए जा सकते, परन्तु यह स्पष्ट है कि जब तक हम इस प्रकार की अपनी आर्थिक गुप्त जानकारी का विकास नहीं करते, राष्ट्र की सुरक्षा गंभीर रूप से खतरे में है।

गुप्त सूचना का अनुमाप — यह निश्चय कर लेने पर कि (1) जन कल्याण (2) राज्य की आर्थिक प्रगति (3) अपराधियों को पकड़ ने के हेतु राज्य की क्षमता में लोक-विश्वास तथा (4) राष्ट्र की सुरक्षा के लिए आर्थिक गुप्त सूचना संग्रह करना अनिवार्य है, गुप्त-सूचना के अनुमाप को भी स्पष्ट करना आवश्यक है । इस अभिकरण को केवल व्यापार जगत के राष्ट्र द्रोही या जन विरोधी गतिविधियों को संचय करना होगा। तथापि यह तब तक सम्भव नहीं है जब तक कि इस अभि करण को व्यापार की सामान्य पद्धातियों का संक्षिप्त चित्र नहीं विदित हो जिससे विचलने की मात्रा मापी जा सके । कुछ न कुछ दोष तो सदैव रहेंगे ही परन्तु अपराध की मात्रा जानना इसलिए भी आवश्यक है कि उस समस्त समय तथा शक्ति की बचत हो सकती है, जो लोककल्याण या देश की सुरक्षा को कोई विशेष क्षति नहीं पहुंचाने वाले अपराधों से जूझने में व्यर्थ नष्ट होती है। साथ ही, यह भी जानना जरूरी है कि कहीं कोई प्रशासन के सिद्धान्त तथा गतिविधियां तो मनुष्यों को सामूहिक रूप से चूपचाप कानूनों को उल्लंघन करने को विवश नहीं कर रही है ।

अदाण्डिक पहुंच भयावह :— इन दिनों जब सरकार ने आर्थिक अपराधियों पर कठोर कार्यवाही करने की इच्छा घोषित की तब ऐसे आलोचकों की कमी नहीं थी जो देश में एक पुलिस राज्य का हौवा उठाने लगे थे। उनका कथन था कि दण्ड देने की पहुंच हमारी परम्परागों के विरुद्ध है तथा कानून-भंजकों के हृदय परिवर्तित करने का यत्न करना चाहिए । यदि अदाण्डिक पहुंच में कुछ भी सफलता पाने का स्थान हो तब उसे अवश्य आजमाना चाहिए।

हमारे नेताओं ने इन समाज-द्रोही तत्वों की आत्मा से निरन्तर प्रार्थना की है और चेतावनी दी है परन्तु उसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। मनुष्य इन प्रार्थनाओं तथा प्रबोधनों से दुखी हो चुके हैं । वह अब कठोर कार्यवाही चाहते हैं । कार्यवाहीं का अभाव जनतंत्र को हानिकारक सिद्ध हो सकता है क्योंकि इसके कारण मनुष्य वैध तथा संवैधानिक उपचारों से अतिरिक्त अन्य बांतें भी सोच सकते हैं। अत-एव, कठोर कार्यवाही गणतन्त्र को ही नहीं अपितु उसके स्तम्भ संविधान और कानून को भी दृढ़ बनाएगी।

अब प्रश्न यह उठता है कि सब प्रार्थनाएं एवं प्रबोधन क्यों विफल-मनोरथ रहे ? इसका उत्तर सरल है और अपराध तथा अपराधियों के प्रति हमारी अभिवृत्ति के इतिहास में इसे खोजा जा सकता है। 18वीं शताब्दी के मुख्यकर ब्रिटिश तथा रूसी मानववादियों के कर्मफल स्वरूप (जिन्होंने जारों तथा साईबेरिया के कारागारों में दारुण स्थितियां देखी थीं) कुछ विवेकशील पुरुषों ने अपराधियों के विषय में चिन्तन

प्रारम्भ किया । यह एक स्वस्थ दिशाबोध था कि कारावासों की दयनीय दशाओं की ओर मनुष्यों का ध्यान आकर्षित हुआ था । इस आन्दोलन ने बल पकड़ा और अब अनेकों ऐसे शक्तिशाली संगठन विद्यमान हैं, जो इस बात का तर्क प्रस्तुत करते हैं कि गरीबी तथा गन्दी बस्तियों को हटाये बिना अपराध पर्याप्त रूप से कम नहीं हो सकते । कोई भी इस बात को अस्वीकार नहीं कर सकता कि कलकत्ता, बम्बई, कानपुर तथा दिल्ली की गन्दी बस्तियां ही अपराधियों के प्रसूतिगृह हैं। इस बात पर तभी सच्चा बल दिया जाता है कि अपराधों के शमन के लिये हमें अखिल जनताजनार्दन के हेतु स्वस्थ मनोरंजनों को प्रदान करना चाहिये।

सहानुभूति के अपात्र धनी अपराधी :— कुछ व्यक्ति जो दूसरी चरम सीमा पर पहुंचते हैं, उनका तो कदाचित् यह विचार है कि अपराधी उतने अपराध नहीं करते जितने उन पर अपराध होते हैं तथा वह समाज या राष्ट्र ही अपराधी है जो मनुष्य को निर्धन रखता है तथा गन्दी बस्तियों के सुधार की नहीं सोचता । यह अभिवृत्ति अपराधियों के उस भयानक वर्ग को भूल जाती है, जो वर्तमान अतीव प्रौद्योगिक युग का विचित्र वरदान हैं । ये अपराधी शिक्षित होते हैं, भली भांति लालित पालित होते हैं तथा धनी होते हैं । ये समाज सुधारकों की कोई सहानुभूति पाने के योग्य नहीं हैं। इन अपराधियों की भारी संख्या गन्दी बस्तियों में नहीं रहती और समाज के विरुद्ध किसी रोष तथा असन्तोष के लिये इन पर कोई भी कारण नहीं हो सकता। उच्च कोटि के तस्कर व्यापारियों को व्यापारिक प्रधम जीवन अब समाज से छिपा नहीं है।

उनका अपराध ही व्यवसाय बन गया है। इसे वे तब तक करते रहते हैं, जब तक उन्हें लाभ रहता है और इसे वे तभी तिलांजलि देते हैं, जब उन्हें हानि उठानी पड़ती है । दूसरे शब्दों में, अपराधियों का यह वर्ग तब तक अपराध करने में निरंतर व्यस्त रहता है, जब तक यह उन्हें लाभ का सौदा है। उसका कहना है कि व्यापार व्यापार है, जिसके अर्थ ये हुए कि उन्हें नैतिकता का कोई मूल्य नहीं है ।

इन अपराधों से उत्पन्न विशिष्ट बुराई के अतिरिक्त, वे जनता में एक गलत मानसिक स्थिति उत्पन्न करते हैं । जनता की बहुसंख्या दिन रात यही कहती सुनी जा सकती है कि सच्चाई तथा कठोर परिश्रम कभी कुछ काम नहीं आते तथा अपराधियों को निज कुकर्मों का कुछ भी फल आजकल नहीं भोगना पड़ता है। अर्थ व्यवस्था के सुधारने में प्रयत्नशील एक राष्ट्र की यह मनोदशा अत्यन्त हानि-कारिणी सिद्ध हो सकती हैं।

एक भयानक प्रवृत्ति :—सामान्य प्रतिक्रिया विधिवत् ढंगों के प्रति घृणा करना है तथा पीटना, गोली चलाना इत्यादि जैसे निराशांध उपचारों की प्रशंसा तथा अनुमति करना है । निज निराशोन्मत्ता में मनुष्य यह भूल जाते हैं कि इतिहास कोई भी ऐसा दृष्टान्त उद्धृत नहीं कर सकता है कि जिसमें ऐसे भयानक उपचार चाहे वे प्रारम्भ में लाभप्रद हों, अन्त में रोग से कहीं अधिक बुरे सिद्ध नहीं हुए हैं। यदि किसी प्रमाण की आवश्यकता है, तब स्तालिन के आतंकमय शासन के विषय में फरवरी 1956 वाले क्रुशचैव के गुप्त वक्तव्य का अध्ययन उत्तम रहेगा।

वैध समाधान :—इन अंधकारमय पक्षों पर इस हेतु बल दिया जा रहा है कि हमें समाधान खोजने के विषय में पूरा सावधान रहना चाहिए । समाधान विधिवत् होना चाहिये। बिना कानून की सर्वोच्चता के गणतंत्र नहीं चल सकता; किन्तु आजकल गणतंत्र को ही खतरा है क्योंकि कानून दन्तहीन हो चुका है । कानून के दांत ऐसे अपराधियों को काटने के लिये दृढ़ होना चाहिये, जो हमारे आर्थिकतंत्र की धज्जियां उड़ाने में प्रयत्नशील हैं।

इस समस्या के समाधान की तात्कालिक-महत्ता कोई भी समझ सकता है जो साधारण व्यक्ति के भावों तथा नैराश्यों से परिचित है। जन-साधारण यह सोचते हैं कि यदि हम विधिपूर्वक इन अपराधों को नहीं रोक सकते हैं तब वह समय आ गया है कि हमें इन वैध पद्धतियों से अंतिम नमस्कार करना चाहिये तथा उग्र उपचारों को सोचना चाहिये।

आर्थिक क्षेत्र में पुलिस :—आर्थिक क्षेत्र में सुगठित पुलिस का रखना ही इस समस्या का एक मात्र समाधान है । आलोचक कह सकते हैं कि पुलिस तो स्वयं भ्रष्ट है तथा एक ऐसे क्षेत्र में जहां अपराधी करोड़ों रुपये बचाते हैं, इन पापों को शमन करने का उपयुक्त साधन पुलिस नहीं है । अस्तु, यह स्मरणीय है कि जब कि थाना पुलिस की प्रतिष्ठा संतोषजनक नहीं है, तब राज्य गुप्त चरों, सतर्कता-संगठनों तथा सर्वोपरि आपराधिक अनुसन्धानी विभाग (सी० बी० आई०) की कीर्ति उच्चतम स्तर की रही है । अमेरिका में एफ० बी० आई० ने देश के सामान्य स्तरों से कहीं ऊंची सत्यनिष्ठा का स्तर बनाये रखा है। अतः प्रवर संगठनों का उच्च स्तर रखना भी सम्भव हुआ है।

इस संगठन को चार स्तरों पर रखना है (क) अखिल भारतीय स्तर (ख) राज्य स्तर (ग) मण्डल (डिवीजन) स्तर तथा (घ) पांच लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरों में नगर-स्तर।

संक्षेप में, आथिक क्षेत्र में ही यह पुलिस संगठन होगा तथा यह (क) आर्थिक क्षेत्र में कानून भंग की जांच करेगा (ख) इसी क्षेत्र में सरकारी आदेशों के उल्लंघनों की छानबीन करेगा तथा (ग) उन सभी विषयों के गुप्त ज्ञान को इकवित करेगा जो सरकारी व्यय तथा प्राय पर दृष्प्रभाव डालते हैं।

राज्य स्तर पर, यह सुगमतापूर्वक सोचा जा सकता है कि ये पुलिस इकाइयां जो राज्य के परिमाण के अनुसार पुलिस अधीक्षक या उपाधीक्षक के अधीन होगी, आयकर परिवाहन, विद्युत प्रदाय, सिंचन, लोक-निर्माण चुंगी, वन, उद्योग इत्यादि कई विभागों में इन इकाइयों को स्थापित करना होगी।

वास्तव में, सरकार को इस हेतु कुछ भी व्यय नहीं करना पड़ेगा क्योंकि सरकारी आय में वृद्धि के साथ-साथ उसके व्यय में बचत इन इकाइयों पर किये गए व्यय से कई गुणा अधिक होगी । यदि यह विभाग निष्ठापूर्वक कार्य करे, तब निम्नलिखित परिणामों की आशा है —

(क) सरकारी राजस्व में वृद्धि (ख) सरकारी व्यय में कमी (ग) सरकारी करों तथा उधारों में सम्भाव्य कमी (घ) इस विश्वास का निराकरण कि कपटाचरण लाभप्रद है

तथा पारेश्रम करना व्यथ है और लोक-मनोबबल में आंभेवृद्धे तथा (ङ) अवैध तथा निराशान्ध पगडंडियों के विरुद्ध कानून का भव्य भवन निर्माण करना होगा।

विज्ञान के चढ़ते चरण

19 अप्रैल 1975 को भारत का प्रथम उपग्रह 'आर्य भट्ट' रूस से अंतरिक्ष में छोड़ा गया, जिससे लाभकारी वैज्ञानिक सूचनायें मिल रही है। (1)

भारत में एक ऐसा बाल्व बनाया गया है, जिसे अंग में लगाने पर मनुष्य जब चाहे सन्तान उत्पन्न कर सकता है और जब चाहे उसका निरोध । (2)

फिनलैण्ड में किस्तीटोल नामक चीनी फलों से बनाई है, जो दन्त क्षय को रोकती है। (3)

अमेरिका में 'विटासाइन' नामक यंत्र बना है जो रोगी के हृदय के स्पन्दन तथा श्वास को गति को अंकित करता है तथा खतरा होने पर स्वयं बजने लगता है, जिससे डाक्टर तथा नर्स को तत्काल सूचना मिलती है। (4)

कहानी

संगीत वाद्य

लेखक : श्री जे० एस० शर्म्मा

"क्या कहूं हुजूर" सिसकियां भरते हुए मुराद ने इथोपिया के शासक के सम्मुख प्रार्थना की "कितने अफसोस की बात है कि आपके होते हुए हिन्दुस्तान का बादशाह आप की इजाजत के बिना बढ़िया-बढ़िया बाजे रखता है।"

वस्तुतः जिस समय भारत में औरंगजेब शासन करता था, उस समय के इथोपिया के शासक को यह सनक थी कि वह संगीत वाद्यों का सम्राट है। अतः उसका दावा था कि निखिल भुवन मंडल में कोई भी भूपति उसकी आज्ञा के बिना संगीत वाद्य नहीं रख सकता। इसी कारण वह भोजनोपरान्त मंगल बाद्य निनादित करवाता था और अन्य नरेशों की भी इसी भांति वाद्य बजाने की अनुमति देता था।

जब मुराद को यह तथ्य ज्ञात हुआ, तब उसने अपना उल्लू सीधा करने का स्वर्ण अवसर देखा। वह अर्भीनिया का व्यापारी था । उसका भित्र याकूब एक अरबी पवन था। ये दोनों मित्र साझे में इथोपिया में व्यापार करते थे।

जब शाहजहां रुग्ण हुआ तब औरंगजेब ने उसे बन्दी बना लिया और एक भीषण संग्राम के उपरांत वह अपने पिता के सिंहासन पर आसीन हुआ।

इस समय को उपयुक्त समझ कर मुराद इथोपिया के शासक पर गया और सिसक-सिसक कर रोने लगा। शासक ने इस प्रकार रोने धोने का कारण पूछा, परन्तु

मुराद बिना कहे आठ-आठ आंसू बहाता रहा। शासक घबड़ा गया और लगा पूछने उससे बारम्बार उसका कारण। तब मुराद ने सिसकियाँ भरते उपर्युक्त शब्द कहे। उन शब्दों का सुनना था कि इथोपिया-शासक आगबबूला हो गया। फिर सोचकर बोला "यह तुम्हें कैसे मालूम।"

"हमारा तो काम ही एक मुल्क से दूसरे मुल्क में जाकर तिजारत करना हुआ हुजूर; मेरा अपना एक साथी मुसलमान है उसने खुद वहां जाकर अपनी आंखों से देखा है। बाप को कैद कर जब यह नया बादशाह गद्दीनशीन हुआ तब से इसने नये-नये बेशकीमती बाजे भी बनवाये और बिना जहाँपनाह की इजाजत के बजवाता रहता है" "ऐं इतनी जरत, ऐसी गस्ताखी, तुम फौरन से पेश्तर जाओ और वे सब बाजे गाजे छीन लाओ।"

"पर हुजूर, हिन्दुस्तान यहाँ तो नहीं रखा है। उसके लिये तो बहुत सर्फे की जरूरत..."बात काटते हुए कथोपिया-शासक झल्ला कर बोला "छिं" शाहंशाहे इथोपिया के होते तुम्हें सर्फे की परेशानी। तुम्हें जितनी रकम चाहिए शाही खजाने से लो।"

फिर क्या था ? अंधे को चाहिए दो आंखें। मुराद और याकूब ने मनचाहा धन लेकर अनेकों दास-दासियां खरीदी। उन्हें पता लगा था कि मुगल शाहंशाह विचित्र वस्तुओं की भेंट पसन्द करते हैं। बहुत सोच समझ कर उन्होंने एक चित्रगर्दभ (जेबरा) खरीदा। क्योंकि वह चीते से मिलता-जुलता था। उनका विचार था कि औरंगजेब उसे विलोक कर मंत्र मुग्ध हो जायेगा। साथ ही, उन्होंने ऐसे भारी दो हाथी दांत खरीदे जिनको चार मर्त्यमुष्टण्ड ही उठा सकते थे। इसके अतिरिक्त कुछ बैल के ऋगों में कस्तूरी भी भेंट को रख ली। अन्ततः उन्हें स्मरण था कि पांस में कुछ नहीं होने पर अमर कोट में अकबर के उत्पन्न होने पर उसके पिता शांहशाह हुमायू ने कस्तूरी ही बांटी थी।

उन्होंने एक पत्र भी स्वयं लिख लिया जिसमें वाद्ययन्त्रों तथा मुसलमानों की धार्मिक पुस्तकों के देने की औरंगजेब से प्रार्थना की थी। साथ ही, एक उस मस्जिद की मरम्मत के लिए मुद्रादान को भी अभ्यर्थना की थी जो एक मुस्लिम दरवेश के स्मारक स्वरूप इथोपिया में बनवाई गई थी। वह दरवेश मक्का से यहां आया था, परन्तु कुछ ही समय उपरान्त उसका देहावसान वहां हो गया था। कालान्तर में, पुर्तगालियों ने उस मस्जिद को नष्ट भ्रष्ट कर दिया था जब वहां यवनों ने विद्रोह की पताका फहराई थी। क्योंकि उन्हें ज्ञात था कि औरंगजेब कट्टर मुसलमान है, अतः उसकी धार्मिक अभिरुचि को समुत्प्रेरित करने हेतु उन्होंने यह सब कपट-काण्ड रचा था।

इस प्रकार सब तैयारी कर मुराद और याकूब ने इथोपिया से प्रयाण किया। परन्तु व्यय का सम्यक ज्ञान नहीं होने के कारण उनका समस्त धन मक्का पहंचते-पहुंचते समाप्त हो गया। विवश होकर उन्हें अनेक दास दासियां बेचनी पड़ीं। इसमें उन्हें धन राशि तो प्राप्त हो गई परन्तु उन्हें इस आशंका ने आ घेरा कि कहीं भेंट में न्यूनता होने के कारण औरंगजेब मिलने से मना नहीं कर दे अथवा मिलने पर रुष्ट न हो।

किन्तु अब बहुत देर हो चुकी थी। अस्तु उन्हें भाग्य की परीक्षा करने के अतिरिक्त अन्य कोई चारा नहीं रह गया था। प्रभु का नाम लेते लेते वे आगे बढ़े और अन्त में भारत के बन्दरगाह सूरत पर आ ही पहुंचे। परन्तु यहां भी दुर्दैव ने उनका पीछा नहीं छोड़ा तुरन्त एक दारुण विभीषिका ने उन्हें आ दबोचा। उसी समय छत्रपति शिवाजी ने मुगलों को क्षति पहुंचाने की दृष्टि से सूरत को लूटा और उस लूट के बलि ये दोनों व्यापारी भी हुए। उनके दोनों हाथी दांत, कस्तूरी भरे बैल-श्रृंग आदि सभी वस्तुएं लूट ली गई। अब उन पर केवल एक चित्रगर्दभ रह गया और वह भी इसी कारण कि मार्ग में वह पूर्व ही मर चुका था और अब उसकी खालमात्र उन पर रह गई थी जिसको उन्होंने एक पोटली में छिपा रखा था। कुछ दास उन पर अवश्य थे परन्तु उनकी दशा अतीव दयनीय थी।

इस अक्षुण्ण विषण्णता में उन व्यापारियों के नेत्रों के आगे अंधकार छा गया। आये थे मियाँ निमाज को रोजा गले पड़ा। किन्तु साहस उन्हें अब भी समुत्तेजित कर रहा था, आशा उनका अब भी पीछा नहीं छोड़ रही थी।

इस सधन अन्धकार में उन्हें रजत-रेख सूरत के मुगल सूबेदार में दृष्टिगत हुई और उन्होंने उसके निकट जाकर खूब बढ़ा-चढ़ा कर अपनी दुखभरी राम कहानी सुनाई तथा स्वयं को इथोपिया शासक का राजदूत बताया।

सूरत के सूबेदार ने उन्हें सच्चा राजप्रति निधि समझा तथा तुरन्त मुगल सम्राट औरंगजेब को एक पत्र लिखा, जिसमें उनकी सिफारिश की। दिल्ली तक पहुंचने की उनकी सर्व प्रकार की समुचित प्रशासनिक ध्यवस्था भी की।

परन्तु न तो वे सूबेदार से धन मांग सके और न ही उसने कुछ दिया। अतः उनकी दशा अत्यन्त करुणोत्पादिनी थी। उन पर उत्तम वस्त्र भी नहीं थे। किराये के लिए उन पर धन नहीं था। विवश उन्हें एक साधारण सराय में ही ठहरना पड़ा। यात्रा के लिए पालकी तक नहीं थी। सुतरां मार्गों में उन्हें पैदल ही चलना पड़ता था। इधर जागड़ा नाम की मदिरा के पान से उनके रहे सहे दास भी मर चुके थे।

किन्तु जब औरंगजेब को सूबेदार का पत्र मिला तब उसे ज्ञात हुआ कि 'पहाड़ी चुहे' शिवा ने उन व्यापारियों को भी लूट लिया है। वह आपे से बाहर हो गया और न जाने कितने अपशब्द उसने शिवाजी के विरुद्ध कहे। साथ ही, उन 'बेचारों' पर उसे अत्यन्त दया आई और जहां अन्य राजदूतों को वर्षों दिल्ली में रहने पर भी औरंगजेब के दर्शन नहीं होते थे वहां औरंगजेब ने उन्हें तुरन्त बुला लिया।

"तब तुम्हे भी उस पहाड़ी चूहे ने कुतरने से नहीं छोड़ा"। याकूब ने निश्वास ली और करुणा का प्रतिरूप बन गया। "हुजूर हम बहुत गिड़गिड़ाये—हिन्दुओं की तरह पैरों पड़े। मगर वह पूरा पत्थर का अचार निकला। अपने पैर छुड़ाते हुए बोला कि तुम्हें अपनी करतूतों का मजा मिल गया। और जाओ उस मक्कार के दर्शन करने।"

"उस बदजात की इतनी हिम्मत" दांत किटकिटाते हुए औरंगजेब बोला। उसने शीघ्र उन्हें खीमखाब की खिलअत दी : तथा शाही हुक्म किया "जब तक ये शरीफ दारुल खिलाफत में रहे इनका तमाम सर्फाशाही खजाना बर्दाश्त करे।"

कुल काल के अनन्तर उन्हें लौटने की आज्ञा मिली। तब उन्हें पुनः बहुमूल्य सरोपा मिले। मस्जिद की मरम्मत के नाम पर भी बीस सहस्र स्वर्ण मुद्रायें मिलीं। साथ में मुराद को दो सहस्र और याकूब को चार सहस्र स्वर्ण मुद्रायें प्रदान की गई। यद्यपि याकूब अत्यन्त ही करूप तथा कदाकार था; परन्तु वह यवन था। इसी हेतु कट्टर मजहबी औरंगजेब का कृपापात्र हुआ और दुगुनी राशि से वह अनुग्रहित किया गया।

उन आगन्तुकों की प्रार्थना पर औरंगजेब ने इथोपिया शासक को अमूल्य खिलअत दी तथा रजत-मण्डिल बिगुल, दो रणपटह एवं रत्नजटित एक खंजर भी दिया। ये वस्तुयें कोई अपवाद नहीं थीं। जब भी मुगल सम्राट किसी अधीन अमीर पर प्रसन्न होते थे तब अपना अनुग्रह उस व्यक्ति पर दर्शाने हेतु ये सब वस्तुयें सामान्यतः दान देते थे। परन्तु वे विदेशी अपनी मनोवांछित उपहार प्राप्त कर आनन्द-विभोर हो गए।

जब व्यापारियों ने कहा कि इथौपिया में मुद्रा का अभाव है तब द्रवीभूत होकर औरंगजेब ने उन विदेशियों को बीस सहस्र स्वर्ण मुद्रायें और भी प्रदान कीं। इतनी प्रचुर धनराशि प्राप्त कर वे अपने देश लौटे तथा मार्ग में असंख्य व्यापारिक वस्तुयें खरीदीं और अन्य देशों में उन्हें बेचकर पुष्कल लाभ कमाया। फलस्वरूप जब वे इथौपिया पहुंचे उस समय तक वे दोनों करोड़पति बन चुके थे।

इथोपिया-शासक अत्यधिक आकुलता से उनके लौटने की बाट-जोह रहा था। जब उसे उनके लौटने की सूचना मिली तब वह फुला नहीं समाया। "आखिर, गुमाश्ते काम कर ही आये" कहते हुए उसने सुख की श्वास ली और तुरन्त उन्हें बुला भेजा। व्यापारियों ने राज्यसभा में उपस्थित हो शासक को औरंगजेब का बहुमूल्य संरोपा भेंट किया।

"क्या ही बेशकीमती तोहफा ? आखिर उसने अपना शाहंशाह हमें कबूल कर ही लिया, हमारी तसल्लुत तस्लीम कर ही ली।"

"करता क्यों नहीं हजूर ! जब हम नाकिस गए थे वह तो आपके नाम से खौफजदा हो गया और देखिये ये बाजे आपकी खिदमत में भेजे हैं।" कहते हुए रण-पटह तथा बिगुल इथोपिया शासक के सम्मुख रख दिये। इथोपिया शासक ने गर्व से वक्ष स्थल फुलाया और पास में बुलाकर उनकी पीठ ठोकी "शाबाश, अब हमारा रहा सहा-शक भी मिट गया। हम तुम दोनों की क्या तारीफ करें। जब हिन्दोस्तान मुल्क का सुल्तान-ए-सलातीन तक हमारा लोहा मानता है तब दीगर ऐरे गैरे बादशाहों की हमें परवाह नहीं रही। वजीरे आजम, वजीरे आजम।"

"हुक्म गरीब परवर।"

"इन दोनों ताजिरों को हमारी तरफ से दस-दस हजार सोने के सिक्के इनाम दिये जायें।"

"जो हम।"

राजाज्ञा की देर थी, परन्तु पुरस्कार उन्हें प्राप्त करने में देर नहीं लगी। दोनों व्यापारी ऋद्ध-सिद्ध तो हो ही गए थे किन्तु सबसे अधिक प्रसन्नता उन्हें इस बात की

थी कि किस प्रकार संगीत-वाद्य के बहाने उन्होंने विश्व के दो शासकों को उल्ल बना कर अपना उल्लू सीधा किया था।

सूक्ति-सुधा

(i)

यदि आप भगवान को देखना चाहते हैं तो आप स्वयं को भी भगवान बनायें

—वर्नाड शा

(2)

अंहकार ने देवता को राक्षस बनाया है तथा विनम्रता ने मनुष्य को देवता।

—आगस्टाइन

(3)


यथार्थ ज्ञान ही यथार्थ कार्य का अचूक स्रोत है।

—अरविन्द

(4)

स्नेह कठोर, शुष्क तथा क्रूर हृदयों को भी मोम की भांति मृदुल बना देता है ।

—वाशिंगटन



क्रीडा क्षेत्रे :—

—भ व्य वि ज य—

दिनांक 16 से 22 फरवरी 1975 तक सीमांत सुरक्षा दल जालन्धर कैन्ट के शिविर में सम्पन्न हुए 24वें अखिल भारतीय पुलिस खेलों में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस ने निरन्तर चौथी वर्ष एथलीट चैम्पियन शिप जीती। सत्रह राज्यों की पुलिस टीमों तथा तीन केन्द्रीय दलों की टीमों ने भाग लिया । सदा की भांति, विजय के मुख्य प्रतिद्वन्द्वी के० रि० पु० दल तथा सीमान्त सुरक्षा दल थे। अत्यधिक उत्तेजना के वातावरण में खेल खेले गये। जो भी खेल खेला गया उसमें एथलीटों ने प्रतिद्वन्द्वता की भावना कूट-कूट कर

भरी हुई थी। अन्त समय तक कोई निश्चय पूर्वक नहीं कह सकता था कि के० रि० पु० दल और सीमान्त सुरक्षा दल में कौन ट्राफी जीतेगा। परन्तु अंत में 281 अंक पाकर के० रि० पु० दल ने विजय पताका फहरायी और ट्राफी प्राप्त की। सीमान्त सुरक्षा दल 263 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहा।

के० रि० पु० दल में सब इन्सपेक्टर हरीचन्द दग्तारा हो रहा था। उसका निजी स्कोर 36 अंक था। सीमान्त सुरक्षा दल के इन्सपेक्टर अजायब सिंह के साथ वह सर्वोत्तम खिलाड़ी माना गया। हरीचन्द ने 5000 मीटर (नया कीर्तिमान), 1500 मीटर तथा 10,000 मीटर की दौड़ों में स्वर्ण पदक प्राप्त कर इस दल की कीर्ति को चार चांद लगाये। विविध खेलों का विवरण संक्षिप्त जिनमें के० रि० पु० दल ने भाग लिया इस प्रकार है :—

बास्केट बाल : अर्द्धफाइनल में, सीमान्त सुरक्षा दल ने भारत-तिब्बत सीमान्त पुलिस को 125-65 तथा के० रि० पु० दल ने उत्तर प्रदेश को 62-51 से हराया। मध्य के मैचों में उत्तर प्रदेश ने भारत-तिब्बत सीमान्त-पुलिस को 85-46 से परास्त किया। फाइनल मैच में सीमान्त सुरक्षा दल तथा के० रि० पु० दल में अत्यन्त प्रतिद्वन्द्वता रही। सी० सु० दल ने 51-48 से चैम्पयन शिप जीती।

जिम्नास्टिक्स :—के० रि० पु० दल 516.30 अंक प्राप्त कर चैम्पियन बना। उत्तर प्रदेश 491.60 अंकों से द्वितीय स्थान पर रहा। तृतीय स्थान तामिलनाडू ने 269-50 अंकों में पाया। सब इन्सपेक्टर मनजीत सिंह पंथर (सी० सु० दल) सर्वोत्कृष्ट जिम्नास्टिक घोषित हुआ। उसने 89-10 अंक प्राप्त किये। के० रि० पु० दल के सब इन्सपेक्टर एन० बी० भोसले तथा लो० ना० एस० भट्टाचार्य (के० रि० पु० दल के दोनों) 9340 तथा 91.60 अंक क्रमशः प्राप्त कर द्वितीय तथा तृतीय रहे।

दंगल :—10 भारों में प्रतिद्वन्द्वता रही। 30 अंकों से के० रि० पु० दल चैम्पिमन रहा। 19 अंक प्राप्त कर हरियाणा द्वितीय रहा। मध्य प्रदेश तथा दिल्ली दोनों ने 10 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पाया।

कबड्डी :—के० रि० पु० दल तामिल नाडू को फाइनल मैच में 25-18 से पराजित कर चैम्पिन रहा। प्रर्द्ध फाइनल में के० रि० पु० दल ने पंजाब को 46-24 से हराया तथा तामिल नाडू ने दिल्ली को 54-30 से परास्त किया।

एथलेटिक्स :—दिनांक 20 से 22 फरवरी 75 तक नवनिर्मित अश्विनी स्टेडियम के एथलीटों में प्रतियोगिता हुई। पंजाब के मुख्यमंत्री ग्यानी जेल सिंह ने भव्य मार्च पास्ट (अभिमुख प्रयाण) में सलामी ली तथा प्रतियोगिता उद्घाटित की। इस प्रतियोगिता में ये पांच नये कीर्तिमान स्थापित हुये।

1.**5000 मीटर दौड़** में स० इ० हरीचन्द तथा इन्सपेक्टर कृपाल सिंह (के० रि० पु० दल के दोनों) ने 14 मि० 48.7 से० तथा 14 मि० 496 से० का क्रमशः समय लिया।

2.**3000 मीटर दौड़** : (स्टोपिल चेज) में स० इं० डी० मुजाबर तथा प्रो० के० सिवन (के० रि० पु० दल के दोनों) ने 9 मि० 24.8 से० तथा 9 मि० 24.6 से० का क्रमशः समय

लिया।

3.**मैराथान दौड़** : कां० विनोद कुमार (पंजाब) ने 2 घं० 27 मि० 17.4 से० के रिकार्ड को 2 घं० 22 मि० में पूरा कर सुधारा।

4.**हाप, स्टेप एंड जम्प (कूद, बढ़ तथा छलांग)** में इन तीनों एथलीटों ने क्रमशः स्थान पाये :—(क) प्रार० एस० माई० डी० ए० दक्षिण मूर्ति (तामिल नाडू) 15.27 मीटर (ख) डी० एस० पी० जे० एस० डाउसन (के० रि० पु० दल)—15.19 मीटर (ख) ना० सुधाकर न (के० रि० पु० दल)—15.05 मीटर।

5.**डिस्कस** (चक्का) फेंक में अपना पहला 54.18 मीटर का रिकार्ड 54.42 मीटर से इन्सपेक्टर प्रवीण कुमार (सी० सु० दल) ने सुधारा।

एथलीट प्रतियोगिता के समापन्न सहारोह की अध्यक्षता पंजाब के राज्यपाल श्री एम० एम० चौधरी ने की । इस प्रतियोगिता के विजेता के० रि० पु० दल ने मार्च पास्ट (प्रभिमुख प्रयाण) किया । तदुपरान्त राज्यपाल ने ट्राफियां वितरित की।

निदेशक गुप्त वार्ता विभाग, भारत सरकार तथा अखिल भारतीय पुलिस खेलों के अध्यक्ष ने 24वें अखिल भारतीय पुलिस खेलों की समाप्ति घोषित की।

विभिन्न भागों के दंगलों में परिणाम इस प्रकार रहे—

पिन भार (48 कि० ग्रा०) :—थान सिंह (हरियाणा)—I. रामकुमार (के० रि० पु० दल) II. तथा शिव नाथ (बिहार) III

पलाई भार (52 कि० ग्रा०) :—दादा कांसे (के० रि० पु० दल) I, रामलाल (म० प्र०) II तथा राधे श्याम (बिहार) III

वण्टम भार (57 कि० ग्रा०) :— स्वदेश कुमार (दिल्ली) I, राजिन्दर यादव (के० रि० पु० दल) II, तथा मोती सिंह (बिहार) III

फेदर भार (62 कि० ग्रा०):—राम दुलारे (म० प्र०) I, बी० बी० नलवाडे (महाराष्ट्र) II तथा शाम लाल (बिहार) III

लाइट भार (68 कि० ग्रा०) :—रामचन्द्र (दिल्ली) I, जगरूप सिंह (हरियाणा) II, तथा राधे श्याम (म० प्र०) III

वेल्टर भार (14 कि० ग्रा०) :— रामधन (बिहार) I, मुनिराम (के० रि० पु० दल) II, तथा शोभनाथ (उ० प्र०) III

मिडिल भार (82 कि० ग्रा०) :—रघुवीर सिंह (हरियाणा) I, रघुवीर सिंह (के० रि० पु० दल) II, तथा प्रोम प्रकाश यादव (के० रि० पु०) III

लाइट हैवी भार (90 कि० ग्रा०) :— प्रताप सिंह (हरियाणा) I, ईश्वर सिंह (के० रि० पु० दल) II तथा अमर सिंह (म० प्र०) III

हेवी भार (100 कि० ग्रा०) :— हुकम सिंह (सी० सु० दल) तथा दीवान सिंह (के० रि० पु० दल) (संयुक्त विजेता) I, तथा जगत सिंह (हरियाणा) III

सुपर हेवी (अत्यधिक भारी) भार :— (100 कि० ग्रा० से ऊपर) सुखवन्त सिंह

(के० रि० पु० दल) I, जोगेन्दर सिंह (पंजाब) II तथा पूरन सिंह (आंध्र) III

जिम्नास्टिक्स प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे :—

बाल्टिगहार्स—एस० आई० मनजीत सिंह पंथर (सी० सु० दल) तथा एल० एम० खन्ना (के० रि० पु० दल) I, लां० ना० एस० भट्टाचार्य (के० रि० पु० दल) II हे० कां० बी० के० भोसले (के० रि० पु० दल) तथा कां० एस० के० श्रीवास्तव III

रिंग—ला० ना० एस भट्टाचार्य (के. रि० पु० दल) I, स० इ० मनजीत सिंह पंथर (सी० सु० दल) II तथा हे० कां० अरदेश चौबे (उ० प्र०) III

पौमेल्डहार्स—स० इ० मनजीत सिंह पंथर (सी० सु० दल) I, जमादार लाल सिंह (विहार) II तथा ना० एम० एस० बालारी (कर्नाटक) III

हारीजंटल बार—स० इ० मनजीत सिंह पंथर (सी० सु० दल) I, स० इ० एन० वी० भौंसले (के० रि० पु० दल) II तथा स० इ० एल० एम० खन्ना (के० रि० पु० दल) III

पैरेलल (समान्तर) बार—स० इ० मनजीत सिंह पंथर (सी० सु० दल) I, ला० ना० एस० भट्टाचार्य (के० रि० पु० दल) II तथा स० इ० एन० वी० भोंसले (के० रि० पु० दल) III

फ्लोर—हे० कां० वी० के० भौंसले (के० रि० प० दल) I, स० इ० एन० वी० भौंसले (के० रि० पु० दल) II तथा लां० ना० एस० भट्टाचार्य (के० रि० पु० दल) III

एथलेटिक्स में ये परिणाम रहें:—

100 मीटर दौड़—इ० अजासब सिंह (सी० सु० दल) I, स० इ० के० जी जोजेफ (के० रि० पु० दल) II तथा स० इ० हर्कमेश सिंह (के० रि० पु० दल) III

200 मीटर दौड़—इ० अजायब सिंह (सी० सु० दल) I, स० इ० के० जी० जोजेफ (के० रि० पु० दल) II है कां० पी० कंजम्बू (के० रि० पु० दल) III

400 मीटर दौड़—इ० अजायब सिंह (सी० सु० दल) I, स० इ० रणजीत सिंह (सी० सु० दल) II तथा स० इ० बावर अली (के० रि० पु० दल) III

800 मीटर दौड़—जत्रु खंल्के (के० रि० पु० दल) I, इ० पूरन मल (भा० ति० सी० पु०) III तथा पी० सी० पुनप्पम (केरल) III

1500 मीटर दौड़—स० इ० हरीचन्द (के० रि० पु० दल) I, ना० चन्दर प्रकाश (के० रि० पु० दल) II तथा हे० कां० सुच्चा सिंह (सी० सु० दल) III

5000 मीटर दौड़—स० इ० हरीचन्द (के रि० पु० दल) I, इ० कृपालसिंह (के० रि० पु० दल) II तथा हे० का० कुन्दन सिंह (सी० सु० दल) III

10,000 मीटर दौड़—स० इ० हरीचन्द (के० रि० पु० दल) I, स० इ० सी० वी० एस० राथौड, (के० रि० पु० दल) II तथा हे० कां० कुन्दनसिंह (सीमा सुरक्षा दल) III

3000 स्टीपिल चेज—स० इ० डी० मुजावर (के० रि० पु० दल) I, स० इ० मो० के० शिवन (के ० रि० पु० दल) II तथा हे० कां० सुच्चासिंह (सी० सु० दल) III

110 मीटर बाधा दौड़—पी० सी० शंकर (कर्नाटक) I, स० इ० बी० एस० बालेया (के० रि० पु० दल) II तथा स० इ० ग्यान चन्द (सी० सु० दल) III

400 मीटर हल्की बाधा दौड़—स० इ० लेहम्बर सिंह (मी० सु० दल) I, स० इ० दीदार सिंह (के० रि० पु० दल) II तथा स० इ० भवंर सिंह (के० रि० पु० दल) III

4X100 मीटर रिले (क्रमिक) दौड़—के० रि० पु० दल 42.7 से० I, सी० सु० दल 43०5 से० II, उ० प्र० 43 9 से III,

4X100 मीटर रिले (क्रमिक)—सी० सु० दल 3 मिनट 20.5 से० I, के० रि० पुलिस दल 3 मिनट 21.4 से० II तथा उ० प्र० 3 मि० 23.3 से० III

मैराथान दौड़—कां० विनोद कुमार (पंजाब) I, ला० ना० निरंजन सिंह (सी० सु० दल II तथा हे० कां० गजराज सिंह (उ० प्र०) III

ऊंची कूद—स० इ० नसीब सिंह (के० रि० पु० दल) I, स० इ० प्रिथी चन्द (सी० स० दल) II तथा स० इ० छगन सिंह (के० रि० पु० दल) III

रनिंग ब्राड (दौड़ती चौड़ी) कूद—स० इ० रणजीत सिंह (सी० स० दल) I, स० इ० दलबीर सिंह (पंजाब) II, तथा हे० कां० मोहन दास (के० रि० पु० दल) III

हाप, स्टेप एण्ड जम्प (कूद, बढ़ तथा छलांग) आर० एस० आई० डी० ए० दक्षिण मूर्ति (तामिल नाडू) I, डी० एस० पी० जे० एस० डाउसन (के० रि० प० दल) II, तथा ना० सुधाकरन (के० रि० पु० दल) III

पोल वाल्ट—स० इ० आर० एल० पाण्डे (उ० प्र०) I, इ० लखवीर सिंह (सी० सु० दल) II तथा हे० कां० फूल कुमार (हरियाणा) III


डिस्कस (चक्का) फेंक—इ० प्रबीणकुमार (सी० सु० दल) I, स० इ० रघुवीर सिंह बाल (के० रि० पु० दल) II तथा स० इ० एस० एस० बाल (के० रि० पु० दल) III

शाटपुट—इ० गुरदीप सिंह (सी० सु० दल) I, स० इ० बलबीर कुमार (सी० सु० दल) II तथा म० इ० परम जीत सिंह (के० रि० पु० दल) III,

जैवेलिन (भाला) फेंक—इ० नरिन्दर सिंह (सी० सु० पु०) I, स० इ० भगवान सिंह (के० रि० पु० दल) II तथा स० इ० प्रीतमसिंह (सी० सु० दल) III

हैमर (हथोड़ा) फेंक—इ० प्रवीण कुमार (सी० स० दल) I, इ० अजमेर सिंह (पंजाब) II, तथा स० इ० रघुबीर सिंह बाल (के० रि० पु० दल) III

डेकाथलोन—ए० सी० ए० एस० रणधावा (सी० सु० दल) I, स० इ० आर० एल० पाण्डे (उ० प्र०) II, जी० एम० जोजेफ (के० रि० पु० दल) III



केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल में आत्महत्यायें

भारत में आत्महत्या पाप है। लोक-रव है कि केवल भीरुहृदय ही आत्महत्या करते हैं। कठिनाइयों तथा समस्याओं के सम्मुख उनसे वीरतापूर्वक जूझने के स्थान पर जीवन समाप्त करने का भीरु मार्ग ग्रहण करते हैं। हिन्दुओं की (जो आवागमन को मानते हैं) धारणा है कि आत्महत्या करने वाला प्रेत योनि पाता है और जब तक

असंख्य जन्म-मरण के चक्र में वह अगणित यातनायें नहीं सहन कर लेता तब तक उसकी आत्मा को शान्ति नहीं मिलती।

इस देश के निखिल इतिहास में आत्महत्या निराद्वत समझी गई है। यद्यपि हमारे इतिहास में जौहर तथा सती के तप और व्रत, योगाभ्यास एवं नाना प्रकार के कष्ट सहन करने के अगणित दृष्टान्त हैं तथापि आत्म हत्यारों की कोई चर्चा नहीं है। उन कर्मों में धर्म तथा समाज की अनुमति विद्यमान थी। परन्तु ऐसा सोचने का कोई कारण नहीं कि प्राचीनकाल में आत्महत्यायें होती ही नहीं थीं।

वर्तमान सभ्यता तथा आत्महत्या—वर्तमान युग में अनेकों कारणों से आत्महत्याओं की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है । वर्तमान सभ्यता ने दीर्घकालीन धार्मिक तथा सामाजिक मान्यताओं के प्रति विश्वास को झकझोर डाला है । आज व्यक्ति क्या सामाजिक तथा क्या नैतिक सभीदायित्वों से अधिक स्वतन्त्र है। फलस्वरूप, वह कर्तव्यों से पराङ मुख होने का इच्छुक है तथा छोटी-छोटी बातों से भी अचेत रहता है। उसकी आवश्यकताओं ने अत्यन्त उग्र रूप धारण कर अनेकों समस्यायें उत्पन्न कर दी है। प्रसाधनों से अधिक रहने की प्रवृत्ति से नित्यप्रति बढ़ती हुई निर्धनता ने मख्यकर के देश के मध्यम श्रेणी समाज में इस प्रश्न को और भी जटिल बना दिया है । आज के समाज में ये ही तत्व व्यक्ति को उत्तेजित तथा भावात्मक बनाने के उत्तरदायी हैं। उसके जीवन में सामंजस्य नहीं है तथा वह मस्तिष्क का संतुलन खोने की प्रवृत्ति रखता है।

के० रि० पु० दल के सेवा नियम—नागरिक जीवन तथा के० रि० पु० दल में आत्महत्या के प्रकरण में मूलरूप से कोई अन्तर नहीं है । दोनों में वे ही तत्व हैं, जो किसी व्यक्ति को आत्महत्या की ओर प्रवृत्ति करते हैं । केवल स्थितियां भिन्न होती हैं। के० रि० पु० दल ऐसे संगठन में गृह से दूर जीवन-यापन, देश के किसी कोने में एकांकी नियुक्ति, मनोरंजक तथा सामाजिक सम्पर्कों का प्रभाव कुछ ऐसे तत्व हैं, जो किसी व्यक्ति को चिन्तित तथा विचारमग्न बना देते हैं। ऐसे वातावरण में रहते हुए वह सुचारू रूप से अपनी कठिनाइयों तथा समस्यायों को नहीं समझ पाता है तथा दिवा स्वप्नों में भरमाता रहता है और मिथ्या भयों से भागता रहता है। कितनी ही बार ऐसे सब व्यक्ति गम्भीर मस्तिष्क वेदना से उत्पीड़ित रहते हैं और जब भी वह वेदना असह्य हुई तब उन्होंने सब से प्रथम अवसर पर आत्महत्या कर डाली । दूसरा और प्रमुख तत्व यह है कि इस दल में शस्त्रास्त्र सुगमता से मिल जाते हैं। यातना तथा योजना के बिना ही यहां जीवन का सरलतापूर्वक अन्त हो सकता है।

ले० : श्री सी० एम० पाण्डेय

आत्महत्या तथा आग्नेयास्त्र—के० रि० पु० दल के 33 प्रकरणों के सर्वेक्षण से यह ज्ञात हुआ है कि 25 आत्महत्यायें रायफल की गोली मारने से हुई हैं। शेष 8 आत्महत्याओं में से तीन फन्दा लगाकर तथा दो डूबकर हुई। अवशिष्ट तीन में दो

चलती गाड़ी से कट कर और एक छुरे से कण्ठ-शिरा काटने पर आत्महत्यायें हुइ ।

इन आठ प्रकरणों का गहन अध्ययन यह स्पष्ट करता है कि उन व्यक्तियों ने आग्नेयास्त्रों से आत्महत्यायें नहीं करी क्योंकि उस समय वे उन्हें प्राप्त नहीं हो पाये । एक लटक कर मरने वाले प्रकरण में व्यक्ति अस्पताल में था । वह अपने वार्ड से रात्रि में चुपचाप निकल गया और अस्पताल के परिसर में एक वृक्ष से लटककर उसने आत्महत्या कर डाली। दूसरे में व्यक्ति कुक (रसोइया) था और उसे शस्त्र नहीं दिये गए थे । तीसरे प्रकरण में भी सी० क्यू० एम० एच० होने के नाते दैनिक कार्यों के समय आग्नेयास्त्र नहीं प्राप्त कर सकता था। डूबने वाले दोनों व्यक्ति रेडियो आपरेटर (चालक) थे जिनको नैत्यिक सेवा के समय आग्नेयास्त्र नहीं दिये जाते हैं। गाड़ी से मरने वालों में एक तो लिपिक वर्ग का था तथा दूसरा अवकाश लिए आर्मरर शस्त्रकार था।

ग्रीवा-शिरा काट कर आत्महत्या करने वाला प्रकरण कुछ विचित्र है । वह मनोरोगी था । उसे स्नायुदौर्बल्य हो गया तथा अदृष्ट प्रेतात्मानों से उत्पीड़ित होने की मति-भ्रांति उत्पन्न हो गयी। अरुणाचल में देओमाली नामक स्थान पर वह मौन तथा दुःखान्ध देखा गया। उसके सम्मुख एक नाई बाल काट रहा था । सहसा उसने छलांग लगाई तथा नाई के बक्से में से छुरा लिया और भाग निकला । दौड़ते हुए उसने ग्रीवा काट ली और अत्यधिक रक्त स्राव के कारण बाद में वह मर गया।

आत्महत्याओं का स्थूल वर्गीकरण—के० रि० पु० दल की आत्महत्याओं के कारणों को किसी सुनिश्चित वर्गों में नहीं रख सकते। ऐसे किसी भी प्रकरण में अनेकों तत्व मिलकर उत्तरदायी हुए हैं। बहुत बार सरकारी जांच संकुचित दृष्टिकोण से हुई है तथा मनुष्य के आचरण, व्यवहार, स्वभाव, आयु, वैवाहिक जीवन, घरेलू समस्यायें, शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य आदि ऐसे विवरणों पर ध्यान ही नहीं दिया गया है। किसी आत्महत्या के तर्क-संगत कारण खोज निकालने में इन सब तत्वों का समुचित अध्ययन पर आवश्यक है । अस्तु, आत्महत्याओं के प्रकरणों के सर्वेक्षण के आधार पर अधोलिखित स्थूल विभाजन किया जा सकता है :

(क) जीर्ण रोग—33 में नौ प्रकरणों के अन्दर जीर्णरोग तथा अस्वस्थता आत्महत्याओं के मूल कारण पाई गईं । निरन्तर रुग्णता के कारण उन व्यक्तियों का स्वभाव चिढ़चिढ़ा हो गया था। रोगों की अनुमानित असाध्यता के कारण वह जीवन से हताश हो चुके थे। उस असाध्य स्थिति से परित्राण पाने के लिए उनकी बढ़ती हुई निराशा ने अन्त में आत्महत्या करा डाली।

एक ला० ना० के माता-पिता का शैशवकाल में स्वर्गवास हो गया था। दो वर्ष पूर्व उसने विवाह किया था और उसकी एक पुत्री थी। इस अवधि में वह अधिकतर जम्म तथा कश्मीर के शिविर में अपने परिवार के साथ रहता था। वह सिरदर्द, चक्कर आने, अनिद्रा तथा गात्र-पीड़ा का सदैव रोगी सुना गया था। वह श्रीनगर के अस्पताल में भर्ती हुआ था, किन्तु उसे कुछ भी स्वास्थ्य लाभ नहीं हुआ था। 6 जून 74 को वह वार्ड से चुपचाप निकल गया तथा अस्पताल के परिसर में उसने एक वृक्ष से लटक कर आत्महत्या की।

एक दूसरे प्रकरण में, एक कांस्टेबिल रतिरोग से ग्रस्त था । वह नई टकसाल (न्यू मिन्ट) कलकत्ते में सन् 1972 में नियुक्त हुआ था। आदेशों के अनुसार वह चिकित्सा के लिए शिविर से बाहर नहीं जा सकता था। सुरक्षा के कारण शिविर से गमनागमन नियंत्रित था। शिविर के अन्दर वह अनु शासनात्मक कार्यवाही के भय से रोग को छिपाने की चेष्टा करता रहा । अन्त में, रोग गम्भीर तथा असाध्य हो गया। जब वह सेवा-रत था तब उसने रायफल से गोली चला कर आत्महत्या कर डाली।

इसी प्रकार के अन्य दो प्रकरण हैं, जिनमें उन जवानों ने जिन्होंने आत्महत्या की रतिरोगी थे । अन्य तीन व्यक्ति नपुंसक थे। कदाचित् वे भी रतिरोगी थे क्योंकि रतिरोग की उचित चिकित्सा नहीं होने पर नपुसंकता आती है। एक अन्य को आपाचक फोड़ा था तथा साथ में प्रेम की समस्यायें थीं। बहुत सम्भव है कि प्रेम में हुई निराशा से ही वह आपाचक फोड़ा उत्पन्न हुआ था।

(ख) **मस्तिष्क की असन्तुलित स्थिति**— सात प्रकरणों में जवानों की असंतुलित मानसिक स्थिति ही आत्महत्मा का कारण थी। वे भयग्रन्यि से ग्रस्त थे तथा अनजाने एवं अदृष्ट प्रेतों से उत्पीड़ित रहते थे। उन्हें अन्तरावन्ध मनोरोग (स्क्रोजोफ्रेनिया) ने ग्रस्त कर लिया था जिसमें रोगी अपन अस्तित्व तक को भूल जाता है और भावनाओं का क्रियानों से सम्बन्ध नहीं रहता है।

उक्त अरुणाचल प्रदेश वाले कण्ठशिरा काट कर आत्महत्या का प्रकरण अपने में बिरला है।

एक अन्य प्रकरण में, एक कान्स्टेबिल अनेकों बार गणवेश धारण कर प्रहरी सेवा को कटिबद्ध होता पाया गया था जब उसे उस सेवा में नहीं लगाया गया था। काला न्तर में जब छुट्टी के बाद देर से आने पर उसे 'पेशी' को बुलाया गया तब उसने इस छोटी सी बात पर आत्महत्या कर डाली।

एक लॉ० ना० नागालैंड की एक बटालियन में कोट ला० नायक था। जवानों ने उस पर विश्वास किया तथा कोट में सुरक्षित रखने को उन्होंने बचत धन भी उसे दिया। एक संध्या को कोट में अग्नि जलती दिखाई दी। बाद में यह ज्ञात हुआ कि वह ला० ना० एक बारूद के बक्से में नोट जलाने की चेष्टा कर रहा था। क्वार्टर-गारद के संतरी ने उस अग्नि को देखा और इसके पूर्व कि वह अन्दर पहुंचे ला० नायक ने गोली चला कर आत्म हत्या कर ली। यह ला० ना० अत्यंत सम्बेगी तथा चिन्तित व्यक्ति बताया गया। एक पराजय की भावना तथा कदाचित् उस धन की तुष्णा ने जिसे वह आजीवन प्राप्त नहीं कर सका था उसे उस संघातक पग को उठाने को अनुप्रेरित किया। धन के दर्शन ने उसे अपहरण करने की तृष्णा को जागृत कर दिया, किन्तु उसके दुष्परिणाम का ध्यान कर उसे निराशा ने तथा अन्त में आत्मविक्षोभ की भावना ने उसे आ दबोचा।

इससे भी मनोरंजक प्रकरण एक हे० काँ० का है। उसने गोली मार आत्म हनन का प्रयत्न किया, किन्तु वह बच गया। बाद में उसके कथानुसार भावात्मक विक्षिप्तता में बिना जाने कि वह क्या करने जा रहा है उसने स्वयं को मारना चाहा। उसे इस प्रकार के दौरे पहले भी पड़ते थे, वह सहसा भया—क्रान्ति होता था तथा उन क्षणों में वह

बेसुध कार्य करता था। तीन मास पूर्व, वह बिना कारण कांपता, रोता तथा चिल्लाता पाया गया। जब वह सुधि में पाया तब वह स्वयं ही निज विचित्र व्यवहार को स्पष्ट नहीं कर सका। कदाचित् उसकी विगत पृष्ठभूमि, सामाजिक एवं घरेलू जीवन का गहन अध्ययन उसके विचित्र व्यवहार की गुत्थी सुलझा सकता था।

ऐसे ही एक अन्य प्रकरण में, एक हेड कान्स्टेबिल आपरेटर (चालक) ने डूब कर प्राण गवायें तथा पर्ची पर लिखा छोड़ गया कि पिछले दो मासों से उसे शव दिखाई देते थे। न तो घर से और न ही सेवा की ओर से उसे कोई अन्य कष्ट था।

(ग) **विक्षुब्ध दर्प तथा प्रतिष्ठा**—आत्म हत्या सोचने वाला एक व्यक्ति भावुक था। वह संवेदनशील तथा आवेग में आ जाता था तथा छोटी सी बात उसे पागल कर देती थी, उसके दर्प तथा प्रतिष्ठा पर तनिक भी प्रांच उसे मर्महित कर डालती थी। जब उसकी मानसिक दशा असह्य हों गई तब उसने आत्महत्या की। उसके माता-पिता बाल्यकाल में ही उसे अनाथ छोड़ गए थे। उसकी बहनें पूर्व ही विवाहित थीं तथा वह चचेरे भ्राताओं के साथ रहता था, जिनसे उसकी घोर शत्रुता थी। शैशव काल से वह अपने माता-पिता क्या निज निकट सम्बन्धियों के स्नेह से वंचित रहा था। इसने उसमें यह इच्छा जागृत की कि उसे कोई प्रेमी मिले तथा गृहस्थ-जीवन की सुख-सुविधाओं के साथ वह एक पारिवारिक जीवन व्यतीत करे। वह अपने साथियों को बताया करता था कि वह विवाहित है तथा उसके एक पुत्री है। उसके पास एक कन्या का फोटो तक था जिसे वह निज पत्नी बताता था, किन्तु तथ्य यह था कि वह उस समय भी अविवाहित था। उस ने घर वालों को अपने एक मित्र को विषय में एक पत्र लिख सचेत किया था कि वे के० रि० पु० दल के एक सिपाही को (जो वहां पहुंचने वाला था) उसके कोई रहस्य नहीं बतायें। नागालैंड में सन्तरी सेवारत होते हुए उसने अपनी रायफल से गोली चलाकर आत्महत्या की थी। इस विषय के गहन अध्ययन ने बताया है कि उसकी आत्महत्या का कारण असुरक्षा तथा आगे नाथ न पीछे पगहा था। इसने उसके जीवन को निस्सार तथा निरर्थक बना दिया। यह सोच कर कि जो परिवार का हवाई महल उसने अत्यन्त गुप्त रीति से बनाया है भेद खुलने पर मिट्टी में मिल जाएगा, वह अत्यन्त मर्माहत हुआ और निज जीवन के अन्त करने का उसने तुरन्त पग उठाया।

एक अन्य प्रकरण में, एक कान्स्टेबिल ने भी स्वयं को गोली मार कर नागालैंड में आत्महत्या की थी। वह एक पर्ची में लिखा छोड गया कि एक ला० ना० ने उसके साथ पुंमैथुन किया है। वह दुर्व्यवहार वह सहन नहीं कर सका तथा लज्जा से गड़ गया। उसे उसने अपनी आत्म प्रतिष्ठा पर लांछन माना तथा उस अपमान को सहन नहीं कर सका। इसी प्रकार का एक और भी प्रकरण है। एक सिपाही ने नागालैंड में डाओ से दूसरे की हिंसा कर दी तथा बाद में अपनी रायफल से गोली मार कर आत्महत्या करी वह भी एक पर्ची छोड़ गया जिसमें लिखा कि "हम दोनों मित्र थे तथा संसार में किसी अन्य की अपेक्षा अधिक परस्पर प्रेम करते थे। कभी तर्क वितर्क से अलग-थलग हो गए थे। उस स्थिति को मैं सहन नहीं कर सका, और विक्षिप्त सा होने लगा। मैं जानता था कि हम एक दूसरे से अलग जीवित नहीं रह सकते थे। अतः मैंने पहले उसकी

हत्या की है और तदुपरान्त निज जीवन का अन्त करने जा रहा हूं।"

एक अन्य प्रकरण में, एक सिपाही ने नेफा में अलांग पर प्रहरी-सेवा में रत हुए आत्महत्या की। वह कम्पनी कमाण्डर का बैटमैन (चाकर) था, परन्तु किसी कारण से वह उस कार्य से हटा दिया गया । कालांतर में उसे गार्ड का कार्य करना पड़ता था तथा स्यात् उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया। उसने स्वयं को तिरस्कृत समझा तथा आत्महत्या की।

एक सिपाही चिन्तित तथा चिढ़चिढ़ी प्रकृति का था। उसे मदिरा पान, अश्लील साहित्य के अध्ययन तथा दुश्चरित्र स्त्रियों के सम्भोग का व्यसन था । 15 अक्टूबर 73 को उसने रायफल से गोली मार कर आत्महत्या की थी, उससे एक दिन पूर्व उसने निज लंगर कमाण्डर से छोटी सी बात पर झगड़ा किया था । बाद को संध्या समय उसने मदिरा पान की एवं रौद्र रूप धारण किया। उसके हथकड़ी पड़ गई तथा गारद में रखा गया। दूसरे प्रातः को उसे इस कारण अत्यन्त मर्मान्तिक वेदना हुई तथा ज्यों ही उसे अपराह्न में क्वार्टर गारद पर संतरी नियुक्त हुआ उसने आत्महत्या की।

(घ) घरेलू चिन्ताएं तथा प्रेमालाप-- लगभग एक तिहाई आत्महत्यायें इसी वर्ग में आती हैं। 33 में से 12 प्रकरणों में, प्रेम-वृत्त, गार्हस्थिक मालिन्य तथा घरेलू चिन्तायें ही आत्महत्याओं का कारण रहीं। यहां यह विचार करना वांछनीय है कि के० रि० पु० दल के सेवा नियम विवाहित जीवन तथा काम वासनाओं की समस्याओं में कैसे विक्षोभ लाये । यह कोई रहस्य नहीं है कि के० रि० पु० दल अत्यधिक चलिष्णु दल है। तथाकथित शान्ति-क्षेत्रों में नियुक्त रहने की कोई निश्चितता नहीं होती तथा जवानों में कोई स्थिरता नहीं रहती। दल का लगभग 50 प्रतिशत अंश राष्ट्रीय जीवन-धारा से बहुत दूर स्थानों में प्रविस्तारित रहता है। फलस्वरूप ग्रुप केन्द्रों तथा कुछ अन्य स्थानों में कुछ प्रतिशत स्थित होने के अतिरिक्त शेष सब जवान एकाकी ही विवाहित जीवन बिताते हैं। पहले संयुक्त परिवार की पद्धति में सभी इन सैनिकों की पत्नियों तथा सन्तानों को पूर्णरुपेण सुरक्षा तथा सुविधायें मिलती थीं जब वे जीविका को चले जाते थे पर अब मिलेजले पारिवारिक जीवन की कोई संलागी संस्था नहीं रह गई है। अतः जवानों के परिवार या तो अपने घर से ही परित्यक्त पाए जाते हैं अथवा वे आजकल के मनोमालिन्यपूर्ण संयुक्त परिवारिक जीवन से सामंजस्य स्थापित नहीं कर पाते हैं। इस स्थिति ने अत्यधिक वैमनस्य तथा कभी-कभी तो पारस्परिक विश्वास का अभाव उत्पन्न कर दिया है । कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं:

एक सिपाही को विवाह किए कई वर्ष हो गए थे किन्तु कोई सन्तान नहीं थी। एक ओर उसके माता-पिता तथा दूसरी ओर पत्नी और सम्बन्धियों में झगड़ा था। उसकी पत्नी को सास सुसर नहीं चाहते थे और वह अधिक समय अपने पितगृह में व्यतीत करती थी। उसके पुनर्विवाह तक का प्रस्ताव था, सिलचर में सेवारत इस सिपाही ने एक वर्गाली कन्या से चुपचाप विवाह कर लिया और अपने शिविर में ले आया। उसने उस कन्या का परिचय निज पत्नी बताकर कराया तथा बटालियन के मुख्यालय के निकट परिवार रखने की अनुमति प्राप्त कर ली । एक मास के उपरान्त जब गार्ड सेवा

कर रहा था तो उसने रायफल से गोली मार कर आत्महत्या कर ली।

एक अन्य प्रकरण में एक तरुण सिपाही ने 3 दिसम्बर 72 को तीन वर्ष की सेवा के अनन्तर अपनी रायफल से गोली मार कर आत्महत्या की। 2 नवम्बर 72 को ही 90 दिन के अवकाश पूरा करके वह घर से लौटा था। वह उस कन्या से प्रेम करता था जो बाद में गर्भवती हो गई थी। उसने मतबाला होकर उसे गृह आने तथा उसकी लज्जा बचाने को लिखा था। कुछ तो इस कारण से कि उसके माता-पिता इस सम्बन्ध को स्वीकार नहीं करेंगे और कुछ इस हेतु कि वह उसे विवाह करके अपने साथ नहीं रख सकता, उसने अपने प्राणान्त करने का निश्चय किया।

सात वर्ष हुए जब एक नायक ने अपने अपना निवास स्थान छोड़ा था तब कई स्थानों पर जूते चटकाने के उपरांत वह केन्द्रिय रिजर्व पुलिस दल में भर्ती हो गया । वह परिवार का कमाऊ सदस्य हो गया तथा बाद को उसने अपनी दो बहिनों के विवाह अपने माता-पिता की इच्छा के विरुद्ध किये क्योंकि उसके निश्चित किये सम्बन्ध उन्हें रुचिकर नहीं थे । इस कारण, बह शनैः शनैः निज माता पिता से अलग तथा बहनों एवं बहनोईयों के निकट होता गया। कालान्तर में, जब उसे ज्ञात हुआ कि उसकी बहिनें तथा बहनोई उसके विरुद्ध हो गये हैं उसे अत्यन्त दुःख तथा निराशा हुई । उस अभागे दिन उसने अत्यधिक मदिरा पान किया तथा एक पर्ची पर यह लिख निज कमरे से चला गया। "मैं इस संसार से जा रहा हूं और कोई भी इसका दोषी नहीं हैं। मैंने इस लघु जीवन अनन्त में दुःख भोगे हैं।" उसने पश्चिमी बंगाल के पोखर में डूब कर आत्महत्या की।

एक अन्य प्रकरण में, मणिपुर में नियुक्त एक सिपाही उस कन्या से विवाह करने की योजना बना रहा था जिससे वह प्रेम करता था। वह किसी न किसी कारणवश बहुत समय से घर नहीं जा सका था। इसी बीच में वह कन्या उसके छोटे भाई से ब्याह दी गई। इस समाचार से उस सिपाही का मानसिक-संतुलन ठीक नहीं रहा और अपनी रायफल से गोली मार कर उसने निज प्राण गंवा दिये।

एक और भी प्रकरण में एक लां नायक ने नागालैंड में निज रायफल से गोली मार कर आत्महत्या की। वह चालिस वर्ष से अधिक का विवाहित पुरुष था और उसके सन्तान थी। वह भी अधिक चिन्तन करने वाला व्यक्ति था तथा छोटी-छोटी सी बातों पर प्रक्षुब्ध रहता था। डिटेचमेंट (टुकड़ी) सेवा में चार वर्ष से नागालैंड में रह रहा था। यह पता लगा कि उस लां नायक ने निराशान्धता में आत्महत्या की थी।

(ङ) आर्थिक कठिनाइयां :-33 में से 3 प्रकरणों में आत्महत्या का मुख्य कारण आर्थिका कठिनाइयों से जवानों को बुरी भांति ग्रस्त होना था। एक प्रकरण में एक सिपाही को चोरी से जुआ खेलने को प्रवृत्ति थी। यथा समय वह धन के ऋण लेने-देने वाले आर्थिक संकटों में फंस गया। उसने अपनी समस्त सम्पत्ति जुए में गंवा दी और एक स्थिति ऐसी आ गई कि वह न तो ऋण चुका सकता था तथा ना ही परिवार का पालन कर सकता था। उन कठिनाइयों से परित्राण पाने के लिए जिसका वह स्वयं उत्तरदायी थी उसने आत्महत्या की।

एक सिपाही युवक शिक्षित था और वह बड़ा ही परेक्षमी था। वह अन्दर ही अन्दर बातें घोटता रहता था तथा अपने सहयोगियों से शर्माता था । जीवन के प्रति वह अत्यन्त भावुक तथा सुकुमार स्वभाव का था। वह नन्हीं-नन्हीं बातों पर मानसिक सन्तुलन खो बैठता था तथा इस प्रकार उसमें आत्महत्या की भावनायें घर करने लगीं । वह मणिपुर में कम्पनी लिपिक के पद पर नियुक्त था। येन्-केन् प्रकारेण उसने तस्कर व्यापारियों से सम्पर्क स्थापित कर लिये तथा भोजन एवं मध्यपान पर खूब धन लूटाने लगा। कुछ समय के उपरांत, वह एक महामद्यप बन गया तथा धन के लेन देन वाले विषयों में फंस गया । अन्त में धन-उड़ाऊ स्वभाव के कारण बुरी भांति ऋणी हो गया स्वयं को बचने की स्थिति में नहीं पाकर, 31 अक्टूबर 70 की रात्रि की उसने अत्यन्त मदिरा पान की ओर दूसरे प्रात को निज रायफल से गोली मारकर आत्महत्या की।

परित्राण मार्ग :--दल में आत्महत्याओं को बिल्कुल समाप्त करने का कोई मार्ग नहीं है । किन्तु समुचित योजना तथा सावधानी से, ध्यान तथा अध्ययन से, इनकी संख्या अवश्य ही कम की जा सकती है। मूल बात तो यह है कि आत्महत्या की ओर प्रवृत्त करने वाले तत्वों का पृथक करना है। पलटन दथा कम्पनी अधिकारियों के निम्न स्तर पर जवानों के व्यक्ति-निरपेक्ष अध्ययन की आवश्यकता है । उनके स्वभाव, अभिवृत्ति, व्यवहार पारिवारिक जीवन, सामाजिक तथा कोटुम्बिक पृष्ठ-भूमि, घरेलू समस्यायें इत्यादि जैसे अनेक तस्वों के समुचित अध्ययन की आवश्यकता है।

आत्महत्या की प्रवृत्ति रखने वाला व्यक्ति भावुक होता है । वह शीघ्र ही भयातुर तथा रुष्ट हो जाता है । उसमें भय की भावना उत्पन्न हो जाती है तथा स्कीजो-फ्रेनिक (मनोरोगी) व्यक्तित्व ग्रहण करता है । अनेकों बार शारीरिक विकार प्रकट नहीं होते हुए भी मनोरोग के लक्षण उसमें दृग्गत होने लगते हैं। जब ऐसे लक्षण दृष्टिगोचर हों, जब उसका सावधानी से निरीक्षण करना चाहिये।

प्रेमपूर्वक तथा मैत्री ढंग से उसकी स्थितियों के आधारभूत कारणों का अध्ययन करना चाहिए । यदि इसको हथकड़ी पहनाई जाती है, पीटा जाता है अथवा क्वार्टर गारद में बन्द किया जाता है तब इसको उसका दुर्भाग्य ही कह सकते हैं। उसे सहानुभूति पूर्वक चिकित्सा चाहिये । उसको धैर्यपूर्वक सुनना चाहिये तथा यथाशक्ति उसकी समस्याओं को तुरंत वहां ही सुलझाना चाहिये । उसे छुट्टी दे देना चाहिये जिससे गृह के शान्त वातावरण में उसे अपने मानसिक तनाव को कम करने का अवसर मिले । अन्य प्रकरणों में, रोग के अनुसार अस्पताल भी भेजा जा सकता है।

धन का लेन देन :-पर्याप्त कुछ प्रकरणों में धन के लेन देन के कारण आर्थिक संकट में मनुष्य बुरी भांति फंस जाता है । ऐसे उदाहरणों से हमें नेत्र नहीं मूंदना चाहिये, परन्तु अन्तर्ग्रस्तता के ठीक-ठीक परिमाण की खोज करनी चाहिए । निम्नलिखित बातों पर भी ध्यान देना वाँछनीय है :--

(क) क्या कोई पुरुष अपनी क्षमता तथा प्रसाधन से अधिक दुर्ग्रस्त है ? (ख) उसका कारण क्या है ? क्या धनन्लाभ करना है या किसी दुर्नियोजित अथवा अवैध योजना में धन नियोजित करना है ? (ग) क्या व्यक्ति जुआरी है तथा नित्यप्रति ऋण

लेता या देता है।

उसकी इच्छा को पहचानना चाहिये तथा प्रकरण की पृष्ठभूमि के सावधानी पूर्वक अध्ययन के अनन्तर उसको उस संकट से मुक्त होने के उपयुक्त निर्देशन देना चाहिये । कई प्रकरणों में मनुष्य भारी मात्रा में मदिरापान करते पाये गये । ऐसी असाधारण प्रवृत्तियों पर तुरन्त ध्यान देना चाहिए और अत्यधिक देरी नहीं करके उसे सन्मार्ग पर लाने का प्रयत्न करना चाहिये । यदि किन्हीं चिन्ताओं के कारण यह पाया जाये तब उन चिन्ताओं के विषय में उस व्यक्ति से वार्तालाप किया जाये और उस व्यक्ति को प्रसन्न रखने को पग उठाना चाहिए इससे उसे आत्मविश्वास पुनः पाने नथा समस्याओं की साहसपूर्वक सुलझाने में सहायता मिलेगी।

साधारण धारणा के विपरित, यह पाया गया है कि एक दो विचित्र प्रकरणों के अतिरिक्त जिनमें सेवा सम्बन्धी मामलों ने आत्महत्या को अंशतः अनुप्रेरित किया, बहुसंव्यक प्रकरणों का सेवा सम्बन्धी मामलों से कोई सम्बन्ध ही नहीं था। लगभग 60 प्रतिशत प्रकरणों में आत्महत्या करने से 6 मास की पूर्व अवधि में जवानों ने या तो आकस्मिक अथवा अर्जित अवकास लिया था। अन्य प्रकरणों में कोई ऐसा अभिलेख नहीं मिलता कि जवानों की छुट्टी अस्वीकृत कर दी गई हो।

90 प्रतिशत प्रकरणों में आत्महत्या का कारण निजी या व्यक्तिगत रहा है परन्तु जिन अधिकारियों के नीचे जवान सेवाभार उठाते हैं वे अपने उत्तरदायित्व से निर्मुक्त नहीं हो सकते । एक पक्ष जिसमें कम्पनी तथा पल्टन अधिकारी भूल करते हैं वह है यह कि जवानों से वे उपयुक्त मेल जोल नहीं रखते हैं । मेल जोल रखने के अर्थ यह नहीं है कि जवानों के विषय में प्रत्येक बात को जाना जाये अथवा गोपनीय रजिस्टरों में सांख्यिक विवरण उनके विषय में संकलित किया जाये । यह दो मार्गीय पद्धति है-- उभय ओर से निर्विरोध पहुंच का मार्ग है । जब उपयुक्त मेलजोल स्थापित हो जायेगा तब जवान अपने अधिकारियों को अपनी समस्यायें निस्संकोच बता सकते हैं। अधिकारी उनसे प्रश्नों द्वारा समस्त ब्यौरा सुगलता से पा सकते है । किसी मानसिक रोगी के प्रति सहानुभूति-पूर्वक तथा बहुधा भाई चारे की पहुंच उसको प्रसन्न करने तथा आत्म-विश्वास पुनः प्राप्त करने में बड़ी लाभकारी सिद्ध हो सकती है।

25 प्रतिशत प्रकरणों में उदर-रोग, रति-रोग, आपाचक-फोड़ा, मूत्रमार्ग में शोथ इत्यादि जीर्ण रोग आत्महत्या के प्रमुख कारण थे । दौहिक लक्षणों के अतिरिक्त, ये शारीरिक रोग स्नायु-दौर्बल उत्पन्न करके दुष्प्रभाव डालते हैं। ऐसे पुरुषों के साथ सहानुभूति-पूर्वक व्यवहार करना चाहिए और स्वास्थ्य लाभ पाने के लिये यथाशक्ति सब सहयोग देना चाहिये । इसके साथ-साथ, एक सुन्दर तथा आनन्दमय जीवन फिर पाने तथा स्वास्थ्य लाभ ग्रहण करने के लिये रोगी को प्रोत्साहित करना चाहिए। एक बार ऐसी भावनायें उत्पन्न होने पर उदासीनता तथा नैराश्य की उस भावना को समाप्त करने में योगदान देगी जिसने आत्महत्या के द्वार पर रोगी को ला खड़ा किया है।

'एक प्रसन्नचित एक उत्तम मशीन है। जवानों को प्रसन्न रखिये और वे आत्महत्या

करने की नहीं सोचेंगे।'

कीर्तिध्वजा वीरों की

रचयिता-श्री सन्तोष कुमार अवस्थी

स्वतन्त्रता के लिए बने जो,
स्वयं मृत्यु के मीत रुधिर ।
सादर उन्हें समर्पित करता,
अपना पहला गीत रुचिर । 1।
मृत्यु-मयनिका आलिंगित कर,
ज्योति जगा दी जन-जन में ।
कर सर्वस्व न्योछावर लाये,
न्याय-व्यवस्था जीवन में । 2।
काल-चक्र की गति में फंस कर
शशि-दिनकर मिट जायेंगे।
पर हम कीर्तिध्वजा वीरों की,
प्रलय तलक फहरायेंगे । 3।

पहेलियाँ

मैं पर की होकर बेपर की उड़ाती हूं। 1।
मेरी कुछ बूंदों से सागर भर जाता है । 2।
उत्तर-- (1) लेखनी (2) दवात

नगर खोजिए

हारी हुई सूरत में खिलाड़ी पूरा
धन मन तन जोर से लगता है । 1।
उसके काठ गोदाम में आग रात में
लगने से लाखों की क्षति हुई । 2।
भागो । आओ । वहाँ झटपट ना जाओ। 3।
भाग्य का बदा यूं ही होता है । 4।
उत्तर-- (1) सूरत, तनजोर (2) काठगोदाम, आगरा (3) गोआ, पटना (4) बदायूं।

देश सेवा में

उद्धार तथा सहायता के कार्य में के० रि० पु० दल की विभिन्न बटालियनें स्थानीय प्राधिकारियों को मानवीय सेवायें प्रदान करती रहीं। 23 मार्च 1975 को समाप्त होने वाले एक मास में प्रचण्ड अग्नियों के शमन तथा डूबते व्यक्तियों के बचाव के निम्नलिखित कुछ दृष्टान्त हैं :--

23 फरवरी 1975 को एक माल गाड़ी में वरवाहा पर आग लग गई। वरवाहा के स्टेशन मास्टर से सूचना पाते ही रंगरुट प्रशिक्षण केन्द्र I की एक टुकड़ी तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और आग बुझाई । फलस्वरूप, लाखों रुपये की सरकारी सम्पत्ति बच गई।

7 मार्च 1975 को बरवाहा से 16 किलो मीटर दूरी पर बरझार टांडा ग्राम में अग्नि लग गई । रंगरूट प्रशिक्षण केन्द्र I के जवान घटनास्थल पर जा धमके और अग्नि शमन में जनता की सहायता की । तब भी लगभग 50,000 रुपये की सम्पत्ति नष्ट हो गई।

10 मार्च 1975 को मणिपुर के तामें-गलंग बाजार क्षेत्र में प्रचण्ड अग्नि लग गई। 58 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के जवान घटनास्थल पर तुरन्त जा पहंचे और अग्नि का शमन किया। इस प्रकार समस्त बाजार को भस्मीभूत होने से बचा लिया।

11 मार्च 75 को हे० कां० नरेश झा (सिगनल बटा०) मुकामेघाट पर गंगा में कूद पड़ा और एक डूबते हुए बालक के प्राण बचाये।

12 मार्च 75 को एजाल में डिन्थर्वेग पर एक आग लग गई। 23 बटा० (के० रि० पु० दल) जवानों ने उस को बुझाने में योगदान दिया।

14 मार्च 75 को मिजोराम में कलादान के डिप्टी कमिश्नर के कार्यालय तथा सेहा के गोदाम तक 'झूम' अग्नि प्रज्वलित हुई। 58 बटा० के जवानों ने उसके शमन में सहायता की। इस प्रकार डिप्टी कमिश्नर का कार्यालय तथा गोदाम में पड़ा 3000 क्विंटल धान बच गया।

तथ्य-कथ्य

चिकेन-नेक क्षेत्र की कहानी

लेखक : श्री एच० एस० सेठी

पिछले भारत पाक-युद्ध के कारण ख्याति लब्ध चिकेन-नेक के क्षेत्र की यह कहानी है। यह क्षेत्र क्योंकर चिकेन-नेक प्रख्यात हुआ? कैसे उसकी सीमाओं की रक्षा की गई ? अन्त में किस पराक्रम द्वारा विगत युद्ध में भारतीय सशस्त्र दलों ने इस क्षेत्र को अपने अधीन किया?-हमने इन सब प्रश्नों का उत्तर उस समय पाया जब के० रि० पु० दल की एक बटालियन वहां से प्रस्थान करने वाली थी।

नाम-यदि कोई इस उपमहाद्वीप के मानचित्र का अध्ययन करें तब वह एक चूजे (कुक्कुटेर) की ग्रीवा ही नहीं; अपितु एक पूर्ण चूजा पाकिस्तान की सतह में पायेगा। यह चूजा रैडक्लिफ परिनिर्णय के (जिसने उप-महाद्वीप को भारत तथा पाकिस्तान में विभक्त किया था) तथा भारत संघ में जम्मू तथा कश्मीर के विलय होने के कारण बना है ।

अनुवर्ती युग में किसी का यह ध्यान ही नहीं गया कि इस क्षेत्र की आकृति चूजे या उसकी ग्रीवा से मिलती जलती है। वस्तुतः कालान्तर में इस क्षेत्र को डैगर (कटार) पुकारने लगे क्योंकि ऊपर की ओर यह कटार सा लगता था।

भारत के गात्र में एक कटार ? सीमाओं की रक्षा करने वाले वीर अधिकारियों को यह रुचिकर नहीं था। कुछ समय उपरांत मानचित्र के गम्भीर अवलोकन ने सैनिक भाषा ने इसे 'चिकेन-नेक' (कुक्कुटेर-ग्रीवा) का नाम दिया। एक भारतीय पेटू को चूजा ही चाहिए और उसकी ग्रीवा मरोड़ कर तोड़ने का वह स्वप्न देखा करता है । यह नया नाम मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से युद्धनीति में एक तुरुफ-चाल सिद्ध हुआ। इसने जवानों के मनोबल में अत्यन्त प्राण डाला । ले० जर्नल जोरावरसिंह तक (जिन्होंने यह नया नाम दिया था) आश्चर्य में रह गए होंगे कि इसने कितनी शीघ्रतापूर्वक इस नाम से ख्याति पाई।

परिचालन-वह बटालियन इस क्षेत्र के चारों ओर सीमाओं की रक्षा कर रही थी। 1971 में ज्योंही पाकिस्तान ने युद्ध प्रारम्भ किया, सेना के साथ वह बटालियन आक्रमण करने हेतु आगे बढ़ी । यही वह कार्य था जिसके लिए उसके जवान चिरकाल से प्रतीक्षा में थे।

पाकिस्तान इस समय तैयारियां कर रहा था और दृढ़ प्रतिरक्षायें बना रहा था, परन्तु वह भारतीय आक्रमण से चकित रह गया। पाकिस्तान की प्रतिरक्षा की श्रृंखलायें टूट गईं और उसकी सेना एक सुयोजित युद्ध करने में सर्वथा असमर्थ रही।

इन्हीं परिचालनों में उस बटालियन के कांस्टेबिल वीर सिंह ने शौर्य पदक प्राप्त किया। अपने जीवन को संकट में डालकर उसने परमावश्यक जमुंना-वेला-चौकी छीनने में दल की सहायता की, जो उस समय पाकिस्तान के हाथों में थी।

कमांडैण्ट पी० एन० रामाकृष्णन ने के० रि० पु० दल के आक्रमण का नेतृत्व किया । पिफेर तथा गोलपट्टन चौकियों के मध्य स्थल क्षेत्र से मुख्य चढ़ाई थी। गंगूवाल तक हमारा दल शीघ्र पहुंच गया । उस बटालियन के मुख्यालय में कोई भी व्यक्ति एक आनन्ददायक स्मृति-चिन्ह के रूप में चिकेन के फोकलियान के विश्राम गृह (रैस्ट हाउस) का नामपट्ट (Signboard) आज भी पा सकता है।



पूर्वोत्तरी सीमान्त रेखा पर पहरा देते के० रि० पु० दल के जवान

वह बटालियन उस विजित देश में प्रविस्तरित रहीं। फलस्वरूप उस क्षेत्र के कण-कण से उस बटालियन के अधिकार तथा जवान परिचित हो गये।

नभ स्पर्शित मनोबल :--जब कमांडैण्ट से यह पूछा गया कि क्या कोई क्षेत्र प्रतिरक्षा के योग्य नहीं है तब उन्होंने तुरन्त उत्तर दिया कि "हम किसी भी अप्रीतरक्षणीय क्षेत्र का ध्यान ही नहीं कर सकते हैं । एक देश की प्रतिरक्षा इस प्रकार नहीं हो सकती।" यह अभिवृत्ति ही उसके अधीन जवानों के मनोबल का प्रतीक है । यह एक विजयी दल का मनोबल था। उसने सीमान्त-रेखा का नियमित रूप से पहरा लगाया तथा तस्कर-व्यापारी, पशु उठाने तथा घुस-पैठ को रोकने के निर्मित्त अहर्निशि वह सचेत रहा ।

दूसरी ओर, के० रि० पु० दल के अधिकारी के शब्दों में पाकिस्तान के मनोबल उनके जूतों में था। जब उससे इस निष्कर्ष पर पहुंचने का कारण पूछा गया तब उसने स्पष्ट किया कि पाक रेञ्जर (जो सीमा की रक्षा करते थे) साधारणतया उस क्षेत्र का पहरा नहीं देते थे। पहरा केवल उसी समय लगता था जब पाकिस्तान का कोई सैनिक अधिकारी या अत्यन्त विशिष्ट व्यक्ति उस सीमा को देखना चाहता था और वह एक प्रहरी टुकड़ी साथ में लाता था। तब भी वे साधारणतया वहां पहरा लगाते चलते नहीं

थे।

और इस दावे के लिये कोई प्रमाण की आवश्यकता नहीं है। कोई भी देख सकता है कि पाकिस्तान की ओर सरकण्डे खड़े थे और वहां पहरा लगाना असम्भव था। परन्तु भारतीय ओर के सरकण्डे काट गिराये गये थे, वहाँ जीपें चलती थीं तथा पहरे लगते थे। बहुधा सीमान्त ग्रामों के निवासी तक सीमान्त रेखा तक पहुंच जाते थे।

एक अन्य ज्वलन्त उदाहरण यह है कि के० रि० पु० दल का एक ही जवान अनेकों भारतीय निरीक्षक चौकियों की देख-रेख करता था जबकि पाकिस्तानी ओर से कम से कम तीन जवान चौकियों पर होते थे।

अवकाश ग्रहण :--चिकेन नेक क्षेत्र से उस बटालियन का प्रस्थान के० रि० पु० दल के एक ऐतिहासिक-व्रत की इतिश्री था। उस क्षेत्र को छोड़ने पर जवान प्रक्षुब्ध थे। एक ने तो यह कहा कि यह एक मित्र के बिछुड़ने की भांति है।

इन सब वर्षों में वे सीमा से भली भांति परिचित हो गये थे। उन्होंने भांति-भांति की आशु-रचनाओं से इन अग्रिम चौकियों पर स्वयं को सुखी बना लिया था। कई स्थानों पर उन्होंने फल वाले तथा कुछ अन्य वृक्ष उगा रखे थे। मनोरंजक अमराइयां वहां स्थान-स्थान पर एक सामान्य झांकी थीं। सीमा के कष्ट-साध्य जीवन से उन्हें रुचि हो गयी थी और बड़ी सूझबूझ से उन्होंने अग्रिम चौकियां स्थापित की थीं। परिसरण के नितान्त निकट उन्होंने एक लम्बे वृक्ष की पुंछी पर एक निरीक्षण चौकी निर्मित की जिससे मीलों दूरी तक देखा जा सकता है सर्वोपरि बात तो यह है कि निज मातृभूमि की सीमाओं की सुरक्षा कार्य करने से उनकी अतीव रुचि सी हो गई थी।

बहुरंगी इतिहास--के० रि० पु० दल के उल्लेखनीय परिधानों में से वह एक अतीब महत्त्वपूर्ण बटालियन है उसने अनेकों और अत्यधिक पाकिस्तान दलों के विरुद्ध अनेकों संग्राम देखे हैं। स्थापन के समय से ही उस बटालियन का प्रमुख कार्य सीमा-संरक्षण रहा है। 1965 में उसने एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई जब इसने पाकिस्तानी घुसपैठियों से लोहा लिया और उन्हें नष्ट-भ्रष्ट कर डाला। 1965 के युद्ध के पश्चात् वह बटालियन छम्ब क्षेत्र के शास्त्रपात-रेखा पर नियुक्त रही उसको चिकेन-नेक क्षेत्र के चारों ओर सीमाओं की संरक्षा का भार सौंपा गया। 1967 में भी पाकिस्तान से यहां गोलियों का आदान-प्रदान हुआ। फलस्वरूप पाकिस्तानी बरी भांति पिटा। तदुपरान्त उसने कभी उस बटालियन के जवानों को उकसाने का दुःसाहस नहीं किया।

—यह भी खूब रही—

अध्यापक रामू से "तुम शेर से नहीं डरते। कमाल के लड़के हो ?"

रामू--"जी ! कमाल का नहीं। मैं श्री बलदेव का लडका हूं।"

बहिन--"तुमने नित्य की भांति आज मेरे लिए कुछ नहीं रखा। बताओ आज क्या

चौज खाइ ?”

भाई-- “मां की चिल्लाई ।”

“मैं कई सालों से कुछ लाभ नहीं पा रहा हू।”

मित्र--“मियां सालों से लाभ की कभी आशा ही नहीं करनी चाहिए।”

ग्राहक--“क्या तुम्हारे ये आम अवश्य मालदा है।”


आमवाला--“हजूर ! यदि माल नहीं देते होते तो मैं सिर पर क्यों चढाये फिरता।”

शिक्षक--शम्भू ! लाल किला कहां है ?”

शम्भू--“सर ! पुस्तक के चौथे पृष्ठ पर ।”

मां--“चांद कहां हैं।”

बालक--“माँ मामा के सिर पर ।”



नीमच के निकट सुआखेड़ा में प्रशिक्षण

पूना रेंज की वालीबाल टीम की विजय

पूना रेंज वालीबाल टीम ने 9 माच 1975 को आर० पी० मेमोरियल वालीबाल शील्ड जीत लिया। होमगार्ड जो पिछले टूर्नामेंटों में दो बार अन्तिम मैचों में के० रि० पु० दल को परास्त कर चुके थे इस बार अर्द्ध फाइनल में के० रि० पु० दल से मुंह की खा गये। किन्तु एन० एन० क्लब को भिडन्त होमगार्ड के चार खिलाडियों के साथ फाइनल (अंतिम) मैच के० रि० पु० दल की पूना रेंज टीम से हुई। के० रि० पु० दल की टीम ने 15-11 से उस क्लब को पराजित कर दिया।



ग्रीष्म ऋतु का आरम्भ ↑

सन् 1975 के 24वें अखिल भारतीय पुलिस खेलों का स्कोर बोर्ड ↓

SCORE BOARD

A.P.	3	M.P.	1
B.S.F.	263	MAHARASHTRA	2
BIHAR	1	MANIPUR	
C.R.P.F.	281	ORISSA	5
DELHI		PUNJAB	43
HARYANA	13	RAJASTHAN	2
H.P.		TAMIL NADU	21
I.T.B.P.	13	TRIPURA	
KARNATAKA	17	U.P.	61
KERALA	18	W. BENGAL	

चिकेन नेक के फोकलियान रेस्ट हाउस का नामपट्ट—एक स्मारक चिन्ह ↓



[रजिस्ट्रार नं० 25627/74]


★ क्रैपलर ★

द्वैमासिक] [हिन्दी संस्करण

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस का वृत्त पत्र तथा सचित्र पत्रिका

31 जुलाई 1975 खण्ड IV अंक 3 9 श्रावण 1897





ग्रुप केन्द्र नई दिल्ली में दिनांक 18 मई 1975 को आगन्तुक-पुस्तक में हस्ताक्षर करते हुए भूतपूर्व महानिदेशक के० रि० पु० दल तथा दक्षिण ये मेन में वर्तमान भारतीय राजदूत श्री इमदाद अली

क्रैपलर

द्वैमासिक]

[हिन्दी संस्करण

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का वृत्तपत्र तथा सचित्र पत्रिका



खण्ड IV

अंक 3
31 जुलाई 1975
9 श्रावण 1897

मुख्य सम्पादक :
एच० एस० सेठी

हिन्दी सम्पादक :
जे० एस० शर्म्मा

सम्पादकीय कार्यालय :
द्वारा महानिदेशालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल, पश्चिमी खण्ड 8, रामकृष्णपुरम नई दिल्ली
मुद्रक—सी० आर० पी० एफ० प्रेस, नई दिल्ली-110043
प्रकाशक : महानिदेशक, के० रि० पु० दल की ओर से **एच० एस० सेठी**
आवरण पृष्ठ पर:—
दिनांक 1 मई 1975 को नीमच में कमान्डैन्ट सम्मेलन के समय महानिदेशक के० रि० पु० दल के दरबार में उपस्थित जवान

विषय

क्रम संख्या

I कमान्डैन्ट सम्मेलन में महानिदेशक के० रि० पु० दल का अभिभाषण

II लेखक

(क) के० रि० पु० दल की 36वीं ब्रिगेड-ले० श्री केडी

(ख) प्रशिक्षण में पुनरुज्जीवन ले० श्री दयाशंकर भटनागर उपनिदेशक (प्रशिक्षण)

III गौरव गाथा (i) चार डाकुओं को बन्दी बनाने में दल की सहायता **(ii)** जीवन परित्राण **(iii)** अग्निशमन **(vi)** कृषिमन्त्री द्वारा प्रशंसा

IV कहानी

काली प्याऊ का भूत ले० श्री० सुशील कुमार चौहान 2 बटालियन

V क्रीड़ा क्षेत्रे

(i) एथलेटिक क्षितिज पर एक उदीयमान नक्षत्र ले० श्री एच० एस० सेठी जन सम्पर्क अधिकारी

(ii) परिश्रम तथा कृत्संकल्पता का प्रश्न-ले० श्री जे० एफ० रिवीरो, उपमहानिरीक्षक हैदराबाद

(iii) रघुवीरसिंह का चमत्कारी खेल

(iv) रामपुर टूर्नामैंट

(v) हरियाणा केशरी

VI विज्ञान के चढ़ते चरण

VII स्वास्थ्य सन्देश

हमारे नेत्र और उनकी देखरेख ले० श्री जे० एस० शर्म्मा हिन्दी सम्पादक

VIII पुरस्कृत निबन्ध "नागालैण्ड की मूल जानकारी" ले० जमा० मुरारी लाल केन्द्रीय प्रशिक्षण केन्द्र I

XI विविध

(i) स्वच्छता प्रतियोगिता

(ii) ग्रुप केन्द्र दिल्ली का बेस अस्पताल

(iii) जवानों की मत्यु पर सहायता की अभिवृद्धि

(iv) रामपुर बाल विद्या मन्दिर स्वीकृत

(v) सूक्तिसुधा

(vi) कल्याणकारी उपायों पर निर्णय

(vii) यह भी खूब रही

(viii) पहेलियां

हिन्दी **क्रैपलर** के नवम्बर 1974 तथा जनवरी 1975 के संस्करणों में प्रकाशित निम्नलिखित रचनायें पुरस्कृत हुई हैं :—

I नवम्बर 1974

1. **कविता**—'कदम रुकने न देंगे हम'—रचयिता मुहम्मद उसमान (रु० 20)

2. **कहानी**—'इज्जत की वेइज्जती'—ले० श्री जे० एस० शर्म्मा हिन्दी सम्पादक (रु० 30)

II जनवरी 1975

1. **कवितायें**

(क) 'शहीद श्रद्धाञ्जलि'—रचयिता श्री कृष्ण कुमार वत्स (रु० 30)

(ख) 'सैनिक आहवान'—रचयिता कां० राजनाथ पांडे (रु० 30)

2. **कहानी**—'दारुण सुहागरात'-ले० श्री जे० एस० शर्म्मा हिन्दी सम्पादक (रु० 30)

एथलेटिक क्षितिज पर एक उदीयमान नक्षत्र

एथलेटिक क्षितिज पर एक नया नक्षत्र उदीयमान हो रहा है। वह के०रि०पु० दल का 22 वर्षीय इन्सपेक्टर हरीचन्द है। इस वर्ष के जून मास में सियोल के द्वितीय एशियन अमेच्यर चैम्पियनशिप में, उसने 10,000 मीटर की दौड़ में स्वर्ण-पदक ही नहीं प्राप्त किया, किन्तु एशियन गेम्स तथा मीट दोनों के रिकार्डों को भी सुधारा तथा शिवनाथ सिंह जैसे धुरन्धर धावक को द्वितीय स्थान पर गिरा दिया। 29 मि० 12 से० में उस दौड़ को पूरा कर, 1970 के एशियन गेम्स में श्रीलंका के लूसियन रोसा के रिकार्ड को 43.6 से० से तथा 1973 के मीट में जपान के इचियो साटो के रिकार्ड को 42.3 से० से हरीचन्द अग्रणी रहा।

उसने सियोल में 5,000 मीटर दौड़ में एक कांस्य-पदक भी प्राप्त किया। शिवनाथ सिंह ने संयोग से रजत पदक पाया। इससे लम्बी दौड़ में हरीचन्द की क्षमता असंदिग्ध रूप से सिद्ध होती है। यह उत्तम भविष्य का द्योतक है क्योंकि शिवनाथ सिंह तथा हरीचन्द की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा भारतीय एथलीटों को वह मुर्गी दिला सकती है जो स्वर्ण पदक देती हो।

22 जून 1975 को मनीला में हरीचन्द ने, ओपेन इन्वीटेशनल ट्रैक एण्ड फील्ड चैम्पियनशिप में 10,000 मीटर की दौड़ में एक अन्य स्वर्ण पदक अर्जित किया।

जनता-जनार्दन को इस सौम्य तथा शालीन हरीचन्द के विषय में अभी तक कुछ भी अधिक नहीं ज्ञात था। इतने उत्कृष्ट एथलीट होने की तो बात ही क्या, हरीचन्द सूरत-शक्ल से एथलीट ही नहीं प्रतीत पड़ता है। दुर्बल तथा नाटा, गड़े छोटे नेत्र वाला उसका उदाहरण यह दर्शाता है कि कभी-कभी स्वरूप धोखा दे जाता है। किन्तु जो भी उसके नेत्रों में ठीक से झाँक कर देखे वह कभी छला नहीं जा सकता। उसमें आत्मबल, ओज और दृढ़-संकल्पता है। यदि कोई दीर्घकाल तक उसके विषय में ध्यान करे, तब वह जान जायेगा कि इस बौने व्यक्ति की लम्बी टांगें हैं। और इसकी पुष्टि तभी हो सकती है जब कोई उसको दौड़ता हुआ देखे। उसके दौड़ने की अपनी शैली है। वक्षस्थल को आगे किये तथा ठोड़ी को ऊपर किये आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हुए वह बिना श्रान्ति-शैथिल्य के लम्बी दौड़े दौड़ता है। जब तक वह दौड़ पथ पर रहता है वह एक क्षण को भी ना तो सिर झुकाता है और ना ही ग्रीवा तिरछी करता है।


पंजाब के होश्यारपुर जिले के चौड़ेवाला ग्राम में 1 अप्रैल 1953 को उत्पन्न हरीचन्द एक निर्धन राजपूत परिवार का सदस्य है। वह आठवीं कक्षा से आगे अध्ययन नहीं

कर सका। इस प्रकार विश्व विद्यालय छोड़ हाइस्कूल की शिक्षा के लाभों से सर्वथा वंचित रह कर, केवल ग्रामीण 'मेलों' के अतिरिक्त उसे अपनी धावन-दक्षता को दर्शाने का कोई अवसर नहीं मिला। किन्तु एक बार दौड़ने पर वह अपनी उमंग में आ जाता था और अपने प्रति-द्वन्द्वियों को सदैव अत्यन्त पीछे छोड़ देता था। पंजाबी खिलाड़ियों की बारम्बार जयकारों ने उसमें यह

विश्वास उत्पन्न कर दिया कि उसमें एक उत्तम एथलीट के गुण हैं और वह बड़ी-बड़ी प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहता था। परन्तु समस्या थी कि उस आकांक्षा को कैसे वह पूर्ण करे।

उदर पूर्ति तथा खेल के लिए उसने पुलिस में भर्ती होने का विचार किया। उससे यह प्रश्न पूछा गया कि 5 फीट 1 इंच की लम्बाई रखते हुए उसने पुलिस में कैसे प्रवेश पाया। उसने स्वीकार किया कि उसे बड़ी कठिनता से 1972 में के० रि० पु० दल में हवलदार के रूप में नियुक्ति मिली। यह मुख्य कर इस कारण हुआ कि अधिकारियों ने उसमें एक उत्तम धावक के गुण पहचान लिये और ऊँचाई-विषयक नियम में ढील दे दी।

डेढ़ वर्ष की दीर्घ प्रतीक्षा के उपरान्त अन्त में उसे अपनी दक्षता दर्शाने का अवसर मिल ही गया। और एक उल्कापिण्ड की भाँति वह चढ़ता गया। 1974 के 23वें अखिल भारतीय पुलिस खेलों में, उसने 10,000 मीटर दौड़ को 30 मि० 41 से० में पूरा कर एक नया कीर्ति स्तम्भ स्थापित किया, जबकि विगत कीर्तिमान सीमा सुरक्षा दल के दीदार सिंह का 31 मि० 6.2 से० था। वह 5,000 मीटर की दौड़ में भी तृतीय रहा। तब से हरीचन्द ने मुख की नहीं खाई। उसी वर्ष के नवम्बर मास में, के० रि० पु० दल के वार्षिक अन्तर रेन्ज एथलीटों में सर्वोत्तम एथलीट माना गया और जब उसने अखिल भारतीय पुलिस खेलों में 5,000 मीटर तथा 10,000 मीटर दौड़ों में नये रिकार्ड स्थापित किये तब उसकी दौड़ पथ पर ही सब-इन्सपेक्टर की पदोन्नति कर दी गयी।



इन्स्पेक्टर हरीचन्द

इस वर्ष के प्रारम्भ में ही, जालंधर में 24वें अखिल भारतीय पुलिस खेलों में हरीचन्द सर्वोत्तम खिलाड़ी घोषित किया गया। 1500, 5,000 तथा 10,000 मीटर की लम्बी दौड़ों में उसने विजय किरीट धारण किया।

जब उसने सियोल तथा मनीला में स्वर्णपदक पाया तथा जब उसने 10,000 मीटर की दौड़ में एक नया विजय स्तम्भ स्थापित किया तब उसकी उसी दिनांक से इन्सपेक्टर के पद पर उन्नति घोषित कर दी गई।

हरीचन्द ने अभी अन्तर राष्ट्रीय खेलों में पदार्पण किया है और उसकी नसों में तरुणता दौड़ रही हैं। निस्सन्देह, भविष्य में उससे हमें बड़ी आशायें हैं।

कहानी

काली प्याऊ का भूत

काली प्याऊ का नाम सींगोवाले भूत ने सारे ग्रामीण क्षेत्र में नर नारी बाल-वृद्ध सभी को महा भयंकर बना रखा था। मुझे किंचिन्मात्र भी विश्वास नहीं था कि वह भूत था; परन्तु समस्या का समाधान दूर तक नहीं दृष्टिगत होता था।

मैं इसी उधेड़ बुन में खाट पर पड़ा हुआ था कि किसी ने पीछे से आवाज लमाई

“सारे जहाँ का ददे हमारे दिल में है अहाहा”.....उठ कर देखा तो राजेन्द्र खड़ा अट्टहास कर रहा था।

मेंने तुरन्त कहा “तुम ठीक कहते हो मित्र। मेरी समझ में नहीं आता कि यह सीगों वाला भूत कौंन है”

“भूत भूत के अतिरिक्त क्या हो सकता है ?”

“नहीं मेरा दिल गवाही नहीं देता”

“गवाही नहीं देता तो भूत न मानो”

“पर शंका तो दूर नहीं होती”

“शंका की दवा तो लुकमान पर नहीं- फिर छोड़ो भूत प्रेत की बात कोई खेल खिलाड़ी, थियेटर सिनेमा की बात करो”

“हाँ। शहर में अच्छी पिक्चर आई हुई है। पृथ्बी राज कपूर का अच्छा एक्टिंग है।

“पृथ्वीराज पृथ्वीराज है। उसकी तुलना कोई एक्टर नहीं कर सकता”

‘तो चलो ! आज चलें ना शाम को।” फिर क्या था ? जाना निश्चित हो गया।

सारा बुलन्द शहर बिजली की बत्तियों में जगमगा रहा था। बहुत लम्बी फिल्म होने से रात के 9 शहर में हुमें बज गये थे। कुछ देर पहले मूसलाधार वर्षा हो चुकी थी और उस समय भी कुछ बूँदाबाँदी चल रही थी। चारों ओर बादलों ने तम्बू तान कर घना अंधेरा छा रखा था। राजेन्द्र और मैं दोनों भीगते हुए अपने साइकिलें तेज चलाये जा रहे थे।

राजेन्द्र बोला, “अरे भई ! कच्चे रास्ते से नहीं चलेंगे” ‘क्यों क्या हुआ ?’ मैंने पूछा।

“अरे भई ! सीगों वाला भूत-तुम्हीं तो सुबह कह रहे थे” राजेन्द्र ने कहा।

“अहा ! तुमने खूब याद दिलाई। चलो लगे हाथों आज उससे भेंट क्यों नहीं कर ली जाए।”

राजेन्द्र ने पहले तो आनाकानी की। किन्तु मेरे समझाने पर वह कच्चे रास्ते से चलने को सहमत हो गया।

काली प्याऊ केवल एक फर्लांग पर होगी। राजेन्द्र डरा डरा साइकिल चला रहा था कि इतने में उसकी साईकिल का मडगार्ड ढीला हो गया और रात की निस्तब्धता में उसकी खड़खड़ाहट और भी भयानक ही गई। हम दोनों भय से चुपचाप पैडल मारते चले जा रहे थे।

ले० श्री सुशील कुमार चौहान

जब काली प्याऊ लगभग दो सौ गज दूर होगी, वहाँ से घने वृक्षों वाला मार्ग प्रारम्भ होता था। मैं दोनों ओर बड़ी सतर्कता से खाइयों को देखता भालता साइकिल चला रहा था। राजेन्द्र भी साथ-साथ दमसाधे पैडल मार रहा था। धीरे-धीरे प्याऊ साइकिलों

के पीछे खिसक गई। राजेन्द्र ने एक लम्बी सांस ली "कुछ भी नहीं यार ! लोग वैसे ही डराते हैं।" मैंने भी आश्वासन दिया—"मैं तो पहले ही कहता कि कोई भूतभात नहीं हो....."

ऐं-तभी क्या देखा कि एक आठ वर्षीय बालक मार्ग की एक ओर खड़ा कह रहा है "ए बाबू ! हमका भी गांव लई चलो। हमारा गांव बराली है। हमको वांह छाड़ि देव।"

राजेन्द्र ने साइकिल नहीं रोकी; लेकिन मैंने उसे पीछे विठा लिया। राजेन्द्र ने मुझ को बच्चा बिठाता देख थरथर्राते स्वर में कहा-"यह बच्चा रात में कहाँ-"बात काटते हुए बच्चा तुरन्त बोला "मैं बताता हूं बाबू"

इतने में दायीं तरफ से दो सींग आते। दिखायी दिये—फिर काले-काले हाथ में सफेद भाला लिए आदमी के कद की आकृति और फिर विभीषक अट्टहास....."हा हा हा— शाबाश बेटे ! इसे कहां लिए जा रहे हो....."

सुनी अनसुनी करते हुये हमने साइकिल की गति तेज की। ऐं—फिर यह क्या ? बच्चे ने भी ठहाका मारा और कूद कर नौ दो ग्यारह.....

हमारा शरीर पसीने से सराबोर था। भयाकुल हम पैडल मारे जा रहे थे; राजेन्द्र की खड़खड़ाहट चालू थी। कंकड़ों पर चलती हुई इतनी कर्कशता और कठिनाई हुई कि हमें पैदल चलना पड़ा। अत्यन्त डरे और चिन्तित मुद्रा में कहीं 10 बजे जा कर हम घर लगे।

प्रातः काल जब सब को यह घटना बतायी तब ज्ञात हुआ कि हमारी घटना अपने में एकाकी नहीं है।

कुछ ही दिन पूर्व एक बच्चे ने उसी प्रकार एक केशर व्यापारी की साइकिल रुकवायी और कूद कर पीछे कैरियर पर बैठ गया। उसने पीछे लगा केशर का डिब्बा अपने हाथ में ले लिया और फिर तत्काल एक भयानक गर्जना- सीगों का दिखना, भाले का उछला।

इसी विभीषिका में व्यापारी के छक्के छूट गये। उसने तीव्रगति से साइकिल चलाई और घर पहुंच कर ही मड़ कर देखा। पर—यह क्या ? वह बच्चा कहाँ गया ? उसका केशर का डिब्बा कहाँ गायब ? दो सहस्त्र रुपये की महती हानि कैसे हुयी

रात के सात बज रहे थे। इस समय कोई ग्रामीण भूत के भय से गाँव से बाहर जाने का साहस भी नहीं करता था-बच्चों की भाँति गाँव का मार्ग भी सहमा-सहमा सो जाता था; किन्तु आज ऐसी बात नहीं थी। साइकिलों की अनेक घंटियां टनटना रही थीं। वे धीरे-धीरे गाँव से हजार गज की दूरी पर अमरूदों की बगिया में जा पहुँची। उन पर लाठी, चाकू, फरसा सभी देहाती हथियार रखे थे। और जयराघव बड़ा साहसी व्यक्ति था; और था भी दैत्य दानव की भाँति हृष्ट पुष्ट। उसके पास पुश्तैनी बन्दूक भी थी।

जब काली प्याऊ कोई एक फर्लांग रह गयी, हमने साइकिलों की कतारें रुकवा दीं। सब अब पैदल चलने लगे, किन्तु मैं और जयराघव सबको रोक कर उस स्थल पर अकेले घूमकर जा पहुंचे जहां मेरे साथ पहली घटना घटी थी। वातावरण शान्त था। दो

दिन पूर्व भारी वर्षा होने के कारण सड़क के दोनों ओर पानी भरा था और मेढकों की टर्र-टर्र और झींगुरों की झनकार अन्धकार को और भी भयंकर बना रही थी।

हम दोनों साहस बटोरते आगे बढ़ रहे थे। शीघ्र ही काली प्याऊ के खतरनाक वृक्षों के झुण्ड में हमने प्रवेश किया। एक पेड़ के ऊपर से बहुत चमकीली लाइट चमकी और लोप हो गई। हम दोनों ने अपनी साइकिलें तेज कीं। तत्काल—'ए बाबू तनिक हमका भी अपन साथ लई चलो'—सड़क के किनारे के पेड़ों की छाया में से बही चिर परिचित बालक ध्वनि। जयराघव ने एक पैर साइकिल से भूमि पर टिका दिया। तभी एक आठ वर्षीय वही बालक मेरे सामने आ खड़ा हुआ।

"आओ बैठो जल्दी करो" मैंने उसको फ्रेम की ओर संकेत करते हुए कहा, और उसके 'ना-ना' करते हुए भी बलपूर्वक फ्रेम पर बिठा ही लिया। तुरन्त जयराघव ने सीटी बजाई और आगे बढ़ने का प्रयास किया। परन्तु तत्क्षण एक ठहाका—हा-हा-हा और वही दैत्याकार सड़क के किनारे था—सिर पर सींग, हाथ में भाला और झपट कर वार।

परन्तु जयराघव ने बैरल को उसकी टाँगों की ओर करके ट्रिगर दबा दिया 'ठांय'। उधर सीटी सुनते ही सब युवक आ उपस्थित हुये। भूत गोली से जख्मी हुआ; वह भूमि पर पड़ा कराह रहा था।

तुरन्त युवकों ने उसके सींग खींचना शुरू किये। तब क्या आश्चर्य ? वे सींग तो हिरन के थे और एक समस्त शरीर की नकाब में नकली लगा रखे थे। टार्च जलाकर जब उस चमड़े की नकाब को उतारा, तब क्या आश्चर्य कि भूत के स्थान पर उसमें वराली गाँव का एक जुलाहा पड़ा पाया और वह बालक उसका ही पुत्र निकला जिसके बहाने से वह काली प्याऊ पर भूत बन कर सीधे-साधे ग्रामीणों को घोखा देकर धन लूटता था।

फिर क्या था ? कलई खुलने पर युवकों ने जुलाहे की वह खबर ली कि उसका सब भूत भाग गया। इतना ही नहीं बाप बेटे को तुरन्त शहर की कोतवाली में ले जाकर बड़े घर की हवा भी खिलवायी।

श्री जगजीवन राम कृषि मंत्री द्वारा प्रशंसा

श्री जगजीवन राम ने निज आवास पर स्थित 7 बटालियन के०रि०पु० दल के गार्डों की सराहना की है। उन्होंने 7 बटालियन के कमांडैण्ट को एक पत्र में लिखा है—

"नायक दयाचन्द के अधीन सब गार्डों ने अत्यन्त निष्ठापूर्वक अपना सेवा भार उठाया है। वे सदैव सतर्क तथा कर्त्तव्य-पालन में निरंत पाये गये है एवं मंत्री महोदय से प्रशस्ति पायी है। मंत्री महोदय के जन्म दिवस तथा त्योहारों जैसे अवसरों पर गार्डों ने जन-समुदाय से सुलझने में अत्यन्त बुद्धिमत्ता दर्शायी है।"

विज्ञान के चढ़ते चरण

अमेरिका में एक अत्यन्त आधुनिक तथा छोटे आकार का टेलीफोन स्विचबोर्ड बिक रहा है जिस पर असीमित वार्तायें हो सकती हैं। इसके चलाने को, अपरेटर की आवश्यकता नहीं पड़ती; इसका मूल्य भी कम है और इस पर व्यय भी कम बैठता है

भारत में एक ऐसा टाइप राइटर तैयार हुआ है जिस पर कई भाषाओं का टाइप हो सकता है।

अमेरिका में ३६ फीट की ऊंचाई वाला हवाई प्लैटफार्म भवन-निर्माण के लिए निर्माण किया है जिससे इतनी ऊंचाई तक सीढ़ियां, खम्भे आदि की आवश्यकता नहीं होती। साथ ही, निर्माण स्थल तक उसे सुगमता से ले जाया जा सकता है।

जापान में अग्निशमनक पदार्थों के कनिस्तरों को विशेष तोपों से आगलगे स्थानों पर फेंका जाता है जहां वे फट कर आग बुझा देते है।



7वीं बटालियन के. रि. पु. दल के गार्डों के मध्य श्री जगजीवन राम कृषि मंत्री

गौरव-गाथा—

चार डाकुओं को बन्दी बनाने में के० रि० पु० दल की

सहायता



दीर्घकाल से कन्हैया, राम नगीना, मुंशी तथा शिवशंकर सिंह नामक चार डाकू (जो बिहार के सहसराम जिले में उत्पात मचाते थे) बन्दी नहीं बनाये जा पा रहे थे। प्राप्त सूचना के आधार पर, श्री आर ओराओं, सहायक पुलिसाधीक्षक सहसराम के साथ 44 बटालियन की 'बी' कम्पनी के जमादार एम वीरभद्राइया के अधीन एक पलटन के साथ 12 मार्च 1975 को 9 बजे रात्रि को शिवसागर पुलिस थाने पर पहुंची। कुछ विश्राम लेने के उपरान्त, यह पुलिस टोली पखनारी ग्राम की ओर वाहनों में बढ़ी तथा ग्राम से एक फर्लांग की दूरी पर वह उतर पड़ी।

मध्य रात्रि के समय, यह टोली पैदल चलकर उस ग्राम में पहुँची, जहाँ ग्रामीणों ने यह सूचना दी कि संकट का पता लगने पर ग्राम के ध्रुव दक्षिण की ओर एक कुटीर के निकट वे चारों डाकू एकत्र हो गये हैं और घेराव को छिन्न-भिन्न करके बच भागने की योजना बना रहे हैं।

(ए० एस० पी०) सहायक पुलिसाधीक्षक ने जमादार वीरभद्राइया से परामर्श किया । पल्टन के दो अनुभाग कुटीर के चतुर्दिक घेराव करने में निरत किये गये और तीसरा

अनुभाग सहायक पुलिसाधीक्षक तथा जमादार वीरभद्राइया के साथ एक आक्रमक अनुभाग बना। उद्देश्य यह था कि डाकुओं को जीवित बन्दी बनाया जाय; पर यदि घेराव को नष्ट करने में डाकू सफल हों तब उन्हें गोली से भून दिया जाये।

तदुपरान्त घेराव टोली के दो अनुभागों ने अपनी स्थिति संभाली और कुटीर के चतुर्दिक क्षेत्र को घेर लिया। आक्रमक अनुभाग ने कुटीर पर गोलाबारी की। यह देखकर कि वे चारों ओर से विवश हो गये हैं, डाकुओं ने आक्रमक टोली पर कोई फायर नहीं किया; परन्तु बच भागने की चेष्टा की। तुरन्त घेराव अनुभाग से चारों डाकू बन्दी बनाये गये। समस्त अभियान में रात्रि के 1 बजे से 3 बजे तक 13 मार्च 1975 को दो घंटे लगे। चारों डाकुओं के साथ पुलिस टोली 13 मार्च 1975 के ब्राह्म मुहूर्त में निज शिविर जा पहुँची।

जीवन-परित्राण

दिनांक 26 मई 1975 को सांय 7.15 बजे वलनूर ग्राम की वुलामाई नाम की एक महिला एक कुयें में गिर गई। उसको बचाने के लिये अवी पल्ली वेनकन्ना नाम की एक अन्य महिला रस्सी के सहारे कुयें में उतरी परन्तु वह भी गिर पड़ी। इकट्ठे हुये ग्रामीणों आर्त पुकार सुन कर, 45 वटालियन के. रि. पु. दल के जवान तुरन्त वहां दौड़ गये। तत्काल दो सिपाही रस्सी के सहारे कुयें में उतरे और दोनों महिलाओं के प्राण वचाये। प्राथामिक चिकित्सा के उपरान्त, दोनों महिलायों में पुन: चेतना आ गई।

43 बटालियन के. रि. पु. दल के जवानों द्वारा अग्नि शमन

दिनांक 10 अप्रेल 1975 को 34 वटालियन की 'डी' कम्पनी की अश्वगमा चौकी के वाहरी परिमोप के निकट जंगल में एक विध्वंसकारी अग्नि प्रज्वलित हो गई। अग्निशमन करने में के. रि. पु. दल के एक जवान को कुछ क्षति पहुँची। चार घण्टे अग्नि से जूझने के उपरान्त, 12 महार रेजीमेंट तथा के. रि. पु. दल के जवान अग्नि पर नियंत्रण कर पाये। खेतिलांग माइज क्षेत्र में भी अग्नि लग गई। 34 वटालियन के जवान तत्काल घटना स्थल पर जा पहुँचे और अग्निशमन में ग्रामीणों की सहायता की। कोई जीवन हानि नहीं हुई।

स्वच्छता-प्रतियोगिता

कुछ दिन पूर्व, रामपुर ग्रुप केन्द्र में पारिवारिक क्वार्टरों की स्वच्छता तथा रखरखाव की एक प्रतियोगिता हुई तथा पुरस्कार वितरित किये गये। सर्वोत्तम संधृत ब्लाक (खण्ड) को रु 100 की आवश्यक वस्तुयें तथा ब्लाकों के प्रत्येक सर्वोत्कृष्ट क्वार्टर को (20 रु के 18) परितोषिक प्रदान किये गये। सर्वोत्तम व्लाक को साथ में एक रनिंग शील्ड भी मिला।

इस प्रतियोगिता के प्रथम तथा द्वितीय स्थान पाने वालों को पुरस्कार दिये गये। गृहपत्नियों ने पुरस्कार पाये और रनिंग शील्ड सर्वोत्तम ब्लाक के सर्वोत्कृष्ट क्वार्टरों के प्रतिनिधि ने प्राप्त किया।

पुरस्कृत निबन्ध-

“नागालैंड की मूलजानकारी”

-ले० जमा० मुरारीलाल

भूमिका

जब से यह धरती बनी, और नर-नारी का निर्माण हुआ उस वर्वरता के असभ्य युग के मनुष्य ने, आज विश्व में विभिन्न प्रकार की आश्चर्य जनक सफलतायें प्राप्त कर ली हैं। यहां तक कि वह न केवल चन्द्रमा तथा मंगल ग्रह को नापने में समर्थ हुआ है, बल्कि आज वह आसमान के असीम छोरों तक हाथ फैलाये खड़ा है।

इस उन्नति में आज भारत वर्ष भी विश्व के प्रमुख राष्ट्रों में से गिना जाता है। चूंकि भारत कई राज्यों में विभक्त है, तथा उसकी प्राकृतिक बनावट, एवं जल वायु भी सब प्रान्तों की एक जैसी नहीं है । इसलिये शिक्षा, भाषा, व्यवसाय, राजनैतिक और आर्थिक उन्नति भी इस राष्ट को समान रूप से एक नहीं हो पाई है।

नागालैंड का परिचय और के० रि० पुलिस दल

नागालैंड भारत वर्ष का एक छोटा, किन्तु महत्त्वपूर्ण राज्य है, जोकि स्वतन्त्रता के पश्चात्, राजनैतिक दृष्टि से, अभी तक चर्चा का विषय बना हुआ है। क्योंकि यहाँ पर द्वितीय महाविश्व युद्ध के पश्चात् नागा विद्राहियों का एक का गुट बनाया था और आज तक कई प्रयत्नों के पश्चात् भी उसे उखाड़ा नही जा सका है। तब से लेकर अब तक सरकार ने विद्रोहियों का दमन व सफाया करने के लिए, निरन्तर सेना तथा आर्म्ड फोर्सेज का अभियान वहाँ पर जारी रखा है। किन्तु अभी तक सफलता का प्राप्त होना नहीं के बराबर है बल्कि आजकल विद्रोहियों की संख्या में निरन्तर वृद्धि होती जा रही है।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस भारत में एक उच्च श्रेणी का आर्म्ड फोर्स है। इस फोर्स का प्रशिक्षण सेना तथा पुलिस दोनों के स्तर पर आधारित है। यह फोर्स भारत के विभिन्न भागों में तथा प्रादेशिक सीमाओं में, पहले ही अलग अलग प्रकार की ड्यूटियां करता आया है। सन् 1955 से और अब तक सी० आर० पी० एफ० विशेष रूप से नागालैन्ड में तैनात है।

मैं सन् 1961 से सन् 1964 तक नागालैन्ड में, आठवीं वाहनी में था। मैंने सभी प्रकार के अभियान जो खास तौर पर विद्रोहियों के वर्खिलाफ, किये जाते हैं उनमें

हिस्सा लिया और बत्तीस माइल पोस्ट से अपनी ड्यूटी के दौरान, तीन नागा विद्रोहियों को गिरफतार करवाकर दस रुपये रिवार्ड भी पाया था। इस अनुभव के आधार पर मैं उन तथ्यों का उल्लेख करना चाहता हूं, जोकि सम्भवतः हमारे फोर्स की भलाई और सफलता के लिए सहायक सिद्ध हो सकें। किन्तु उन तथ्यों को जानने से पूर्व, नागालैन्ड का मोटी तौर पर परिचय जानना नितांन्त आवश्यक है।

नागालैन्ड भारतवर्ष की उत्तरी पूर्वी सीमा में स्थित, प्राकृतिक सुन्दरता से भरपूर एक पहाड़ी प्रदेश है। इसके उत्तर में चीन तथा उत्तर पूर्व में बरमा की सीमा आरम्भ हो जोती है। इस राज्य में कोहिमाँ, मुकुगंचुग, और तुगसांग ये तीन बड़े जिले हैं। तथा इस राज्य की राजधानी कोहिमां है। इस राज्य की बनावट पहाड़ी है इसमें ऊँचे ऊँचे गगनचुम्बी, पहाड़, नदी, नाले घने जंगल और काटेदार पत्तों की झाडियाँ पाई जाती हैं। तथा प्रतिवर्ष अस्सी से लेकर एक सौ अस्सी इन्च तक की वर्षा होती है। यहां की जलवायु सम-शीतोष्ण है। यहां पर चावल अच्छी तरह पैदा हो जाते हैं। यहां पर लोग प्रायः गांवों में बसते हैं। एक गांव में बीस से लेकर दो सौ घर तक होते है। गांवों की आपस की दूरी एक किलोमीटर से लेकर बीस किलोमीटर तक होती है। इस का मुख्य व्यवसाय पशु-पालन, कर्घा, तथा खेतीबाड़ी है। पशुओं को सिर्फ मांसाहार के लिए उपयोग में लाया जाता है।

ये लोग घोर कर्मठ, मजबूत, साहसी दृढ़ चरित्र, ईमानदार तथा काफी हद तक अन्ध विश्वासी होते हैं।

यहां पर मूल रूप से दो जातियां पाई जाती हैं, एक तो हिन्दू दूसरी क्रिस्चियन । हिन्दू अपने निजी देवी व देवता तथा ईश्वर (ललपा) को मानते हैं। और पाँच बैलों की बलि चढ़ाकर समय समय पर पूजा करते हैं।

क्रिस्चियन ईसा मसीह को मानते हैं। और मांस आदि की भेंट चढ़ाते हैं। छूाआछूत ये दोनों ही जाति आपस में नहीं मानती हैं। अलग अलग धर्म के मानने पर भी ये दोनों जातियां बड़े मेल से रहती हैं। इन में तिनके के सामान भी बैर या मन मिटाव नहीं है।

गाँव का मुख्य संचालक गाँव बुड्ढा (जी० बी०) अथवा मुखिया होता है । यहां पर मुखिया को लाल रंग के कम्वल ओढ़ने की प्रथा प्रचलित है; यह उसकी खास पहिचान है।

नागालैन्ड में विद्रोह क्यों—

1. नागालैन्ड द्वितीय महायुद्ध का लगभग तीन साल तक मुख्य केन्द्र बना रहा । वास्तव में फौजियों द्वारा वहाँ की आम जनता को काफी परेशानियों तथा कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। यही कारण है कि आज भी वहां के नागरिकों के दिल में भारतीय सेना तथा पुलिस के प्रति सख्त घृणा का भाव है।

2. इस के अलावा, नागालैन्ड भारत के अन्तिम छोर का राज्य है। इसलिए इस में भारतीय संस्कृति, शिक्षा, सभ्यता तथा राष्ट्रीयता की भावना का विकास नहीं के बराबर हुआ है।

3. यहां के नागारेक सांवेस, व्यवसाय आदि में भारत के दूसरे राज्यों में नहीं के बराबर हैं। इसी प्रकार भारत के अन्य राज्यों के नागरिक भी नागालैन्ड में किसी सर्विस या व्यवसाय आदि में नहीं हैं। इस वजह से वहां का आम नागरिक अपने आप को भारतीयता से दूर समझता है।

4. वे लोग अपने आपको भारत के अन्य प्रान्तों की अपेक्षा अधिक साधनहीन और गरीब समझते हैं। उस हीनत्व की भावना को बदला लेने की नियत से वे लोग विद्रोही दल को हर प्रकार की यथा सम्भव सहायता देते हैं।

5. यहां के निवासियों की शक्ल व सूरत काफी हद तक चीनियों से मेल खाती है । इसलिए वे चीन को अपनत्व की भावना से देखते हैं। और चाहते हैं कि नागालैन्ड के किसी भी विभाग में, भारत के दूसरे प्रान्तों के अधिकारी न हों। मिजोराम की राजधानी ऐजल में तेरह जनवरी 1975 को दो सशस्त्र मिर्जा विद्रोहियों के द्वारा पुलिस महानिरीक्षक श्री घमण्डी सिंह आर्य पु० उप महानिरीक्षक श्री सी० बी० सेवा तथा पु० अधीक्षक श्री पंचन गंग सेन की हत्या इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

6. भारत की स्वतन्त्रता के पश्चात् अभी तक पूरे नागालैन्ड में सेना तथा आर्म्ड फोर्सेज का खूब दबाव है। इस दबाव से वे लोग अपने आप को स्वतन्त्र न समझ कर गुलाम समझते है। फोर्स के आदमी भी वहां की जनता से कभी-कभी अनुचित व्यवहार करते हैं। इसलिए वे लोग फोर्स से हर समय भयभीत तथा आक्रान्त रहते हैं और फोर्स से शत्रुता का भाव रखते हैं।

विद्रोही दल की बनावट और भर्ती करने का तरीका :

नागा विद्रोही दल की बनावट के अन्दर ब्रिगेड से लेकर नीचे सेक्शन तक होती है । एक ब्रिगेड में दो बटालियन होती हैं, और प्रत्येक बटालियन में चार कम्पनियां होती हैं ।

उनका अनुशासन, आचरण और नियंत्रण काफी कठोर होता है। यही कारण है कि भारतीय सेना या आर्म्ड फोर्स के अस्सी प्रतिशत अभियान उनके खिलाफ ना कामयाब रहते हैं।

इनके पास दो इंच मोर्टर से लेकर स्टेन मशीन कार्बाइन तक के सभी हथियार होते हैं ; परन्तु अमुनिशन तथा ऐक्सप्लोसिव की इनके पास सदैव कमी बनी रहती है। इसी कारण से नागालैण्ड विद्रोहीदल की भारी से भारी टुकड़ी हमारे फोर्स के साथ कभी भी डटकर मुकाबला नहीं करती हैं।

इनका प्रशिक्षण जंगलों में, जहाँ इनके कैम्प होते हैं, बकायदा ट्रेनिंग प्रोग्राम के अनुसार चलता है हथियार को हैन्डिल करने की अपेक्षा इनका निशाना अचूक होता है।

भर्ती का तरीका :

(1) शौक से भर्ती होना : कुछ गाँव के जवान जो खेती बाड़ी में काम करना पसंद नहीं करते हैं अपनी इच्छा से भर्ती हो जाते हैं।

(2) जबरदस्ती : जिस परिवार में तीन चार भाई होते हैं, उनमें से एक को भर्ती होना पड़ता है। ऐसा आर्डर ब्रिग्रेड कमाण्डर की ओर से दिया जाता है। आदेश के पालन का अर्थ लूटपाट और मृत्यु भी हो सकती है।

(3) कुली : जो जवान गाँव से विद्रोही दल का राशन बतौर कुली के ले जाते हैं, उनके ऐसे आराम को देखकर वे भी भर्ती हो जाते हैं, वे लोग भी छाँट कर जवान को ही कुली ले जाते हैं।

(4) बदले की भावना : कई बार फोर्स जवानों द्वारा अनुचित व्यवहार तथा गलत आचरण करने पर उस गाँव के कुछ जवान विद्रोही दल से मिलकर हमारी सेक्यूरिटी को दे देते हैं। और साथ ही भर्ती भी हो जाते हैं और बाद में प्रशिक्षण पाकर हमारे खिलाफ कोई भी कार्रवाई करते हैं।

विद्रोही दल के खिलाफ अभियान में असफलता के कारण

(1) जब हमारी सी. आर. पी. एफ. की कोई भी नई यूनिट नागालैण्ड में जाती है या एक पोस्ट पर बदली जाती है, तो विद्रोही दल एक लम्बे अर्से तक कोई भी छेड़-छाड़ या अम्बुश वगैरहः उस यूनिट के खिलाफ नहीं करते हैं, परिणाम यह होता है कि हमारे सैनिक एक दम लापरवाह हो जाते हैं, और गाँव में जाकर शराब या मधु आदि पीते हैं, साथ ही कुछ हद तक चरित्र हीन कार्य करने का भी प्रयास करते हैं। यह जरूरी नहीं है कि ऐसा सभी पोस्टों के जवान करते हैं । कई पोस्टों का आचरण उच्चकोटि का भी होता है अगर विद्रोही शुरू में ही हमें सचेत कर दें तो हमें हमेशा चौकन्ने रहने की आदत पड़ जाय । किन्तु होता इसके बिलकुल विपरीत है। जब विद्रोही समझ लेते हैं कि अब यह लोग हर ड्यूटी में सुस्त पड़ गये हैं, उसी दौरान अम्बुश लगाकर अपना मकसद पूरा कर लेते हैं। अम्बुश उनका सबसे जोर दार और सफल ओप्रेशन है।

(2) सेक्युरिटी का लीक होना : विद्रोही दल का एक आदमी सदैव हमारे पोस्ट के इर्द-गिर्द चक्कर लगाते रहता है, सबसे पहले वह हमारी गाड़ियों के नम्बर नोट करता है, साथ ही हमारी पूरी डिसपोजिशन की हालत भी नोट करता है। वह व्यक्ति आम देहाती वेश-भूषा में होता है, इसके अलावा नागा चाहे भोला-भाला नागरिक क्यों न हो अवश्य हमारी कोई न कोई बात पोस्ट से ले जाता है।

(3) इन्फार्मर : इन्फार्मर सत्तर प्रतिशत झूठी खबर देते हैं। यदि कभी कभार कोई ए वन खबर विद्रोही दल के बारे में मिल भी जाती है तो साथ ही वह विद्रोही दल को भी सूचित कर देता है।

(4) छुपाव : नागालैण्ड में छुपाव के सर्वोत्तम स्थान हैं, वहाँ का छुपाव ही विद्रोहियों का सच्चा साथी है।

(5) भाषा का ज्ञान : पांचवी व अन्तिम बात यह है कि हमारी फोर्स को नागा भाषा का बिल्कुल भी ज्ञान नहीं है, भाषा जानने से बहुत कुछ जाना जा सकता है।

विद्रोही दल के खिलाफ अभियान हेतु कुछ सहायक सुझाव :

(1) **नई यूनिट या सब यूनिट :** कोई भी नई यूनिट या नये जवानों को टोली जो नागालैण्ड में पहली बार भेजी जानी है, उन्हें मोटी तौर पर नागालैण्ड की आम वाकफियत, नागा अम्बुश, पैट्रोलिंग, रेड, रोड प्रोटेक्शन, कौम्बिग, इनसर्किलमैंट, कानवाई प्रोटेक्शन, और गांव की तलाशी के अभियानों का अच्छा प्रशिक्षण देकर भेजा जाय, इन्सर्किलमैंट और कौम्बिंग के अभियानों से सफलता को एक नया मोड़ मिलने की पूर्ण सम्भावना है।

(२) **गांव की तलाशी लेने का तरीका नागालैंण्ड में :** सारे गाँव को एक जगह पर इकट्ठा करने की परम्परा एक लीक बन गई है । इस लीक पर चलने से न ही कोई लाभ हुआ है और न ही आगे होने की गुंञ्जाइस है, क्योंकि गाँव वालों को जी०वी०. के जरिये आवाज लगाकर एक स्थान पर एकत्र किया जाता है, तो इसका फायदा उठाकर विद्रोही वहाँ से आसानी से खिसक जाता है । गाँव के बाहर कम नफरी होने की वजह से पूरी तौर पर घेराव नहीं हो पाता है ।

स्टाप या कट आफ ग्रुप तो अक्सर लगाये ही नहीं जाते हैं। होना यह चाहिए कि ज्यादा नफरी से रात के समय पर इनसर्किल मैंट अर्थात् जबरदश्त घेरा बन्दी की जाय, ज्योंही सुबह होती है गाँव बुड्ढे (जी० बी०) से कहा जाय कि सब को आवाज देकर बतलाओ कि कोई भी अपने घर बाहर नहीं निकलेगा। इसका यह फायदा होगा कि विद्रोही या तो घर के अन्दर ही कहीं छुप जायेगा, या भागने का प्रयास करेगा। साफ जाहिर है कि भागने वाला, या आहिस्ता-आहिस्ता खिसकने वाला विद्रोहीं है। ऐसे मौके पर कोई भी बाहर जाता है, चाहे वह स्त्री ही क्यों न हो, उसे गिरफ्तार कर लेना जरूरी है । औरत का भेष बदल कर विद्रोही भागने में सफल होता है इसके बाद यदि कोई हरकत न हो तो घर के सदस्यों को बाहर निकालकर एक एक घर की तलाशी ली जाय; ध्यान रहे कि जी० बी जरूर साथ हों।

(3) **राशन तथा चन्दे की सप्लाई पर नाका बन्दी करना :** विद्रोही दल का राशन गाँव वाले आर्डर के मुताबिक खुद ही वहाँ तक पहुंचाते हैं। वहाँ से किसी-किसी खास कुलीयों के जरिये कैम्प तक जाता है। विद्रोही राशन या चन्दा उस गाँव या व्यक्ति के पास उगाहने के लिए जाते हैं, जहाँ से समय पर राशन और चन्दा न पहुंचाया गया हो। इसके लिए दण्ड के रूप में कुछ जुर्माना भी देना पड़ता है। इस नाकाबन्दी का सबसे अच्छा तरीका यही हो सकता है कि गांव के नजदीक पोस्ट लगाकर, तीन या चार ग्रुपों में रात को गांव के चारों ओर पेट्रोलिंग किया जाय । खास-

खास रास्तों पर स्टाप लगाये जायें क्योंकि राशन सप्लाइ ज्यादातर रात को ही होती है। दिन में भी होती है। लेकिन दिन में केवल एक पैट्रोल और खास-खास रास्तों को ही बन्द रखना ही जरूरी है। यह अभियान लगता तो कुछ कठिन है; परन्तु खास-खास सक्रिय मौकों पर यदि यह अभियान चलाया जाय तो छः माह अन्दर ही सारे विद्रोही सरेन्डर हो जायेंगे

(4) **नागा अम्बुश एक जबरदश्त धोखा :** नागाविद्रोही ऐसी जगह पर अम्बुश लगाते हैं, जहाँ हमें स्वप्न में भी अम्बुश की आशा नहीं हो सकती है। बिल्कुल सीधी-साधी जगह पर या पोस्ट के नजदीक ही अम्बुश कर देते हैं। इससे बचने का उपाय यह है कि पहले तो पैट्रोलिंग को इकट्ठा न होने दिया जाय । बल्कि ज्यादा फैलाव में रखा जाय क्योंकि फैलाव होने से आमतौर पर वे कभी भी फायर नहीं खोलते हैं। उनका मकसद पूरे सेक्शन को बरबाद करके हथियार अमुनिशन लेना होता है। दूसरा दो सेक्शन से कम की पैट्रोल कभी भी न भेजी जाय । बड़ी पैट्रोल पर फायर खोलने से उन्हें कोई लाभ नहीं होता है । इस सुझाव के लिए एक उदाहरण देकर मैं पुष्टि करना चाहता हूं। सन् 1962 की बात है चाइना की लड़ाई शुरू थी, हमारी आठवीं वाहनी की सी० कम्पनी ओखां रोड दस माइल पोस्ट पर थी, हम हमेशा पूरी एक प्लाटून लेकर पैट्रोल पर जाते थे। क्योंकि वह इलाका काफी खतरनाक था । साल भर तक हमें कभी भी नागा अम्बुश का सामना नहीं करना पड़ा। मद्रास की आर्म्ड पुलिस की एक कम्पनी हमारी सी० कम्पनी का चार्ज लेने हेतु आई। हम चले गये । उन्होंने एक प्लाटून के स्थान पर एक सेक्शन पैट्रोल भेजना शुरू कर दिया। पांचवें दिन खबर मिली कि पूरी सेक्शन पोस्ट के पाँच सौ गज की दूरी पर अम्बुश में समाप्त हो गई है। हथियार अमुनिशन सब ले जा चुके थे। निष्कर्ष यह निकाला गया कि वे लोग इक्ट्ठे होकर जा रहे थे। अगर उनके फायर से दो आदमी भी बच गये होते तो उनका साहस नहीं होता कि अमुनिशन तथा हथियार ले जायें । अतः पैट्रोल को फैलाव में रखा जाय । लेकिन स्काउट केवल 25 या 30 गज आगे होने चाहिए।

(5) **इन्फार्मर कैसे तैयार किये जायें :** नागालैण्ड में विद्रोही दल के बारे में जो खबर इन्टैलीजैन्स विभाग को, या किसी पोस्ट पर पोस्ट कमाण्डर को किसी इन्फार्मर द्वारा मिलती है, वह या तो सौ प्रतिशत झूठ होती है या अगर सच्ची भी होती है तो इन्फार्मर विद्रोही दल को भी हमारी इन्फोर्मेशन दे देता है । स्पष्ट है कि वहाँ पर इन्फार्मर दोनों तरफ मिले हुये होते हैं।

विद्रोही दल के नागा में दो ग्रुप हैं : (1) कीटो ग्रुप (२) माऊग्रुप । इन दोनों ग्रुपों की आपस में फूट है । जहाँ किटो ग्रुप शान्ति से अपनी मांग पूरी कराना चाहता है वहाँ माऊ ग्रुप संगीन की नोक के बल पर अपना मसला हल करना चाहता है । हमें चाहिये कि दोनों ग्रुपों की इस फूट से फायदा उठायें । यानी किसी स्कूल अध्यापक मुखिया आदि के द्वारा कीटो ग्रुप के किसी लीडर से मिला जाय। इससे दो लाभ होने की सम्भावना है। इससे एक तो माऊ ग्रुप के बारे में कुछ न कुछ सुराग मिल सकेगा। दूसरा जब माऊ ग्रुप किसी लीडर को पता चलेगा कि कीटो ग्रुप का कोई लीडर सी०

पार० पी० से मिला हुआ है तो यह कारेवाइ आग में घी का काय करेगी। अथात् दोनों ग्रुपों की आपस में जबरदस्त टक्कर होगी। और हो सकता है इस टक्कर से उनकी काफी क्षति के साथ-साथ पोजीशन आदि भी मालूम हो जायेगी, या उन पर अटैक करके उन्हें बन्दी भी बनाया जा सकता है ।

(6) **नागा-विद्रोही की मुख्य पहिचान :** विद्रोही दल का कोई न कोई सदस्य हर दूसरे तीसरे दिन हमारे पोस्ट के इर्द-गिर्द चक्कर लगाता रहता है गाँव वालों की वेष-भूषा में उसे पहिचानना अत्यन्त कठिन है। लेकिन एक पहिचान है--और वह यह कि गाँव का कोई भी आदमी जो रात दिन खेतों में व जंगलों में काम करता रहता है। उसका शरीर कठोर और कुछ ज्यादा मैला-सा प्रतीत होगा । तथा उसके पाँव बिना जूते की वजह से ऊबड़-खाबड़ होंगे, या एडियाँ फटी हुई होंगी। खास कर विद्रोही दल के सदस्यों के पाँव साफ-सुथरे और मुलायम होंगे। क्योंकि जंगलों में ये लोग बराबर बूट का प्रयोग करते हैं। जब विद्रोही गाँव वालों का भेष बदलता है तो वह खास ध्यान अपने पावों पर ही देता है । बत्तीस माइल पोस्ट पर सन् 1962 में जब हमने तीन विद्रोहियों को पकड़ा था। उनमें कुछ गाँव वाले भी थे । तो विद्रोहियों ने फौरन अपने नंगे पाँवों पर धूल मिट्टी डाली थी ताकि पांव अलग-थलग नजर न आयें, ऐसा करते हुए मैंने स्वयं उन्हें देखा था। उनके पाँव धुलने पर पता चला कि गाँव वालों की अपेक्षा उनके पाँव साफ सुथरे और मुलायम होते हैं। बस इसी शक पर हमने उन तीनों को कैद कर लिया था। छान बीन करने पर पता चला कि वे सशस्त्र विद्रोही दल के आदमी हैं और किसी शादी पर गाँव में आये थे।

कभी-कभी पोस्ट पर कोई नागा आदमी आकर कहता है 'मैं जिला फलां यानी मुकुगँचुमँ में टीचर हूँ।' या कोई कहता है 'मैं डाक्टर हूँ।' या पोस्ट मास्टर हूँ । या सब-इन्सपेक्टर हूँ।' इन कहने वालों में नब्बे प्रतिशत विद्रोही होते हैं; लेकिन हम लोग उन्हें चाय, आदि पिलाते हैं। और वह हमारी बारीकी तौर पर छानबीन करके चला जाता है। इसलिये आदमियों से सदैव सतर्क रहना आवश्यक है।

कोड साइन :--(मुकर्र इशारा) प्रत्येक गाँव के बच्चे-बच्चे को एक कोड साइन का ज्ञान दिया जाता है, जो इस बात का सूचक होता है, कि फोर्स आ गया है। होशियार हो जाओ वह है - हू-हा, हू-हा, हू-हा, हू-हा, इस प्रकार चार बार चिल्लाते हैं । वही इस इशारे को पुकारता है जो सब से पहले देखता है। उस के बाद जो सुनाता है वह भी वहां से दो लम्बी हू-हू की आवाज पुकारता हैं । तब तक पुकारते ही रहेंगे जब तक जहाँ विदोही हैं वहाँ से दो लम्बी हू हू की आवाज नहीं आ जाती है।

इस हू-हा से फायदा उठाया जा सकता है । तरीका यह है कि पहले रात में चुपके से भागने वाले तमाम रास्तों पर गाँव से तकरीबन 200 से 300 गज स्टाप लगा दिये जायें । जब सुबह हो जाती है तो एक या दो सेक्शन गाँव की तरफ यानी गाँव में जाय जैसे आमतौर पर तलाशी के लिये जाते हैं। साफ जाहिर है कि उपर्युक्त इशारा होगा और विद्रोही भाग निकलेगा, अगर स्टाप अच्छी सूझबूझ से लगाये गये हों और स्टाप पार्टी के जवान काफी सतर्क हैं तो विद्रोही बचकर नहीं जा सकता है । ध्यान रहे

स्टाप्स के फायर का क्रासडैनेशन होना चाहिये। ताकि भागते हुये विद्रोहो को फायर से बरबाद कर सकें।

विद्रोही दल या उसके सदस्य गांव में कब-कब आते हैं :--

1 किसी प्रमुख त्यौहार के दिन या किसी धार्मिक स्थान पर मेला हो।

2 किसी रिश्तेदार या अपने घर पर शादी हो।

3 जब किसी कारण वश गाँव वाले व्यक्ति ने या पूरे गाँव ने चन्दा न दिया हो।

4 हमारे फोर्सेंज की सिक्युरिटी प्राप्त करने के लिये।

5 जब नागा विद्रोही छुट्टी पर आया हो।

इस के आलावा और भी कुछ कारण अपवाद के रूप में हो सकते हैं। परन्तु मुख्यतः ऊपर लिखे पांच ही कारण हैं। ऐसे मौके पर पहचान को ध्यान में रख कर घेरा डाला जाय, और गिरफ्तारी अमल में लाने से कोई न कोई जाल में फंस सकता है।

विद्रोही दल के कैम्प :--हम लोगों की आम धारणा यह होती है कि विद्रोही दल का कैम्प किसी ऊंची पहाड़ी पर होगा और इस बात को सच्चा साबित करने के लिये विद्रोही ऊंची पहाड़ियों पर डमी पोस्ट बना देते हैं। और वहां पर कोई टूटा हा बूट या खराब मैगजीन या पांच चार खाली केस आदि छोड़ देते हैं। यानी ऐसा चीज छोड़ देते हैं जिस से यह मालूम हो कि यहां से विद्रोही भाग गये है। जब कि उनके कैम्प प्राय: गहरे गहरे नालों, दरारों और वीहड़ों के अन्दर होते हैं। और पक्के बैन्कर होते हैं। चाहे कितना भी एअर अटैक किया जाय उन का कुछ भी नहीं बिगड़ता है। इसलिये बजाय ऊंची २ पहाड़ियों की सर्च से उपर्युक्त स्थानों को छानबीन की जाय।

गाँव की तलाशी के लिये ज्यादा नफरी का होना अत्यन्त आवश्यक है

ज्यादा नफरी से इन्सर्किलमैन्ट (घेराबन्दी) अच्छी तरह होगी। इस के लिये रात एक बजे से सुबह साढ़े तीन बजे तक घेरा लगाना चाहिये। और सुबह होते ही दो सेक्शन कमान्डर लेकर गाँव में जाये तो विद्रोही बचकर नहीं जा सकता।

कोम्बिंग का अभियान :—जब कभी पिन प्वाइन्ट इन्फोर्मेशन मिल जाती है लगभग दो बटालियन के साथ कौम्बिंग अभियान करना लाभदायक सिद्ध होगा, खास कर नाले, गैब, दरार, बीहड आदि जगहों पर कारगर साबित होगा

इन्टैलीजैन्स सेक्शन :—खास तौर से नागालैन्ड या मिजोराम आदि के लिये सी० आर० पी० एफ० की एक अलग ई० जे० सेक्शन होनी चाहिये। इस सेक्शन को नागा भाषा का ज्ञान होना आवश्यक है। द्विभाषिया (डी० बी) जो अक्सर हमें धोखे में रखता है। उसकी पूर्ति भी ई० जे० सेक्सन के नुमाइन्दे से हो सकती है।

उपसंहार

आज का मानव असम्भव करने के सम्भव कहने की पूर्ण क्षमता से परिपुष्ट है। किन्तु नागालैंड राज्य में बिद्रहियों की समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। स्वतंत्रता के पश्चात् नागालैंड में सेना तथा पुलिस फोर्स का जिसमें सी० आर० पी० एफ० विशेष रूप से है, निरंतर संघर्ष जारी है। इस संघर्ष को पूर्ण रूप से असफल कहना अनुचित होगा। क्योंकि मणिपुर, नागालैन्ड, अरुणाचल तथा मिजोराम क्षेत्र में विद्रोही दल की बजह से बराबर सेना तथा सी० आर० पी० एफ० की हरकत बढ़ती जा रही है। इसलिये उस क्षेत्र में चीनी घुस पैठ तथा हमले से सदैव बचाव रहा है।

यदि सी० आर० पी० एफ० में नये ढंग के अभियान शुरू किये जायें तो और भी अधिक उच्चकोटि की सफलता का श्रेय हमें प्राप्त होगा, इसमें संदेह नहीं है।



कमाण्डैण्ट सम्मेलन में के० रि० पु० दल के महानिदेशक महोदय का अभिभाषण

देश के पूर्वीय भाग में के० रि० पु० दल के प्रविस्तारण की अनिवार्यता

दिनांक 28 अप्रैल, 1975 से प्रारम्भ होने वाले कमाण्डेन्ट-सम्मेलन में श्री निगमेन्द्र सेन सक्सेना, महानिदेशक, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के अभिभाषण के कुछ अंश यहां उद्धृत हैं—

'देश की कानून तथा व्यवस्था की स्थिति बुरी ही चलती जा रही है। और निकट भविष्य में उसमें सुधार की कोई यथोचित पाशा नहीं दृग्गत होती। फरवरी 1976 के सामान्य निर्वाचन का अभिगमन और भी अधिक आन्दोलनों तथा निर्वाचनपूर्व हिंसाओं की संख्या में वृद्धि करेगा। भारत-सरकार तथा अधिकांश राज्य के० रि० पु० दल पर अत्यधिक निर्भर रहते हैं और मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम कदापि पीछे नहीं रहेंगे।"

"प्रशंसा के लिए किसी एक विशेष बटालियन के सिर सेहरा बाँधना न्यायोचित नहीं होगा। गुजरात के शुष्क तट से लेकर अरुणाचल प्रदेश के निरन्तर आर्द्र क्षेत्रों

तक में तथा लेह की उत्तर ध्रुव सी स्थितियों से लेकर केरल की उष्ण कटिबन्ध की जलवायु तक में हमारे जवान अत्यन्त उत्तम प्रकार से सेवा भार उठा रहे हैं। आपको अब स्वयं सोचना है कि क्या आप ऐसे जवानों के उत्तम संगठन के नेतृत्व करने योग्य हैं ?"

प्रशासन को युक्तियुक्त बनाना-जवानों के कल्याण तथा कुशलता की देखरेख करना ही प्रशासन का एकमात्र उद्देश्य है। कुछ ऐतिहासिक परिस्थितियों में के० रि० पू० दल की उत्पत्ति तथा प्रारम्भिक भर्ती पश्चिम भाग में हुई। अब यह दल पूर्व में ही मुख्य रूप से प्रविस्तारित है। राजस्थान की तप्तभूमि में स्थित ग्रुप केन्द्रों को यह सम्भव नहीं है कि वे पूर्वोत्तर की समस्याओं को सुलझाने के लिए अपने मस्तिष्क को अनुकूल बनायें। देश के **पूर्वीय भाग की ओर स्थानान्तरण अपरिहार्य है;** परन्तु इसको सरल बनाने के लिए यह कार्य हम कई चरणों में कर रहे हैं। निम्नलिखित पग पहले ही उठाये जा चुके हैं—

(क) जनवरी के आरंभ में, मिजोराम के के एजल नगर में उपमहानिरीक्षक के०रि०पु० दल का नया पद निर्मित हुआ है। परिचालन-नियंत्रण के साथ, वह मिजोराम, और त्रिपुरा में स्थित बटालियनों का प्रशासनात्मक नियंत्रण भी शीघ्र अपने हाथ में ले लेगा।

(ख) 17 अप्रेल 1975 को ग्रुप केन्द्र किशनगढ़ बन्द हो गया है और 1 मई, 1975 को यह दुर्गापुर में खुलेगा। इस प्रकार ग्रुप केन्द्र दुर्गापुर अपनी चार बटालियनों में से तीन के अत्यन्त निकट हो जायेगा।

(ग) यह निर्णय हुआ है कि उपमहा निरीक्षक पूना का कार्यालय 1 जून, 1975 से इम्फाल को स्थानान्तरित कर दिया जायेगा।

वेतन तथा यात्रा भत्ता-"ऐसी मुझे सूचना मिली है कि कर्मचारियों के वेतन बिलों तथा यात्रा-भत्तों के बिलों का भुगतान करने में कुछ ग्रुप केन्द्र शिथिल तथा अक्षम रहे हैं। यह सेवा का महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है जिसकी जाँच अपने कर्मचारियों से मिलने पर उपमहानिरीक्षक द्वारा निरन्तर होनी चाहिए।

पेन्शन-"जवानों की पेन्शन निर्धारण करने में विलम्ब एक अन्य दुखद विषय है। महानिदेशालय में एक अलग 'पेन्शन-सेल' के संस्थापित होने पर यह कार्य शीघ्रता पूर्वक सम्पन्न हुआ है।

कार्यशालायें-तीन शस्त्र-सुधार कार्यशालायें (आर्मामेण्ट रिपेयर वर्कशाप) की स्वीकृति मिल गई है और प्रति सेक्टर में एक वर्कशाप कार्य करेगा । गौहाटी कार्यशाला में तो कार्य प्रारंभ हो चुका है। यह हमें प्रात्म-निर्भर बना देगा । हमने अपने ही साधनों से तीन गोलाबारूद प्रोद्योगी टोलियां (अम्यूनिशन टेकनीशियन टीम) बनाई हैं।

रेफ्रेशर कोर्स (अभिनवन पाठ्यचर्या)— पदोन्नत पुलिस उपाधीक्षकों के व्यावसायिक ज्ञान की अभिवृद्धि के हेतु, एक अभिनवन-पाठ्यचर्या प्रारम्भ की है। यह (कोर्स) पाठ्य-चर्या माउण्ट आबू पर 17 मार्च, 1975 से आरम्भ हुई है। यह भी प्रस्ताव

है कि अभी अभी पदोन्नत सूबेदारों के लिए भी लगभग 20 कक्षाओं के चार सप्ताह के पाठ्य क्रम संगठित किये जायें ।

खेल-खिलाड़ी—'एक बार फिर अपने मित्र प्रतिद्वन्द्वी सीमा सुरक्षा दल को थोड़े ही अंकों से परास्त कर अखिल 24 वें भारतीय पूलिस खेल 1975 की एथलीट चैम्पियनशिप प्राप्त करने में हम सफल हुए हैं। इसी समय से यह थोडी सा अन्तर हमें अपने प्रयासों को दुगुना करने की प्रेरणा देता है जिससे हम अपनी जीत को दुहराने में सफली-भूत हों।

भवन-निर्माण—इस वर्ष हम पाँच करोड रुपये भवन-निर्माण में व्यय करने की सोच रहे हैं। यह एक बड़ी राशि है और यदि हमारी परियोजनायें समय में पूर्ण हो गईं तब हमारे कार्यालयों, स्टोरों (भण्डारों) तथा बारकों की संख्या में भारी वृद्धि हो जायेगी। विगत छै मासों की निर्माण-प्रगति सन्तोष जनक रही है। गौहाटी तथा हैदराबाद में निर्माण-कार्यों ने सन्तोषप्रद प्रगति की है। एवं मुकामाघाट तथा अहमदबाद में निर्माण कार्य प्रारम्भ होने वाला है। नागपुर से भी उत्सोहवर्द्धक सूचना मिली है और यह आशा है कि 1976 के मध्य तक एक ग्रुप केन्द्र के लिए वहां पर्याप्त भवन निर्मित हो जायेगे ।

सिगनल—ऐसा प्रतीत होता है कि हम में से कुछेक ही सन्देश-लेखन की तकनीक (प्रविधि) में पूर्ण पारंगत हैं। स्थिति सुधारने के निमित्त सन्देश-लेखन पर एक पैम्फलेट (पुस्तिका) संकलित की गई है।

ऋण लेना—एक अन्य क्षोभ का विषय है राजपत्रित अधिकारियों का रेजीमेन्टल फण्डों (महागुल्मक निधियों) से ऋण लेना, जिसकी सूचना बारम्बार मिलती है। यद्यपि स्थिति में कुछ सुधार हुआ है, तद्यपि स्थिति सन्तोषजनक नहीं कही जा सकती। महानिरीक्षक तथा उपमहानिरीक्षक को ऐसे दोषियों को आड़े हाथों लेना होगा।

निष्कर्ष—"हमारा एक उत्तम दल है जिसका हमें गर्व होना चाहिए। हमको ऐसे उत्तम जवानों के संगठन का नेतृत्व करने के लिए उतना ही योग्य अधिकारी होना चाहिए । अपने जवानों के सदाचार एवं सक्षम कार्रवाई से ही हमारा भविष्य अक्षुण्ण जुड़ा हुआ है।"

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की 36वीं ब्रिगेड


"सेना से गलाघोट स्पर्द्धा में ये दुष्ट लगे हुये हैं"-ये शब्द वे हैं जो एक सैनिक अधिकारी को 36 बटालियन के० रि० पु० दल की प्रशंसा में जलभुन कर मुझ से कहने पड़े थे।

जब उससे यह प्रश्न किया गया कि क्या यह केवल स्पर्द्धा की ही बात है अथवा सफलता की भी है, तब वह बोला, "प्रथम बात तो मैं जानता हूँ। दूसरी बात के विषय

में तुमको जाकर स्वयं ज्ञात करना होगा"। और हम फुटसेरो पर 36 बटालियन की गतिविधि देखने स्वयं गये । जैसे ही हस्तालिंगन का शिष्टाचार समापन्न हुआ, हमने युवक कमाण्डेंट से यही सीधा प्रश्न किया "कहिये श्री शर्मा, आपकी क्या-क्या सफलतायें है ?" किन्तु उनका उत्तर था "मैं अभी आकर आप से वार्तालाप करूंगा । दो कम्पनी कमाण्डर को, जो अभी-अभी एक विद्रोही-शिविर पर छापा मार कर लौटे हैं, निदेशन देने हैं" । और वह बटालियन परिचालन-कक्ष में चले गये।

पहाड़ी की चोटी पर अफसर-मेस के । सम्मुख, जो नागालैंड में सर्वोच्च बसा हुआ स्थान है, वायु तेज गति से चल रही थी और जुलाई के मास तक में शीतल थी। हमें तो आशंका यह हो रही थी कि छप्पर और छतें कहीं उस प्रभञ्जन से गिर नहीं जायें। मेस , हवलदार पिल्ले ने प्रत्युत् हमारी त्रुटि यों कहकर सुधारी "ये गिरेंगी नहीं; अपितु नीव के साथ उड़ जायेंगी।"

इस बटालियन और इसके वीर तथा साहसी जवानों का इतिहास चित्रविचित्र है। सर्वप्रथम एक सशस्त्र पुलिस की भारतीय रिजर्व बटालियन के रूप में उत्तर प्रदेश की उर्वरा भूमि से वर्षा, जोंक तथा मलेरिया ज्वर से ग्रस्त नागालैण्ड के बनों में एवं फुटसेरो के चहुं ओर भूमिगत विद्रोहियों के उग्र केन्द्र चाका संग के क्षेत्र में उसे जाना पड़ा। दो मास में उनको 36 बटालियन के० रि० पु० दल में परिवर्तित होना पड़ा और छह मास के भीतर ही एक वाहन में बैठे दो उसके निरस्त्र सिपाहियों को अन्य चार निर्दोष नागरिकों के साथ एक स्वघोषित कर्नल चोवय द्वारा रोका गया, उतारा गया, पंक्तिबद्ध खड़ा किया गया और गोली से उड़ा दिया गया।



कमाण्डैण्ट श्री शर्मा

कदाचित् उन हुतात्माओं की चिताओं के चतुर्दिक खड़े हुये शेष जवानों और अधिकारियों ने यह प्रण किया कि न्याय तथा व्यवस्था के विपक्षी अवांछनीय तत्वों को

समाप्त करके ही वे शांति की श्वास लेंगे। तदुपरान्त, उन्हें पीछे नहीं झाँकना पड़ा। आज उनका गणना-पटल यों देदीप्यमान है—

ले० श्री केडी

बन्दी भूमिगत विद्रोही—,451 आत्मसमर्पक विद्रोही ,114 पकड़े हुए शस्त्र— ब्रेनगन 4, जापानी रायफलें 4, चीनी रायफलें (स्वचालित) 1, एस० एल० आर० रालफल 1, 303 रायफलें 27, स्टेनगन 2, चीनी पिस्तौल 1, एस० बी० एम० एल० गनें 182 एस० बी० बी० एल० गनें 13 डी० वी०एम० एल० गनें 2, एम० एल० गनें 41, 22 रायफल 1303 संगीने 3, गोली बनाने के यंत्र तथा कोई तीन टन का विभिन्न प्रकार का गोलाबारूद । ध्यान में यह रखते हुए कि भूमिगतों की अनुमानित कुल संख्या 1,500 है। पकड़े हुए विद्रोहियों की संख्या आश्चर्य जनक है । इस स्थिति में, एक विद्रोही का बन्दी बनाना भी विजय पताका फहराने वाला विषय है।

जब कमांडैण्ट शर्मा निज अधिकारियों के साथ लौट कर विचार विमर्श करने लगे तब उन्होंने निज पूर्वाधिकारी की प्रशंसा में कहा "इन्द्रसिंह ने एक स्वघोषित ब्रिगेडियर तथा 7 सामान्य व्यक्तियों को बन्दी बनाया।"

"इस प्रकार पकड़ धकड़ से तो आप विद्रोहियों को स्वप्नों में भी पीड़ित कर रहे होंगे। 451 पिवक्षियों को बन्दी बनाना मानो उनके एक डिवीजन को समाप्त कर देना है" वे सब मुस्कराते रहे और उपाधीक्षक चहल और एम० एस० सन्धू की ओर देखने लगे। उपसमादेशक श्री शकंरन ने तब कहा "ये दोनों हमारे नृसिंह हैं क्योंकि जब कभी हम विद्रोहियों से पूछताछ या उनके प्रपत्रों को पकड़ते हैं, ये सदा अग्रणी होते हैं।"

"उस स्वधोषित कर्नल चावय का क्या हुआ?" कुछ क्षण मौनता रही; तब एक कम्पनी कमांडर ने बताया—"रिपोर्टों से यह पता चला है कि बह मृत्यु से घवड़ाया फिरता है। दो निरन्तर रात्रि एक गुप्त स्थल पर नहीं विताता और यदि कभी यह करना ही पड़ जाए तब 100 गज की दूरी पर निज अंगरक्षकों को सजग रखता है। देखिये, पंछी कब जाल में फँसता है"।

हमने कहा-"वह उसका महा दुखदायी दिन होगा" ।

"नहीं-वह स्वागत करेगा। क्योंकि जब हमने उनमें से एक को बन्दी बनाया, तब उसने यही कहा कि वह सौभाग्यशाली है कि हमने उसे बन्दी बना लिया। कम से कम हम उसे मार तो नहीं डालेंगे"-शंकरन ने उत्तर दिया और फिर कहा "आप हमसे प्रश्न पर प्रश्न किये जा रहे हैं। कुछ आप भी तो बताइये कि आपको कैसा लगा।"

हमने कहा "वचन दो कि आप मेरे उद्गारों से संकट में तो नहीं पड़ेगे।"

कुछ आतंकित हों, वह बोले – "न-नहीं तो"।


"आप वीर-पुंगवों के समूह हैं। आपकी यह 36वीं बटालियन नहीं, अपितु केन्द्रीय

रिजर्व पुलिस दल की 36वीं ब्रिगेड है।"

नई दिल्ली में के० रि० पु० दल का बेस अस्पताल

झडौदा कलां का बेस अस्पताल, जो इस वर्ष मई मास में चालू हो गया है, सरकार द्वारा स्वीकृत के० रि० पु० दल के लिए दो बेस अस्पतालों में से एक है। भारत के उत्तर तथा पूर्वोत्तर भागों में प्रविस्तारित के० रि० पु० दल की यूनिटों के रोगियों की दीर्घकालीन चिकित्सा तथा गम्भीर चीरों (आप्रेशनों) की व्यवस्था इसी अस्पताल में होती है। इसमें क्षय तथा अन्य संक्रामक रोगों के लिये पृथक कक्ष है। नर्सों के एक होस्टल की भी इसमें व्यवस्था है।

दिनांक 31 जनवरी 1973 को इसका शिलान्यास भारत की प्रधान मन्त्री श्रीमती इन्दिरा गाँधी के कर-कमलों द्वारा हुआ था।



ग्रुप केन्द्र के. रि. पु. दल के बेस अस्पताल का एक दृश्य

जवानों की मृत्यु के अवसर पर सहायता को अभिवृद्धि

सेवाभार उठाते हुये गुप्त सूचना विभाग, सीमा सुरक्षा दल, के० रि० पु० दल तथा केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा दल के कर्मचारियों की मृत्यु पर उनके संतप्त परिवारों को 10,000 रु० की यकमुष्टि अनुदान के रूप में आर्थिक सहायता पहले ही स्वीकृत थी। उनकी कर्त्तव्यावली में नक्सलपंथियों तथा अन्य उग्रवादियों की गतिविधियों से उत्पन्न न्याय तथा व्यवस्था से निपटने में अथवा पश्चिमी बंगाल में किसी विशेष रूप से राज्य प्रशासन को सहायता प्रदान करना है।

इस स्वीकृति का इन्हीं दिनों पुनरीक्षण हुआ और अब भारत सरकार ने इस यकमुष्टि अनुदान की राशि 1 जनवरी, 1975 से 10,000 रु० से बढ़ कार 15,000 रु० कर दी है।

रामपुर बाल विद्या मन्दिर स्वीकृत

रामपुर में के० रि० पु० दल का बाल विद्या मन्दिर अब बेसिक प्रशिक्षण प्राधिकारियों द्वारा स्वीकृत हो गया है और 6 प्रशिक्षित प्रशिक्षक उस स्कूल में नियुक्त भी हो गये हैं।

1975 की हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता के परिणाम

वार्षिक निबन्ध प्रतियोगिता 1975 के प्रथम त्रिमास में सम्पन्न हुई। हिन्दी निबन्धों के विषय में ये परिणाम रहे जिनकी घोषणा अप्रेल 75 कमाण्डेंट सम्मेलन में कर दी गयी है :—

क्रम संख्या	विषय	प्राप्त निबन्ध	परिणाम
1.	के० रि० पु० कर्मचारियों के लिये नागालैण्ड के विषय में आधारभूत जानकारी	6	सूबेदार निर्मल सिंह डिल्लों, 6 बटालियन को रु० 200 का द्वितीय पुरस्कार। जमा० मुरारी लाल, केन्द्रीय प्रशिक्षण कालेज 1 को रु० 100 का तृतीय पुरस्कार।
2.	के० रि० पु० दल कर्मचारियों के लिये मिजोराम के विषय में आधारभूत जानकारी	1	का० रमेश चन्द्र राठौर 35 बटा० को रु० 200 का द्वितीय पुरस्कार।
3.	के० रि० पु० दल कर्मचारियों के लिये अरुणाचल प्रदेश के विषय में आधारभूत जानकारी	1	कोई पुरस्कार नहीं

परिश्रम तथा कृत्संकल्पता का प्रश्न

सन् में 1971 नीमच रेंज, जो अन्तर एथलेटिक प्रतियोगिता में अजमेर से द्वितीय स्थान पर रही थी, इस वार्षिक स्पर्धा में बाजी मार ले गई और अजमेर को द्वितीय स्थान पर गिरा दिया। यह स्थिति सन् 1974 तक चलती रही जब हैदराबाद रेंज़ अजमेर से आगे बढ़ी और चैम्पियन बनने को 16 अंकों का अन्तर रह गया है। निम्नतालिका टीमों की 1968 से तुलनात्मक स्थितियाँ प्रदर्शित करती है :—

	नीमच	अजमेर	हैदराबाद
1968	233	304	37
1969	134	294	60
1970	120	213	54
1971	219	178	35
1972	260	117	109
1973	223	129	87
1974	182	111	166

हैदराबाद रेज़ जो 1973 में केवल 87 अंक प्राप्त कर सकी थी 1974 में इस संख्या के दुगने लगभग 166 पाने में सफल हुई । यदि नये रंगरूट भर्ती किये गये होते तब भी इस आश्चर्यजनक सुधार को सरलतापूर्वक समझा जा सकता था, किन्तु यह भी नहीं हुआ था। हैदराबाद टीम में एक भी रंगरूट ने भाग नहीं लिया था । यथार्थतः सब एथलीट उस रेंज का प्रतिनिधित्व विगत दो वर्षों से कर रहे थे । अन्तर केवल इतना हुआ था कि जमादार ओ० के० शिवन का जिसने 1972 में हैदराबाद को अनेकों अंक दिलाये थे, स्थानान्तरण नीमच रेंज को हो गया था और 1973 में वह नीमच की ओर से खेला था तथा उस रेंज को 32 निजी अंक दिये थे । उसका स्थानान्तरण 1974 के एथलीट प्रतियोगिता से दो मास पूर्व पुन: हैदरावाद को हो गया, किन्तु वह हैदराबाद को केवल 8 अंक प्राप्त कर सका क्योंकि प्रशिक्षण के शिखर पर तब वह नहीं था।

इन्हीं दिनों वास नामक एक भूतपूर्व उड़ाकू द्वारा लिखित "जोनाथन लिविंग्ज्टन सीगल" नाम की पुस्तक अवलोकन में आई। इस पुस्तक में जोनाथन नामक एक समुद्र काक अत्यन्त ऊँचा उड़ने की महत्त्वाकांक्षा करता था और एक अन्य संसार में पहुँचने का प्रयत्न करता था। यहाँ प्रयत्न के प्रश्न पर एक आध्यात्मिक संकेत था, परन्तु अपेक्षाकृत एक पार्थिव विश्व से सम्बद्ध कहानी एक चैम्पियन ओलिम्पिक तैराक ने (जिसका नाम मुझे स्मृत्त नहीं हो रहा है) अपनी पुस्तक "दी हार्ट आफ ए चैम्पियन' में लिखी है । इस तैराक ने अपनी ही कथा का वर्णन किया है और साथ में अन्य एथलीटों का, मुख्यकर राजर बैनिस्टर का (जो एक मील दौड़ को 4 मिनट में पूर्ण करने में सर्वप्रथम रहा था) उल्लेख किया है। पुस्तक में अन्तर्निहित विषय यह था कि ध्येय के लिये अध्यवसाय और यत्न के साथ परिश्रम और दत्तचित्तिता ने एथलीटों को विशिष्टता पाने तथा कीर्तमानों को तोडने में सफलता प्राप्त कराई है।

ले० श्री जे. एफ. रिवीरो

इसी सिद्धान्त पर हैदराबाद एथलीटों के प्रशिक्षण का पाठ्य क्रम चलाया गया । अन्तर बटालियन प्रतियोगिता के पश्चात्, अगस्त के अन्त में टीम का चुनाव हुआ तथा हैदराबाद में उसका एकत्रीकरण हुआ । उनको कोई विशेष आशायें नहीं बंधायी गई

परन्तु उनको यह समझाया गया कि जैसे वे बटालियन के सेवाभार में उत्कृष्ट रहते हैं। वे खेल को भी एक कर्त्तव्य समझें और अपनी शक्ति तथा कुशलता दर्शायें उन्हें गम्भीर तथा निष्ठावन्त रहना होगा और कठोर अभ्यास करना होगा। वरिष्ठ अधिकारियों के नित्य ही प्रशिक्षण क्षेत्र में पहुँचकर वार्तालाप करने का वांछित प्रभाव पड़ा और यह तुरन्त देखा गया कि टीम का प्रत्येक सदस्य रेंज के लिये भरसक चेष्टा को कृत संकल्प थी। वृन्दभावना उत्पत्र हुई और उत्साहित की गयी तथा यह भी सुनिश्चित किया गया कि कोई भी व्यक्तिगत विद्वैष तथा क्षुद्र ईर्ष्या स्नेहपूर्ण वातावरण को नष्ट नहीं करें जो एक टीम को सुचारु रूप से चलाने में अत्यावश्यक होता है।

हैदराबाद में एक मास के रहने के अनन्तर, उस टीम को 5 बटालियन के कोच (शिक्षक) सूबेदार शेर सिंह के पर्यवेक्षण में 32 बटालियन के मुख्यालय झड़ोदा कलां भेजा गया। मुझे यह पूर्ण रूप से आश्वस्त किया गया कि यदि एथलीटों को स्वयं पर अभ्यास के लिये एकाकी छोड़ दिया जाए तब भी वे निज अभ्यासों में निष्ठापूर्वक कार्य करेंगे। कोच (शिक्षक) केवल उनको निर्देशन हेतु रखा गया था न कि अनुशासन रखने के निमित्त। जवानों ने उस विश्वास को सच्चा करके दिखा दिया जो उनमें कूट-कूट कर भरा गया था तथा अधोलिखित सारिणी से स्पष्ट हो जायेगा कि उनमें से अधिकांश एथलीटों ने रेंज के लिये कितने अंक प्राप्त किये :—

100 **मीटर दौड़**	1973	1974
जमा० जोजेफ	12	12
हे० क० हीरालाल	0	5
200 **मीटर दौड़**		
जमा० जोजेफ	12	8
1500 **मीटर दौड़**		
जमा० ओ० के० शिवन	x	3
ना० सन्थानम	...	2
3000 **मीटर स्टीपेल चेज**		
ना० सन्थानम	...	8
जमा० ओ० के शिवन	...	5
5000 **मीटर दौड़**		
ना० सन्थानम	...	5
10,000 **मीटर दौड़**		

ना० सन्थानम	1	8		
मेराथान दौड़				
ना० सन्थानम	3	x		
जमा० हेरेन्ज	x	2		
का० सूरत सिंह	x	1		
110 **मीटर (ऊँची बाधायें)**				
का० जी० के० नायर	X	2		
400 **मीटर (लम्बी बाधायें)**				
का० गोपाल कृष्णन	x	5		
का० जी के० नायर	X	1		
4X100 **मी० रिले (क्रमिक)**	24	24		
4x400 **मी० रिले (क्रमिक)**	10	24		
पोलवाल्ट				
ह० का० बालगोपालन			5	12
(बाडजम्प) चौड़ी कूद				
का० मक्खन लाल	0	5		
हे० का० बालगोपालन	0	3		
शाटपुट				
जमा० एस० एस० वाल	3	5		
हैमर थ्रो (हथौड़ा फेंक)				
जमा० एस० एस० वाल	3	3		
चक्का (डिस्कस) फेंक				
जमा० एस० एस० वाल	2	5		
जैवेलिन (भाला) फेंक				


का० सी० एम० जोजेफ	0	3

डेकैथलोन

हे० का० वालगोपालन	12	12
का० सी० एम० जोजेफ	0	3
योग	87	166

इस लेख का उद्देश्य इस तथ्य को प्रकाश में लाना है कि हमारा प्रत्येक एथलीट अपने पूर्व कार्य की अपेक्षा अधिक कार्य करने की दक्षता रखता है और तनिक प्रोत्साहन द्वारा उस से सर्वोत्तम फल प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही, संघभावना का सृजन तथा उद्दीपन टीम के और अन्ततोगत्वा दल के लाभ के लिये करना होता है। यदि प्रत्येक कमाण्डैण्ट अपने सभी एथलीटों को प्रोत्साहित करे तथा उनको उत्तरोत्तर प्रयत्नशील रखने के लिये उत्प्रेरित करे तब के० रि० पु० दल की एथलीटों की टीम वर्षों तक सब पुलिस दलों की चैम्पियन बनी रह सकेगी।

अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में रघुबीर सिंह का चमत्कारी खेल



के० रि० पु० दल के पांच एथलीट पटियाला के प्रशिक्षण शिविर में अन्तर्राष्ट्रीय खेलों के लिये चुने गये जिनमें रघुबीर सिंह हैमर थ्रो के लिये रखा गया।

26 जनवरी 1953 को पंजाब के अमृतसर जिले में छज्जलवादी ग्राम में वह उत्पन्न

हुआ था। वह हृष्ट-पुष्ट लम्बा चौड़ा युवक है। 1971 में बास्केट बाल में विलक्षण दक्षता के उपलक्ष्य में सब-इन्सपेक्टर के पद पर वह के० रि० पु० दल में भर्ती हुआ। परन्तु रघुबीर शीघ्र एथलीटिक्स की ओर मुख्यकर हैमर थ्रो तथा डिस्कस थ्रो (हथौड़ा तथा चक्का फेंक) को अपना क्रीड़ा क्षेत्र मानने लगा। और इन्हीं में उसने अपना चमत्कार अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में दिखाया।

द्वितीय एशियन अमेच्यर एथलेटिक चैम्पियनशिप में रघुबीर सिंह ने हैमर को 58.80 मीटर दूरी पर फेंक कर सियोल में एक कांस्य पदक पाया। मनीला में प्रोपेन इन्वीटेशनल ट्रैक एण्ड फील्ड चैम्पियनशिप में उसने हैमर थ्रो में 56.97 मी० दूर फेंक कर स्वर्ण पदक पाया। साथ ही, डिस्कस (चक्के) को 47.50 मीटर दूरी पर फेंक कर एक कांस्य पदक और उसने प्राप्त किया।

स्वास्थ्य सन्देश

हमारे नेत्र और उनकी देख रेख

प्रातः काल की निश्चल निस्तब्धता को चीरती हुयी एक सूरदास की करुण पुकार किसके हृदय को नहीं बेध रही थी-- "अँखियौ वालों आँखियाँ नियामत हैं।" वस्तुतः नेत्रों के समान मनुष्य का कोई बहुमूल्य अग नहीं है। इसके बिना सर्वत्र अंधकार है, प्रत्युत् जीवन में ही अँधकार है। ज्ञानेन्द्रियों में तभी तो नेत्रों को मूर्द्धन्य स्थान दिया गया है।

उपयोगिता के साथ साथ, इनकी सुन्दरता ने कितनों को मारा है; जिलाया है और मदोन्मत्त किया है। इन्हें विलोक कर कविवर बिहारी विह् वल हो पडते हैं-

अमी हलाहल मदभरे,
श्वेत श्याम रतनार।
जियत, मरत, झुक झुक परत,
जो चितवै यक बार।

कोई इनकी विशालता पर आसक्त है, तो कोई इनकी चंचलता पर मुग्ध। कोई इनको कमल या नरगिस सा मृदुल पाता है; तो कोई इनके वाणों से विदग्ध हुआ जाता है। कौन ऐसा व्याक्ति है जिस पर इनका जादू सिर पर चढ़ कर नहीं बोलता ?-'चंचल नैन छिपे न छिपाये'। उर्दू -शायर 'पाबरू' तो इन्हें दिल के गिरहकाट चोर की कतरनी से कम नहीं समझते :--

गांठ काटी है मेरे दिल की तेरी आँखों ने। दो पलक नहीं य कतरनी है मगर चोरों की।

अरे कतरनी तो कुछ भी नहीं। इसके जख्म खंजर और भालों के जख्म को भी भुला देंगे। यदि सच नहीं समझते, तो वली साहब से पूछिये :--

जख्मी किया है मुझे,
तेरी पलकों की अनी ने।
यह जख्म तेरा खंजरे,
भालो से कहूँगा।

वस्तुतः प्रेम करने का दण्ड जितना नेत्रों को भोगना पड़ता है उतना हृदय के अतिरिक्त अन्य किसी इन्द्रिय को नहीं। रात्रि तो ये तारे तारे गिन-गिन काटते ही हैं। इन्हें दिन में भी तारे दृग्गत होते हैं।

वैसे भी जितने मुहावरे नेत्रों पर हैं उतने कदाचित् शरीर के किसी अन्य अवयव पर हों आँख पाना, जाना, उठना, बैठना, ऊँची होना खुलना, मुँदना, गड़ना, चढ़ना, चूकना, चुराना, छिपाना दिखाना इत्यादि इत्यादि।

आइये जिन नेत्रों का क्या वास्तविक अथवा क्या काल्पनिक इतना महत्त्व एवं मूल्य है उनके विषय में जानने का कुछ प्रयास करें।

फोटो कैमरा किस ने नहीं देखा होगा ? इसका निर्माण नेत्र की रचना पर ही हुआ है। जब किसी वस्तु पर प्रकाश की किरणें पड़ती हैं तब वे फैल कर नेत्र की कनीनिका (cornea) में, वहां से अग्रकोष्ठ (anterior chamber) में होती पुतली द्वारा लेन्स से निकल स्फटिक द्रव्य (vitrous humour, में जाकर अन्तः पटल (retina) पर उल्टा प्रतिबिम्ब बनाती हैं और बात सम्वेदना (nerves impulse) उत्पन्न करती हैं और दृष्टि नाडी (optic nerve) द्वारा मस्तिष्क में पहुँच कर यह सम्वेदना दृष्टि उत्पन्न करती हैं। इस प्रकार बहुत कुछ क्रिया कैमरा से मिलती-जुलती है। किन्तु अन्तर यह है कि मनुष्य में द्विअक्षि दृष्टि है और उसमें अनुकूलन शक्ति के लेन्स लगे हैं जब कि कैमरे का लेन्स सदा एक ही शक्ति का लेन्स होता है। अत: कैमरे में दूर और पास का चित्र लेने के लिये लेन्स और प्लेट को कम और अधिक करना पड़ता है; किन्तु नेत्र के लेन्स और पटल (retina) की दूरी एक सी रहती है और उसमें स्वयं फोकस होने की क्षमता होती है। नेत्र के गोलक को मांस की छ: पेशियां दायें, बायें, ऊपर, नीचे और तिरछे पकड़ी रहती हैं जो आवश्यकता नुसार नेत्र को सब ओर घुमाती हैं गोलक का सब से ऊपरी पटल श्वेत (sclerotic) स्क्लेरोटिक कड़ा होता है; दूसरा पटल पतला और काला (choroid) कोराइड होता है तीसरा पटल अन्तरीय और कोमल रेटीना (retina) होता है इस पटल के पीछे एक पीला-बिन्दु (yellow spot) होता है जिसमें देखने की शक्ति सब से अधिक होती है क्योंकि यहां समस्त किरणें केन्द्रित होती हैं और वस्तु साफ-साफ दिखाई देती हैं।

लेखक श्री जे एस शर्मा

कपाल गडढों में स्थित नेत्र गोलक के बाहर गड्ढों में चर्बी भरी होती है जो आघात से बचाती है। सामने से पलकें सुरक्षित रखती हैं; पलकों के किनारे वरौनियां होती हैं

जो पलक खुले होने पर धूल आदि से नेत्र की रक्षा करती हैं। वरौनियों की जड़ों में मेवोमियन नामक ग्रंथिया होती हैं जिनके रस-स्राव से पलकें आर्द्र और चिकनी रहती हैं और मिलते समय घर्षण नहीं करतीं; साथ ही, एक चिपचिपी सीमा बना कर आंसुओं को रोकती हैं। इनमें से किसी भी मेवोमियन (mebomian) ग्रंथि के मुख रुकने से (stye) अंजनी हो जाती है। इसमें गर्म जल में बोरिक ऐसिड डाल कर रुई के फाये को डुबो कर नेत्र सेंकने से बड़ा लाभ होता है। आई ग्लास में बोरिक एसिड मिले गुनगुने जल डाल कर भी नेत्र को सेंका जा सकता है।

कभी-कभी नेत्र में कचरा गिर जाता है। वैसे तो आंसू निकल कर स्वयं उसे निकाल देते हैं। वरंच पलक उठाकर स्वच्छ कपड़े से उसे निकाला जा सकता है या सादे जल के छींटों से या आई ग्लास के प्रयोग से उसे वाहर किया जा सकता है।

आंखों में लाली मैले जल से या मक्खी द्वारा हो जाती है। गर्म जल में बोरिक एसिड डाल कर रूई को उसमें भिगो कर सेंकने से लाभ होता है, तवे पर तौलिया को गर्म कर सेकना उससे उपयोगी सिद्ध होगा। अंधेरे कमरे में रोगी को रखना उचित है। अधिक अध्ययन करने से तथा टेलीविजन देखने से सिर में शूल होने लगता है। तब नेत्रों की जांच करवा कर ऐनक लगानी चाहिये।

इन छोटे-मोटे रोगों के अतिरिक्त, दृष्टि में कई मुख्य दोष इस प्रकार के हैं :--

दृष्टि-शक्ति का घटना -स्नायविक दुर्बलता, मादक वस्तु का सेवन, क्षीण या चण्ड प्रकाश में पढ़ना-लिखना, रक्त-स्राव, पाचन शक्ति की कमी नेत्रों से अधिक पानी गिरना इत्यादि दृष्टि शक्ति को घटाते हैं। इस रोग में नेत्रों को विश्राम देने , हरी वनस्पति की और अधिक देखने तथा पुष्टीकारक पदार्थ खाने में लाभ होता है।

निकट-दृष्टि -इसमें दूर की वस्तुयें ठीक प्रकार से नहीं दीखतीं। यह रोग वंश परम्परा में श्वेत पटल की क्षीणता प्राप्त करने से बहुधा होता है। अपर्याप्त भोजन भी श्वेत पटल को अशक्त कर देते हैं। इसको दूर करने के लिये युगल नतादर (वाईकानकेव) लेन्स लगवाना चाहिये। महीन छपाई की पढ़ाई या सूक्ष्म कढ़ाई नहीं करनी चाहिये।

दूर-दृष्टि -इसमें निकट की वस्तुयें स्पष्ट नहीं दिखाई देतीं। केवल दूर की वस्तुयें ठीक प्रकार से दिखाई देती हैं। उन्नतोदर (कंवेक्स) लेन्स से यह दोष दूर होता है।

असम-दृष्टि -इसमें कोई अंश तो स्पष्ट दिखाई देता है और कोई अस्पष्ट। इस का निराकरण (कम्पाउन्ड ग्लासेज) संयुक्त लेन्सों की ऐनक द्वारा हो सकता है।


ऐचीं-दृष्टि -इसमें दोनों नेत्र एक ही दिशा में नहीं देखते। कभी अशक्त मस्तिष्कीय नियंत्रण या दृष्टि असमता वंश परम्परागत होती है जो ऐंची दृष्टि का कारण बनते हैं। इस दोष से नेत्र के मांस पेशियों को पक्षघात तक हो सकता है। अतः बालकपन से ही ठीक नेत्र बन्द करके तथा दोष पूर्ण नेत्र से देखने से ऐंचापन दूर हो सकता है। ठीक नेत्र को उस ओर की ऐनक के शीशे पर काला कागज चिपकाने या बेलाडोना का आवरण चढ़ाने से देखने से रोका जा सकता है। इसको चीरा लगवा कर भी ठीक

किया जा सकता है।

नेत्रों को स्वस्थ रखने के लिये शैशवकाल में यही पढ़ा सुना था कि-आँख में अञ्जन नितकर नितकर नितकर। भीमसेनी काजल, बरेली का हाशम सुर्मा इत्यादि बहुत प्रसिद्ध रहे हैं। किन्तु समय ने करवट ली है। आज कल के डाक्टर सुर्मा और अजंन को लाभ के स्थान पर हानि प्रद वताने लगे हैं।

योगाभ्यासी ऐनक उरतवाने का दावा करते हैं, वे नेत्रों के घुमाने, ऊपर-नीचे करने के कई आसन बताते हैं। परन्तु अंग्रेजी डाक्टर इन दावों में विश्वास नहीं करते। घास पर चलने और विटामिन ए के सेवन से भी अवश्य कुछ लाभ होता है।

परन्तु आशातीत विज्ञान ने उन्नति कर ली है। अमेरिका में एक विशेष प्रकार का विद्रूय दाणविक द्विनेत्री यंत्र तैयार किया है जो रतौंधी के रोगियों या निरन्तर दृष्टि क्षीणता को देखने में सहायता देता है। नेत्रहीनों की सम्बेदी उपकरणों और यंत्रों द्वारा छपे हुए पृष्ठ का पढ़ना सरल और बिना मार्ग दर्शकों के मार्ग पर चलना सुगम बन गया है। अब वे भोजन स्टोव पर पका सकते हैं और बिना छलकाये कप या ग्लास में द्रव्यभर सकते हैं। कैमरे के आकार का एक अन्य यंत्र का भी आविष्कार हुआ है जिसे 'पाथ-साउण्डर' कहते हैं जो नेत्रोंहीनों को मार्ग की बाधाओं की सूचना देता रहता है। लेसर से युक्त एक ऐसे वेंत का भी निर्माण हुआ है जो संभावित भयों से नेत्रहीनों को सचेत करता रहता है। इधर एक अमरीकी विश्वविद्यालय में कृत्रिम दृष्टि का विकास किया जा रहा है। उसमें कुछ सफलता भी मिली है। अतः अब वह दिन दूर नहीं जब नेत्रहीन व्यक्ति अभिशाप नहीं रहेंगे तथा अन्धे कवि मिल्टन के शब्दों में खड़े-खड़े प्रतीक्षा नहीं करेंगे; अपितु सामान्य व्यक्ति की भाँति पढ़ेंगे-लिखेंगे, खेलेंगे-देखेंगे और दिन-रात्रि का अन्तर भी जानेंगे



के. रि. पु. दल के पहलवान को हरियाणा केशरी पद

दिनांक 25 से 27 अप्रैल 1975 तक जिन्द के नेहरू-स्टेडियम में हरियाणा केशरी और हरियाणा कुमार के पदों के लिये एक कुश्ती-दंगल सम्पन्न हुआ।

इस प्रतियोगिता में हरियाणा के राज्य के प्रसिद्ध पहलवानों में भाग लिया। हरियाणा केशरी का पद के. रि. पु. दल की 24 बटालियन के जमादार ईश्वर सिंह ने प्राप्त किया।

2000 रु० के नकद पारितोषिक अतिरिक्त, उसे एक पदक तथा योग्यता क एक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ है भिवानी के एक प्राध्यापक ने भी उसे 100 रु० का नकद पुरस्कार दिया।

॥ सूक्ति-सुधा॥

"सच्चा काम आदर्श या शुभ मुहूर्त को नहीं खोजता"। --ग्लैडस्टन

आलस्य और अज्ञान-ये दो कीड़े हैं, जो मनुष्य को खा जाते हैं --महात्मा गांधी

क्रुद्ध व्यक्ति का मुख तो सदैव खुला रहता है; किन्तु ज्ञान के नेत्र बन्द रहते हैं --कैटो

आलस्य जीवित मनुष्य की कब्र है --कीट्स

रामपुर-टूर्नामेण्ट

दिनांक 26 फरवरी, 1975 को रामपुर में के. रि पू. दल की केन्द्रीय हाकी टीम ने ए. एस. सी. नार्थ (मेरठ) को पराजित कर अखिल भारतीय अल्हाज नून अहमद खां हाकी टूर्नामेंट जीता।

अनुचरों को संशोधित वेतनमान

भारत सरकार ने धोबी, नाई तथा - रसोईये (कुक) आदि भर्तीवाले फालोअर्स (अनुचरों) का रू. 196-3-220-दक्षतारोध 3-2-232 क वेतन मान घोषित किया था। के. रि. पु. दल के महानिदेशालय के प्रति निवेदन के फलस्वरूप अब सरकार ने संशोधन कर रु० 200-3-206-4 दक्षतारोध 4-250 का वेतनमान इन अनुचरों के लिये निर्धारित किया है।



तनिक अपनी सूरत शक्ल तो संभालो। तुम तो डीलडौल से क्वार्टर मास्टर ही नहीं लगते।


प्रशिक्षण में पुनरुज्जीवन

ले० श्री दयाशंकर भटनागर

प्रशिक्षण एक विकासशील पद्धति है। यह ना तो किसी पाठ्यक्रम के साथ प्रारम्भ होती है और ना ही उसके साथ समाप्त। यह प्रक्रम पाठ्यक्रम के आदि से बहुत पूर्व प्रारम्भ हो जाता है और उसके अन्त होने के उपरान्त भी चलता रहता है। जब एक छात्र किसी पाठ्य चर्या में प्रवेश पाता है वह एक प्रापक अंग बन जाता है। वह कितने ही शारीरिक और मानसिक विधाओं से प्रभावित होता है जो उसके शरीर तथा मस्तिष्क को कई प्रकार से अनुकूल बनाती हैं। वास्तविक तत्व जिससे वह विगोपित होता है अतीत के संचयी प्रशिक्षण के साथ, उन नये तत्वों का भी आकलन होता है जो इतने समय में प्रशिक्षण में आये हैं। जब वह प्रशिक्षणालय से बाहर जाता है, उसके अनुभव भावी छात्रों के प्रयोग के लिये अतिरिक्त सामग्री प्रदान करते हैं। अतएव यह एक प्रक्रम है जो अक्षुण्ण होता हुआ विकासशील है।

प्रशिक्षण की आवश्यकता --अन्ततोगत्वा एक दल उतना ही अच्छा अथवा बुरा है जितना उसका प्रशिक्षण। प्रशिक्षण की दक्षता या अदक्षता उसके कार्यभार में प्रति बिम्बित होती है। प्रशिक्षण का लक्ष्य तथा उद्देश्य दल के प्रत्येक सदस्य को प्रारम्भिक

तथा सेवारत पाठ्य चर्याओं द्वारा इस प्रकार योग्य बनाना है कि वह दल का अभिन्न अंग बन जाये और निर्दिष्ट सेवाभारों को उठाने में संगठन की सहायता करे। क्योंकि संगठन में साधारण जवान हैं; और संगठन के सदस्यों की आवश्यकतानुसार उनमें क्या उदग्र तथा क्या क्षैतिज दोनों प्रकार के प्रशिक्षण की व्यवस्था होनी चाहिये। प्रशिक्षण नीति या कार्यक्रम बनाने में, पूर्व आवश्यकता प्रशिक्षण की अनिवार्यताओं को भलीभाँति पहचानने की है; क्योंकि यदि उनका स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं किया गया, तब संगठन की आवश्यकता को देखते हुये प्रशिक्षण के प्रयास अपर्याप्त रहेंगे।



प्रशिक्षण की आवश्यकता को पहचानने के लिये निम्न उपायों को करना है :

(1) यह जानने के लिये कि कौन-कौन प्रशिक्षित है और कौन-कौन अप्रशिक्षित तथा किन-किन विषय में संगठन का बारम्बार सर्वेक्षण आवश्यक है। क्योंकि सब स्तरों पर कर्मचारियों का आवागमन एक निरन्तर प्रक्रम है, सबकालों के लिये कोई सूचना सदैव स्थिर नहीं रह सकती। सेविवर्ग की नीति तथा विषयों के उत्तरदायी प्राधिकारी को एक ऐसी प्रणाली निकालनी है जिससे आधार-सामग्री सब समय सरलतापूर्वक उपलब्ध हो ताकि यह सुनिश्चित करने के हेतु सामयिक पग उठाये जा सकें कि जन-शक्ति में कोई प्रभाव ही केवल नहीं रहे, साथ में अधिकांश प्रस्तुत जन-शक्ति इस सुचारु रूप से प्रशिक्षित रखी जाए कि संगठन की दक्षता सदैव उच्च स्तर की बनी रहे।

(2) चाहे कितना ही सुयोजित क्यों नहीं हो, कोई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम सब समय को उपयोगी सिद्ध नहीं हो सकता। पर्यावरिक स्थितियाँ शीघ्रतापूर्वक परिवर्तित होती रहती हैं और नये तत्व प्रकाश में आते रहते हैं जिनसे उत्तरदायित्वों के नये रूप तथा

स्तर बनते हैं। यदि किसी संगठन का प्रशिक्षण इन परिवर्तनों से पग से पग नहीं मिलायेगा, वह अपने उद्देश्य की पूर्ति नहीं कर सकेगा। यह के० रि० पु० दल जैसे बहुमुखी दल को और भी आवश्यक है जिसको उग्रपंथियों तथा राजद्रोहियों से सुलझना होता है और जिसकी समस्यायें नागरिक पुलिस की सहायता से लेकर राष्ट्र के प्रतिरक्षक सेनाओं को सहयोग देना तक विस्तृत हैं। यदि इन असंख्य समस्याओं का समाधान प्रशिक्षण में नहीं सिखाया जायेगा तब इन विषयों में यह दल अदक्ष रह जायेगा। अतः प्रशिक्षण की आवश्यकताओं को पहचानना सदा संगठन की प्रशिक्षण शाखा को चुनौता देता रहता है।

पाठ्यक्रमों के मूल्यांकन-सर्वेक्षण --क्या दिया गया प्रशिक्षण गुण तथा मात्रा में उपयुक्त है ? इसके तात्कालिक उत्तर को कोई सद्योगणक यंत्र नहीं है और प्रभावों के आधार पर कोई निश्चित धारणायें भी गलत हो सकती हैं। प्रशिक्षण स्वतः सिद्धि नहीं है किन्तु सिद्धि का साधनमात्र है। सफलता तथा त्रुटियों को आंकने के लिये प्रशिक्षण के परिणाम देने जाते हैं और लक्ष्य-पूर्ति के लिये उसका ताल मेल ठीक करते रहना है। यदि ऐसा नहीं किया या ठीक प्रकार से नहीं किया गया तब सिद्धान्त तथा प्रयोग में खाई पड़ जायेगी और प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों की प्रशिक्षा तथा सेवाभार के अनुभवों में महान अन्तराल आजा येगा। ऐसी स्थिति में दल एक अशिक्षित या कुशिक्षित संगठन होगा और जूझते जवानों पर इसकी अन्तक्रियायें के विषय में कोई भविष्य वाणी नहीं की जा सकेगी। अतएव प्रयोग तथा प्रशिक्षण में निरन्तर समन्वय की सुव्यवस्था प्रत्येक प्रशिक्षण में होनी चाहिए। प्रक्रिया तथा पाठ्य विषय को आवश्यकता के अनुसार सुमेलित रखना होगा। इस उद्देश्य के लिये निम्नलिखित उपायों को करना होगा:--

(1) चाहे कोई पाठ्यक्रम प्रारम्भिक हों अथवा सेवा-निरत उनका मूल्यांकन, सर्वेक्षण द्वारा समय-समय पर करना होगा। इन सर्वेक्षणों को अधोलिखित प्रकार से किया जा सकता है :

(क) पाठ्यक्रम के अन्त में तथा उसके कुछ समय उपरान्त जब प्रशिक्षार्थी कुछ सेवा भार उठा चुके हों और वे प्रशिक्षण के लाभ आंकने योग्य हो जायें तथा रचनात्मक सुझाव दे सकें तब उनसे मूल्यांकन रिपोर्ट मांगी जाये। एतदर्थ एक संक्षिप्त तथा सरल प्रश्नावलि तैयार की जा सकती है:

(ख) उन वरिष्ठ अधिकारियों से, जिन्होंने दीक्षित प्रशिक्षार्थियों की सेवाओं को निदेशित तथा निरीक्षित किया है, रिपोर्ट ली जा सकती है।

(ग) प्रशिक्षण-प्रतिष्ठानों की कुछ अवलोकन टोलियें वास्तविक सेवाओं की विशेष दृष्टान्त रूप स्थितियों का अध्ययन कर सकती हैं तथा अपने निष्कर्ष निकाल सकती हैं।

(घ) के० रि० पु० दल में सिखाये गये पाठों पर रिपोर्टों की एक पद्धति है जिसका विश्लेषण किया जा सकता है और आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण को सुधारा जा सकता है।

(2) यद्यपि प्रशिक्षकों का एक विशेषित कार्य है और इस प्रकार की विशेष योग्यता

प्राप्त करने के लिये पर्याप्त समय लग जाता है, तद्यपि विशेषीकरण को आते नहीं होनी चाहिये। वर्तमान स्थितियों के शीघ्र परिवर्तन के परिप्रेक्ष्य में यह अत्यन्त आवश्यक है कि प्रशिक्षण देने वाले तथा व्यवहारिक ज्ञान में दक्ष कर्मचारियों की समय-समय पर परस्पर बदली होनी चाहिये। अतीत में भीड़ से मुठभेड़ करने वाली कोई सफल कूटनीति आजकल की परिवर्तित स्थिति में नितान्त निष्फल सिद्ध हो सकती है।

(3) ऐसे मूल्यांकनों के लिए प्रशिक्षकों तथा सेवाभार उठाते हुए अधिकारियों में परस्पर विचार विनिमय बारम्बार होना चाहिए।

साधनों में सुधार —प्रशिक्षण-नीति में पुनः निर्धारण, तथा सम्वर्गों एवं पाठ क्रमों के पाठ्य विषयों तथा कार्यक्रमों को बनाने के लिए पाठ्य-क्रमों तथा प्रशिक्षण की आवश्यकताओं का मूल्याँकन ही आधार भूमि होती है। कार्य की रूपरेखा तथा उपलब्ध सामग्री को सुनिश्चित करने के लिए निरन्तर अनुसन्धान की आवश्यकता है। साधनों के क्षेत्र में कुछ अन्य महत्त्वपूर्ण विषय हैं और इस श्रेणी में प्रशिक्षण-साहित्य तथा विकास की क्षमता हमारा ध्यान तत्काल आकर्षित करते हैं। इनको विस्तार से नीचे समझाया जाता है।

प्रशिक्षण-साहित्य -प्रशिक्षण मस्तिष्क पर ज्ञान को थोपने की प्रक्रिया मात्र नहीं है। प्रशिक्षार्थी केवल ज्ञान ही पाने वाले नहीं हैं; अपितु उन्हें उसको स्वीकार करना तथा उदरसात् भी करना है। ऐसा दृष्टिकोण प्रशिक्षार्थियों से पूर्व से ही इस प्रकार दक्ष होने की मांग करता है कि वे प्रशिक्षण में ठीक ठीक 'भाग' ले सकें। सुतराम् प्रशिक्षण-साहित्य की अनिवार्यता है। चाहे कोई भी विषय पढ़ाये जायें, उन पर प्रशिक्षार्थियों के अध्ययन हेतु पुस्तक तथा पैम्फलेट होना चाहिए। इनसे प्रशिक्षार्थी को अनुमान हो जायगा कि उस दिन उन्हें क्या प्रशिक्षण दिया जायेगा और इसी प्रकार वे ज्ञान अर्जन की शक्ति बढ़ायेंगे और विषयों में अपनी ग्रहण-क्षमता सुधारेंगे। देशीय पाठ्य-साहित्य में जो अभाव है उसकी पूर्ति शीघ्रतापूर्वक होनी चाहिये।



लक्ष्य सन्धानते हुये के० रि० पु० दल के जशन

विकास-क्षमता --प्रशिक्षण-साहित्य का संकलन मात्र ही एक उद्विकासी प्रक्रिया है। एतद्विषयक अनुभवों तथा नवीनतम साहित्य के आलोक में इसे सदैव संशोधित करते रहना होगा एवं प्रशिक्षकों को ऐसे ज्ञान की खोज के लिये सतत प्रयत्नशील रहना होगा, जिससे वे अतिरिक्त तथा शिथिल घण्टों में एतदर्थ अध्ययनशील रहें। इसके लिए पाठ्य विषयों के नवीनतम साहित्य से परिपूर्ण एक उपयुक्त **प्रशिक्षण पुस्तकालय** की आवश्यकता है। साथ ही, संस्थानिक सहयोग भी चाहिए। अन्य भी समानान्तर संगठनों तथा विभागों से जो प्रशिक्षण से सम्बद्ध हैं निकट सम्पर्क बनाये रखना होगा । इन संस्थाओं में हमारे प्रशिक्षण कर्मचारियों को अध्ययन तथा रिपोर्ट तैयार करने के लिए भी भेजा जाये जिससे प्रशिक्षण का स्तर-उच्च बना रहे। प्रगति की इस स्थिति पाने के उपरान्त, देश के इस अग्रणी पुलिस संगठन की इस सामग्री से विश्व के और किसी अन्य देश की सामग्री की तुलना की जा सकती है; तब भी यदि कुछ त्रुटियां पायी जायें तब उन सब उत्तरदायी अधिकारियों से परामर्श लेना उपयुक्त रहेगा, जिनका सम्बन्ध एक दक्ष तथा प्रशिक्षित दल के रखने से रहा है।



जिम्नास्टिक्स में अभ्यासरत सब इन्स्पेक्टर एल० एम० खन्ना

प्रशिक्षण चलचित्र (फिल्में)—पाठ्य क्रम पुस्तकालय का महत्त्वपूर्ण अंग प्रशिक्षण चल चित्र है। कुछ अभिकरणों ने पूर्व ही इस क्षेत्र में अत्यधिक प्रगति की है और संस्थानिक सहयोग के रूप में, यथा सम्भव सहायता उनसे प्राप्त की जा सकती है। अस्तु, देशीय स्लाइडों तथा टेप सामग्री के उत्पादन की अत्यावश्यकता है। ये कोई महंगे प्रस्ताव नहीं हैं और साथ में अत्यन्त उपयोगी भी हैं।

संचार का माध्यम—चाहे इस दल की परिचालित यूनिट हो या स्थायी हो या सहयोगी हो उसके विभिन्न अधिकारी-गण को सब प्रशिक्षण-प्रयत्नों से पूर्ण अवगत कराया जाना परमावश्यक है। अन्य कारणों के अतिरिक्त यह सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में योगदान करता है। कतिपय संगठनों ने इस आवश्यकता को एक नियमित प्रशिक्षण वृत्त-पत्र द्वारा पूर्ण किया है। के० रि० पु० दल में "क्रैपलर" एक अत्युत्तम माध्यम है जिसमें प्रशिक्षण सम्बन्धी सूचना अधिक से अधिक मात्रा में प्रकाशित होनी चाहिए क्योंकि वह दल के सभी अधिकारियों तथा जवानों के हाथ में पहुँचेगी तथा परिचालन क्षेत्र में उपयोगी फल दिलाने में सहयोग देगी।

कल्याणकारी उपायों पर निर्णय

महानिदेशक के०रि०पु० दल के सभापतित्व में केन्द्रीय,कल्याणनिधि तथा केन्द्रीय हितकारी निधि की प्रबन्धक समिति ने 6 मई 1975 को निज बैठक में ये निर्णय लिए हैं :—

(1) सेक्टर महानिरीक्षकों तथा उप-महानिरीक्षकों को केन्द्रीय कल्याण निधि से स्थायी अग्रदान (परमानेन्ट इम्प्रेस्ट) की राशि अब रु० 50,000 और रु० 5,000 क्रमशः बढ़ा दी जाये।

(2) दिनांक 2 जुलाई 1974 के पूर्व निर्णय को सुधारते हुए, अब खाली चले हुए कारतूसों की विक्रय राशि को केन्द्रीय कल्याण निधि में सम्मिलित कर दी जाए।

(3) जिन परिवार कल्याण केन्द्रों को अभी तक कोई अनुदान नहीं प्राप्त है उन्हें रु० 5000 का अनुदान दिया जाये।

(4) रुग्ण-कर्मचारियों को बिना वेतन की छुट्टी (अवकाश) लेने पर आर्थिक साहाय्य की दर रु० 120 के स्थान पर रु० 180 प्रति मास कर दी जाये।

समिति की इस बैठक में यह भी अनुभव किया गया कि सामान्य स्थितियों में राजपत्रित अधिकारियों की मृत्यु पर दिये गये लाभ उपयुक्त नहीं हैं। अत: यह निर्णय हुआ कि भविष्य में राजपत्रित अधिकारियों से सम्बद्ध प्रकरण उपमहानिरीक्षक तथा महानिरीक्षक की सिफारिशों के साथ महा निदेशालय को भेजे जायें तथा यह समिति उन प्रकरणों के अनुसार उन पर उचित निर्णय लेगी।

यह भी खूब रही

इन दिनों ऐलोपैथी तया होमियोपैथी के विषय में काफी नोक झोंक चलने पर एक सज्जन ने सन्त विनोवा से पूछा "आप कौन सी पैथी उत्तम समझते हैं ?"

उत्तर मिला "सिम्पैथी" (सहानुभूति)।

एक जवान "यहाँ तो पानी खारी है" हवालदार "तुम खारी पानी की बात करते हो, यहाँ तो काला पानी है। वस्ती से कोसों दूर; सभी सुविधाओं का अभाव"।

एक सिपाही "शत्रु की पहली ही गोली ने हवलदार के प्राण ले लिये"

दूसरा "अरे ईश्वर ने बड़ी कृपा की कि जो दूसरी गोली उचटती निकल गई"

सिपाही काफी का प्याला आगे बढ़ाते हुए "हवलदार साहब । काफी पीजिये"

नशे में धुत्त हवलदार "हूं पहले ही काफी पी चुका हूँ।"


बस में सिगरेट पीते हुये यात्री से बस-कण्डक्टर "क्यों साहब ! यह लिखा आपने पढ़ा नहीं कि 'धूम्रपान न करें।' कस खेंचते हुए यात्री "पढ़ा है और नीचे लिखा भी पढ़ा है कि केवल महिलायें।" सो हजरत । मैं पुरुष हूं महिला नहीं।"


पहेलियां

वह धन ऐसा कौन सा,
देश विदेश सहाय ।
चोर न चोरी कर सके,
ज्यों खर्चे बढ़ जाय ॥1॥

तन में आवे, देत आते दुक्ख
घर में आवे दे नित सुक्ख ॥2॥
जल कर आग बुझात मैं,
रखता हूं निज आन ।
उल्टा मैं हूं लज रहा ।
देय सभी को प्रान ॥3॥
तरू पर लगा जन-मन को भाता।
कर में आय, सन्देशा लाता ॥4॥

उत्तर
1 विद्या 2 चिक 3 पानी 4 पत्र





कैपलर

के० रि० पु० दल का वृत्त पत्र तथा
सचित्र पत्रिका
[हिन्दी संस्करण–द्वैमासिक]
खण्ड IV] [संख्या 4
30 सितम्बर 1975 8 आश्विन 1897





चिरन्तन कार के साथ पुरातन पुरुष (कमांडर ऑसवर्न)

राशन-भत्ते में वृद्धि

विभिन्न क्षेत्रों में निरत के० रि० पु० दल के अराजपत्रित कर्मचारियों को 1 दिसम्बर 1974 से राशन भत्ते में निम्नलिखित वृद्धि की है:—

	पुरानी दर	नई दर

	रु०	रु०
1. असम, त्रिपुरा, मिजोराम तथा मेघालय	61	74
2. जम्मू तथा श्रीनगर के नगर (कोई परिवर्तन नहीं)	59	59
3. नागालैण्ड, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, जम्मू तथा कश्मीर, अंडमान निकोबार, लक्षदीप, आंध्र प्रदेश में श्रीकाकुलम, वारांगल तथा खमाम जिले और दार्जिलिंग में रानीदंगा	59	74
4. दार्जिलिंग के रानीदंगा को छोड़कर पश्चिमी बंगाल	39	48

क्रैपलर

द्वैमासिक]

[हिन्दी संस्करण

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का वृत्तपत्र तथा सचित्र पत्रिका



खण्ड IV

अंक 4
30 सितम्बर, 1975
8 आश्विन, 1897

मुख्य सम्पादक :
एच० एस० सेठी

हिन्दी सम्पादक :
जे० एस० शर्म्मा

छायाचित्रकार :
शिवकुमार

आवरण पृष्ठ पर :
सियोल तथा मनीला से प्राप्त स्वर्ण-पदकों से विभूषित श्री हरीचन्द

सम्पादकीय कार्यालय :
द्वारा महानिदेशालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल, पश्चिमी खण्ड 8, रामकृष्णपुरम नई

दिल्ली-110022
मुद्रक—सी० आर० पी० एफ० प्रेस, नई दिल्ली-110043
प्रकाशक : महानिदेशक, के० रि० पु० दल की ओर से **एच० एस० सेठी**

विषय

क्रम संख्या

I लेख

(i) कमाण्डर ऑसबर्न—ले० श्री एच० एस० सेठी, जन-सम्पर्क अधिकारी।

(ii) कल्याण के अर्थ—ले० श्री वीरू

(iii) रेलवीय अपराध—ले० श्री निगमेन्द्र सेन सक्सेना—महानिदेशक

II गौरव-गाथा

(i) सराहनीय-सेवा-पदक

(ii) शौर्य-पदक

(iii) ग्रामीण पाठशाला को साहाय्य

(iv) महिला संगठन को योगदान

(v) मिजोराम में चुनौती

(vi) सिक्किम के राज्यपाल द्वारा प्रशंसा

(vii) नागा विद्रोहियों से मुठभेड़—ले० श्री एम० पी० नथानियल, डी वाई०एस०पी०

(viii) कुख्यात डाकू का सफाया

III कहानी

(i) सुराग—ले० श्री जे० एस० शर्म्मा, हिन्दी सम्पादक

IV कविता

"के० रि० पु० दल है वीर महान"—र० कां० कवलभान यादव, 59 बटालियन

V विज्ञान के चढ़ते-चरण

VI स्वास्थ्य-सन्देश—क्या मृदु पेय स्वास्थ्यप्रद हैं ?

VII क्रीड़ा-क्षेत्रे

VIII विविध

(i) राशन भत्ते में वृद्धि

(ii) नायकों को मंहगाई भत्ता

(iii) अवकाश यात्रा कन्सेशन

(iv) एक डाक्टर का दृष्टान्त

(v) यह भी खूब रही
(vi) फोटो चित्रण पर पुरस्कार
(vii) पहेलियाँ
(viii) सूक्ति सुधा

कमांडर ऑसबर्न के० रि० पु० दल के वृद्ध महामना

यदि के० रि० पु० दल के कोई वृद्ध महामना हैं तब वह हैं ऑसबर्न। 'कमांडर ऑसबर्न' (जैसे कि वह विख्यात हैं) के० रि० पु० दल से ग्रन्थि बंधित हैं। के० रि० पु० दल से तथा अपने जन्म स्थान नीमच से उनको प्रगाढ़ प्रेम है।

26 जुलाई 1898 में वम्बई में ब्रिटिश माता-पिता से उत्पन्न हुए उनके पिता श्री यच० ई० ऑसवर्न भारतीय सेना में सेवा हेतु इंगलैण्ड से आये थे; तथा अपने सभी सम्बन्धी इंगलैण्ड में होते हुये भी कमांडर ऑसबर्न ने नीमच में जीने-मरने का निश्चय किया है। वह अपने सम्बन्धियों से इंगलैण्ड आने के अनुरोध भरे पत्र पाते रहते हैं; किन्तु वह ऐसा करना अस्वीकृत करते हैं। एक बार तो उन्होंने अस्ट्रेलिया जाने के लिये टिकट भी यह सोच कर आरक्षित करा लिया कि वहाँ का जलवायु भारत के समान होने के कारण उन्हें ठीक रहेगा। किन्तु अन्तिम क्षण में उन्होंने अपना विचार परिवर्तित कर दिया और नीमच से टस से मस नहीं होने का दृढ़ सङ्कल्प कर लिया।

उनसे इसका कारण पूछे जाने पर सत्वर उत्तर मिला "मैं नीमच से प्रेम करता हूं। मैं भारत तथा उसकी जनता से प्रेम करता हूं" उच्च स्वर से कहने के उपरान्त वह इन शब्दों को धीमे स्वर में दोहराते ही चले गये जब तक कि उनका स्वर नीमच के सिसकारी समीर में लीन नहीं हो गया।

नीमच में रहने का कारण वहाँ की लुभावनी जलवायु तथा के० रि० पु० दल है। नीमच के के० रि० पु० दल में उनका इतना आदर है कि उनकी अनुग्रहमयी उपस्थिति के बिना कोई समारोह सम्पन्न नहीं होता। वह नगर में भी लोकप्रिय हैं; क्योंकि वहाँ के युवकों तथा वयोवृद्धों ने के० रि० पु० दल के विगत वैभव तथा कमांडरों के बारे में बहुत कुछ सुन तथा देख रखा है। नगर तथा के० रि० पु० दल के लिये ऑसबर्न एक आख्यान मात्र नहीं हैं, प्रत्युत् इतिहास के एक पृष्ठ हैं।



तीन वर्ष पूर्व तक श्री ऑसबर्न का जीवन आनन्दमय था; किन्तु तब उनके घुटने में कुछ पीड़ा उठ आयी और कोई भी चिकित्सा लाभ दायनी सिद्ध नहीं हुई। फलस्वरूप, आज उन महानुभाव को चलने के लिए वैसाखियों का सहारा लेना पड़ता है।

किसी भी व्यक्ति को बैसाखियों का प्रयोग पर्याप्त अरुचि कर होता है और मुख्यकर उस शक्तिपुन्ज को जो एक कमांडर रह चुका है। सिंध में हरों के विरुद्ध अभियानों में ऑसबर्न बीस-तीस मील प्रतिदिन पैदल चलते या ऊंट की सवारी करते थे। समस्त जीवन यह महापशुओं के आखेट करने के लिए वनों में धूमते रहे हैं और उनके कथनानुसार कोई भी कदाचित् महा पशु उनकी मृगया बने बिना नहीं रहा है। खिलाड़ी के रूप में उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय खेलों में ध्यान चन्द जैसे धुरन्धर खिलाड़ियों के साथ भारत का प्रतिनिधित्व किया हैं। वह प्रख्यात सेन्ट्रल फारबर्ड तथा राइट बैक रहे और भारत के लिए अनेकों गोल किये।

ले० श्री एच० एस० सेठी

वह किस प्रकार वैसाखियों से सुख चैन पा सकते हैं ? जब उन्होंने एक बार विक्षुव्ध

होकर, अपने सम्बान्धेयों को घुटने की पीड़ा के विषय में बताया, तब उन पर इंगलैड जाने का अत्यधिक दबाव पड़ा। किन्तु जब उन्होंने सम्बन्धियों को बताया कि नीमच के सामान्य जन से तथा मुख्यकर के० रि० पु० दल से कष्ट तथा चिकित्सा के समय कितना सौहार्द तथा सुरक्षा पा रहे हैं; तब उनके सम्बन्धी उनसे सहमत हो गये कि वह वास्तव में सौभाग्यशाली हैं जो उन्हें ऐसी सुरक्षा तथा निश्छल साहाय्य प्राप्त है। फिर ऑसबर्न तथा नीमच के मध्य अविच्छेद्य स्नेह-बन्धन का उन्हें ज्ञान हुआ।

यदि बैसाखियां नहीं होतीं, तब उनका जीवन एक कविता-अपितु एक गाथा-गीत होता। नागपुर तथा लखनऊ से बी० ए० पास कर, वह मध्य प्रदेश पुलिस में भर्ती हुए। 1940 में उनकी सेवायें तीन वर्ष के लिए के० रि० पु० दल में डेपूटेशन (प्रतिनियुक्ति) पर अर्पित हो गयीं। परन्तु उस अवधि पर उन्हें इस दल से छुट्टी नहीं मिली तथा यहीं पर स्थायी रूप से रह गये एवं जब तक 1950 में वह सेवा-मुक्त नहीं हुए, वह दस वर्ष तक इस दल की सेवा करते रहे। वह 1 बटालियन के कमांडर रहे तथा 2 बटालियन के बनाने का श्रेय भी उन्हीं को है।

के० रि० पु० दल में, उनको अनेकों प्रशस्तियां मिलीं। उनकी चर्चा बारम्बार डेस्पैचों (प्रेषणों) में हुई और सराहनीय कार्य के लिए उनको पुलिस पदक प्रदान किया गया।

वस्तुओं के मुख्यकर पेट्रोल के मूल्यों की अभिवृद्धि ने उन पर बज्राघात किया है। उनको 437 रु० प्रतिमास पेन्शन मिलती है। साथ में अपने जीवन की बचत से अब तक उनका जीवन-निर्वाह होता रहा। परन्तु अब उन्हें कठिनाइयों से जूझना पड़ रहा है।

इन वृद्ध महोदय का एक पुराना सहचर है; और वह है फोर्ड मोटर कार (1931 माडल) जो उन्हें विचरण में सहयोग देता है। इस सहचर के बिना उसका जीवन दारुण बन गया होता; क्योंकि किस प्रकार ऐसे व्यक्ति को गृह की चार दीवारी में बन्द रख सकते थे।

जब वह स्वस्थ थे, तब आखेट को जाने के अतिरिक्त इस कार का प्रयोग वह नहीं करते थे। किन्तु अब तो वह पूर्णत: उस पर ही निर्भर हैं। अतएव आकाश से छूते हुए पेट्रोल के मूल्य उनको कचोटते रहते हैं।

उनके एक पुत्र हैं जो कुछ समय पूर्व ब्रिटिश सेना से लेफ्टीनेन्ट कर्नल के पद से रिटायर हुए हैं और अब एक ब्रिटिश फर्म में नौकर हैं। ऑसबर्न को निज पुत्र तथा अन्यों की संस्मृति सताती है। परन्तु उनके लिए, वह नीमच त्यागने को तत्पर नहीं।

आजकल के के० रि० पु० दल, उसके प्रशिक्षण तथा कर्मचारियों की वह सराहना करते हैं। उनके कथनानुसार के० रि० पु० दल के जवान तथा अधिकारी सदैव शानदार रहे हैं। सुतराम् वह अतीत की सम्राट प्रतिनिधि पुलिस तथा आजकल के के० रि० पु० दल में कोई विशेष अन्तर नहीं पाते हैं।

के० रि० पु० दल के अधिकारी तथा जवानों के प्रति उनका क्या सन्देश हैं ? उनका

उत्तर था कि इस “दल ने अत्युत्तम कार्य किया है और उसकी सफलता तथा प्रतिष्ठा के हेतु मेरी शुभ कामनायें हैं” और फिर सहज स्वभाव से हाथ हिलाते हुए वह बोले “के० रि० पु० दल की कीर्ति में सदैव चार चाँद लगाते रहो।”

सराहनीय सेवाओं के उपलक्ष्य में

स्वतन्त्रा दिवस पर के० रि० पु० दल को पदक

दिनांक 15 अगस्त 1975 के स्वतन्त्रता-दिवस के अवसर पर के० रि० पु० दल के निम्नलिखित 13 अधिकारी तथा कर्मचारी गण को सराहनीय सेवाओं के उपलक्ष्य में पुलिस पदक प्रदान किये गये :-

1. श्री डी० एस० भटनागर-उपनिदेशक (प्रशिक्षण) 2. श्री एस० के० बोस पुलिस उपाधीक्षक (सिगनल ग्रु० के०) 3. सूबेदार मेजर धर्मपाल (51 बटा०) 4. सूबेदार निहालसिंह (3 सि० बटा०) 5. सूबेदार सुरेशानन्द (3 सि० बटा०) 6. स० इ० के० नटराजन (सि० ग्रु० के०) 7. स० इ० ऊधम सिंह (52 बटा०) 8. स० इ० पारस राम चौबे (22 बटा०) 9. हे० कां० हरनामसिंह (49 बटा०) 10. हे० कां० गुलाबचन्द (53 बटा०) 11. हे० कां० पी० एन० दत्ता (सि० ग्रु० के०) 12. हे० कां० करम सिंह (48 बटा०) 13. हे० कां० बन्ता राम कार्यालय महानिरीक्षक II

कविता

के० रि० पु० दल है वीर महान

रचयिता–**कां० कवलभान यादव,** 59 बटालियन

के० रि० पु० दल के वीर जवानो ! देशभक्ति की तुम हो खान।
तुम को चिन्ता अमन-चैन की; तुम भारत की अनुपम शान।
जाति-धर्म के भेद-भाव से; लिप्त नहीं, तुम सदा अजेय।
शान्ति-व्यवस्था कायम रखना; केन्द्र-रिजर्व-पुलिस का ध्येय।
क्या सीमा; क्या शहर;-सर्वदा; करते तुम पालन कर्त्तव्य।
निखिल राष्ट्र गर्वोन्नत, लख तुव; ओजस्वी-अनुशासन-चर्य।
“सेवा-भक्ति ” रहें इस दल के; जन-जन के उत्तम आदर्श।
सच्चे प्रहरी तुम शासन के; ओत-प्रोत तुम में बल-धर्ष।
निष्ठा से सेवा-निर्वाहन, करो;-सदा रख दल का मान।
कोटि-कोटि तब कण्ठ कहें यह; “के० रि० पु० दल है वीर महान”।

के० रि० पु० दल के नायकों के लिये नया महंगाई भत्ता

18 जून 1975 को भारत सरकार द्वारा घोषित महंगाई भत्ते की दरों में, नायकों के लिये कोई विशेष दरें नहीं निर्धारित की गई थीं तथा वित्तमंत्रालय ने यह निदेश दिया था कि उन्हें चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों वाली दरें दी जायें। सरकार से अनुरोध करने पर, उनके लिये ये दरें निश्चित की हैं। के० रि० पु० दल के जो नायक अनुपूरक नियम 17 की अनुसूची में सूचित हैं तथा जिनका वेतन 260 प्रतिमास से कम है वे सामान्य स्थानों में 6 रु०, नई दिल्ली, मद्रास आदि में 8 रु० तथा बम्बई और कलकत्ते में 12 रु० पायेंगे।

अवकाश यात्रा कन्सेशन (रियायत) एडवांस (अग्रिम राशि)

अवकाश यात्रा रियायत अग्रिम राशि की सुविधा उन अधिकारियों तथा कर्मचारियों को भी दे दी गई है जो के० रि० पु० दल नियमावली 1955 के अन्तर्गत डिटैचमेण्ट फ्री लीव पास के हकदार हैं। यह तभी लागू है जब रेल प्राधिकारी गण डिटैचमेण्ट फ्री लीव पास (अवकाश का मुफ्त पास) नहीं स्वीकृत करते हैं।

कहानी

सु रा ग

वह स्कूल की अध्यापिका थीं। वैसे तो वह सब काम स्वयं कर लिया करती थीं; किन्तु वस्त्र धोने को उन्होंने एक नौकरानी चनम्मा रख छोड़ी थी जो उनके स्कूल चले जाने पर गृह आकर वस्त्र धो जाती थी।

आज भी नित्य की भाँति चनम्मा पौने एक बजे मध्याह्न में उनके गृह पहुँची। वह गृह मैसूर नगर में कर्णपुरा नामक मुहल्ले में स्थित था। चनम्मा ने कपाट खोलने चाहे परन्तु यह क्या ? वे टस से मस नहीं हुये। उसके विस्मय का ठिकाना नहीं था। आज कोई छुट्टी का दिन भी नहीं था जो अध्यापिका जी गृह में विश्राम कर रही होतीं। फिर भी उसको आशंका हुई कि कहीं उनकी तबियत तो खराब नहीं हो गई। यह विचार आते ही उसने किवाड़ पटपटा डाले— "मेम साब ! मेम साब !"

किन्तु उत्तर में केवल उसकी पुकार गूंज कर रह गई। अब उसे अत्यधिक घबड़ाहट हुई और चतुर्दिक उसने दृष्टि दौड़ाई।— 'अरर। रसोई की खिड़की खुली पड़ी है। उसमें लगी लोहे की छड़े भी गायब हैं"-वह बुदबुदाई और उसके मुख से अनायास चीत्कार निकल पड़ा-"चोरी-चोरी SS"।

एक अवला की आकुल उच्च ध्वनि-तदुपरि "चोरी" की आर्त्त पुकार-उस मध्याह्न की निस्तब्धता में दूर तक बेंधती गूंज गई। आबाल-वृद्ध नर-नारी जो सुनता, दौड़ा चला आता और भाँति-भाँति के सम्वेदना के बाण चलाता।

"भई अजीब शह हैं यह जोसियप। यह नहीं सोचतीं कि आज कल कैसा समय जा रहा है।"

"निश्चय। घर में रहते आदमियों के तो चोरियाँ हो जाती हैं और एक यह हैं अध्यापिका जी जिनके लिये रामराज्य छा रहा है। बस चल देती हैं घर अकेला छोड़ कर।"

"आप तो भई ! अजीब बाते करते हैं। भला अध्यापिका होकर गृह पर कैसे बैठी रह सकती हैं ?"

"तब यही होगा-ऐसा ही होगा।"

"तुम ठीक कहते हो यार। बकौल शख्से-चीज न राखे आपनी चोरन गाली देय अहा हा हा।"

अवसर नहीं होते हुये भी अनेकों के अधरों पर मुस्कान दौड़ गयी। तभी किसी ने चनम्मा से कहा-"अरे ! खड़ी-खड़ी हल्ला-गुल्ला करने से कोई लाभ नहीं निकलेगा। छिः, जाकर अपनी मेम साहब को इसकी सूचना क्यों नहीं देती। कम से कम आकर वह देखें तो क्या-क्या माल चोरी हुआ है।"

चनम्मा भी यही सोच रही थी। बस वह तुरन्त स्कूल की ओर चल दी और चल दिया उसके पीछे-पीछे पड़ोसियों का अच्छा-खासा जलूस।

जोसियप उस समय कक्षा पढ़ा रही थीं। स्कूल की ओर जुलूस को आते विलोक कर वह आश्चर्यान्वित रह गयीं। खिड़की से झाँक कर देखा तो समझ गईं कि "दाल में कुछ काला है। निश्चय ही चनम्मा फिर कुछ उत्पात कर बैठी है जो हुजूम साथ है।"

चनम्मा चिड़चिड़ी स्वभाव की स्त्री थी। नित्य प्रति उसका किसी से झगड़ा-टाटा हो ही जाता था। उसमें सहन शक्ति किंचिन्मात्र भी नहीं थी। छूटते ही अपशब्द पर अपशब्द और स्थिति तनिक और बिगड़ने पर ईंट पत्थरों तक की बौछार वह आरम्भ कर देती थी। इसी कारण जोसियप चनम्मा से दुखार्त्त रहती थीं और कभी-कभी उससे काम छुड़ाने की भी सोचती थीं; क्योंकि ऐसे रगड़ों-झगड़ों में उन्हें ही अधिकतर 'पंच परमेश्वर' बनना पड़ता था।

ले० श्री जे० एस० शर्म्मा

परन्तु फिर सोचती थीं कि "वह बुड्ढी हो चुकी है; मति सठिया गई है। अन्यों ने अवश्य इन्हीं कारणों से उसे छुटा दिया है। यदि मैं भी छुटा दूंगी तब ऐसी कमर तोड़ महँगाई के समय उसका कैसे जीवन-निर्वाह होगा ?"

यही प्रश्न सूचक चिह्न उनके हृदय को कचोट डालता था; उनके चित्त पर एक टीस

मारता था।

भीड़ को आगे बढ़ते विलोक कर वह स्वयं ही स्कूल से बाहर आ गई और बोलीं—"चनम्मा ! मैं इस बार तुम्हें क्षमा नहीं कर सकती।"

"मेम साब ! ईश-सौगन्ध ! मैं नितान्त निर्दोष हूँ।"

"तू तो निर्दोष हर बार होती है। आज कोई नई बात थोड़े ही है।"

तभी भीड़ पर एक अद्भुत दुष्प्रभाव पड़ा। उसे चनम्मा के क्रुद्ध स्वभाव का तो पता था; परन्तु आज उसे यह भी पता लगा कि चनम्मा चोर भी है। सुतराम्, हर कोई कुछ न कुछ उसके विरुद्ध आक्रोश में कहने लगा—"अभी तक तो लड़ा ही करती थी; पर अब चोरी भी करने लगी।"

इसका सुनना था कि जोसियप के हृदय-स्थल पर अनभ्र वज्रपात हुआ। वह जानती थीं कि चनम्मा दुर्मखी है; झगड़ालू है; लड़ाकू है। किन्तु उन्हें स्वप्न में भी विश्वास नहीं था कि वह चोर है। उन्होंने कई बार इस विषय में उसकी अग्नि परीक्षा भी ले रखी थी। एक बार साड़ी के कोने में नोट बाँध दिये थे। परन्तु वस्त्र धोने के समय उसने सावधानी से उन्हें खोल लिया था और उन्हें उलाहना मारते हुये लौटा दिये थे—"नहीं मालूम मेम साब ! आप ऐसी भुलक्कड़ क्या बच्चों को पढ़ाती होगी ?"

जोसियप ने लज्जित मुस्कान से रुपये सकार लिये थे। इसी प्रकार बाथ-रूम में उनकी अंगूठी एक बार रखी रह गयी थी। परन्तु चनम्मा के चले जाने के उपरान्त वह अंगूठी वहाँ की वहाँ ही मिली थी।

अतः उन्होंने भीड़ के उस आरोप का घोर विरोध किया। येन् केन् प्रकारेण भीड़ तो फुसला ली गई; किन्तु पुलिस को मनवाना टेढ़ी खीर थी। वह किसकी मानती है ? रिपोर्ट पाते ही जब वह घटना-स्थल पर उपस्थित हुई; तब प्रथम कार्य जो उसने किया वह था चनम्मा को बुला कर भाँति-भांति के प्रश्नों से उसके धुर्रे उड़ाना।

चनम्मा के विषय में श्रीमती जोसियप के चारित्रिक-औदात्त्य के प्रमाण-पत्र पुलिस को पर्याप्त नहीं थे। प्रत्युत् उसका कहना था कि "प्रत्येक गृह-स्वामी निज नौकरों की इस प्रकार सफाई पेश करता है और अन्त में ये नौकर ही अधिकतर अभियुक्त पाये जाते हैं।"

इसका उत्तर श्रीमती जोसियप पर नहीं था। इधर चनम्मा नित्य थाने में बुलाई जाती; भिन्न-भिन्न प्रकार के उससे प्रश्न किये जाते; डराया जाता; धमकाया जाता और सताया जाता। परन्तु पुलिस के सब हत्थकण्डे व्यर्थ सिद्ध हुये। वे उससे कुछ भी स्वीकृत नहीं करा सके।

पुलिस ने कुत्ते भी छोड़े; किन्तु वे भी विफल-मनोरथ रहे। इधर-उधर घूमघाम कर वे घटना स्थल पर आ खड़े हुये।

पुलिस को अतीव जटिल समस्या से साम्मुख्य करना पड़ रहा था। उनकी समस्त कूटनीतियाँ पराभूत हो चुकी थीं। सबसे अद्भुत बात यह थी कि गृह का सब सामान उधना-पुधना अवश्य पड़ा था; परन्तु एक वस्तु भी चोरी नहीं हुई थी। कदाचित् चोर

नकद धन तथा आभूषणों पर हाथ साफ करना चाहता था। इसीलिये उसने गादरेज की अलमारी को तोड़ना चाहा था; किन्तु वह अपना कार्य पूरा नहीं कर पाया था। शायद किसी की आहट ने उसे रिक्त हाथ भागने पर विवश किया था।

पुलिस ने जब उस अलमारी की ओर ध्यानपूर्वक देखा, तब वह सहसा चिल्ला पड़ी "क्या खूब ! सुराग मिल गया"।

अलमारी पर किसी के पद-चिह्न बने हुये थे। सम्भवतः चोर लात मारकर अलमारी को तोड़ना चाहता था; किन्तु वह टूटी नहीं थी। अन्ततः गादरेज की अलमारी जो ठहरी।

पुलिस ने उस पद-चिह्न का फोटो लिया और चनम्मा के पदों से मिलाया; किन्तु दोनों दूर-दूर तक नहीं मिलते थे। "चुडैल इस परीक्षा से भी साफ निकल गई"— पुलिस ने बुदबुदाया।

अन्त में हार कर उसने जिले के अपराधियों के अभिलेख मंगाये तथा उनमें जो भी पद-चिह्न थे उनसे उसकी तुलना की। एक के उपरान्त दूसरे पद-चिह्न देखे गये। देखते-देखते एक पद-चिह्न पर पुलिस अधिकारी की दृष्टि रुकी और रुकी तब रुकती ही चली गयी। क्या अद्भुत तादात्म्य था; अलमारी वाले पद-चिह्न से एक-एक बात मिलती थी और मुख्यकर अंगूठे के नीचे एक चक्र उसी परिधि-परिमाप का दृग्गत होता था जितना अभियुक्तों के अभिलेखों वाला पदचिह्न। वह पदचिह्न मैसूर जिले के ही नञ्जनगुद उपनगर के अभियुक्त 'पापे' का था। अब पापे की खोज आरम्भ हुई; तब पता चला कि वह पापा नहीं अपितु पुराना पापी है और किसी अन्य अपराध में जेल की हवा खा रहा है। पुलिस ने अपने उपायों से उससे यह भी उगलवा लिया कि श्रीमती जोसियप के गृह भी उसने ही दिन-दहाड़े चोरी करने का प्रयास किया था; किन्तु 'कम्बख्त चनम्मा' के तभी आ जाने पर उसे विफल मनोरथ भागना पड़ा था। किन्तु वह चकित था कि पुलिस को इस चोरी का सुराग कैसे लगा ?

7 बटालियन की एक ग्रामीण पाठशाला को साहाय्य

दिनांक 28 अप्रेल 1975 को दिल्ली के शाहपुर जाट नामक ग्राम में 7 बटालियन के० रि० पु० दल के निकट टीन-छाया में स्थित नगर निगम प्राथमिक पाठशाला प्रचण्ड झंझावात से नष्टभ्रष्ट हो गयी। इस बटालियन के जवानों ने स्वेच्छापूर्वक सहायता की और पाठशाला को सामान्य स्थिति में पुन: ला दिया दिया जिस के फलस्वरूप पाठशाला के अध्यापक सुगमता पूर्वक परीक्षा ले सके।

7 बटालियन की इस परोपकारी कृत्य की क्या साधारण जनता ने, पाठशाला के प्राधीकारीगण ने तथा क्या भारत सरकार के गृह सचिव ने भूरि भूरि प्रशंसा की।

महिला-संगठन को योगदान

चूड़ाचन्द पुर के रव्वाप्यौवंग प्रेसवीटोरियन चर्च की महिला समिति ने कमांडैण्ट 10 बटालियन के० रि० पु० दल को अपने पत्र में अप्रेल 75 में सम्पन्न हुये महिला-सम्मेलन के समय उस बटालियन के अधिकारीगण तथा जवानों द्वारा दिये योगदान की मुक्त कण्ठ से सराहना की है। उस समय जल के भीषण अभाव में, बटालियन ने जल वितरित किया था।



शौर्य-पुलिस-पदक

दिनांक 19/20 अक्टूबर 1971 को, पश्चिमी बंगाल के वरासात पुलिस थाने के क्षेत्र में लक्ष्मीनारायण कालोनी तथा निकटवर्ती पाइनियर कालोनी में छुपे कुछ उग्रवादियों के विषय में जानकारी प्राप्त करने के लिये 19 बटालियन के० रि० पु० दल की एक पुलिस टुकड़ी भेजी गई। पुलिस टुकड़ी तीन वृन्दों में विभक्त हो गई।

जब उग्रपंथियों ने उन वृन्दों को अपनी ओर आते देखा तब उन्होंने बम फेंके तथा स्वयं को भी पुलिस से सम्प्रहार करने के लिये अनेक वृन्दों में विभाजित कर लिया। इनमें से एक वृन्द ने के० रि० पु० दल पर धावा बोला, और उस पर बम फेंकें। एक सब इन्सपेक्टर ने रिवाल्वर से तीन फायर किये; किन्तु वे विफल रहे। उस समय कां० निर्मल सिंह, जिसकी बायीं अग्रबाहु 9 मि०मी० की गोली से विक्षत हो गयी थी, अंधकार में निज जीवन को जोखिम में डालता हुआ आगे दौड़ा और उसने उग्रपंथियों पर फायर किये।

विद्रोहियों के निरन्तर बम-प्रक्षेपण तथा गोलीचालन होते हुये भी काँ० निर्मल सिंह गोली चलाता रहा तथा एक उग्रवादी को मार गिराया। इससे विद्रोहियों का मनोबल

क्षीण हो गया। वे चार भरे बम तथा एक पाइप गन के साथ उस मृत विद्रोही को छोड़कर भाग निकले।

के रि० पु ० दल को मिजोराम में चुनौती

दिनांक 13 जनवरी 1975 को पुलिस महानिरीक्षक के कार्यालय में मिजो विद्रोहियों ने मिजोराम के पुलिस महानिरीक्षक और अन्य दो वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की नृशंस हत्या कर डाली। दूसरे दिन, मिजोराम में एक नये पुलिस महानिरीक्षक (ब्रि० रणधावा) की तथा के० रि० पु० दल के एक नये पुलिस उपमहानिरीक्षक (श्री राजसिंह) की नियुक्ति हुई।

कार्यभार संभालते ही, मिजोराम में अपराधियों को पकड़ने तथा कानून और व्यवस्था स्थिर रखने का एक सुयोजित प्रयास प्रारम्भ हुआ।

कर्फ्यू लगाने, निष्ठावन्तों की सुरक्षा करने, विद्रोहियों की गतिविधियों को रोकने तथा जनता जनार्दन में विश्वास बिठाने के लिये अहिर्निशि पहरा लगाया गया। मर्मक्षेत्रों पर सुरक्षा टुकड़ियों तथा महत्वपूर्ण व्यक्तियों को गार्डों की आवश्यकता थी। मिजोराम पुलिस महानिरीक्षक के अधीन के० रि० पु दल को सुरक्षा दलों की सबसे बड़ी टुकड़ी होने के कारण एक भारी दायित्व उठाना पड़ा।

उत्तम फल—समन्वित प्रयास तुरन्त सफल हुये । जनवरी मास में ही, छापों तथा पहरों के फलस्वरूप 10 संदिग्ध व्यक्ति बन्दी बनाये गये । के० रि० पु० दल द्वारा बन्दी बनाया गया महत्वशाली व्यक्ति था स्वघोषित कप्तान जाकिमा जिसने उक्त तीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की हत्या में प्रयुक्त किये जाने वाले बाहन को चलाया था। स्वघोषित मेजर कपचन्गा भी एक अभियान में बन्दी बनाया गया जिसका वर्णन क्रैपलर के मई 75 के संस्करण में प्रकाशित हो ही चुका है। 'कपचन्गा' का बन्दीकरण हमारे लिये एक विजय किरीट था और विद्रोहियों के लिये था एक विकट आघात ।

फरवरी 75 में, के० रि० पु० दल ने तीन अन्य विद्रोही तथा शस्त्र परिग्रहण किये।

25 मार्च 1975 को जब एजल में स्वघोषित ले० . कारपोरल लालकिया अवैध कर इकत्रित कर रहा था तथा वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के विषय में जानकारी पाने की चेष्टा कर रहा था, तब वह बन्दी बनाया गया। इसी ने 14 मार्च 75 को दरलान पर उत्तर प्रदेश सशस्त्र पुलिस की 20 बटालियन के एक जवान का वध किया था ।

27 मार्च को, स्वघोषित सार्जेण्ट लल्लीआना को, जिसने मिजो राष्ट्रीय मोर्चे के लिये राजस्व उगाहे थे, एजल के बाहर वन में बन्दी बनाया गया। स्वघोषित नागरिक लाल छूभामा 25 मार्च को एजल में सिनेमा से निकलते समय पकड़ा गया। 17 अप्रेल को एक अन्य नागरिक विद्रोही लाल संगा बन्दी बनाया गया जो उन व्यक्तियों में था

जिन्होंने घात लगा कर असम रायफल के एक जवान की हत्या की थी। 17 मई को स्वघोषित लेफ्टीनेन्ट लालसाम जाउवा, जो एजल में मिजो राष्ट्रीय मोर्चे का नगर-समादेष्टा था, के०रि०पु० दल द्वारा पकड़ा गया । स्वघोषित लें० का० एसांगू, जो चिनलूगलैण्ड सेना का मुख्याधिकारी था, 10 जून को बन्दी बनाया गया। 30 जून को पाउलिआना, जिसका हाथ उक्त तीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की हत्या में था, हमारे दल द्वारा पकड़ा गया। 7 जुलाई को हमारे दल ने थंगावा को पकड़ा जिसने नवम्बर 74 में मिजोराम पुलिस के एक जवान के प्राण ले लिये थे।

इस प्रकार, जनवरी तथा जुलाई 75 के मध्य में मिजो राष्ट्रीय मोर्चे के नृशंस विद्रोहियों की अच्छी संख्या को बन्दी किया गया । कुल मिलाकर, 95 विद्रोही तथा संदिग्ध व्यक्तियों को अपार गोला बारूद तथा शस्त्रों के साथ बन्दी बनाने का श्रेय हमारे दल को है।

क्षेमप्रद कार्य—साथ ही साथ, सहसा अग्नि-प्रज्वलन के शमन जैसे करुणावादी कार्य भी के० रि० पु० दल ने स्वेच्छापूर्वक किये हैं और जन-धन की महत्ती क्षति बचायी है।

मिजोराम के उपराज्यपाल, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, उपमहानिरीक्षक तथा महानिरीक्षक पुलिस ही ने नहीं, अपितु भारत सरकार के गृह सचिव तक ने हमारी बटालियनों की कार्यकुशलता की प्रशंसा की है।

सिक्किम के राज्यपाल द्वारा प्रशंसा

श्री निगमेन्द्र सेन सक्सेना, महानिदेशक, के० रि० पु० दल के नाम श्री बी० बी० लाल राज्यपाल सिक्किम ने निम्नलिखित सन्देश भेजा है :—

"इस मास (जुलाई) के 27 दिनांक को के० रि० पु० दल की 36वीं जयन्ती पर उसके महानिदेशक महोदय, सभी अधिकारीगण तथा जवानों को हार्दिक बधाइयाँ भेजता हूँ। अपने तीस वर्षों से भी अधिक के अस्तित्व में देश के विभिन्न भागों में न्याय तथा व्यवस्था रखने में इसने द्राविण अध्यवसाय किया है तथा भारतीय संघ के समस्त प्रदेशों के समग्र न्यायनिष्ठ नागरिकों से विश्वास एवं प्रशंसा प्राप्त की है। साथ में, विगत दो वर्षों में जब सरकार भीषण सात्ययों तथा सकटों से जूझ रही है के० रि० पु० दल पर एक अत्यन्त विशिष्ट उत्तर दायित्व आ पड़ा है। तथापि, कुशल अधिकारियों के नेतृत्व में, के० रि० पु० दल निज निस्वार्थ तथा निष्ठायुक्त सेवा से और अनुकरणीय आचरण से प्रत्येक घटना से सुलझता रहा है। इसने अपने लिये जयपत्र प्राप्त किये हैं।

जिस उत्तम प्रकार से सिक्किम-स्थित के० रि० पु० दल की यूनिटों ने निज कर्त्तव्य निभाये हैं तथा सिक्किम की जनता के कण्ठहार बनी हैं उसके लिये मेरी अत्यन्त सद्भावनापूर्ण शुभकामनाये हैं"

राज्यपाल सिक्किम को अपने उत्तर में, श्री निगमेन्द्र सेन सक्सेना महानिदेशक

महोदय ने उक्त सन्देश के प्रांते कृत्कृत्यता प्रकट की है। उनके शब्दों में, देश की सच्ची सेवा में के० रि० पु० दल को और भी अधिक प्रयास करने की उस सन्देश से प्रेरणा मिलेगी।

"भारत नामक परिवार में नवागन्तुक सिक्किम की जनता-जनार्दन की सेवा करने में हमें विशेष गर्व है। इस समय चौहत्तर सिक्किमवासी के० रि० पु० दल के सदस्य हैं और भविष्य में शीघ्र ही इस संख्या में अभिवृध्दि होने की प्रत्याशा है"

गौरव-गाथा

नागा विद्रोहियों से मुठभेड़

पश्चिमी मणिपुर में तैमंगलांग स्थान पर 10 बटालियन के० रि० पु० दल की 'सी' कम्पनी मेरे कमान में थी। एक प्लाटून के साथ मेरी कम्पनी का मुख्यालय लोअर कैम्प में बटालियन के मुख्यालय से लगभग 2 कि० मी० दूर पर स्थित था।

दिनांक 10 नवम्बर 1974 की रात्रि के लगभग 10 बजे, कमांडैण्ट महोदय को एक विश्वस्त सूचना मिली कि कुछ सशस्त्र विद्रोही मेरे स्थान से कुछ मील ही दूर पुराने तैमंगलांग ग्राम की ओर बढ़ रहे हैं। अतएव यह निश्चित किया गया कि विद्रोहियों को बन्दी बनाने के अभियान में तीन टुकड़ियाँ बनाई जायें। प्रत्येक टुकड़ी को एक-एक काम निर्दिष्ट हुआ। जमा० अवतार सिंह के अधीन पहली टुकडी को खोंजरंग-पुराने-तैमंगलांग-मार्ग पर घात लगाने का कार्य सौंपा गया। जमा० भजनलाल के अधीन दूसरी टुकडी को पुराने तैमंगलांग-दैलांग-मार्ग पर एक दूसरी घात लगाने के आदेश दिये गये। अभियान के नेता होने के नाते मुझे नमतीराम-पुराने तैमंगलांग-मार्ग पर 11 नवम्बर 74 की रात्रि को ढाई बजे से पाँच बजे तक तीसरी टुकड़ी के साथ घात लगाने की आज्ञा दी गई। यदि तीनों टुकड़ियाँ विद्रोहियों से साक्षात्कार नहीं कर पायें, तब मेरी टुकड़ी को प्रातः छः बजे से गाँव की ऐसी छानबीन करनी थी कि वह विद्रोहियों को बन्दी बनाने हेतु उन्हें उन मार्गों पर खदेड़ लावे जहाँ अन्य दो टुकड़ियां नियुक्त थीं।

योजनानुसार, तीनों टुकड़ियाँ रेडियो टेलीफोन (वेतार)के सेटों तथा शस्त्रों से सज्जित होकर रात्रि के 11.50 पर मेरी कम्पनी के मुख्यालय में एकत्रित हुयीं। उनको अपने-अपने कमांडरों द्वारा निर्देश दिये गये और अन्त में मैंने उन्हें सब बातें समझाई। रात्रि के 12.30 पर तीनों टुकड़ियाँ अपने-अपने कार्यों के लिये कूंच कर गयीं।

अपनी टुकड़ी के साथ मैं जीप चलने वाले मार्ग पर ग्राम के किनारे-किनारे चला। उस समय घनघोर अंधेरा था और हमें वृक्षों तथा बांसों की सघन वन-राजि में निकलना था। हमने उन ग्रामीणों के नेत्रों से बचाया जो मार्ग के दोनों ओर रहते थे। हमारे अभियान को अत्यधिक भय कुत्तों से था क्योंकि उनको भौंकना विद्रोहियों को

केवल सतर्क ही नहीं कर सकता था, अपितु उनको हमारे ऊपर घात लगाने में सहायक भी सिद्ध हो सकता था। सर्वोपरि, शुष्क पत्तों तथा पत्थरों से बचते-बचाते चुपचाप तथा सावधानी से चलने की समस्या थी, क्योंकि उनसे भी ध्वनि उत्पन्न हो सकती थी। मेरे जवानों ने इस दूरी को इतनी दक्षतापूर्वक पार किया कि एक ग्राम को पार करने पर भी कोई हमें ताड़ नहीं सका।

ले० श्री एम० पी० नथानियल

नमतीराम-पुराने तैमंगलांग-मार्ग पर ही पुराने तैमंगलांग ग्राम से दो कि० मी० पूर्व, हमने उस ग्राम पर चढ़ना आरम्भ किया । आदेशानुसार, ग्राम से एक कि० मी० दूरी पर एक मेरे चुने हुये स्थल पर हम प्रातः साढ़े पांच बजे तक घात लगाये बैठे रहे। उस समय मैंने बेतार के सेटों से अन्य दोनों टुकड़ियों से सम्पर्क स्थापित किया; किन्तु यही ज्ञात हुआ कि उनके क्षेत्रों में भी विद्रोहियों की कोई गतिविधि नहीं है । क्योंकि मेरी टुकड़ी को भी कोई विद्रोही नहीं मिला, हमने उन स्थलों को छोड़ दिया और ग्राम की ओर कुशलतापूर्वक चलना आरम्भ किया तथा लगभग 6 बजे ग्राम के सीमान्त पर हम जा पहुंचे।

ज्योंही हमने ग्राम में प्रवेश किया ही था कि मैंने पुराने तैमंगलांग ग्राम के सीमान्त के एक घर पर हरे गणवेश में विद्रोहियों के एक संतरी को देखा । मैंने शीघ्र ही अपने सब जवानों को सचेत किया तथा अपनी टुकड़ी को दो भागों में विभक्त किया और एक भाग को हेड कां० शम्भूनाथ पाण्डे के अधीन किया; और उन घरों के पीछे जहाँ विद्रोही सन्तरी देखा गया था एक ओर से आकर स्थिति संभालने का उसे निर्देश दिया। घने वन की ओर जाते हुये बच भागने के सभी मार्गों को काट देने का कार्य उस भाग को सौंपा गया। मैं दूसरे भाग को उन घरों की ओर ले चला जहाँ, जैसा कि सन्तरी की उपस्थिति से पता लगा था, विद्रोही अपना शिविर डाले हुये थे।



सहसा स्वचालित शस्त्रों ने मेरे भाग पर गोलियों की बौछार की; हमने भी उत्तर में गोली-चालन किया। साथ ही, मेरे जवान आगे बढ़ते रहे तथा प्रभावी गोली-चालन से विद्रोहियों को दबाये रखा । गोली के आदान-प्रदान का नेतृत्व करते हुये मेरी दाहिनी टांग में एक गोली लगी। फलस्वरूप, मैं भूमि पर गिर पड़ा; किन्तु मैं तब भी गोली चलाता रहा और अपने जवानों को पग बढ़ाते रहने के लिये अनुप्रेरित करता रहा । गोलियों के इस आदान-प्रदान में, मेरी बायीं टाँग में एक अन्य गोली लगी। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की नितान्त चिन्ता नहीं करते हुये कां० गुमानसिंह, जो कहीं मेरे पीछे खड़े थे, एक विद्रोही पर गोली दागने के लिये आगे बढ़े जो वहीं धराशायी हुआ तथा बाद में काल कवलित हुआ।

मेरी पिस्तौल की गोली उस विद्रोही की जंघा में लगी जो मेरा लक्ष्य संधान रहा था तथा मैंने उसको बच भागने के लिये लंगडाते हुये दौड़ते देखा। मैंने अब भी उसे पिस्तौल से भूनना चाहा; परन्तु दुर्भाग्यवश मेरी पिस्तौल की गोलियां समाप्त हो गई थीं और इधर मुझ पर भारी गोलावारी हो रही थी। मैं शीघ्रतापूर्वक एक अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित स्थान पर लुढ़कता हुआ पहुंच गया। कां० ओमप्रकाश जिन पर बेतार का सेट था मेरे पास दौड़कर आये और कमांडैण्ट महोदय से सम्पर्क स्थापित करने में मुझे समर्थ किया। मैं उसी स्थान से अपनी टोली का नियंत्रण करता रहा।

पन्द्रह-बीस मिनट तक आदान-प्रदान के उपरान्त, जब मैंने कुछ नागरिकों को चहुं ओर दौड़ते देखा तब मैंने गोली-चालन बन्द करने की आज्ञा दी जिससे कोई निरपराध प्राणी मौत के घाट नहीं उतर जाए। बच भागने के अपने निराशोन्मत्त प्रयास में, विद्रोहीगण भी ग्रामीणों से रिलमिल कर दौड़ने लगे। तथापि मेरे जवानों ने उन भागते हुये विद्रोहियों का लगातार पीछा किया। परिणामस्वरूप, एक .303 रायफल

तथा एक भरी हुयी चीनी स्वचालित रायफल के साथ दो विद्रोही बन्दी बनाये गये।

उस गृह को, जहाँ विद्रोहियों के ठहरने का अनुमान था, चारों ओर से पूर्णरूप से घेर लिया गया तथा गृह की खोजबीन के अनन्तर एक नागरिक के साथ उस घर के निवासियों को मेरी टोली ने रोक लिया। अब जब कि गोलाबारी रुक चुकी थी तथा कमांडेंट महोदय घटना स्थल पर पुनर्बल के लिये दल लेकर आ गये थे, मुझे एक कमरे में एक शय्या पर लिटाया गया। मुझसे मिलने के पश्चात् कमांडेंट महोदय ने उक्त घर में पकड़े गये नागरिक से पूछताछ आरम्भ की। जबकि चिकित्सा अधिकारी मेरी प्राथमिक चिकित्सा कर रहे थे, मुझे यह पता लगा कि वह निरुद्ध नागरिक नागा सेना की 2 बटालियन का समादेष्टा स्वघोषित कप्तान चंगमानंग था।

हे० कां० शम्भूनाथ पाण्डे ने जो मेरी टुकड़ी की दूसरी टोली के नेता बनाये गये थे एक विद्रोही पकड़ा जो वन की ओर भागा जा रहा था। स्वयं फंस जाने के भय का निपट ध्यान नहीं करते हुये, वह उस विद्रोही के पीछे हाथ धोकर पड़ गये और ज्यों ही वह एक बड़े पत्थर से ठोकर खाकर भूमि पर गिरा त्यों ही उन्होंने उसे बन्दी बना लिया। एक स्वचालित भरी चीनी रायफल भी उससे पायी गई।

कांस्टेबिल टी० वाई० एसो ने भी वन की ओर भागते हुये एक अन्य विद्रोही का तुरन्त पीछा किया। यद्यपि विद्रोही ने घूमकर उस पर एक गोली चलाई, तद्यपि वह कान्स्टेबल निर्बाध गति से उसका पीछा करता चला गया और अन्त में उसे पकड़ने में सफल हुआ। उससे भी एक .303 रायफल प्राप्त हुई।

मेरे जवानों तथा कमांडेंट के साथ आये दल ने अनुधावन-क्रिया में और भी अधिक गोला बारूद तथा अन्य पदार्थ प्राप्त किये।

चौकी से प्रयाण करने से पूर्व मेरे द्वारा की गई ईश प्रार्थनाएं व्यर्थ नहीं गईं।

[निज असाधारण साहस, शौर्य तथा कर्त्तव्य-निष्ठा के उपलक्ष्य में सर्वश्री नथा नियल, गुमानसिंह और ओम प्रकाश को राष्ट्रपति पुलिस तथा अग्नि शमन पदक प्रदान किये गये। उच्चकोटि की ओजस्विता तथा वीरता का परिचय दिखाने के लिये हे० कां० शम्भूनाथ तथा कां० टी०वाई० ऐसो को शौर्य पुलिस पदक मिले।]

॥ यह भी खूब रही ॥

बारात में कई बैण्ड बजवाने पर नन्द ने नव-वधू से पूछा—"कहो ! तुम्हें कौनसा बैण्ड अच्छा लगा ?"

उत्तर मिला—"हजबैण्ड (पतिदेव)।"

सिपाही-'हवलदार साहब ! आजकल लखनऊ में आम-प्रदर्शनी चल रही है।"

हवलदार-"हमें आम प्रदर्शनी से क्या लेना देना। तुम यह बताओ कि खास प्रदर्शनी कब लगेगी ?"

बच्चा माता से-"मम्मी ! आप तो कहती थीं कि मास्टर जी इन्सान बनाते हैं; परन्तु

वह तो मुझे नित्य मुर्गा बनाते हैं।"

कक्षा को जीव शास्त्र पढ़ाता हुआ अध्यापक-"जानते हो छात्र ! मनुष्य ऐसे-ऐसे विद्वान हैं कि चन्द्रमा पर जा पहुंचे; किन्तु एक गधा है जो जहां का वहीं खड़ा है।"

झगड़ता हुआ युवक-"अरे बुड्ढ़े। टर-टर मत कर; नहीं तो तेरी बत्तीसी तोड़ दूंगा।"

वृद्ध जेब से नकली जबड़ा निकाल कर "तू कर ही नहीं सकता; मैंने पहले ही उसे जेब में रख लिया है।"

एक सिपाही-"भाग्य की बात है कि मैं सिपाही हूँ। अन्यथा मेरे दादा लाखों का धन छोडकर मरे थे।"

दूसरा-"अरे मेरी और तो देख । मेरे दादा तो करोड़ों की दुनियां छोड़कर मरे थे।"

एक डाक्टर का दृष्टान्त

दिनांक 30 मार्च 1975 को लगभग 7 बजे पूर्वाह्न बासाओं को भस्मीभूत करती हुई एक विध्वंसकारिणी अग्नि के लगने की सूचना एविन चौकी के कमान्डर से प्राप्त हुई। अग्नि शमनक अभियान में, सिपाही पी० आर० पण्डरकर अत्यन्त बुरी भाँति जल गया था और उसे तुरन्त चिकित्सा की सहायता चाहिये थी।

एविन चौकी बटालियन के मुख्यालय से लगभग 80 कि० मी० की दूरी पर स्थित है और वायु सेवा द्वारा ही उसका रख-रखाव होता है। बटालियन के मुख्यालय से चौकी तक जाने को केवल एक ही पगडण्डी है। मार्ग में वरक तथा मक्रू नामक दो नदियों को तैर कर पार करना पडता है तथा घने जंगलों और सीधी चढ़ाइयों के मध्य में हो कर जाना पड़ता है। चिकित्सा या तो तैमंगलांग पर या 80 कि० मी० के दूरी पर स्थित सिलचर पर ही की जा सकती है।

डाक्टर संजय कुमार रे कनिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (जे० एम० ओ०) से एविन चौकी पर जा कर उक्त रोगी के उपचार हेतु तुरन्त जाने को कहा गया । कनिष्ठ चिकित्सा अधिकारी तथा कमांडैंट अविलम्ब चौकी की ओर चल दिये।

एक चिकित्सक अर्दली तथा एक संरक्षक दल के साथ डाक्टर रे 80 कि० मी० पैदल चले, बाढ़पूर्ण दोनों नदियाँ पार की तथा दृढ़-संकल्प के साथ उसी दिन रात्रि को पौने दस बजे एविन चौकी पर पहुंच गये।

उन्होंने रोगी को प्रमीलक औषधियें दी तथा ग्लूकोज और सैलाइन से उपचार किया। साथ ही, रोगी के व्रण साफ किये और छालों पर पट्टियाँ बांध दीं।

आगामी प्रात को साढ़े नौ बजे, सैनिक हेलीकाप्टर आया तथा उसने रोगी को सिलचर में माशिमपुर वाले सैनिक अस्पताल में निर्वात किया।

इस प्रकार डाक्टर रे की तत्परता तथा सेवा-निष्ठा से एक बहुमूल्य प्राण बच गये।

फोटो चित्रण पर पुरस्कार

फोटो चित्रण के प्रोत्साहन के लिये तथा क्रैपलर में प्रकाशन हेतु उत्तम फोटो चित्र पाने के लिए एवं साधारणत: क्रैपलर के प्रचार के निमित्त, यह निर्णय हुआ है कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के कर्मचारियों द्वारा खींचे गये उन फोटों पर पुरस्कार दिया जायेगा जिनको उन्होंने सेवा-रूप में नहीं खींचा होगा। दल के अतिरिक्त अन्य व्यक्ति भी इसमें भाग ले सकते है।

नियमावली

1. फोटोग्राफर को उत्तम काले तथा सफेद फोटोचित्र के निगेटिव तथा सर्वाधिकार को समर्पित करना होगा। कम से कम पुरस्कार इनके लिये 50 रु० होगा।

2. इस कोटि के नहीं होते हुये भी यदि कोई फोटोचित्र 'क्रैपलर' में प्रकाशन के योग्य पाया जायेगा, तब मानदेय की दर 25 रु० से 50 रुपये के बीच में होगी।

3. रंगीन चित्रों में, फोटोग्राफर को एक माउन्टेड ट्राँसपैरेन्सी तथा एक प्रमाणपत्र यह देना होगा कि वह ट्राँसपैरेन्सी मौलिक उस ही की है। स्वीकृत ट्राँसपैरेन्सी का पुरस्कार 100 रु० होगा।

4. साधारणतया काले तथा सफेद फोटोचित्रों पर ही केवल पुरस्कार के लिये विचार किया जायेगा, तथापि एक अत्युत्तम रंगीन चित्र भी स्वीकृत किया जा सकता है। चित्र का माप 8" x 10" से कम का नहीं होना चाहिये । वह ग्लासी (चिकने) कागज पर तथा भलीभाँति बँधा होना चाहिये । आने जाने में खराब हो जाने पर फोटोचित्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

5. चित्र की कितनी ही संख्या स्वीकार्य हैं। विषय में वैसे कोई प्रतिबन्ध नहीं है, किन्तु के० रि० पु० दल से सम्बन्धित चित्रों को अधिमान्यता दी जायेगी।

6. प्रत्येक प्रतिद्वन्द्वी को यह प्रमाण-पत्र देना होगा कि उसका चित्र अपना ही है, और एक पृथक पर्ची पर उसका एक विस्तृत शीर्षक देना होगा। चित्र की पृष्ठ पर फोटोग्राफर का नाम, तथा शीर्षक के साथ उसका पूरा पता लिखा होना चाहिये।

7. अन्य पत्रिकाओं में स्वीकृत तथा प्रकाशित फोटोचित्रों पर भी विचार किया जा सकता है । जो चित्र भेजा जा चुका उसको पुन: नहीं भेजना चाहिये।

8. फोटोचित्र किसी समय के भी भेजे जा सकते हैं, किन्तु दीर्घकालीन घटना के चित्रों पर विचार नहीं किया जा सकेगा।

9. सब प्रविष्टियाँ इस पते पर भेजी जानी चाहिये—जन संपर्क अधिकारी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल, पश्चिमी ब्लाक 8, रामकृष्ण पुरम, नई दिल्ली-110022.

कुख्यात डाकू का सफाया

एक गुप्त सूचना प्राप्त होने पर कि अलगू दुसाध नामक एक कुख्यात डाकू निज सहयोगियों के साथ छप्पर टोला ग्राम के एक गृह में छिपा हुआ है, श्रीराम मोहन राव डीवाई एस पी के अधीन 38 बटालियन की एक कम्पनी ने तथा श्री विशम्भर नाथ के अधीन पीरो थाने की स्थानीय पुलिस टुकड़ी ने एक संयुक्त अभियान चलाया।

बिहार के आरा जिले में पीरो पुलिस थाने से 22 कि० मीटर की दूरी पर 50 मकानों वाला छप्परटोला ग्राम स्थित है। नागरिक प्राधिकारियों से पूर्ण वृत्त जानकर और छापे के सभी आवश्यक प्रबंध करके, 3 मार्च 1975 को 8 बजे रात्रि को के. रि० पु० दल तथा स्थानीय पुलिस ने पीरो से प्रस्थान किया।

ग्राम के निकट पहुँच कर टोली तीन भागों में विभक्त हो गई—१. रोक भाग, २. घेराव भाग तथा ३. आक्रमक भाग। पुलिस घेराव से बच भागने की चेष्टा करते हुये डाकुओं को बचाव मार्गों में रोकने का कर्त्तव्य रोक भाग का था। घेराव भाग को उक्त गृह को चारों ओर से घेरना था; तथा आक्रमक भाग का कार्य डाकुओं के आत्मसमर्पण नहीं करने पर उन पर अन्तिम आक्रमण करना था। सब व्यवस्था शीघ्रतापूर्वक पूर्ण कर ली गई और ग्रामीणों को निज-निज गृहों में उस समय तक रहने के लिये अनुरोध किया गया जब तक कि सब कुशल क्षेम की सीटी नहीं बजाई जाए।

तदुपरान्त डाकुओं को बाहर आकर आत्म-समर्पण की चुनौती दी गई। उसके उत्तर में पुलिस टोली पर कुछ गोलियों की बौछार हुई। के० रि० पु० दल की टोली ने निज प्रतिरक्षा हेतु फायर किया तथा अलगू दुसाध को मिला कर चार नक्सलपंथियों को मौत के घाट उतारा।

मुठभेड़ चार घंटे तक चली। तत्पश्चात् डाकुओं तथा शस्त्रों को पकड़ने के लिये घर-घर में खोज की गई। फलस्वरूप दो डाकू तथा भारी संख्या में शस्त्र तथा गोला बारूद पकड़े गये।

के०रि०पु० दल तथा स्थानीय पुलिस टोली के इस उत्तम कार्य की गृह मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव एवं गृह सचिव द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा हुई।

विज्ञान के चढ़ते चरण

इन्डियन टेक्सटाइल इन्जीनियर्स संस्थान ने धागे को वारीक करने के लिए पहली भारतीय मशीन तैयार की है। इससे विदेशी मुद्रा की भारी बचत होगी।

पोर्ट बोट नामक 9 फीट लम्बी नौका कैलीफोर्निया की एक फर्म ने निर्माण की है। इसको मोड़ने में 4 इन्च की तह बनती है, जिसे खोल कर एक मिनट में बिना डूबने बाली नौका बना सकते हैं। यह चार व्यक्तियों को एक गैलन से भी कम गैसोलीन से आठ घन्टे जल-विहार करा सकती है। पालीप्रोपीन से बनी होने के कारण, इस पर तेल, नमक, गैसोलीन का दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है और नाही इसे रँगने की आवश्यकता होती है।

कैलीफोर्निया के दो वैज्ञानिकों ने ध्वनि के साथ चित्र द्वारा कैंसर का कर्णातीत

निदान निकाला है। इससे समस्त शरीर में एक्स रे की भाँति तरंगें प्रवाहित की जाती हैं जिनसे विहग-रव सा श्रवणगत होता है तथा स्वस्थ और रुग्ण व्यक्तियों में भिन्न भिन्न बारम्बारिता आदि से रोग का पता लग जाता है।

'कल्याण के अर्थ'

ले० श्री वीरू

मेरे अपने जवान हैं; उन जवानों के परिवार हैं; मित्र हैं तथा सम्बन्धी हैं। ये सम्बन्धी मित्र तथा समाज उन जवानों की ओर ठोस तथा मनोवैज्ञानिक साहाय्य के लिए मुख ताकते हैं। उनकी अपनी भावनायें, मनोवेग, आकांक्षायें तथा अहमन्यतायें होती हैं और वे परिवर्तित होती रहती हैं।

यह वह मानव-कल है जो अपने तथा अपने परिवार के जीवन-निर्वाह तथा अन्य आवश्यक दायित्व निभाने के मुख्य उद्देश्य के लिए अहिर्निशि काम करती रहती है। इस आवश्यकता के नहीं होने पर, मनुष्य को सेवा करने की आवश्यकता ही नहीं होती।

मैं प्रत्येक जवान के योगक्षेम के लिए क्या कर सकता हूँ ? बटालियन के मुख्य कार्यकारी होने के नाते , जवान को राज्य के लिए अपेक्षाकृत अधिक लाभदायक बनाने के लिए, उसके जीवन की समस्यायें सुलझाने के लिए तथा उसकी आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए धन, भोजन तथा प्रसन्नता प्रदान करने के अतिरिक्त अन्य क्या करना चाहिए ? हमें ऐसे जवान की आवश्यकता है जो जीवन तथा परिस्थान से संतुष्ट हो, अपने कार्य में दक्ष हो तथा निजी प्रत्येक कार्यक्षेत्र में अधिक से अधिक सफलता पाने को उत्सुक हो।

कल्याण नेतृत्व का वह पक्ष है जिसमें जवानों की क्या शारीरिक एवं क्या मानसिक सभी आवश्यकताओं की पूर्ति होती है यह नेता का कर्त्तव्य हैं कि वह जवानों को व्यक्तिगत चिन्ताओं से निर्मुक्त रक्खे तथा सेवाभार को साहस एवं ओज के साथ उठाने के लिए उनका मस्तिष्क ठीक रखे । यही अधिकारियों को निज जवानों से पारस्परिक स्नेह के बन्धन में बाँधता है।

मूल आवश्यकतायें : मूल शारीरिक आवश्यकताओं से सन्तुष्ट हुए बिना जवान कभी सुखी नहीं रह सकते। उन्हें स्नान-पान को जल की पर्याप्त मात्रा चाहिए तथा सस्ते से सस्ता उत्तम आहार चाहिए। उत्तम आहार अत्यधिक सन्तोष तथा शक्ति प्रदान करता है। अतः इस ओर सबका प्रयास परमावश्यक है। मेरे विचार से कम्पनी और पलाटून स्तर पर मुख्य तथा महत्वपूर्ण कार्य 'लंगर' का प्रबन्ध है। विविधता, मात्रा, स्वाद तथा मितव्ययता उत्तम आहार के गुण हैं। वास्तविक कल्याण की ओर यह प्रथम पग है।


वस्त्र : दूसरी मानव-आवश्यकता वस्त्रों की है। मनुष्य केवल तन ढाँकना ही नहीं चाहते उन्हें आकर्षक वस्त्र प्रिय हैं। यह हमारी दूसरी मूल समस्या है कि हम अपने

जवानों को किस प्रकार वस्त्रधारण कराते हैं। उनको साधारण (मुफ्तो) तथा "गणवेश" (यूनीफार्म) दोनों प्रकार के वस्त्रों से भलीभाँति सज्जित रखना चाहिए। यूनिट कैन्टीन से न्यूनतम मूल्यों पर उत्तम वस्त्र मिल सकते हैं। चाहे आयातित हों अथवा मोटे वस्त्र, सभी प्रकार के कपड़े लोक वितरण-पद्धति द्वारा दिये जाना चाहिए। जवानों को उत्तम वस्त्र धारण करने तथा उनको साफ रखने के लिए अनुप्रेरित करना चाहिए। यह भी सुनिश्चित करना चाहिये कि उनके 'किट' पूरे हैं तथा सब ऋतुओं में और प्रधानतया शीतकाल में उनको यूनीफार्म (गणवेश) पूरा दिया गया है।

आश्रय : मनुष्य की मूल आवश्यकता के रूप में फिर आश्रय आता है। उस स्थान तथा वातावरण का बिना बिचार किये जहाँ दल प्रविस्तारित है, यह अनिवार्य है कि जवानों को रहने को स्थान होना चाहिए। उन्हें अपने लिए पर्याप्त स्थान की आवश्यकता है। यदि तम्बू भी लगाये गये हों, तब भी उनमें प्रर्याप्त स्थान होना चाहिए। सेवा-रेलों से सहसा शीघ्र चल देने पर, बहुधा पर्याप्त मात्रा में तम्बू नहीं भेजे जाते हैं। इस कमी की पूर्ति वाहनों द्वारा तम्बू भेज कर की जा सकती है जो सड़कों पर चलते हैं तथा गन्तव्य स्थलों पर जवानों के पहुंचने समय तक तक यदि नहीं तंब यथा सम्भव शीघ्र ही पहुंच जाते हैं। कमान्डरों का आग्रह अवश्यमेव अच्छे परिणाम दिखाता है। शौचालय, स्नानागार, जल, बिजली मिलने की आवश्यकता स्पष्ट है। इनका प्रबन्ध होना चाहिए तथा इनको अधीनस्थ अधिकारियों पर नहीं छोड़ देना चाहिए।



मुकामेघाट के परिवार कल्याण केन्द्र में ऊन बुनती महिलायें



नीमच के परिवार कल्याण केन्द्र में उत्तम साबून का उत्पादन

वेतन : वेतन का समय पर भुगतान तथा मांगों का तथा शँकाओं का समाधान अत्यन्त महत्वपूर्ण है। समस्त ठीक दावों पर ध्यान देना चाहिए। कटौतियों के विषय में जवानों को पूर्ण रूप से समझाना चाहिए। भूल के कारण जुर्माने तथा भारी दण्ड के आदेश देने से पूर्व निर्धारित करना चाहिए, क्योंकि ऐसे दण्ड अपराधियों के आश्रितों पर गम्भीर दुष्प्रभाव डालते हैं। अस्तु, उत्तम तथा ठीक लेखे जोखे और धनराशियों का तुरन्त वितरण ऐसा कल्याणकारी कार्य है जो सर्वोच्च अग्रता चाहता है।

विश्राम : विश्राम तथा मनोरंजन मनुष्य की अन्य आवश्यकता है 'बिना खेल दिन रात काम करे मनुज को मन्द बदनाम' । हमें ऐसे जवानों की आवश्यकता है जो हृष्टपुष्ट हों, सतर्क हों, तीक्ष्ण बुद्धि हों तथा बहुधा शतावधान हों। ये गुण अधिक कार्य करने से अथवा उसकी अति करने से विकसित नहीं होते हैं। अतएव विश्राम के घन्टे निश्चित होना आवश्यक हैं। यहाँ यह बता देना उपयुक्त होगा कि विश्राम का अर्थ पलंग तोडना मात्र नहीं है अपितु हल्का कार्य करना अथवा कार्य में परिवर्तन लाना है। अत: कनिष्ठ अधिकारियों का यह दायित्व है कि वे कार्यों की सुयोजना बनायें; उनको भलीभाँति क्रियान्वित करें तथा विश्राम के लिए समय रखें । सच्चा कल्याण उस दक्षता में है जो सयोजना, उत्तम नेतृत्व तथा निष्ठापूर्वक परिपालना द्वारा प्राप्त होती है जिससे विश्राम एवं विनोद भी प्राप्त हो सके।

अवकाश : हम अपने परिवारों के लिए सेवा भार उठाते हैं। एक कमान्डर को सदैव इस प्रश्न पर ध्यान देना चाहिए कि हमारे जवान कितनी बार निज गृह तथा परिवार जाते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि जवान घर जायें; अपने प्रिय तथा निकट जनों से मिलें;

उनके दुखों में हाथ बटायें तथा गृहसुक्ख भोगें; तदुपरान्त प्रसन्न चित्त लौट आयें। विनियमों में सीमित अवकाश का प्रावधान है।

इन आयंत्रणों के अतिरिक्त, अवकाश लेने पर अन्य कोई प्रतिबन्ध नहीं होना चाहिए । उसको बिलकुल बन्द करना ही नहीं चाहिए। अनुभव बताता है कि कोई भी व्यक्ति अपरिहार्य नहीं है। सभी स्थितियों में जवानों को अवकाश दिया जा सकता है और मेरे विचार से कोई भी ऐसा आपात्काल नहीं है जिसमें जवानों के अवकाश-ग्रहण पर रोक लगाई जाये। ग्रामों में संयुक्त-परिवार-प्रणाली के छिन्न भिन्न होने पर इस पक्ष ने और भी महत्ता ग्रहण करली है।

सामाजिक दायित्व : समाज में उत्पन्न हुए प्राणी के कुछ दायित्व अपने परिवार तथा समुदाय के प्रति होते हैं। सेवा के पश्चात् उसे अपने समाज में लौटना है तथा यह अनिवार्य है कि उसे ऐसे दायित्वों के निभाने की आज्ञा मिले जिन्हें उसे निज समुदाय की सच्चे रीतिरिवाजों के अनुसार करने होते हैं।

किसी समारोह, विवाह, मत्यु, रोग इत्यादि । पर उसकी अनुपस्थिति उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा पर आँच ला सकती है। और जिसका दुष्परिणाम उसे उठाना पड़ सकता है। अधिकारयों को अपने जवानों के विषय में पूरी जानकारी होनी चाहिए जिससे वे उन्हें उपयुक्त अवकाश दे सकें।

प्रत्येक यूनिट में, कुछ ऐसे व्यक्ति होते हैं जो अवकाश लेते ही नहीं तथा अन्य बारम्बार अवकाश लेना चाहते हैं। यह उल्लेखनीय है कि कुछ को अपने लोगों से प्रगाढ़ स्नेह होता है। कुछ धन का मूल्य समझते हैं और कुछ रेल भाड़े को बचाते हैं और किसी अन्य बडी आवश्यकता के निमित्त आरक्षित रखते हैं। कुछेकों के गृह पर झगड़े रहते हैं और उनसे वे कतराना चाहते हैं । कुछ हतोत्साहित होते हैं तथा अन्य चिन्तवन में अकेले ही पड़े सोचते रहते हैं।

सच्चा कल्याण जवानों को प्रसन्न रखने में है। इस लिए यह आवश्यक है कि अधीन तथा अवर अधिकारियों सहित सब अधिकारी अपने जवानों को घनिष्ट रूप से जानें और तदनुसार उनसे व्यवहार करें। जवानों की घरेलू समस्या प्रों के सुलझाने में तुरन्त सहायता देना चाहिए । निष्कपट रहिए, सच्चे रहिए, सच्ची मन्त्रणा दीजिये और यदि आप नहीं जानते तो पूछताछ कर जवानों को सन्मार्ग दिखाइये।

सम्यक् सहयोग-सैनिक जीवन में अधिकारियों तथा जवानों में मेलजोल एक महत्वपूर्ण पक्ष है। उनसे बिना घुले-मिले, उनसे घनिष्ठता स्थापित करने की आवश्यकता है। कनिष्ठ नेताओं में मुख्यकर कम्पनी कमांडरों को यह स्वभाव डालना चाहिए कि वे जवानों की घरेलू तथा अन्य समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुनें । कई बार कोई कुछ अधिक साहाय्य नहीं कर पाता है; किन्तु ध्यानपूर्वक सुनने से ही अन्य को अत्यन्त धीरज बँध जाता है।

नेतृत्व अन्तर्ग्रस्तता है। यदि आप ने जवानों की व्यक्तिगत समस्याओं में स्वय को अन्तर्गन्त कर सकते हैं और उनके समाधान में सहयोग दे सकते है तब आप के प्रति उनकी अत्यन्त श्रद्धा हो जायेगी। जब एक विशाल क्षेत्र में दल पलाटूनों तथा अनुभागों

में प्रावेस्तारित है तब कमान्डैन्टों तथा कम्पनी कमान्डरों को चाहिए कि जवानों के कार्य-कलाप की जाँच को ही नहीं, अपितु संचार एव पारस्परिक मैत्री के विकास के हेतु भी उनसे मिलना चाहिए। अर्दली-कमरे तो परमावश्यक हैं। यह एक स्वास्थ्य-प्रद कल्याण कार्य है। एतद् द्वारा, कमाण्डर जवानों की चिन्तायें कम कर सकते हैं।

उज्ज्वल भविष्य-प्रत्येक व्यक्ति के तथा उनके कल्याण एवं मनोबल के लिए उज्ज्वल भविष्य तथा पदोन्नति के मार्ग परमावश्यक हैं। साथ ही, हर मनुष्य में स्वयं को गौरवशाली बनने की गुप्त प्रेरणा होती है। अतएव कमांडरों को उनके प्रशिक्षण की योजना बनानी चाहिए और निर्वाध पदोन्नति के लिए उनसे कार्य कराना चाहिए। प्रत्येक जवान को इस प्रकार दक्ष बनाना चाहिए कि निर्दिष्ट आयु तथा सेवावधि पर उसे विशिष्ट पद प्राप्त हो जाये; क्योंकि जब जवान उसे पाने में विफल रहते हैं, तब अपनी अक्षमता के स्थान पर पक्षपात का दोष आरोपित करते हैं। सुतराम् यदि कठोर तथा उद्देश्य-पूर्ण प्रशिक्षण को भली भाँति परियोजित तथा परिपालित किया जाये तब पदोन्नति नहीं पाने वाले जवानों की संख्या नितान्त न्यूनतम होगी।

उज्ज्वल भविष्य के साथ-साथ, किसी यूनिट में अनेक सुगठित कार्य-कलापों में भी जवान प्रतिष्ठा पा सकते हैं। खिलाडी मैचों तथा टूर्नामेन्टों में अपने प्रदर्शनों द्वारा ट्राफी तथा पदक प्राप्त कर सकते हैं। नाटक, संगीत तथा विविध कार्यक्रम जैसे सांस्कृतिक क्रिया कलाप दल को मनोरंजित तो करते ही हैं। साथ में जवानों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए भी द्वार खोलते हैं। भली भाँति आयोजित तथा मनाये जाने पर धार्मिक समारोह ऐसे जवानों को प्रतिष्ठा तथा प्रसन्नता प्रदान करते हैं जिनकी धार्मिक अभि रुचि है। अहमन्यता की मानवीय प्रेरण। को सन्तुष्ट करने हेतु अन्तरंग खेलों के टूर्नामेन्ट, प्रबन्ध-प्रतियोगितायें तथा वाद विवाद इत्यादि योगदान दे सकते हैं।

यह उल्लेखनीय है कि सब व्यक्तियों को एक ही कार्य प्रिय नहीं होता है। कतिपय को खेल मनोरंजन प्रतीत पड़ता है; परन्तु अन्यों को सेवाभार लगता है। इस लिए, यूनिटों में कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होना चाहिए जिससे प्रत्येक जवान को अपने मनोविनोद तथा सम्मान पाने के लिये द्वार खुले रहें। ऐथलेटिक्स, अन्तरंग तथा बहिरंग खेल, साँस्कृतिक तथा धार्मिक संक्रियायें, पुस्तकालय, स्थानीय आनन्द स्थलों पर भ्रमण, पर्यटन तथा सिनेमा का आयोजन वांछनीय है। मानव सन्तुष्टि की भावना को सजन करने के लिए इन क्रियाओं को तनिक ध्यान देने से बिना अत्यधिक व्यय किये आयोजित किया जा सकता है।

परिवारों की परिचर्या—कल्याण का एक अन्य महत्व शाली पग है रोगियों, आहतों तथा जवानों के परिवारों की देखरेख करना। जिनको आवश्यकता है उनको बिना आनाकानी किये उपयुक्त चिकित्सा तथा पथ्य का प्रवन्ध कीजिये । जहाँ स्थितियाँ अनुकूल हों वहाँ जवानों को निज परिवारों को ले आने के लिए प्रोत्साहित कीजिये और उनके लिए कल्याणप्रद कार्य कीजिये। जो जवान बिना आज्ञा के यदि परिवार ले आवें तब सावधानी-पूर्वक उनका ध्यान रखा जाये। निज गृह में अपने सम्बन्धियों तथा पत्तियों के सम्मुख उनमें हीन भावना का समावेश नहीं किया जाये।

सभी पदों के परिवारों के साथ बिना भेदभाव के एक समान व्यवहार किया जाये तथा आदर और विनम्रता दर्शायी जाये।

न्याय का शीघ्र तथा सामायिक पालन होना चाहिए। सच्चा कल्याण तुरन्त निपटारे में है। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि प्राधिकार तथा नियमों के प्रति जवानों की निष्ठा बनी रहे और आवश्यकतानुसार अपराधी को सामायिक दण्ड देना चाहिये; परन्तु वह सत्वर तथा समुपयक्त होना चाहिये। कल्याण के नाम पर लघु अपराधों को भी क्षमा करना निकृष्ट ही नहीं, अपितु आत्मघातक है। यदि न्यायसंगत हो, तब क्षमा भी करनी चाहिए।

जो कल्याण जवानों को अमेक्षित है वही राजपत्रित अधिकारियों को भी प्रयोजनीय है। अति वरिष्ठ तथा प्रकृष्ट अधिकारियों को उनके प्रति भी उतना ही ध्यान देना चाहिए। इससे कनिष्ठ अधिकारी और भी अधिक ओजस्विता तथा प्ररुचि से अपना सेवाभार उठायेंगे जिसके कारण, अपने दायित्व निभाने में अत्यधिक सुधार होगा।

जवानों की परिचर्या ही हमारा परम धर्म है। वे हमारे सर्व प्रथम प्रभार हैं। जन-कल्याण के अर्थ मनोरंजन कक्ष तथा सुविधायें प्रदान करना मात्र नहीं है; किन्तु वह जन- प्रबन्ध के सर्व प्रधान प्रश्न से सम्बन्धित है।



मैं तो चुपचाप गोल-खम्भे की ओर बढ़ गया तथा अन्तिम सीटी के बजने की प्रतीक्षा कर रहा हूं

रेलवीय अपराध

एक गम्भीर तथा विवादात्मक विषय— 1975 के पूर्वार्द्ध में रेलों में अपराधों के समाचार अत्यधिक प्रकाशित होते रहे तथा यात्रीगण अरक्षा एवं प्राकुलता अनुभव करते रहे। दिनांक 2 जनवरी 1975 को श्री ललित नारायण मिश्र, रेल मंत्री की हत्या विहार के समस्तीपुर की राज्य रेल पुलिस के अधिकार-क्षेत्र में कर दी गयी। पूर्वीय उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिमी बंगाल तथा असम रेलों में सशस्त्र लूटपाट तथा डाकों के समाचार छपना सामान्य बात थी। गाड़ियों में महिला-यात्रियों पर अनेक आक्रमणों के कारण पश्चिमी बंगाल में इतना कोलाहल मचा कि राज्य सरकार को यह घोषित करना पड़ा कि कुछ रेलगाड़ियों में सशस्त्र के० रि० पु० दल के अनुरक्षक लगाये गये हैं। ससंद में एतद्विषयक उत्तर में यह बताया गया कि पूर्वीय उत्तर प्रदेश, बिहार तथा पश्चिमी बंगाल में रेलों के अन्दर अपराधों ने भयकंर रूप धारण किया है तथा उन राज्यों के मुख्यमंत्रियों को रेल मंत्रालय ने लिख दिया है।

रेलों में वहन करने वाली सम्पत्ति की चोरी भी कम गम्भीर नहीं है। इस हेतु रेलों से पूरे किये दावे कुछ स्थूल तथा सद्य घोतक हैं यद्यपि यह स्मरण रखना होगा कि अनेकों नागरिक अज्ञानता तथा झंझटों के कारण अपने दावे माँगते ही नहीं हैं। 1938-39 से रुपये का मूल्य अत्यधिक गिर गया है किन्तु फिर भी दावों में अभिवृद्धि अतिशय हुई है :–

1938-39 लगभग 4 लाख रु०।

1950-51 लगभग 400 लाख रु०।

1968-69 लगभग 756 लाख रु०।

1970-71 लगभग 914 लाख रु०।

1973-74 लगभग 1,362 लाख रु०।

प्रायः यही सर्व-सम्मति है कि अपराध की यह मात्रा रेल कर्मचारियों तथा रेल पुलिस दलों की मिलीभगत के बिना कदापि सम्भव नहीं है। 1972 से 1974 तक तीन वर्षों में 453 रेल कर्मचारी तथा 203 रेल रक्षा दल के जवान चोरियों तथा रेल डिब्बों के तोड़ने में अन्तर्ग्रस्त होने के कारण बन्दी बनाये गये। किन्तु ये तो सिन्धु के बिन्दु मात्र थे।

जब कि सर्व-सम्मति यही है कि रेल में अपराधों की स्थिति भयावह है और उसके रोकने के लिये कुछ कार्रवाई शीघ्र करनी चाहिये, इस पर कोई सहमति नहीं हो पायी है कि राज्य पुलिस, राज्य रेल पुलिस रेल रक्षा दल, रेल पुलिस सुरक्षा दल तथा यदा कदा के० रि० पु० दल को इस विषय में क्या भूमिका निभानी चाहिए। एक उपयुक्त समाधान के लिये, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का जानना आवश्यक है।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि-1853 में महाराष्ट्र में बम्बई से थाना तक 21 मील की रेल लार्ड डैलहौजी ने चलाई। तुरन्त रेलतंत्र में विकास हुआ तथा 1864 में रेल के आरक्षण की ओर ध्यान गया। कर्नल पुघे, तत्कालीन बंगाल पुलिस के महानिरीक्षक ने निम्न सुझाव दिये :—

(1) जिले के पुलिसाधीक्षक के अधीन रेल स्टेशनों पर नियमित पुलिस की प्रतिनियुक्ति (डेपूटेशन)

ले० श्री निगमेन्द्र सेन सक्सेना

---

(2) कार्यशालाओं (वर्कशापों) तथा यार्डों (रेल प्रांगणों) की रक्षा के लिये रेलों के नियंत्रण में एक पृथक चौकदारी प्रथा।

इन विभक्त दायित्वों ने मतभेद उत्पन्न किये। 1872 में भारत सरकार ने इस प्रश्न की समीक्षा के लिये एक समिति बिठाई। इसकी रिपोर्ट के आधार पर रेलों तथा राज्य सचिव में एक संविदा हुआ। पुलिस दल की शक्ति निर्धारित करने का अन्तिम अधिकार राज्य सचिव को दिया गया जिसके लिये सरकार 3/10 और रेलें 7/10 व्यय सहन करती थीं। इस समझौता के पश्चात् भी स्थानीय सरकारों तथा रेलों में संघर्ष चलता रहा और इस समस्या से 1902 के पुलिस-आयोग को निपटना पड़ा जिसने तब निम्नलिखित सिफारिशें की :—

(क) रेल-प्रशासन से रेल पुलिस का ग्रन्थि बन्धन तथा उसको अखिल भारतीय दल बनाना उपयुक्त नहीं होगा क्योंकि इसके कारण जिला पुलिस से उसके सम्बन्ध क्षीण हो जायेंगे।



(ख) गुप्तचर विभाग के उपमहानिरीक्षक के अधीन प्रत्येक प्रान्त के लिये एक अलग रेल पुलिस होनी चाहिये।

(ग) रेल पुलिस का प्रमुख कर्त्तव्य न्याय तथा व्यवस्था को देखना था ना कि रेल सम्पत्ति को।

व्यय के विभाजन में प्रतिरोध चलते रहे तथा अप्रेल 1907 में भारत सरकार ने एक रेल पुलिस समिति को इस समस्या को सूलझाने हेतु नियुक्त किया। उस समिति की सिफारिशें ये थीं :—

(क) अधीक्षण-व्यय का अनुपात रेलों के लिये 7/10 से 1/4 घटा दिया जाना चाहिए।

(ख) व्यवस्था-हेतु कर्मचारियों पर व्यय रेलों को ओढ़ना चाहिये जब कि अपराध के कर्मचारियों पर पूर्ण व्यय सरकार को सहन करना चाहिये।

(ग) रक्षी-प्रहरी (वाच एण्ड वार्ड) कर्मचारियों पर समग्र व्यय रेलों को करना चाहिये।

जन-संख्या तथा अपराधों की वृद्धि से निपटने के लिये रेल-पुलिस के विकास में इस अनर्गल प्रणाली ने गंभीर कठिनाइयां उत्पन्न कर दीं। जब व्यय-विभाजन का प्रश्न उठता है, तब रेल मंत्रालय तो राज्य सरकारों के व्यय पर अपराध-कर्मचारियों की संख्या बढ़ाना चाहता है, उधर राज्य सरकारें व्यवस्था-कर्मचारियों की संख्या में अभिवृद्धि रेल मंत्रालय के व्यय पर करना चाहती हैं। फल स्वरूप रेल पुलिस की वर्तमान जनशक्ति प्रस्तुत स्थिति से सुलझाने के लिये नितान्त अपर्याप्त है जब कि विगत पच्चीस वर्षों राज्य पुलिस की अन्य शाखाओं में अन्य धुन्ध वृद्धि हुयी।

राज्य रेल पुलिस :–दोनों 1902-03 भारतीय आयोग तथा 1921 की रेल पुलिस समिति ने रेल पुलिस के लिये "प्रान्तीय पद्धति" लागू करने का सुझाव दिया जिसके अन्तर्गत रेल पुलिस को रेलों की इकाई नहीं बना कर राज्य पुलिस की इकाई बनाना था । यह एक युक्तियुक्त सिद्धान्त पर आधारित था क्योंकि जिला पुलिस का सहयोग आवश्यक था और यह तब तक सम्भव नहीं था जब तक राज्यों में समस्त पुलिस वहां के पुलिस महानिरीक्षक के एकमात्र कमान में नहीं आती । रेल-संगठन तथा अधिकार-क्षेत्र का जहां तक सम्बन्ध है, प्रत्येक राज्य में एक ही प्रकार का प्रमुख ढांचा है, यद्यपि व्यौरों में कुछ विभिन्तायें हैं। उत्तर प्रदेश में समस्त राज्य रेल पुलिस उन पांच अनुभागों के पांच पुलिसाधीक्षकों के साथ एक पुलिस उप महानिरीक्षक के अधीन काम करती है जिनसे रेलमार्ग उत्तर प्रदेश में विभाजित है बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश तथा महाराष्ट्र में केवल दो दो रेल के जिले हैं जब कि छोटे राज्यों में केवल एक राज्य रेल जिला है जिसका अध्यक्ष एक पुलिस सुपरिन्टैण्डेंट (अधीक्षक) है।

अधिकार-क्षेत्र में, राज्य रेल पुलिस केवल उन्हीं अपराधों में हस्तक्षेप करती है जो दो दूरस्थ सिगनलों के मध्य में तथा चलती गाड़ियों में होते हैं; जब कि उन सिगनलों से दूर रेलमार्ग पर होने वाले अपराधों में जिला पुलिस का दायित्व होता है। जिल

दण्डाधिकारी (मैजेस्ट्रेट) का अपने जिले में समग्र रेल-तंत्र पर आधिकार रहता है एक जिले में दण्डाधिकारीय हस्तक्षेप ही चलता है चाहे कोई भी अपराध के खोजने की एजेन्सी हो। जिलों की भाँति राज्य रेल-पुलिस में भी पुलिस थाने होते हैं। प्रत्येक पुलिस थाने का अध्यक्ष थानाधिकारी होता है जिसका मुख्यालय एक बड़े रेल स्टेशन पर होता है।

1940-48 की अवधि में अपर्याप्तता-यह तंत्र, जो सामान्य काल तक में सक्षम नहीं था, 1940-48 की अवधि में उत्पन्न असाधारण स्थिति से निपटाने के लिये तो नितान्त असमर्थ था। संक्षेप में स्थिति अधोलिखित थी :

(1) **द्वितीय विश्व युद्ध में**—भारत में ब्रिटिश शासन की काया पलट हो गई। उनके साम्राज्य का अस्तित्व ही संघातक खतरे में था और निज उत्तर जीवन के संघर्ष में ब्रिटिश प्रशासन पूर्ण रूप से महायुद्ध के प्रयास में संलग्न था तथा एक निष्ठावान सक्षम उत्तम प्रशासन की आवश्यकता उनके ध्येयों में द्वितीय स्थान पर भी नहीं थी।

(2) समस्त भारत में 1940 में कांग्रेस मंत्रिमंडलों के त्यागपत्रों ने ब्रिटिश साम्राज्यवाद तथा राष्ट्रीय दलों में खुला राजनैतिक संघर्ष छेड़ दिया तथा न्याय-व्यवस्था और अपराध-नियंत्रण के क्षेत्र में कितने ही ऐसे अवांछनीय परिणाम उत्पन्न कर दिये :

(क) पुलिस में भ्रष्टाचार बढ़ा, किन्तु जो भ्रष्ट अधिकारी कांग्रेस आन्दोलन को येन् केन् प्रकारेण दमन कर सकते थे उनको सहन ही नहीं किया गया अपितु प्रोत्साहित किया गया ।

(ख) अगस्त 1942 के उपरान्त राष्ट्रीय दलों की गतिविधियां अवैध रहीं। कानून भंग करना गौरव समझा जाने लगा तथा निश्छल न्याय पालन में विकार आ गया ।

(3) मूल्यवृद्धि तथा रेलयातायात की बढ़ोत्तरी ने रेल-चोरियों को खूब धन कमाने का धन्धा बना दिया । बड़े पैमाने पर रेल डिब्बों को तोड़ने-हेतु सुगठित जत्थे बनाने में लाभ हुआ।

(4) रेलों में भ्रष्टाचार बढ़ा तथा अधिकांश रेल कर्मचारियों को उन जत्थों से सांठगाँठ रखने में लाभ दिखाई दिया।

(5) 1945 के अनन्तर लाखों सैनिकों की सेवामुक्ति, अमरीकी, जापानी तथा ब्रिटिश सैन्य दलों द्वारा त्यक्त शस्त्रों एवं गोला बारूदों के भण्डार और बन्दूकों को ले भागने ने भारत के कतिपय भागों में गम्भीर अस्थिरता उत्पन्न करदी। रेल पुलिस को सर्व प्रथम ऐसे रेल चोरों से समाघात करना पड़ा जिन पर आग्नेयास्त्र थे।

(6) 1946-47 के साम्प्रदायिक दंगों ने रेलगाड़ियों तथा रेल स्टेशनों को लूटपाट तथा मारवाड़ का एक सुगम स्थल बना लिया।

(7) विश्व युद्ध के सैन्य दलों के साथ मनोबल के ह्रास ने छलियों, ठगों जालसाजों तथा हत्थकण्डेवाजों इत्यादि की गतिविधियों में अत्यन्त तीव्रता पाई। रेल-तन्त्र ने उनको एक सुयोग दिया तथा राज्य रेल पुलिस जो रेल स्टेशनों पर केवल चोरियों तथा उपद्रबों को रोकने के लिए ही बनी थी इस विभीषिका से निपटने में असमर्थ सिद्ध

हुई।

जब स्वातंत्र्योत्तर काल की उग्र समस्याओं की सुलझाने के पश्चात् भारत सरकार को कुछ श्वास मिली, तब उसने देखा कि रेल-अपराध उसके वश के बाहर हो गये हैं तथा रेलों की क्षतिपूर्ति हेतु 1938-39 के 4 लाख रुपये के स्थान पर 1949-51 में चार करोड़ रु० देना पड़ें। फलस्वरूप, 1954 में मलिक समिति की रिपोर्ट प्रकाश में आई जिसने रेल के रक्षी प्रहरी संगठन के पुनर्गठन पर बल दिया ।

रेल रक्षा दल—परिणाम में, रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स एक्ट (रेल रक्षण दल अधिनियम) 1957 पारित हुआ जिससे रेल रक्षा दल का जन्म हुआ।

(1) इस दल का अध्यक्ष महानिरीक्षक रेल रक्षा दल है जो रेलवे बोर्ड (रेल परिषद) का पदेन निदेशक भी है।

(2) रेल के नौ क्षेत्रों में से प्रत्येक के दल का प्रधानाधिकारी एक पुलिस उप महानिरीक्षक है जो मुख्य सुरक्षा अधिकारी कहलाता है। उसके साहाय्य को सुरक्षा अधिकारी (पुलिस अधीक्षक) तथा सहायक सुरक्षा अधिकारी (पुलिस उपाधीक्षक) होते हैं।

(3) रेल रक्षा सुरक्षण दल (आर० पी० एस० एफ०) नामक उसका सशस्त्र भाग है जिसमें चार कम्पनियों वाली पाठ बटालियनें हैं ।

(4) एक छोटी अभियुक्ति शाखा है तथा एक अग्नि सेवा शाखा है।

1966 के रेल सम्पत्ति (अवैध स्वामित्क) अधिनियम ने रेल रक्षा पुलिस को और भी विविध अधिकार दिये। इस अधिनियम के अनुसार :—

(क) रेल से चुराई समत्ति को रखना एक अपराध है (धारा 3)। मनौनुकूलता भी एक अपराध है (धारा 4)

(ख) इसको प्रमाणित करने का दायित्व कि अभियुक्त ने सम्पत्ति विधिवत् प्राप्त की है अभियुक्त पर ही होता है (धारा 3)

(ग) प्रथम बार अपराध के लिए कम से कम एक वर्ष के कठोर करागार को या 1000 रु० जुर्माने (धारा 3 (क) को 5 वर्ष का दण्ड तथा/अथवा जुर्माने में एक पुराने पापी के लिए बढ़ाया जा सकता है (धारा (ख))।

सेवा की कुछ शर्ते ये हैं—

(क) 1957 के रेल रक्षा दल अधिनियम की धारा 15 के अन्तर्गत, दल के अधिकारी तथा कर्मचारी सदैव सेवारत समझे जाते हैं तथा निरन्तर आठ घन्टे तक बिना कोई ओवरटाइम (अधिसमय), छूट अथवा निवारण के उनसे सेवा ली जा सकती है। उन पर सेवायोजना विनियम लागू नहीं होते तथा उन्हें देश के किसी भाग की रेल पर सेवायुक्त किया जा सकता है ।

(ख) रेल रक्षा दल अधिनियम की धारा 17 के अन्तर्गत, दल का कोई सदस्य यदि कर्त्तव्योल्लंघन, किसी नियम या विनियम की अनवधानता या भीरुता अथवा किसी

वैध आदेशों की अवहेलना को दोषी पाया जाता है, तब उसे दण्ड मिल सकता है।

(ग) उस अधिनियम की धारा 18 के अन्तर्गत, 1922 का पुलिस (असन्तोष हेतु दुरुत्साहन) अधिनियम दल के सदस्यों पर लागू होता है।

इस प्रकार यद्यपि रेल में अराजकता तथा अपराध इतरेतर सम्बन्धित हैं ; किन्तु आज विभागों द्वारा कृत्रिम विभेदों से कुछ इस प्रकार का प्रतिरूप है

(1) रेल सम्पत्ति की चोरी रोकना रेल रक्षा दल का कार्य है।

(2) रेल मार्गों पर, विशेषरूप से पूर्वी भाग में गम्भीर धमकियों से रेल रक्षा सुरक्षा दल को सुलझना पड़ता है।

(3) प्लैटफार्म पर व्यवस्था सरकारी रेल पुलिस की शाखा करती है तथा रेल मन्त्रालय उसका व्यय उठाता है।

(4) रेल परिसरों में या चलती रेलों में अपराधों की खोजबीन राज्य रेल पुलिस की अपराध शाखा करती है जिसका व्यय राज्य सरकारें ओढ़ती हैं। जिलों में थाना पुलिस के अधिकार-क्षेत्र में अधिकतर अपराधी रहते हैं।

इस तन्त्र की दक्षता जांचने के लिए हमें राज्य रेल पुलिस तथा रेल रक्षा दल दोनों के कार्यों का मूल्यांकन करना होगा।

अनेकों कारणों से, राज्य रेल पुलिस की सामान्य क्षमता तथा निष्ठा राज्य पुलिस की अपेक्षा निम्न स्तर की है जिसके कुछ कारण ये हैं

(1) रहने तथा सेवा करने की शर्तें उत्तम नहीं हैं। काम तथा विश्राम के घन्टे अनियमित हैं तथा वातावरण अस्वच्छ एवं अस्वस्थ है।

(2) व्यय के आवंटन पर राज्य सरकारों तथा रेल प्रशासन में अन्तहीन विवाद होने के कारण जिलों के पुलिस थानों की अपेक्षा सरकारी रेल पुलिस थानों में जनशक्ति बहुत कम है। 1972 के प्रारम्भ में महानिरीक्षकों की उपसमिति की रिपोर्ट के 23वें पैरे में रेल पुलिस व्यय को आधा-आधा बाँटने की सिफारिश की गई; परन्तु रेलों ने इस प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया कि राज्य रेल पुलिस में 'व्यवस्था' तथा 'अपराध' की भेदभाव समाप्त होना चाहिये।

(3) अधिकांश राज्यों में, राज्य रेल पुलिस के अपने कोई कर्मचारी नहीं हैं। ये रेंजों से उधार ले लिये जाते हैं; बहुत सी रेंजे तो राज्य रेल पलिस को अवांछनीयों का संग्रहालय मात्र समझती हैं।

(4) राज्य रेल पुलिस तथा जिला पुलिस में बारम्बार मनोमालिन्य रहता है। वास्तव में सभी वे अपराधी जो रेलों पर सक्रिय रहते हैं जिला पुलिस के अधिकार क्षेत्र में रहते हैं। चुराई हुई सम्पत्ति सभी उसी के अधिकार क्षेत्र में निपटाई जाती है। रेल की चुराई सम्पत्ति के बड़े बड़े पाने वाले व्यक्ति पार्ववर्ती नगरों तथा ग्रामों में रहते हैं जिन पर जिला पुलिस कार्रवाई करने से कतराती है।

(5) चलती गाडियों में अपराधों के विषय में, घटना स्थल के छोड़ने में अपराधियों

की सपादेता तथा चोरियों की बड़ी दूरियां उनकी छानबीन में यथार्थ कठिनायां उत्पन्न करती हैं।

रेल रक्षा दल की असन्तुष्ट क्षमता के ये कारण हैं:—

(1) जब कि इस दल का ध्येय रेल सम्पत्ति की रक्षा तथा सुरक्षा का संगठन बनना है, इसका एक पुलिस दल की भाँति विकास हुआ है। हड़ताल, बन्ध, भाषा सम्बन्धी आन्दोलन इत्यादि जैसे आपात्कालों में, रेल प्रतिष्ठानों की रक्षा तथा व्यवस्था बनाये रखने के लिए राज्य पुलिस दलों के सहयोग के लिए रेल रक्षा दल को बारम्बार अपने कर्त्तव्यों से तिलांजलि दिला कर बुलाना पड़ता है।

(2) दल की अपनी कोई परम्परायें नहीं हैं जिसके कारण संगठन में स्वाभिमान तथा वृन्दभावना का अभाव है।

(3) अपनी ठीक ठीक प्रक्रियाओं तथा रीतियों के संहिता-बद्ध होने के कारण रेलों का एक अत्यन्त जटिल संगठन है। कतिपय रेल रक्षा दल के अधिकारी निज संगठन तथा उसकी प्रक्रियाओं से अविज्ञ हैं तथा निज अधीनस्थों को समुचित निदेशन देने अथवा उनके कार्य की उपयुक्तिता निश्चित करने की उनसे कोई आशा नहीं की जा सकती।

(4) रेल रक्षा दल में वरिष्ठ अधिकारियों का अत्यन्त छोटा सम्वर्ग है। 1000 अधीनस्थों से अधिक के मण्डलों में एक सुरक्षा अधिकारी तथा एक सहायक सुरक्षा अधिकारी केवल नियन्त्रण तथा अधीक्षण के लिए नियुक्त हैं। जवानों के विस्तृत फैलाव की दृष्टि में रखते हुए निदेशन तथा निरीक्षण की निरन्तर आवश्यकता है जिसके लिए जन शक्ति नितान्त कम है।

(5) इन्स्पेक्टरों के स्तर पर नियन्त्रण भी ढीला है; अपराधियों के साथ जवानों का मौनानुमोदन तथा गठ-बन्धन रहता है।

(6) कल्याणकारी कार्यों के रूप में एक ओर तो दल के सदस्यों को सेवा संघ बनाने की छूट दे दी गई है तथा दूसरी ओर अनुशासन रखने के लिए पर्याप्त आयन्त्रण नहीं लगाये गये हैं। फलस्वरूप, कुछ रेलों में इन संघों में ट्रेड यूनियन (कार्मिक संघ) की भावना पाई जा रही है तथा अधिकारियों की खुली आलोचना, पैम्फलेटों का निकालना नारे लगाना तथा अन्य ऐसे ही दुष्कार्यों में वे प्रवृत्त रहते हैं। उन पर 'पुलिसजन (अधिकार आयन्त्रण) अधिनियम' 1966 तक लागू नहीं होता। रेल रक्षा दल अधिनियम के अपराधों में सैन्य-द्रोह, घोर अनुशासनहीनता, वरिष्ठ अधिकारियों तथा कर्मचारियों के विरुद्ध शारीरिक बल का प्रयोग जैसे गम्भीर अनुशासन-भंगों की गणना नहीं होती है। रेल रक्षा दल में चोरी तथा अपाहरण के अपराधी-सदस्यों को कठोर दण्ड की कोई व्यवस्था नहीं है।

कृत्रिम सीमाओं के परिणाम-अपराध नियन्त्रण के दृष्टिकोण से, उपर्युक्त कृत्रिम प्रतिरूप अक्षम तथा मूर्खतापूर्ण है क्योंकि अपराधी तथा अराजक तत्वों ने स्वयं को अलग तथा विशेष वृन्दों में विभक्त नहीं किया है। आज जो रेल डिब्बों को तोड़ने वाला

रेल रक्षा दल के अधिकार क्षेत्र में आता है वही कल चलती गाड़ी में अपराध करने पर राज्य रेलपुलिस के अधिकार क्षेत्र में स्वयं को पाता है। यही एक कारण है कि अपराधियों के अभिलेख इतने क्षीण हैं कि रेलों में कानून के अन्तर्गत दूसरी बार अपराध करने पर अपेक्षाकृत कठोर दण्ड देने का विधान विफल रहता है।

रेल रक्षा दल तथा राज्य रेल पुलिस में यह कृत्रिम लक्ष्मण-रेखा भ्रष्ट कर्मचारियों को वरदान सिद्ध हुई जो दूसरे के अधिकार क्षेत्र में अपराधियों से सांठगांठ रखते हैं तथा अपराध करने को उन्हें उत्प्रेरित करते हैं। यही रेल रक्षा तथा राज्य पुलिस दल में झगड़े का कारण है। विधि तथा संविधान सम्बन्धी कठिनाइयों के कारण, दोनों दलों में सहकार्य तथा संयुक्त दायित्व के लागू करने के हेतु कोई एकीकृत कमान नहीं है।

रेलों को ठगने की कूट विधियाँ इतनी अधिक तथा सामान्य हो गई हैं कि अब यह कथन असंगत होगा कि रेल रक्षा दल को सक्षम तथा निष्ठावान बनाने से ही रेलों की क्षतिपूर्ति शून्य हो जायेगी। अनुभवी अधिकारियों की यह धारणा है कि पूरे बण्डलों । गठरियों की क्षति इतनी अधिक होती है कि वह दावों के एक तिहाई भाग तक पहुंच जाती है। यह क्षति प्रायः सब क्रमवद्ध कपटकाट से होती है। कुछ विशिष्ट दृष्टान्त नीचे दिये जाते हैं--

(1) मिथ्याघोषण-भेजने वाले स्टेशनों पर कुछ व्यक्ति बहुमूल्य वस्तुओं को सस्ती तथा व्यर्थ वस्तुयें बताकर रेल की रसीद कटवा लेते हैं। यह इसलिये करते हैं कि रेल प्रशासन को झूठेदावों से ठगना चाहते हैं तथा कुछ मामलों में कम भाड़े की दर दिखाकर लाभ कमाते हैं अथवा वैध आयन्त्रणों के कारण प्रतिषिद्ध वस्तुओं को ठग कर अग्रेषित करते हैं।

(2) बिना किसी वस्तु के रेल रसीद काटना-ऐसे उदाहरण देखे गये हैं कि रेल कर्मचारियों ने किसी पार्टी को बैंक अग्रिम-राशि दिलाने या कोई और बण्डल या थोड़ा माल धोखे धड़ी से भेजने पर झूठी रसीदें काटी हैं।

(3) धोखे से गलत स्थान भेजना-यह या तो भेजने अथवा पारवहन मार्ग में बदली के स्थान पर होता है।

(4) धोखे से दूसरे स्थल भेजना-छोटे वण्डलों में यह पारगमन (ट्रांजिट) शेडों में तथा पूरे रेल डिब्बों में यह यार्डों (रेल प्रागणों) में होता है । उन रेल डिब्बों की सीलें (जिनमें बण्डल झूठमूठ रखे दिखाये जाते हैं) या तो प्रारम्भ से ही त्रुटिपूर्ण रखी जाती हैं अथवा किसी विशेष ट्रांजिट शेड से घटनाग्रस्त गाड़ी के चलने के उपरान्त तोड़ दी जाती हैं जिससे चलती गाड़ी में चोरी के परिणामस्वरूप ये क्षतियां दर्शायीं जायें। पूरे रेल-डिब्बों में उनकी पर्चियाँ (लेविल) तथा (मुहरें) भेजने वाले यार्डों(प्रांगणों) में बदली जाती हैं जिससे सम्बद्ध डिब्बों अपने पहचान-चित्र खो बैठें । फलस्वरूप, उन डिब्बों की वस्तु झूठी रेल रसीदों पर निकाल ली जाती हैं तथा हडप कर ली जाती हैं।

(5) हेरा-फेरी-ब्रेक-वैनों में, पारगमन (ट्रांजिट) स्थानों में तथा गन्तव्य स्टेशनों पर बहुमूल्यों वस्तुओं के बण्डल व्यर्थ या सस्ती वस्तुओं से बदले जाते हैं। इनमें रेल-कर्मचारियों की मिलीभगत निर्विवाद पायी जाती हैं ।

(6) रेल-कर्मचारियों द्वारा जान बूझ कर रेल डिब्बों में अधिक बण्डलों का भरना चाहे पारसल हों अथवा अन्य माल रेल-डिब्बों में निर्दिष्ट भार से अधिक भरना उन बड़े स्टेशनों तथा पारवहन (ट्रॉंजिट) स्थानों पर होता है जहाँ उपयुक्त लेखा-जोखा नहीं रक्खा जाता। अपेक्षित बण्डलों से अधिक संख्या रेल-कर्मचारी जान बूझ कर रेल-डिब्बों में भरते हैं। अधिक भरे बण्डल उन स्टेशनों से भिन्न स्टेशनों के लिये रक्खे जाते है जिनके लिये डिब्बा वास्तव में भरा गया है।

(7) बण्डलों का विनमय-यथार्थ बण्डलों की नकली बण्डलों से बदली भेजने के स्टेशन से लेकर गंतव्य स्टेशन तक कहीं पर यह विनमय हो सकता है।

(8) वितरण करते समय अनुचित विवरण-गन्तव्य स्टेशनों पर रेल कर्मचारी व्यापारियों से सांठगाँठ करके वितरण पुस्तक में गलत तथा बढ़ा-चढ़ा कर कमी के विवरण स्वीकार कर लेते हैं, जिसके फलस्वरूप व्यापारी उस कमी की पूर्ति के लिये झूठे दावे रेल पर ठोक सकें।

(9) झूठी रेल-रसीदों का वितरण- ऐसे कई दृष्टान्त सम्मुख आये हैं, जिनमें झूठी रेल-रसीदें दिखा कर ठग-व्यापारी बण्डलों को ले गये हैं। यह कभी तो रेल कर्मचारियों के मौन अनुमोदन से और कभी उन्हें मूर्ख बना कर हुआ है। ऐसी घटनायें या तो सही गन्तव्य स्टेशनों पर अथवा उन स्टेशनों पर होती हैं जहाँ धोखा देकर उक्त बण्डलों को अन्यत्र भेजने को निकाल लिया जाता है।

(10) रेल-डिब्बों का विनमय-रेल कर्मचारियों की मौन अनुमति से यदा-कदा ठग व्यापारी निम्न कोटि के कोयले ईंधन-लकड़ी लोहा तथा इस्पात आदि के भरे रेल डिब्बों की अदला बदली उसी प्रकार के उत्तम कोटि के भरे रेल डिब्बों से कर देते हैं तथा उनके नामपत्र (लेविल) हटा कर उन्हें असम्बद्ध कर देते हैं। ऐसी हेरा-फेरा का फल यह निकलता है कि कुछ व्यापारी तो अनुचित लाभ उठा लेते हैं और दूसरे रेल-प्रशासन पर भारी दावे ठोक देते हैं।

(11) रेल-रसीदों को बिना दिये बण्डलों को उठा ले जाना-कुछ महत्त्वशाली गन्तव्य स्टेशनों पर, प्रापक व्यापारी बिना रेल रसीदें दिये बहुधा माल उठा ले जाते हैं या पूरा माल रसीदें देकर उठा ले जाने पर बाद को रेल कर्मचारियों की मौन अनुमति से छलपूर्वक कुछ कमियाँ दर्शाते हैं। कुछ प्रकरणों में, रेल-रसीदों पर रेल कर्मचारी बदले हुये बण्डलों तथा गेट-पासों (पारपत्रों) की अनुमति दे देते हैं और दूसरे बण्डलों को उठा ले जाने पर व्यापारियों को रेलों पर झूठे दावे ठोकने के लिये गेटपासों को उन्हें फिर पकड़ा देते हैं।

(12) बण्डलों पर कम या अधिक चार्ज करना-कुछ प्रकरणों में रेल कर्मचारी बाहर जाने वाले माल का कम भार व्यापारियों को कम भाड़ा दिलाने के लिये दिखाते हैं, तथा दूसरे प्रकरणों में, वे अधिक भार व्यापारियों को झूठे दावे करने लिये दिखाते हैं।

रेल चोरियों में एक अन्य बात जो रेल-रक्षा दल के वश की बात नहीं है वह है टोलियों द्वारा उठाईगिरी करना जिनका एक व्यापक क्षेत्र है। ये टोलियाँ सुगठित धनी

प्रभावशाली तथा विविध संघों से सम्बन्ध रखती हैं। संगठन का केन्द्र उठाईगीरी के स्थल से सहस्रों मील दूर हो सकता है। ऐसे प्रकरणों से सक्षम तथा सब महत्त्वपूर्ण रेल-केन्द्रों पर शाखा रखने वाले केन्द्रीकृत गुप्तचर विभाग ही सुलझ सकता है ।

अपराध-नियंत्रण हेतु प्रतिकूल कारण-

अपराध-नियंत्रण के हेतु प्रतिकूल कारण ये हैं -

(1) राज्य रेल पुलिस के मनोबल तथा निष्ठा में कमी।

(2) रेल रक्षा दल में भी वैसी ही हीन दशा।

(3) रेल प्रशासन में निम्न वर्गों में भ्रष्टाचार ।

(4) राज्य रेल पुलिस तथा रेल-रक्षा दल को एकीकृत कमान के नीचे लाने में विधि तथा संविधान सम्बन्धी कठिनाइयाँ।

(5) श्वेत वस्त्रधारी कर्मचारियों की कूट ठगन-विद्या।

उपचार-निम्नलिखित नीतियों द्वारा इतना उपचार हो सकता है :--

रेल-रक्षा दल का निम्नध्येयों के हेतु पूर्णरूपेण पुनर्गठन करना होगा :-

(1) अवांछनीय तत्वों की छँटनी करना; कुछैक तो रेलों में अपने मौलिक पदों पर लौटाये जा सकते हैं।

(2) अधिकारियों की संख्या तथा दक्षता में वृद्धि ।

(3) छँटनी के अनन्तर उत्तम तत्त्वों के पदोन्नति, वेतनमान आदि में सुधार ।

(4) उनको उच्चस्तर का प्रशिक्षण।

(5) दल से अनधिकृत सेवायें करवाने की समाप्ति तथा रेल सम्पत्ति की रक्षा के एकमात्र अपने कर्त्तव्य पर एकाग्रता ।

(6) जवानों की बटालियनें बनाना तथा प्रत्येक बटालियन को दो तीन वर्ष में स्थानान्तरण करना जिससे जवान कठोर अनुशासन में रहें तथा कोई स्थानीय जड़ें नहीं पकड़ें।

सभी रिपोर्ट किये गये अपराधों की पूर्णरूप में प्रविष्ट करने की धार्मिक प्रेरणा होनी चाहिये । इससे अपराधों की संख्या चौगुनी पाँचगुनी बढ़ सकती है, परन्तु इससे ही पता लगाना तथा दायित्व निश्चय करना सुगम हो सकेगा। आजकल कम माल की सूची बनाने पर सप्ताह या पक्ष में केवल एक बार कई चोरियों की रिपोर्टें लिखी जाती हैं।

प्रदेशों में राज्य रेल पुलिस की जन शक्ति अत्यधिक बढ़ानी चाहिये। अधिकांश अपराध स्थानीय रूप के होते हैं तथा कोई दूर से कार्य करने वाली केन्द्रीकृत एजेन्सी अपराधों को सन्तोषजनक नहीं सुलझा सकती । रेलों को 50 प्रतिशत व्यय उठाना चाहिए; परन्तु किसी समझौते पर रेल-प्रशासन को यह सुनिश्चित करने के लिये कुछ अधिकार दिये जाने चाहिये कि राज्य पुलिस के निषिद्ध व्यक्ति राज्य रेल पुलिस में

नहीं भेजे जायें। पुलिस उपमहानिरीक्षक, पुलिसाधीक्षक, उप पुलिसाधीक्षक, इन्सपेक्टर, सबइंसपेक्टर जैसे अधिकारियों के चयन एवं स्थिर रखने में तो यह विशेषतया आवश्यक है।

अन्तर्राज्य तथा विशिष्ट अपराधों को निपटने के लिये केन्द्रीय गुप्तचर्या विभाग की भाँति एक अखिल भारतीय जाँच निकाय होना चाहिये। धोखे के कई प्रकरणों में छानबीन के लिये विपुल क्षेत्र तथा दीर्घकाल अपेक्षित होता है। उस निकाय पर पूर्ण अभिलेख तथा विवरण-पंजिकायें सभी रेल अभियुक्तों की होनी चाहिये जिससे कानून के अनुसार अधिक दण्ड के योग्य पुराना अपराधी उक्त दण्ड से बच नहीं जाये । यह सुनिश्चित करना होगा कि पुराने दण्डों को बिना लिखे कोई आरोप-पत्र न्यायालय में नहीं भेजा जाये।

रेल-रक्षा दल के सहित सभी रेल कर्मचारियों के भ्रष्टाचार तथा अपराधात्मक गठबन्धनों से सुलझने के लिये एक सशक्त अर्द्ध स्वायत्त सतर्क निकाय रेलवे बोर्ड के अधीन तो नहीं किन्तु उससे संलग्न होना चाहिये । उसका अध्यक्ष रेलवे बोर्ड का कोई सदस्य होना चाहिये; परन्तु उसे रेलवे बोर्ड पर किसी भाँति भी आश्रित नहीं होना चाहिये।

निष्कर्ष-संक्षेप में, रेल-अपराध की समस्या बहुमुखी है और उसे एक पक्षीय दृष्टिकोण से नहीं सुलझाया जा सकता। रेल रक्षा दल की दक्षता बढ़ाना, राज्य रेल पुलिस को दृढ़ तथा दक्ष बनाना, तथा एक केन्द्रीकृत गुप्तचर्या अभिकरण एवं एक सामान्य भ्रष्टाचार विरोधी आन्दोलन सभी रेलों के लिये परमावश्यक हैं।

पहेलियाँ

परामर्श में को सखा,
सेवा में को दास ।
अन्न खिलावे को हमें,
रति सम करे विलास ॥1॥
तीन वर्ण का एक प्रसून,
अन्त कटे तब होता न्यून ।
आदि कटे विष्ठा हो जाता,
मध्य तो कल कहलाता ॥2॥
सब प्राणी में मैं बड़ा,
दो अक्षर का नाम ।
उल्टा हूँ मैं झुक रहा,
करता मनो प्रणाम ॥3॥

मैं एकाकी बत्तीस भ्रात,
करूं प्रेम सबसे यक भांत ।
तनिक जाय हो मुझसे चूक,
सभी करें वे मेरे टूक ॥4॥
उत्तर--(1) पत्नी, (2) कमल, (3) तन, (4) जीभ ।

क्रीड़ा क्षेत्रे

अन्तर रेन्ज टूर्नामेंट-हाकी में अजमेर की भव्य विजय


तैराकी-मेयो कालेज के तरण-ताल में ग्रुप केन्द्र I अजमेर द्वारा के० रि० पु० दल की 1975 वाली अन्तर रेञ्ज तैराकी प्रतियोगिता आयोजित की गई। दस टीमों ने भाग लिया।

नीमच रेंज विजयी रही। अखिल भारतीय पुलिस एकैटिक (जलीय) मीट के लिए, के० रि० पु० दल का प्रतिनिधित्व करने को निम्नलिखित तैराकों का चयन किया गया है:--

सू० हनुमानसिंह (र० प्र० केन्द्र I) मुख्य शिक्षक, जमा० आनन्द सिंह (53 बटा०) तथा जमा० टी० वी० नायर (28 बटा०); हे० कां० वी० बी० पुनप्पन (33 बटा०) शिक्षक; ढाकासिंह (45 बटा०) तथा एस० एन० भास्कर (35 बटा०); ना० वुधन प्रसाद (32 बटा०) तथा डी० क्लीमेंट (र० प्र० केन्द्र III) लां० ना० पी० पी० नायर (48 बटा०) बी० एस० नायर (48 बटा०), एन० आर० पिल्ले (51 बटा०) पीताम्बर वास (48 बटा०), रणजीतसिंह (33 बटा०) कपूरसिंह (7 बटा०) राधाबल्लभ (53 बटा०), वी० एम० ए० नायर (60 बटा०) तथा एस० बी थापा (5 बटा०) कां० के० जे० जोजेफ (37 बटा०) दलीपसिंह (41 बटा०) थम्पन (19 बटा०) और सुभाषचन्द (49 बटा०)

गोतेमारी में, अजमेर रेंज ने प्रथम स्थान पाया। गौहाटी रेंज का जमा०

आनन्दसिंह को सर्वोत्तम गोतेमार घोषित किया गया तथा नीमच रेंज का ला० ना० पी० पी० नायर उस प्रतियोगिता का सर्व प्रकार से सर्वोत्कृष्ट तैराक निर्णीत हुआ।



सर्वोत्तम तैराक पी. पी. नायर

हाकी--दिनांक 18 जून से 30 जून 1975 तक 9 वीं अन्तर रेंज हाकी टूर्नामेन्ट ग्रुप केन्द्र रामपुर द्वारा आयोजित किया गया। यह लीग तथा नाक आउट प्रणाली पर खेला गया।

'क' निकाय में अजमेर अग्रणी तथा श्रीनगर द्वितीय स्थान पर रहा। 'ख' निकाय में गौहाटी अग्रणी तथा पटना द्वितीय स्थान पर रहा।

दो अर्द्ध-फाइनल 26 जून 75 को नाक-आउट पद्धति पर खेले गये । प्रथम खेल अजमेर तथा पटना के बीच खेला गया जिसमें पटना 4-0 से परास्त हुआ। गौहाटी तथा श्रीनगर में दूसरा अर्द्धफाइनल भलीभाँति खेला गया । यद्यपि गौहाटी टीम की 'फारवर्ड' (अग्रिम) खिलाड़ियों की पंक्ति उत्तम भी थी, तद्यपि ठोस अनुमव एवं प्रतिरक्षा के कारण श्रीनगर ने 1-0 से बाजीमारी। दोनों टीमों में कुछेक 'सेन्ट्ल' खिलाड़ी थे। पटना तथा गौहाटी में 'हार्ड लाइन' खेल हुआ । गौहाटी 5-1 से विजयी हुआ। टूर्नामेंट में उसने तृतीय स्थान पाया।

फाइनल (अन्तिम) खेल अजमेर तथा श्रीनगर रेंजों में 27 जून 75 को खेला गया। टूर्नामेंट का यही सर्वोत्तम खेल था। यद्यपि अजमेर रेंज ने मध्यांतर से पूर्व दो गोल चढ़ा कर अपनी उत्कृष्टता दिखायी; परन्तु श्रीनगर रेंज ने दूसरे अर्द्धकाल में निज प्रयासों से उन्हें उतार दिया।

दिनांक 30 जून 75 को फिर 'फाइनल' खेला गया। इस बार अजमेर ने अकेले गोल से जीत कर ट्राफी प्राप्त की।

केन्द्रीय हाकी की सर्वोत्तम टीम के लिए खिलाड़ियों के ये नाम हैं:--

इन्सपेक्टर एस० एस० मान (अजमेर रेंज) शिक्षक; स० इ० रूपासिंह (अ० रे०) एस० एस० सक्सेना (श्रीनगर रे०) वी० एस० मान (श्रीनगर रे०) तथा ज़ाविद अली (अ० रे०); हे० कां० राम निवास (दिल्ली रे०), ना० एस० तौम्नो (श्रीनगर रे०); सुशील तोतो (गौहाटी रे०) तथा एस इक्का (गौहाटी रे०), लां० ना० प्रकाश बाड़ा (गौहाटी रे०), हवील कुजुर (अ० रे०) तथा विमल मिंज (श्रीनगर रे०); कां० प्रमोद कुमार (श्रीनगर रे०), ए० बरला (अ० रे०); मनोहर टिग्गा (अ० रे०) तथा अब्दुल हमीद (हैदराबाद रे०)।

केन्द्रीय हाकी टीम को श्रीनगर में विजय

श्रीनगर में जुलाई 1975 में अखिल भारतीय स्वर्गीय हरी बजीर हाकी टूर्नामेंट खेला गया। के० रि० पु० दल की केन्द्रीय हाकी टीम ने उसमें भाग लिया तथा सेना को 4-0 से परास्त कर अन्तिम (फाइनल) खेल जीता

जम्मू तथा कश्मीर राज्य के मुख्य मन्त्री ने हमारी टीम को ट्राफी प्रदान की।



श्रीमती पी. सी. जोशी से अन्तर रेन्ज ट्राफी प्राप्ति-कर्त्ता श्री पी. एन के बडथवाल

स्वास्थ्य-सन्देश

क्या मृदु पेय स्वास्थ्य-प्रद हैं ?

एक तृषित तथा तृषा-क्लान्त प्राणी को शक्ति से भरपूर एक बुदबुदाते हिम-शीतल पेय के अतिरिक्त अन्य कौन वस्तु मुख में पानी ला सकती है ?

जब ठण्डे-ठण्डे फेन तनिक सी भी स्निग्धता बिना बढ़ाये शीतलता तथा शान्ति प्रदान करते हैं, तब तो पीने का प्रलोभन रोके नहीं रुकता है। वास्तव में, वह निम्न-कैलोरी वाला शान्तिप्रद पेय ही पित्त-स्वभाव वाले व्यक्ति को आदर्शपान है। कोई आश्चर्य नहीं कि मृदु पेयों की बिक्री नित्य-प्रति बढ़ती जा रही है।

कितनी ही ममतामयी माताओं का यह कथन है कि "मेरी सन्तान को केवल वे ही अच्छे लगते हैं।" गृह के फ्रिज में रखे "अमृत" से भरे डालों से कोई प्यासा बच्चा किसी भी समय रंगीन सुगन्धपूर्ण घूंटों से तृषा बुझाने की चेष्टा करता है। चाहें बालकों का हो अथवा युवकों का, कोई भी स्वागत-समारोह या प्रीति-भोज इन 'सदैव सेवा को प्रस्तुत' उत्तम पेयों के बिना सम्पन्न नहीं होता है। जब प्रत्येक स्वाद के लिए इनमें अनुकूल रंग तथा सुगन्ध पड़ी होती हैं तथा जब सभी उपयुक्त कोनों - पर उनके नयनाभिराम विज्ञापन छटा दर्शा रहे होते हैं, तब शीतल पेयों के उपभोग में वृद्धि होनी ही हुयी। किन्तु क्या यह प्रवृत्ति स्वास्थ्य-प्रद है ? यही आज का लाख रुपये का प्रश्न है।

न्यूयार्क में 1960 में कुपोषण तथा भोजन प्रवृत्तियों पर आयोजित एक अन्तर्राष्ट्रीय तथा अन्तर्व्यवसायी सम्मेलन में एक पोषाहार विशेषज्ञ डाक्टर एफ० डी० साई ने यह सूचित किया था कि 'मैंने गातेमाला में एक ऐसी गर्भवती स्त्री को देखा था जो कुपोषित हो गई थी क्योंकि उसका भोजन ही मुख्यत: शीतल पेय था। इसी प्रकार बालकों के साथ भी हो सकता है, तथा पश्चिमी अफ्रीका में तो ऐसा हमने देखना प्रारम्भ भी कर दिया है।"

उसी सम्मेलन में भाग लेने वाले एक अन्य डाक्टर एन० एस० स्क्रिमशा को भी यह अभिव्यक्त करना पड़ा था कि "हमारे पास ऐसे मामले आये हैं जहाँ माता ने शीतल पेय के लिये अण्डों का विनमय किया है और शिशु कवास्टरकर से ग्रस्त हो गया है" (जो शिशुओं में कुपोषण का एक गम्भीर रोग होता है।) किन्तु क्या हमें अत्यधिक शीतल पेयों से उत्पन्न पोषण विकारों को देखने के लिये गातेमाला या पश्चिम अफ्रीका को जाना वस्तुतः आवश्यक है ? ये तो भारत में भी देखे जा सकते हैं।

शीतल पेय किस प्रकार पोषण-सम्बन्धी अपूर्णता के उत्तरदायी हैं ? इस प्रश्न का उत्तर सरल है। किसी भी शीतल पेय में कैलौरी के अतिरिक्त, पोषक-तत्त्व शून्य के तुल्य हैं। कैलोरियां पेय में परिष्कृत चीनी से प्राप्त होती हैं; किन्तु जब "चमत्कारी मधुर कर्त्ता" सैकेरीन चीनी का स्थान ले लेता है तब पेयों का पोषण-मूल्य पूर्ण शून्य हो जाता है; और हानि की सम्भावनाएं बढ़ जाती हैं।

'इन्सूलेन' के सह-आविष्कारक डाक्टर चार्ल्स बेस्ट की धारणा है कि मृदु तथा कठोर पेय दोनों से एक ही समस्या उत्पन्न होती है । इनका अत्यधिक पान कोई पोषक पदार्थ नहीं देकर केवल प्रोटीन की न्यूनता उत्पन्न करता है तथा पोषक आहारों के लिए भूख मार देता है । यदि शरीर को दीर्घकाल तक प्रोटीन नहीं मिले तब यकृत (जिगर) रोग हो जाता है। उन वयस्कों में जो शीतल पेय तथा मदिरापान अत्यधिक मात्रा में करते हैं, यकृत में नारंगरुजा (सिरहोसिस) पाया गया है । अपेक्षाकृत पौष्टिक भोजनों को छोड़ कर, मृदु पेयों जैसे अन्नमूल्यों की कमी वाले पदार्थों के अत्यन्त उपभोग के फल स्वरूप यह ऐसा होता है । शीतल पेय आहार में पौष्टिक तत्त्व हटा सकते क्या हटाते ही हैं । जो धन पौष्टिक दुग्ध, शाक-सब्जी फल अण्डों, माँस तथा अन्नों में लगाना चाहिये वह मृदु पेयों में व्यर्थ नष्ट किया जाता है। जब तक कोई व्यक्ति इन पेयों का उपभोग चालू रखेगा वह कभी स्वस्थ नहीं हो सकता।

ले० थन्कम्मा जैकब

जहाँ पोषक आहारों की नित्यप्रति की आवश्यकताओं की अपेक्षा मृदु पेयों पर अधिक धन व्यय किया जाता है वहाँ परिणाम केवल कुपोषण होता है; जहाँ बजट दोनों पर व्यय करने की अनुमति देता है वहाँ मोटापा आता है। जब तक कि चीनी के स्थान पर कृत्रिम मधुर कर्त्ता को नहीं मिलाया जाये मृदु पेय की प्रत्येक आठ औंस की बोतल में लगभग पांच चम्मच चीनी होती है।

चीनी के अतिरिक्त, एक मृदु पेय में अन्य क्या होता है ? अम्ल (ऐसिड) निश्चय ही-- साधारणतः फास्फोरिक (भास्विक) अथवा साइट्रिक (निम्वविक) । ये दोनों दाँतों के इनैमेल (आकाच) पर दुष्प्रभाव डालते हैं तथा साथ में उदर में अत्यधिक अम्लता (एसिडिटी) उत्पन्न करते हैं जो पाचन-क्रिया में हस्तक्षेप कर भूख कम देती है। निम्वुविक फलों में स्थित मृदुल अम्ल (ऐसिड) दन्तवल्क को उड़ा देती है तथा मृदु पेयों में अपेक्षाकृत अधिक शक्तिशाली अम्ल द्वारा तो उस का उड़ना और भी तीव्रगति से होगा है।

यह क्षति यहीं नहीं रुकती । मुख असंख्य अणुदन्तदों (माक्रो आरगैनिज्म) का प्राकृतिक वास है। ये जीवाणु मृदु पेय की चीनी पर तुरन्त क्रिया करते हैं; तथा अम्ल पर अम्ल उत्पन्न किये जाते हैं। क्योंकि ये पेय भोजनों के मध्य में वहुधा पिये जाते हैं, शाकाणुओं (वैकटीरिया) को क्रियान्वित रखने के लिये मुख में चीनी के रहने की अत्यधिक सम्भावना होती है। जब दिन में यह पान बारम्बार होता है (अर्थात् जब कई बार पेय पान किये जाते हैं) तब दन्त-क्षय तीक्ष्ण गति से होता है । मृदु पेयों और मुख्यकर के (कोका) कोलों में उपस्थित (भास्विक) फासफोरिक तथा अन्य अम्लों के एकत्रीकरण में दन्तवल्क को नष्ट करने के दुर्गुण के लिये पर्याप्त प्रमाण हैं। उपभोक्ता को पेय का खट्टा स्वाद नहीं लगता क्योंकि अत्यधिक चीनी की मधुरता उसको दबाः देती है।

इन पेयों की अम्लता पर ध्यान सर्वप्रथम तब आकृष्ट हुआ जब द्वितीय विश्व युद्ध में डाक्टर क्लाइव मकै तथा उनके सहयोगियों ने अमेरिका नाविक अनुसंधान संस्थान में यह देखा कि मनुष्य का टूटा दाँत जब दो दिन शीतल पेयों में रखा गया तब उसके आकाच का कैल्सियम (चूर्णातु) बहुत नष्ट हो गया है। यह प्रयोग इस निरीक्षण के कारण हुआ था कि नौसैनिक अपनी भोजन-वृत्तिका का अत्यधिक अंश कोला पेयों पर व्यय कर डालते थे।

यह जानने के लिये कि मृदु पेय पशुओं के दन्त वल्कों (इनैमेल) पर भी कोई दुष्प्रभाव डालते हैं, चूहों, कुत्तों तथा बन्दरों पर 1943 से 1950 तक परीक्षण किये गये तथा परिणाम तो और भी नाटकीय रहे। जब खाये पिये चूहों को छै मास तक केवल कोला पेय ही पान करने को दिये गये, उनके मोलर (चर्वणक) दान्त मसूढ़ों तक ही केवल रह गये। यह क्षति इतनी गंभीर थी कि चूहे साधारणत: कुछ खा तक नहीं सकते थे और परीक्षणों को रोकना पडा था।

इनके परिणाम इतने स्पष्ट है कि प्रत्येक व्यक्ति देख सकता है। कुछ किशोर तो पानी के स्थान पर, इन उत्तम पेयों को ही पीना पसन्द करते हैं। फिर तरुण नियमित भोजन, के स्थान पर जलपान पर जोर अधिक रखते हैं, वे उतने सुपोषित भी नहीं होते हैं जितने वे परीक्षित चूहे थे।

फासफोरिक (भास्विक) अम्ल में फारफोरस (भास्वर) होता है जिसकी अत्यधिकता शरीर के कैलसियम(चूर्णातु) तथा फासफोरस (भास्वर) के सन्तुलन को बिगाड़ देती है । सूखे रोग से ग्रस्त शिशुओं में यह और भी महत्त्वपूर्ण है । साथ ही, सुन्दर स्वास्थ्य का अपरिहार्य तत्त्व जो लोहा है उसको पचाने में भी फास्फेट (भास्वीय) बाधक होता है।

यह केवल अर्द्ध कथा है। अम्ल, चीनी तथा जल ही केवल मृदु पेयों में अंग नहीं हैं। उनसे अन्य और भी तत्व आपत्तिजनक हैं। उदहरणार्थ, कोला पेयों में एक स्वभाव डालने वाली वस्तु कैफीन होती है जो युवकों तक की भूख मार देती है। यह बालकों के लिये तो अत्यन्त अवांछनीय है तथा इसे विडम्वना ही कह सकते हैं कि जो माता-पिता बालकों को काफी तथा चाय पीने को मनाह करते हैं मृदु पेयों को देने से उन्हें सुरक्षित अनुभव करते हैं।

वैक्टीरिया, फलमक्खी, विविध पौधों तथा मानव सेलों में कैफीन जनन-परिवर्तन तक लाती वतायी जाती है। यदि उसे नियमित रूप से खाया जाये, तब यह अधिक सम्भावना है कि कैफीन मनुष्य के अत्यन्त भयानक तत्त्वों में से एक 'मटाजेन' सिद्ध होगी । निज लेख "रासायनिक मटाजेन सर्वनाश का मार्ग" में वैज्ञानिक हावर्ड जे० सैंडर्स ने यही चेतावनी दी है जो केमीकल एण्ड इन्जीनियरिंग न्यूज के जून 69 के संस्करण में प्रकाशित हुआ है।

सब मृदु पेय अनेक अन्न-संयोजिक तत्त्व भी रखते हैं जिनका मानव कल्याण से कोई सम्बन्ध नहीं है। वे हैं-संश्लेषित रंग, सुगन्धें, परिरक्षक (प्रीजर्वेटिव), प्रनिलम्वक (एमल्सीफायर) संभरक (फिलर), तथा फेनरोधी (एंटी फोमिक) तत्त्व जो अत्यन्त

प्रभावी होते हैं। जब ये 'खाद्य मिलावट अधिनियम 1954' द्वारा आहार में स्वीकृत हैं, तब भी यह कोई गारण्टी नहीं कि वे मुख्यकर बालकों के लिए निरापद हैं । यदाकदा इनको ग्रहण करने ले कोई स्थायी क्षति नहीं होती है; किन्तु नियमित रूप और मुख्यतः खाली पेट में तो ये अपूर्य हानि पहुँचते हैं। पौष्टिक आहारों के सुप्रभावों के बिना, इन तथाकथित उत्तम पेयों के निरन्तर आक्रमणों से पाचन नली विकृत हो जाती है।

जब खाद्य अधिनियमों द्वारा कुछ तत्त्व विषालु तथा वर्जित हैं, तब इन पेयों को "मिलावटी वस्तुओं" में वर्गीकृत करना चाहिये। मृदु पेयों में मिलावट साधारण बात है, तथा बड़े-बड़े उद्योगपति इस अपराध से मुक्त नहीं हैं। कलकत्ते के केन्द्रीय खाद्य प्रयोगशाला में मृदु पेयों के विश्लेषण से यह ज्ञात हुआ कि 24 प्रकरणों में 11 विषाक्त रंग थे तथा 7 में सैकेरीन था जिस निषिद्ध वस्तु से कैंसर होने तक की सम्भावना रहती है।

आश्चर्य यह है कि मृदु पेय उद्योग के प्रोत्साहन-हेतु तथा उसके जन-कल्याणी मूर्ति की रक्षा-हेतु इतनी दौड़ धूप क्यों है ? निश्चय ही ये उत्तम विदेशीय मुद्रा दिलाने वाले हैं और कहीं भी तथा कभी भी तृषा-शान्ति के सरल साधन हैं। किन्तु इटली में इनका कोई मान नहीं हुआ; यूनान में इनका कोई क्रय-विक्रय नहीं तथा डेनमार्क में इनका प्रतिषेध है। वेलजियम की सरकार उन पर बड़े-बड़े अक्षरों में 'अन्तर्वस्तु कैफीन' की चेतावनी की पर्ची बोतलों पर लगाने को विवश करती है । उनको 'स्वास्थ्य-संकट' मानने के कारण फ्रांस की संसद ने 1952 में कोला पेयों की बिक्री वर्जित कर दी थी। किन्तु मृदु पेयों के साम्राज्य की अपनी दीर्घा है, जिसने अतुल जोर लगा कर उस प्रतिषेध को अकारथ करा दिया।

अमेरिका में जब डा० कलाइव मकै ने 'कांग्रैसनल सिलेक्ट कमेटी' के सम्मुख 1950 में इन मृदु पेयों के हानिप्रद प्रभावों को प्रमाणित किया था, तब यह बताया जाता है कि एक कानून-कर्त्ता ने उन्हें यह स्मृत कराया कि मदु पेय उद्योग में अत्यधिक आर्थिक नियोजन है। वह व्यक्ति उस उद्योग को तथा समस्त अर्थव्यवस्था को छिन्न भिन्न करने के विरुद्ध था; किन्तु डाक्टर मकै का तर्क था कि राष्ट्र के बच्चों का स्वास्थ्य मृदुपेयों के उद्योग के कल्याण के समान ही महत्त्वपूर्ण है । प्रत्येक माता-पिता को जिनके हृदय में तनिक भी अपनी सन्तान के कल्याण के प्रति के स्नेह है, यह मानना पड़ेगा कि डाक्टर मकै का तर्क ठीक था।

- [सण्डे स्टैण्डर्ड से साभार प्राप्त]

सूक्ति-सुधा

प्रेम तो सबसे करो; किन्तु विश्वास केवल थोड़े पर ही।

-शेक्सपीयर

यदि तुम में प्राण हैं तो उनकी ज्योति से दूसरों को मशालें जलाने दो।

-फुलर

सुन्दर विचार वाले कभी अकेले नहीं रहते।

-सर पी० सिडनी

जब हम स्वयं ही अपने भेद को गुप्त नहीं रख सकते तब दूसरों से उन्हें गुप्त रखने की कैसे आशा कर सकते हैं।

-ला-एशोकी


INDIA

सियोल तथा मनीला से प्राप्त एक स्वर्ण एवं दो कांस्य पदकों से अलंकृत एथलीट रघुवीर सिंह



रजिस्टर्ड नं० 25627/74

नीमच बाल शिशु मन्दिर स्कूल के शिशु कलाकार


नोमच बाल शिशु मन्दिर स्कूल के शिशु कलाकार

★ क्रैपलर ★

द्वैमासिक] [हिन्दी संस्करण

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस का वृत्त पत्र तथा सचित्र पत्रिका

30 नवम्बर 1975 खण्ड IV अंक 5 9 अग्रहायण 1897



सरदार बल्लभ भाई पटेल की पुण्य स्मृति में—



के० रि० पु० दल का वार्षिकोत्सव

यह निर्णय हुआ है कि के०रे०पु० दल का वार्षिकोत्सव 31 अक्तूबर को प्रत्येक वर्ष केन्द्रीय रूप से ही नहीं मनाया जाये; किन्तु ग्रप केन्द्रों, बटालियनों, टुकड़ियों तथा प्रशिक्षण संस्थानों के मुख्यालयों (हेडक्वार्टरों) पर भी किया जाये।

कई स्थानों पर परेड, एथलेटिक प्रतियोगितायें इत्यादि करना सम्भव नहीं हैं। ऐसे स्थानों पर सबसे वरिष्ठ अधिकारी प्रातः काल को जवानों के समक्ष भाषण देगा जिसमें उस दिन का महत्त्व तथा राष्ट्र के प्रति सरदार पटेल की सेवाओं का उन्हें ज्ञान कराया जायेगा। सायंकाल को बड़े खाने का प्रबन्ध होगा।

यह उल्लेखनीय है कि यद्यपि के०रि०पु० दल 26 जुलाई 39 को गठित हुआ था तद्यपि 31 अक्तूबर को इसकी वर्षगाँठ मनाने का विशेष कारण है। स्वतंत्रता के पश्चात् कुछों की यह धारणा थी कि इस दल की तब कोई आवश्यकता नहीं रही और इस को भंग किया जा सकता है। सरदार पटेल तब उपप्रधान मंत्री थे तथा उन्होंने निज दूरदर्शिता से आगामी वर्षों में इस दल की भूमिका के महत्त्व को समझा। इस प्रकार स्वतन्त्र भारत में इस दल को स्थिर रखने का श्रेय उन्हीं को है और उनका जन्मदिवस ही शायद इस दल के वार्षिकोत्सव मनाने का सबसे उपयुक्त दिन है।

समाज-द्रोही तत्वों को बन्दी बनाने में के० रि० पु० दल का योगदान

बिहार स्थित हमारी बटालियनें समाजद्रोही तत्वों को बन्दी बनाने के प्रयत्नों में स्थानीय प्रशासन की सहायता करती रहीं। हैं। अगस्त मास में एक .303 रायफल, चार 12 बोर गनें, गोला-बारूद के 10 राउन्ड और कितने ही बम प्राप्त करने में उन्होंने स्थानीय पुलिस की साहाय्य की।

9 अगस्त, 1975 को 41 बटालियन के दो सेक्शनों ने हजारीबाग के जमाखोरों से 24 कि० ग्रा० सोना, 7.5 क्विंटल चाँदी और 28,000 रु० नकद प्राप्त करने में स्थानीय पुलिस का सहयोग दिया। उसी बटालियन के 'डी' कम्पनी के प्लाटून ने हरध्यान ग्राम से 12 सहयोगियों के साथ हरि सिंह नामक डाकू को बन्दी बनाया। 38 बटालियन की प्रहरी टुकड़ी ने भोजपुर जिले में शस्त्रों के साथ 7 उग्रपंथियों को बन्दी बनाने में स्थानीय पुलिस को योगदान दिया।

क्रैपलर

द्वैमासिक]

[हिन्दी संस्करण

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का वृत्तपत्र तथा सचित्र पत्रिका



खण्ड IV

अंक 5
30 नवम्बर, 1975
9 अग्रहायरण, 1897

मुख्य सम्पादक :
एच० एस० सेठी

हिन्दी सम्पादक :
जे० एस० शर्म्मा

छायाचित्रकार :
एस० के० खन्ना

आवरण पृष्ठ पर :
दल में भर्ती के लिए छाती नपवाने को तैयार उम्मीदवारों की कतार
अन्तिम पृष्ठ पर :
दिल्ली राज्य की तैराकी प्रतियोगिता में छलांग मारते हुए गोताखोर कपूरसिंह

सम्पादकीय कार्यालय :
द्वारा महानिदेशालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल, पश्चिमी खण्ड 8, रामकृष्णपुरम नई दिल्ली-110022

मुद्रक---सी० आर० पी० एफ० प्रेस, नई दिल्ली-111422

प्रकाशक : महानिदेशक, के० रि० पु० दल की ओर से **एच० एस० सेठी**

क्रम संख्या

विषय

I महानिदेशक, के०रि०पु० दल का संदेश

II लेख

(i) सरदार पटेल की पुण्य स्मृति में दल का वार्षिकोत्सव

(ii) दल में हरिजनों की भर्ती—ले० श्री एच०एस० सेठी, जन सम्पर्क अधिकारी

(iii) आज के युग में गाँधी जी की महत्ता—ले० श्री निगमेन्द्र सेन सक्सेना, महानिदेशक

(iv) कागज-संकट—ले० श्री श्यौनाथसिंह, अवर श्रेणी लिपिक, महानिदेशालय

III कविता—'नागा धरती'—श्री सुशीलचन्द्र चौहान, 2 बटालियन

IV विज्ञान के चढ़ते-चरण

V गौरव-गाथा

(i) समाजद्रोही तत्त्वों को बन्दी बनाने में योगदान

(ii) उर्स यात्रियों को साहाय्य

(iii) अमरनाथ यात्रियों की सहायता

(iv) प्रलयंकर बाढ़ से चुनौती

(v) सिगनल बटालियन की विशेष सेवा

(vi) चाय सम्पदा में नवजीवन

(vii) दो जवानों की वीरगाथा

VI कहानी—'पाप की बेड़ी'—ले० श्री जे०एस० शर्म्मा, हिन्दी सम्पादक

VII स्वास्थ्य-सन्देश— 'घास खायें, रोग भगायें'–ले० श्री अनिलकुमार शर्मा, अवर श्रेणी लिपिक, महानिदेशालय

VIII क्रीड़ा-क्षेत्रे

(i) दिल्ली लीग हाकी में दल की विजय

(ii) कुश्तीदंगल

(iii) अन्तर रेंज वालीबाल प्रतियोगिता

(iv) अन्तर रेंज फुटबाल तथा एम०टी० प्रतियोगिता

IX विविध

(i) योहनान स्टोडेयम
(ii) कर्मचारियों के बच्चों को छात्रवृत्ति
(iii) सिक्किम में छूट
(iv) ग्रु० के० दिल्ली में केन्द्रीय स्कूल
(v) सूक्तिसुधा
(vi) यह भी खूब रही
(vii) पहेलियां
(viii) निधन

महानिदेशक महोदय का सन्देश



36 वर्षों के इस काल में, युद्ध से लेकर नागरिक कार्यभार तक की बहु उद्देश्यीय भूमिका निभाने वाले के० रि० पु० दल ने एक सच्चे तथा सीधे दल के रूप में अच्छा नाम कमाया है। हमारे जवानों को बड़े तनावपूर्ण स्थितियों में काम करना पड़ा है जहाँ छोटी छोटी बातों पर लोगों को भड़काया जाता है और पथराव आदि किये जाते हैं। उन्होंने हर कहीं अपनी कार्य-कुशलता, प्रौढ़ता तथा निष्पक्षता दिखाई है और कभी किसी दबाव-प्रभाव में नहीं आये हैं।

सभी राज्यों, धर्मों, भाषाओं, जातियों तथा संगठनों के प्रतिनिधि रखने वाला यह दल एक छोटा-भारत बन गया है। के० रि० पु० दल का हरेक जवान इस महान देश के प्रति ही केवल अपनी निष्ठा रखता है जिसकी नागरिकता पर वह गर्व करता है।

हमारी अनेकों उपलब्धियों के होने पर भी, यह इस दल के साथ अनर्थ होगा, जो हम आगे का ध्यान नहीं रखें तथा सदा आत्म-विश्लेषण नहीं करें जिससे हम अधिक ज्ञान प्राप्त कर सकें। सुधार का सदैव क्षेत्र खुला है। के० रि० पु० दल के नये स्थापित प्रेस ने शिक्षा-सामग्री प्रकाशित करना आरम्भ की है जिसको पढ़ा तथा कण्ठस्थ किया जाना चाहिए ।

पिछले नौ वर्षों में अन्य सैन्य-तुल्य दलों के बनने से, हमारा मुख्य कार्य, आन्तरिक सुरक्षा रह गया है; और यह आवश्यक है कि प्रत्येक राजपत्रित (गजेटेड) अफसर इस विषय के सिद्धान्तों तथा नित्य प्रयोगों में कम से कम अवश्य पारंगत हो। माउण्ट आबू में स्थापित अकादमी निश्चय ही इस दिशा में अभी अपनी भूमिका निभायेगी।

आइये हम जीना सीखें तथा मातृभूमि के कण-कण के दर्शन, कम्पन तथा मधुर स्पर्शन से आनन्द-विभोर हो जायें।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के 36वें जन्म दिवस के अवसर पर, सभी कर्मचारियों तथा उनके परिवारों को मेरी शुभ कामनायें हैं। के० रि० पु० दल के जवानों की सफलता का बहुत श्रेय उनकी पत्नियों को है जो अपना ही नहीं, किन्तु लम्बी दूरियों पर बिछुड़े हुए पतियों तक का मनोबल ऊँचा रखती हैं। यह कोई सरल कार्य नहीं है, मुख्यकर जब हम केवल दल के छह प्रतिशत ही विवाहितों को आवास बना पाये हैं। .

योहनान-स्टेडियम

स्व० सब इन्सपेक्टर ओ० योहनान की स्मृति में (जिनकी हत्या बिहार की मुठभेड़ में हो गई थी) एक लघु-स्टेडियम ग्रुप केन्द्र हैदराबाद में निर्मित किया गया है। 6 अगस्त से 11 अगस्त, 75 तक वहाँ 9वीं अन्तर रेंज बास्केटबाल प्रतियोगिता खेली गयी।

मौसम बुरी भाँति खराब होते हुये भी, ग्रुप केन्द्र तथा 35 बटालियन के जवानों ने मुख्यकर अपनी ही सहायता से स्टेडियम को बहुत ही थोड़े समय में बना लिया इसमें बास्केट बाल, वालीबाल तथा दंगल खेले जा सकते हैं और 2000 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था है।

उर्स यात्रियों को साहाय्य

राम नगर में चार-चार फुट पानी होने के कारण, अजमेर को उर्स यात्री लाने वाली एक सौ से अधिक बसें वहाँ आकर संकट में पड़ गईं। अजमेर ग्रुप केन्द्र I की एक टुकड़ी बचाव तथा सहायता की साज-सज्जा लेकर वहाँ तुरत पहुँच गयी। छह घण्टे के कठोर परिश्रम के पश्चात् बसों के साथ 300 नारी-बच्चों की जीवन-रक्षा की गई।

के० रि० पु० दल के कर्मचारियों के बच्चों को छात्रवृत्ति

प्रत्येक रेंज डी० आई० जी० दल के कर्मचारियों के बच्चों को एक वर्ष में अधिक से अधिक तीन छात्रवृत्तियाँ दे सकते हैं। ये छात्रवृत्तियाँ साधारणतया जवानों, कार्यालय कर्मचारियों, अस्पताल-सेवियों तथा चतुर्थ श्रेणी के बच्चों को मिलती हैं। वैसे अधिक से अधिक एक छात्रवृत्ति डीवाई० एस० पी० तक के बच्चों को मिल सकती है।

इन छात्रवृत्तियों में, सौ-सौ रुपये की दो छात्रवृत्तियाँ तकनीकी (डिग्री) / चिकित्सा / चार्टर्ड अकाउन्टैन्सी / (स्नाकोत्तर) पोस्ट ग्रेजुयेट कोर्स वालों को दी जायेंगी और 75 रुपये की एक छात्रवृत्ति तकनीकी (डिप्लोमा)/ स्नातक (ग्रैजुएट) कोर्स वाले को दी

जायेगी।

छात्रवृत्ति पाने के लिये हायर सेकेन्डरी (या उसकी बराबर) कक्षा में 65% अंक या ग्रैजुयेशन (स्नातक) स्तर पर 60% अंक कम से कम होना चाहिये । पहले वर्ष की छात्रवृत्ति शिक्षा-संस्थान के अध्यक्ष द्वारा दिये गये एक-सी सन्तोषजनक पढ़ाई तथा अनुशासन के प्रमाण-पत्र पर ही बढ़ायी जा सकेगी। इसके अर्थ हैं कि पढ़ाई में वार्षिक-परीक्षा में 55% अंक से कभी कम नहीं होना चाहिये।

छात्रवृत्तियों पर निर्णय लेने के लिये एक या स्थानीय अफसरों को डी० आई० जी० यूनिट कमेटी में मिला सकते हैं। विशेष स्थितियों में किसी मामले को निर्णय के लिये महानिदेशालय को भी भेजा जा सकेगा।

दल के जवानों को सिक्किम में छूट

गृहमंत्रालय ने सिक्किम में सेवारत के० रि० पु० दल के कर्मचारियों को अर्जित अवकाश के समय अपने गृह जाने आने की मुफ्त रेलवे वारन्ट का कंसेशन वर्ष में एक बार के लिये स्वीकार किया है। सरकार ने इन कर्मचारियों के अवकाश के प्रारम्भ तथा समाप्त होने का स्थान सिलीगुड़ी माना है।

ग्रुप केन्द्र नई दिल्ली में केन्द्रीय स्कूल

ग्रुप केन्द्र झडोदा कलाँ, नई दिल्ली में आठवीं कक्षा तक का एक केन्द्रीय स्कूल इस वर्ष खुली है।

के० रि० पु० दल में हरिजनों की भर्ती

हरिजन भर्ती करने के अभियान के पहले चरण में, के० रि० पु० दल ने 550 ऐसे रंगरूट इस वर्ष लेकर गाँधी-जयन्ती मनायी। अनुसूचित जातियों के 395 व्यक्तियों को नियुक्ति-पत्र दे दिये और 161 को कच्चे रूप से चुन लिया गया । 31 मार्च, 1976 तक देश के अन्य भागों में लगभग 950 और भर्ती किये जायेंगे।

प्रधान मन्त्री के बीस-सूत्रीय कार्यक्रम को साकार करने के प्रयत्न का ही यह अभियान एक अंग था । इसने इस अंधविश्वास का भण्डाफोड़ कर दिया है कि सिपाही-पद के लिए अनुसूचित जाति के योग्य व्यक्ति नहीं मिलते हैं।

ले० श्री एच० एस० सेठी

अनुसूचित जातियों में पढ़े-लिखे तथा हृष्ट-पुष्ट मनुष्य नहीं मिलने की सम्भावना के कारण, भर्ती के लिये आवश्यक योग्यताओं में काफी छूट दी गई। भर्ती के लिये ऊंची से ऊंची आयु 23 से बढ़ा कर 28 करदी और 5 वर्ष की छूट दे दी। न्यूनतम शिक्षा स्तर

आठवीं से छठी कक्षा कर दिया। लम्बाई में दो इन्च तथा छाती के माप में एक इन्च की छूट रख दी।

भर्ती के लिये सहस्त्रों पहुँचे । 28 सितम्बर, 75 को ग्रुप केन्द्र झरोदा कलाँ में जो यहाँ से 35 कि० मी० के लगभग नजफगढ़ के निकट है, एक अपार जन समूह था। सात हजार उम्मीदवार, तीन हजार साथियों के संग वहाँ उपस्थित थे। 28 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 75 तक, तेरह हजार उम्मीदवार कुल मिलाकर आये, और उनमें के० रि० पु० दल को योग्य व्यक्ति पाने में कठिनाई नहीं हुई। इतनी अधिक संख्या से निपटने के लिए दो उपमहानिरीक्षकों सर्वश्री पी० जे० जोजेफ तथा बी० के० त्रिपाठी के अधीन दस भर्ती करने वाले दल बनाये गये जिनमें 5 सुपरिन्टेन्डेन्ट, 10 डिप्टी सुपरिन्टेन्डैंट थे, और डाक्टरों तथा कितने ही छोटे अफसरों की छह टोलियां थीं।



ग्रुप केन्द्र दिल्ली को जाते हुये उम्मीदवारों का भारी समूह

आयु, शिक्षा, तथा ऊँचाई में सफल होने पर, उनको एक मील लम्बी दौड़ दौडनी थी। यह उल्लेखनीय है कि सभी चुने हुए उम्मीदवारों ने यह दौड़ 6 मि० 15 से० में पूरी कर ली। इस प्रकार ये हरिजन अन्य सवर्ण रंगरूटों से क्या शिक्षा तथा क्या स्वास्थ्य दोनों में किसी भाँति भी कम नहीं थे। छूटे भी साधारण दी गयीं । पाँच वर्ष की छूट के प्रावधान में एक वर्ष से अधिक की छूट नहीं दी गई और 5 से० मी० की लम्बाई के

स्थान पर केवल 1.5 से० मी० की छूट दी गई। फलस्वरूप जब अनुसूचित जातियों के ये जवान प्रातः परेड में अपने साथियों से कन्धे से कन्धा मिला कर खड़े होंगे, तब वे किसी भी हीन भावना का अनुभव नहीं करेंगे।


कविता

'नागा धरती'

रचयिता—कां० सुशील चन्द्र चौहान, 2 बटा०

नागा धरती अब मधुवन से, किसी भाँति नहिं कम होगी।
आज विचरते जब उसमें हैं, भारत के सैनिक योगी॥
वन से लदे पहाड़ों पर वे, शिखर-शिखर चढ़ जाते हैं।
शान्ति-व्यवस्था कायम करके, सुख का बिगुल बजाते हैं ।
आज बनी बन्दूक तुरत वह, मुरली से मधुरिम होगी।
नागा धरती अब मधुवन से, किसी भाँति नहिं कम होगी।
आज बना बीहड़ जंगल जो, उपवन उसे बनायेंगे ।
गोपी सी ले नाग-नारियाँ, नटवर रास रचायेंगे ।
आदि-जाति की काम्य-किशोरी, राधा से उत्तम होगी।
नागा-धरती अब मधुवन से, किसी भांति नहिं कम होगी।

आज के युग में गाँधी जी की महत्ता ?



संसार के महापुरुषों को महानता मान लेने पर, उनके अनुयायियों की भारी संख्या ऐसी सोचती है कि अपने नेता को ऊँचे आसन पर बिठाए रखने का केवल यही उपाय है कि वह यह ढिंढोरा पीटती रहे कि उनके सिद्धान्त अमर हैं। पर इस प्रकार की अन्धी मूर्ति-पूजा ने उन नेताओं की महानता को धुंधला ही किया है।

केवल इस कारण से कि उनके कुछ सिद्धान्त अब सही नहीं माने जाते, न्यूटन तथा आइन्सटीन को महान गणितज्ञ माना जाना समाप्त नहीं हुआ है। यह मानना व्यर्थ है कि सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक तथा धार्मिक सिद्धान्त सदा सच्चे माने जाते रहेंगे। किसी गणितज्ञ ने कभी यह सुझाव नहीं दिया है कि न्यूटन की मूर्ति वाला एक मन्दिर बनाया जाए तथा 1687 में उनकी लिखी "प्रिंसीपल मैथेमेटिका" की पूजा प्रारभ्भ की जाए। महान नेता कभी भी निरर्थक नहीं होते क्योंकि उनके विचारों में सच्चाई है, उनकी पहुँच में ताज़गी है, उनके प्रश्नों में मर्मज्ञता है तथा उनके उत्तरों में सरलता है, निश्छलता है तथा है उनमें सच्चापन। इसी रीति का स्थायी मूल्य है क्योंकि इसके द्वारा ही कठिन प्रश्नों के सही उत्तर बारम्बार मिल सकते हैं यद्यपि वे उत्तर सदा एक से नहीं होते।

राजनीतिक विचारधारा की ऐतिहासिक पुस्तकों में, 16वीं शताब्दी के मिकेवली तथा बीसवीं शताब्दी के लेनिन तथा माओ के साथ अपना उल्लेख पाकर गांधीजी चकित रह जाते; किन्तु यह हमें ऐसा विस्मित नहीं करता।

सिंहावलोकन में, गांधीजी एक सफल राजनीतिक नेता थे। 1919 में जब गाँधीजी पचास वर्ष के थे, तब वे इस निर्णय पर पहुँचे थे कि भारत की प्रगति के लिए स्वराज्य ही परमावश्यक है। राष्ट्रीय आन्दोलन के इतिहास , में अगले वर्ष (1920) ने प्रार्थनाओं के, याचनाओं के तथा विरोधपत्रों के अध्याय का अन्त देखा। सर्वप्रथम असहयोग आन्दोलन छेड़ा गया और तब से गाँधीजी देश के एकमात्र नेता बन गए। इस संघर्ष में अनेक रुकावटें आईं; परन्तु पीछे मुड़ना हमने जाना ही नहीं जब तक गाँधी का स्वप्न 15 अगस्त 1947 को पूरा नहीं हुआ।

ले० श्री निगमेन्द्र सेन सक्सेना

कोई अमर सत्य नहीं; केवल सत्य की अमर खोज है—अनेक लोग गाँधीजी को इसलिए निरर्थक समझते हैं कि वे उनके कुछ उन मतों के विषय में सोचते हैं जिनको गाँधीवाद के नाम से पुकारा जाता है। यह गाँधीजी का ओछा अध्ययन है। 1936 में, गाँधीजी ने अपने अनुयायियों को चेतावनी दी थी "गाँधीवाद ऐसी कोई चीज नहीं है और मैं अपने पीछे कोई मत नहीं छोड़ना चाहता। किसी नए सिद्धान्त या मत के जन्म देने का मैं कोई दावा नहीं करता। मैंने तो केवल अपने दैनिक जीवन तथा समस्या में अपने ही ढंग से अमर सत्यों को प्रयोग में लाने का यत्न किया है। जो विचार मैंने बनाए हैं तथा जिन निर्णयों पर मैं पहुँचा हूँ, वे कभी भी अन्तिम नहीं हैं। यदि मुझे उनकी भी अपेक्षा कोई और अच्छी बातें मिलती हैं; तब मैं उनको कल ही बदल

सकता हूँ।"

गाँधीजी ने इस सच्ची गहराई को समझा कि सब समयों, सब स्थानों तथा सब मनुष्यों पर विचार कभी भी एक से लागू नहीं हो सकते। गाँधीजी ने बारम्बार इसी बात पर बल दिया है कि कोई सत्य भी अमर नहीं हैं; केवल सत्य की अमर खोज चलती है। कोई भी अमर हल नहीं है; केवल हलों को खोजने के लिए सही रूप से अमर उपाय किये जाते हैं। इस भाँति, अपनी समस्याओं को हल करने के लिए सही पहुँच की देन ही गाँधीजी का सबसे बड़ा श्रेय है।

साधन की शुद्धता—यह 16वीं शताब्दी थी जब मिकैवली ने इस बात को साफ-साफ कहा था (जिसको उससे पहले और बाद के कई नेता बरतते रहे थे) कि राजनीति में सिद्धि ही साधनों की उचितता तय करती है। गाँधीजी यद्यपि अकेले नहीं थे किन्तु ऐसे वह सबसे अधिक प्रसिद्ध राजनीतिक विचारक थे जिन्होंने इस बात पर बल दिया कि सिद्धि को साधनों से अलग नहीं किया जा सकता है। नैतिक सच्चाई के अन्वेषक होने के नाते, गाँधीजी को साधन की शुद्धता का सिद्धान्त स्वाभाविक रूप से मिला। ऐसे पुरुष में समझौते को कोई स्थान नहीं था। राजनीतिक उद्देश्यों को पाने के इच्छुक एक राजनीतिज्ञ को अपनी आत्मा को बेचना पड़ता है; परन्तु गाँधीजी ऐसे नहीं थे। वह अकेले चलने में (रवींद्रनाथ ठाकुर के "एकला चलो रे" में) या जैसा वह कहा करते थे कि एक की अल्पसंख्या में रहने पर विश्वास करते थे। यह विचारधारा एक ऐसे राजनीतिक नेता के लिए विचित्र थी जो नेता गाँधीजी बने; परन्तु गाँधीजी जैसे धर्मात्मा को वैसी निराली नहीं थी। साधनों की शुद्धता का उनका सिद्धान्त, हिन्दुओं के वेद पुराणों की व्यावहारिकता से भी आगे था। आधुनिक जगत में गाँधीजी की महत्ता का नया से नया प्रमाण वह अनुभव है जिसका स्वाद अमरीकी जाति ने पिछले दो वर्षों में चखा है, जिसके फलस्वरूप एग्न्यू और निक्सन का पतन हुआ है।

मानव-हृदयों की शान्तिमय क्रान्ति—गाँधीजी की निरर्थकता की पुकार इस कारण उठी है कि भारत की स्वतन्त्रता के पश्चात् गांधीजी छह मास भी जीते नहीं रहे और आज की नयी पीढ़ी यह सोचती है कि आजकल की समस्याओं का उत्तर गाँधीवाद में नहीं है। किन्तु सच्चाई इससे कोसों दूर है। गाँधीजी की सही अमर पहुँच ही सरलतापूर्वक समाधान दे सकती है; परन्तु नासमझी और अन्तर्राष्ट्रीय शब्दार्थों की तोड़-मरोड़ जैसे कई कारणों से गाँधीवाद को धूमिल किया जा रहा है। इसमें कोई सन्देह नहीं है कि यदि गाँधीजी आज जीवित होते तब उन जैसे व्यवहारकुशल विद्वान भारत की स्वतन्त्रता के उपरान्त की अगणित समस्याओं को सुलझा देते। गाँधीवाद इस कारण जीर्णशीर्ण तथा निरर्थक लगता है कि हम गाँधी की सार वस्तु—उनके व्यक्तित्व—को भूल चुके हैं। गाँधीजी के दिए हुए प्रगतिशील विचारों से अलग हम कुछ लकीरों के फकीर बने बैठे हैं। एक महान क्रान्तिकारी को एक प्रतिक्रियावादी के रूप में चित्रित किया जा रहा है।

वास्तव में, गाँधीजी विश्व के महान क्रान्तिकारियों में से एक थे। अनेकों गाँधीजी को 'क्रान्तिकारी' कहने पर नाक-भौंह सिकोड़ेंगे; ऐसे लोग क्रान्ति के अर्थ बम-गोलियों

को वर्षा से लगाते हैं। यह बिल्कुल भ्रम है। 'क्रान्ते' से तात्पर्य सामाजिक या मुख्यकर प्रशासनिक तंत्र में उग्र परिवर्तन लाना है और जो कोई भी इस उद्देश्य के के लिए बढ़ावा देता है या यत्न करता है वही क्रान्तिकारी है। मध्य पूर्व तथा लातीनी अमरीका के कुछ पिछड़े क्षेत्रों ने हिंसात्मक होलियाँ खेली हैं जिनके अन्त में उनके क्या सामाजिक तथा क्या प्रशासनिक तंत्र जैसे के तैसे ही रहे। गाँधीजी इस कारण एक क्रान्तिकारी थे कि वह अनुसूचित जातियों की प्रतिष्ठा में, हमारी शिक्षा-पद्धति में, तत्कालीन सामाजिक दासता में तथा सरकार तक में आमूल परिवर्तन लाना चाहते थे। यदि भारत स्वतन्त्र भी नहीं होता तब भी हरिजनों की दशा में जो गाँधीजी ने सुधार किया था वही उनको विश्व के क्रान्तिकारियों में सम्मान का स्थान दिलाने को काफी होता। गाँधीजी जानते थे कि मनुष्यों के हृदय में परिवर्तन लाने से अधिक स्थायी क्रान्ति और कुछ नहीं हो सकती। नये कानून बनाना और नयी संस्थायें स्थापित करना तो सरल है; परन्तु जब तक मनुष्यों के दृष्टिकोण में परिवर्तन नहीं आता, वे कानून पड़े सड़ते रहेंगे तथा सामाजिक ढाँचे पर थोड़ा बहुत या कुछ भी प्रभाव नहीं डाले हुये, वे संस्थायें पवित्र आशाओं के खण्डहर मात्र रह जायेंगी। गाँधीजी ने करोड़ों हिन्दुओं को जताया कि उनका व्यवहार हरिजनों के प्रति अनुचित तथा क्रूर रहा है और ऐसे अन्यायों के कारण वे कभी ब्रिटिश वासियों से स्वराज्य पाने के योग्य नहीं थे। गाँधीजी को ही इसका श्रेय है की उन्नीसवीं शताब्दी के रूस में दासों की अपेक्षा या अमेरीका में नीग्रों की तुलना में भारतवर्ष में हरिजनों की स्थिति में पिछले तीस वर्षों में तेजी से सुधार हुआ है।

दोहरा अभिशाप : हिंसा हिंसा की जननी—गाँधी जी जानते थे कि हिंसात्मक क्रान्तियों के परिणाम पूर्वनिर्धारित उद्देश्यों से प्रायः भिन्न हुये हैं। बाइबिल के इस वाक्य पर उन्हें आस्था थी—जो 'तलवार के सहारे शासन करते है वे तलवार के घाट उतरेंगे।" सामन्तों को नष्ट करने हेतु फ्रांस में क्रांति हुई; किन्तु शीघ्र ही जीराण्डियों पर जैकोविन हावी हो गये जिन्होंने आतंक का साम्राज्य' छा दिया। नेता एक दूसरे को (गिलोटीन) शूली पर चढाने लगे। स्तालिन के घोर शत्रु पुराने साम्यवादी थे। मुसोलिनी तथा हिटलर के जीवन भी इस वाक्य की सच्चाई सिद्ध करते हैं। वे तो मृत्यु के चंगुल में फँसे ही; साथ में, इससे पूर्व उन्होंने अपने लाखों देशवासियों के रक्त से होली खेली।

गाँधीजी की इस धारणा की समय ने साक्षी दी है कि युद्ध से कोई समस्या हल नहीं होती, जब 'युद्ध का शमन युद्ध के द्वारा' अर्थात् प्रथम विश्व युद्ध ने अधिक विध्वंसकारी द्वितीय विश्व युद्ध के लिये नये तनाव उत्पत्र किये तथा दूसरा युद्ध भी स्थायी शान्ति स्थापित करने में विफल रहा। सन् 1946 से कोरिया, वियतनाम, विश्व के मध्य पूर्व तथा अनेक क्षेत्रों ने संग्राम तथा सर्वनाश देखा है। मार्शल अयूब ने, जिसने पाकिस्तान में शस्त्रों के सहारे शासनशक्ति छीनी थी, अपने पतन पर ये ही आँसू बहाये थे—"प्रत्येक समस्या को सड़कों पर निपटाया जा रहा है। भीडें जहाँ चाहती हैं इकत्रित हो जाती हैं तथा अपनी इच्छा पूर्ण कराती हैं।"

साथ ही, सैनिक समाधान की खोज प्रजातन्त्र को ही खतरा उत्पन्न करती है।

अमेरीका में सैनेक उद्योग द्वारा प्राप्त शाक्ति को गम्भीरतापूवक अब चचा हो रही है। जुलाई, 1974 में यूनान में सैनिक संघ (जुन्टा) का पतन भी इसी दिशा का सूचक है।

गाँधीजी सोचते थे कि हिंसा दोहरा अभिशाप है। यह उत्पीड़क तथा उत्पीड़ित दोनों को क्षति पहुँचाती है। उत्पीड़ित क्या शारीरिक तथा क्या मानसिक पीड़ा से ग्रस्त होता है तथा बदले की स्थायी दुर्भावनाओं को पालना प्रारम्भ कर देता है। उत्पीड़क क्रूर तथा कर्कश हो जाता है; उसकी आत्मा कुण्ठित हो जाती है तथा बाद में स्वयं सगे-सम्बधियों के प्रति भी नृशंस हो जाता है।

सामूहिक अहिंसात्मक आन्दोलन—राजनीतिक विचारधारा में गाँधीजी ने एक सब से बड़ी खोज की और वह थी सामूहिक अहिंसात्मक क्रान्ति। अब यह साधारण बात लगती है; किन्तु यह ऐसी क्रान्तिकारिणी धारणा थी कि जनता जनार्दन की सामान्य बुद्धि के बाहर की बात थी। लाखों अनुयायी तक गाँधीजी के विचार की गहराई को नहीं समझ पाये थे। अतएव हम उन योरुपवासियों को दोष नहीं दे सकते जो गाँधीजी को राजनीति में मिकैवली जैसा धूर्तराज समझते हैं तथा भारतीय जनता को मूर्ख बनाने के लिये उनकी पवित्रता को एक छद्म-जाल पाते हैं, जो एक 'अर्द्ध-नग्न फकीर' के दर्शनमात्र से मंत्र मुग्ध रह जाते थे। गाँधीजी की कमर का अंगोछा प्रोपैगण्डा का रामबाण माना गया। उसने किसानों को विश्वास दिलवाया कि गाँधीजी उनमें ही से एक हैं। विन्स्टन चर्चिल, जो वैसे एक महान विचारक थे, गाँधीजी को राजनीति में धूर्तराज मानते थे; उनपर 'फकीर' के ढोंग रचने का आरोप लगाते थे तथा लन्दन में उनसे मिलने को नहीं तैयार हुये थे। पोप तक गाँधीजी से मिलने से कतराये थे।

व्यवहार तथा सिद्धान्त में समन्वयन—एक क्रांतिकारी सिद्धान्त प्रतिपादित करके गाँधी जी ने उसको व्यवहार में लाने के लिए किसी अनुयायी की बाट नहीं जोही। उनकी यह इच्छा कभी भी नहीं थी कि एक मनीषी की भाँति हिमालय की चोटी पर से जीवन का वह एक आदर्श मार्ग दिखायें और दूसरों को जीवन के संघर्षों में उसे क्रियान्वित करने को छोड़ दें। एक महान उपदेशक को यह भी सुरक्षित नहीं है कि वह ही अपने विचारों को साकार रूप दे। इसमें अनेकों जोखिमें हैं और उसे हजारों नुक्ताचीनी सुननी पड़ती हैं। किन्तु गाँधीजी निर्धनों तथा पतितों से इतनी सम्वेदना रखते थे कि वह इस कार्य में जुट गये। महात्मा की यही पहचान है कि वह अपने सिद्धान्त को व्यवहार में परखे, उसके दोष देखे और फिर अपने सिद्धान्त को सुधारे। परन्तु भारत में यह एक नयी बात थी जब 1915 में गाँधीजी ने दक्षिणी अफ्रीका से आकर साबरमती आश्रम स्थापित किया था। गाँधीजी से पहले कई नेताओं ने अस्पृश्यता को लताड़ा था और प्रशंसा पायी थी। जब गांधीजी ने अपने आश्रम में कितने ही अछूतों को स्थान दिया और जब उन अछूतों ने औरों के साथ खानपान किया, तब हिन्दू भौचक्के रह गये और गाँधीजी की खूब निन्दा हुयी !

लोक और लोकहित—राज्य वैभव तथा लोकहित के विचारों में स्पष्ट अन्तर दिखाने का श्रेय गाँधीजी ही को है। मानव-इतिहास में देश या राज्य के वैभव के लिये

कुछेक शासकों ने राज्य के चरण सेवकों की भाँति प्राण पण से सेवा की है। अलक्षेन्द्र, सीजर, तथा नेपोलियन इस श्रेणा तक में नहीं आते क्योंकि उन्हें यूनान या रोम या फ्रांस का गौरव अपने यश की तुलना में केवल गौण था। किन्तु इंगलैण्ड के क्रामवेल तथा रूस के पीटर को उनका देश ही प्रमुख था। तथापि, पीटर को लोक-कल्याण की कभी चिन्ता नहीं हुई; उसने एक नृशंस राज्य स्थापित किया जिसमें क्या ज़ार, क्या धनी तथा क्या कृषक—सभी को रूस को महान बनाने के लिये दासों की भाँति परिश्रम करना पड़ता था। लोक-योगक्षेम के लिये गाँधीजी की चिंता अशोक से मिलती-जुलती थी जिन्होंने यह निश्चय किया कि लोक-कल्याणकारी राज्य की तुलना में सैनिक शक्ति कुछ भी नहीं है। स्वराज्य के अर्थ ये नहीं थे कि भारत निज सेना-बल पर महान शक्तियों से प्रतिस्पर्धा करे; उसके अर्थ थे कि 'भंगी' कालोनियों में अधिक से अधिक प्रकाश एवं प्रसन्नता जगमगाया करे।

व्यक्तिगत तथा सामूहिक आचार—अनेक राजनीतिक विचारकों, मुख्यकर हेगेल तथा राज्य के परम शक्तिवाद में विश्वास रखने वाले नेताओं ने व्यक्तिगत आचार तथा राज्य के आचार में इकाई रूप से तीक्ष्ण अन्तर दिखाया है। उनका कहना था कि राज्य कोई गलती नहीं करता है। बाद में, मार्क्सपंथी विचारकों ने यह बताया कि उद्योगपति साम्राज्यवादी इत्यादि के वर्ग के अपराधों के सामने, व्यक्तिगत अपराध तुच्छ हैं। गाँधीजी को व्यक्तिगत तथा सामाजिक आचार एक मुद्रा के ही दो पार्श्व हैं। गाँधीजी ने आग्रह किया कि मन, कर्म तथा वचन में प्रत्येक की ईमानदारी के बिना कोई समाज नहीं बन सकता। वह समाज-सुधार से पूर्व मनुष्य को सुधारना चाहते थे। एक वर्ग का दूसरे से संघर्ष वह नहीं देखना चाहते थे; किन्तु वह चाहते थे देखना अच्छे नागरिकों द्वारा अपने वलिदान तथा उदाहरण से समाज का पुनरुद्धार। गाँधीजी ने उन्हीं सामाजिक तथा आर्थिक अन्यायों के विरुद्ध युद्ध भेरी बजायी जिनके विरुद्ध मार्क्स ने बजायी थी; परन्तु जब कि साम्यवाद व्यक्ति को नगण्य बनाता है गाँधीजी ने उसको प्रतिष्ठा लौटायी है। उसकी प्रतिष्ठा केवल इस लिये नहीं थी कि वह एक महान धार्मिक समाज या एक बड़ी राजनीतिक पार्टी या एक राष्ट्र जैसे एक महान समुदाय का इकाई है; किन्तु उसका गौरव इस कारण था कि उस में एक आत्मा है और एक सज्जन ही एक महान नैतिक बल बन सकता है। इस शिक्षा के ज्वलन्त उदाहरण को स्वयं गाँधीजी ने अपने जीवन से प्रस्तुत किया।

निर्धनों के सच्चे सहायक—पंच दशक के प्रारम्भ में, कुछ लोगों ने यह बताकर कि गाँधीजी व्यवसायी वर्ग के एक मित्र हैं उनके चरित्र पर जान बूझकर लांछन लगाया—यह चारित्रिक हनन गाँधीजी के उस व्यंग्य चित्र से उत्प्रेरित हुआ था जिसमें उन्हें उद्योगपतियों का मित्र तथा ब्रिटिश साम्राज्यवादियों का बिचौलिया दर्शाया था। इसमें सन्देह नहीं कि गाँधीजी की सहानुभूतियाँ किस ओर थीं; उनका सारा जीवन समाज के पतितोद्धार के संघर्ष का महाकाव्य है। सभी प्रशासकों तथा राजनीतिज्ञों के लिए गाँधीजी का यह परामर्श था— "मैं आपको एक यंत्र दूंगा। जब कभी आप द्विविधा में हों—सबसे अधिक निर्धन तथा निरीह के मुख को ध्यान में लाओ जिसको आपने कभी देखा हो तथा स्वयं से ही पूछो कि जो उपाय आप करने की सोच रहे हैं

क्या वह उस बेचारे को कोइ क्षेम पहुँचायेगा ? क्या उससे वह किसी प्रकार भी लाभान्वित होगा ?"

गाँधीजी के बताये गये व्यवहारिक उपचार—कुछेक यह तर्क करेंगे कि चाहे गाँधीजी के विचार आज भी महत्वपूर्ण हैं और भविष्य में भी होंगे, किन्तु उनके बताये हुए उपचार आज के भारत के लिए कोई मूल्य नहीं रखते। यह एक बड़ा ही विशद विषय है; तब भी कुछ ये उदाहरण दिए जाते हैं :—

(क) कुटीर उद्योग—गाँधीजी के विचार से कुटीर उद्योग से और अधिक नौकरियाँ, श्रम को आत्मगौरव, आत्मविश्वास, गन्दी बस्तियों तथा अस्वस्थ परिस्थितियों की समाप्ति तथा शील सदाचार के उच्च स्तर प्राप्त हो सकते हैं। 1930-50 की अवधि के अनेकों तथाकथित आधुनिक लोगों ने कुटीर उद्योग के प्रति गाँधीजी की इस धुन की खिल्ली उड़ाई। उनका विचार था कि बेकारी ब्रिटिश राज्य की देन थी और स्वतंत्र भारत इतनी तेजी से उद्योग स्थापित करेगा कि बेकारी कहीं रहेगी ही नहीं। अब हम अधिक बुद्धिमान हो गये हैं। भारत को इस्पात के कारखाने तथा बिजलीघर इत्यादि की अवश्य आवश्यकता है; परन्तु बड़ी पूंजी वाले उद्योग भारत की बड़ी बेकारी की समस्या को कभी नहीं समाप्त कर सकते। एक बेकार मस्तिष्क तो दैत्य का कारखाना होता है और बेकारी से और भी अनेक पाप उत्पन्न होते हैं। बिना अधिक पूंजी के लगाये बेकार लोगों को काम में लगाने का ध्येय गाँधीजी का था।

(ख) बेसिक शिक्षा—मातृभाषा का प्रयोग, शारीरिक श्रम, श्रम-प्रतिष्ठा, मौलिक धर्म-शिक्षा, भारतीय संस्कृति तथा जीवन पद्धति की निकटता ही गाँधीजी के विचार में बेसिक शिक्षा का उद्देश्य था। जिन्होंने गाँधीजी की बेसिक शिक्षा की हंसी उड़ाई उनकी संख्या उनसे कहीं अधिक थी जो गाँधीजी की कुटीर उद्योग के प्रति सनक पर हँसे थे। पच्चीस वर्षों की पढ़ेलिखों की बेकारी, विश्वविद्यालयों में गड़बड़ी, छात्रों में असन्तोष गुजरात तथा बिहार की घटनाओं तथा अपने नवयुवकों में सामूहिक दुश्चरित्रता ने अब इस ओर हमारी आँखें खोल दी हैं कि धन्धा दिलाने वाली शिक्षा के प्रति गाँधीजी के विचारों में बड़ी सच्चाई थी।

(ग) प्राकृतिक खाद—कृत्रिम खादों के विरुद्ध गाँधीजी का संघर्ष उनके पुराने विचारों का फल समझा गया। परन्तु आज सन् 75 में विश्व मण्डी में हम कृत्रिम खादों के मूल्य भारत के वश के बाहर की बात समझ रहे हैं। देश में, केवल धनी किसान ही उनका प्रयोग कर सकते हैं। गोबर तथा कम्पोस्टों (मिश्र खादों) के प्रयोग के लिये, जो आज की हमारी आवश्यकताएँ पूरी कर सकते हैं, हमारी योग्यता तथा मनोबल सब समाप्त हो गया है। साथ में, गाँधी के विचार आजकल के पारिस्थकीविदों से तालमेल खाते हैं (कि प्राकृतिक खादें वातावरण को शुद्ध रख सकती हैं)।

(घ) पंचायत राज्य–पंचायत राज्य के विषय में गाँधीजी चाहते थे कि समाज के मूल से गणतंत्रता चले; अधिकारियों वाले राज्य के दोष नहीं रहें; नीचे से प्रजातंत्र का ढंग से विकेन्द्रीयकरण हो, ग्रामीण जीवन में आत्मनिर्भरता आवे; पुलिस तथा न्यायालयों के स्थान पर लोकमत द्वारा सुधार किए जाएँ।

उपसंहार—पहले से भी अधिक आज गाँधीजी की आवश्यकता है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रत्येक भारतीय को उनके विचार तथा समस्याओं के समाधान आज बड़े महत्व के हैं। वह विनम्रता के अवतार थे और धार्मिक पुस्तकों मुख्यकर भगवद् गीता तथा न्यू टेस्टामेण्ट से जो सार उन्होंने ग्रहण किया उसका भार उन्होंने आदरपूर्वक माना है। उन्होंने योरुप के कई लेखकों प्रधानतया रस्किन, थोरो तथा टाल्स्टाय का सम्मानपूर्वक उल्लेख किया है। तब भी, इन सब विचारों का समन्वय जो उन्होंने किया वह उनका अपना ही है। गाँधीजी की शिक्षाओं को संक्षेप में बताना कठिन है; किन्तु निम्नलिखित मुख्य बातें ध्यान देने योग्य हैं :—

(1) सदा परिवर्तनशील सत्य की निरन्तर खोज;
(2) धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक सभी जीवन के पहलुओं को सत्य पर आधारित होना चाहिए;
(3) अच्छा समाज केवल अच्छे व्यक्तियों का समुदाय है;
(4) सिद्धि कभी साधन की उचितता नहीं प्रमाणित कर सकती है;
(5) हिंसा से हिंसा उत्पन्न होती है; वह एक पाप-श्रृंखला शुरू करती है; तथा
(6) राजनीति तथा प्रशासन का ध्येय निर्धनों का उद्धार करना है।

विश्व के तीसरे युद्ध की बढ़ती हुई आशंका, व्यक्ति को तुच्छ बनाने वाले महान् संगठन, घृणा की मनोवृत्ति, छोटे-बड़े उद्देश्यों को पाने के लिए हिंसा में बढ़ती हुई आस्था तथा कर्मचारियों और केन्द्रित एवं व्यक्ति निरपेक्ष प्रशासन में बढ़ती हुई आपसी दूरियों से बापू की महत्ता और भी आज बढ़ गई है। भारत के शिक्षित युवावर्ग को गाँधीजी एक कूटधार्मिक तथा रहस्यमय पोंगा पण्डित लगते हैं। परन्तु वह तो स्पष्टवादिता के अवतार थे और प्रत्येक मानव-समस्या के लिए उनकी पहुँच क्रान्तिकारिणी थी। जो सन् 1975 तक में गाँधीजी को निरर्थक समझते हैं उन्हें अपनी धारणा को कभी (कहिए सन् 2000 में) बदलना पड़ेगा। 200 ई०पू० के लगभग डिमोक्रिटस की खूब हँसी उड़ाई गई थी जब उसने यह कहा था कि पदार्थ सूक्ष्म अणुओं से बना है। यह कहने के लिए कि पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है—कोपर्निकस तथा गैलीलियो मूर्ख समझे गए थे।

सभी पैगम्बरों ने स्वयं को अशिष्ट तथा दुष्ट समझे जाने का दुर्भाग्य पाया; तब गाँधीजी कैसे उत्तम व्यवहार पाने की आशा कर सकते थे; परन्तु कहीं छिपता है सूरज फूल पत्तों में निहाँ होकर। गाँधीजी की शिक्षाएँ मानवता के पथ को सदा ही प्रकाशित करती रहेंगी। गाँधीजी के विचारों तथा उनके अपने उदोहरणों ने उन्हें अमर बना दिया है। गाँधी जी ने स्वयं कहा था—

"जब तक मेरी आस्था जगमगाती रहेगी जैसी कि मुझे आशा है कि मेरे अकेले होने तक भी वह प्रकाशित रहेगी, मैं कब्र में भी जीवित रहूंगा और उससे भी बढ़ कर, वहाँ से मैं बोलता रहूंगा।"

विज्ञान के चढ़ते चरण

न्यूयार्क में एक हल्का इस्पात का प्राथमिक चिकित्सा का डिब्बा बनाया गया है जिसमें आक्सीजन देने तक की सुविधा है। यह पुलिस वाहनों, एम्बुलेन्सों तथा अग्निशमनक दलों का चलता-फिरता चिकित्सा-केन्द्र बन जाता है।

जापान में पालक की पत्तियों से अलग किए क्लोरोफिल से एक प्रकाश-विद्युत अवयव का निर्माण किया है जिससे सौर-ऊर्जा को सफलतापूर्वक विद्युत में बदल सकते हैं।

जर्मनी में एक ऊँची मीनार जाल के आकार की बनाई गई है जो कारखानों को ठण्डा रखती है।

अमेरिका में 'इन्फ्रारेड थर्माग्राफ' नाम की मशीन आधे सेकण्ड में बुखार का फोटो ले लेती है। इससे रोगी के शरीर पर इन्फ्रा रेड किरणें डाली जाती हैं जिनको लौटते समय मशीन ग्रहण कर लेती है और उन्हें नापकर तापमान जान लेते हैं तथा तापमान को चित्र में बदल देते हैं। इसमें विभिन्न रंग भाँति-भाँति के रोग बताते हैं जैसे काला रंग ठण्ड को।

सूक्ति-सुधा

अपनी सहायता आप करना ही व्यक्ति की उन्नति का मूल है। इससे उत्तम दूसरी बात नहीं है।

—सेम्युअल इस्माइल्स

जीवन एक पुष्प है और उसकी सुगन्ध है प्रेम।

—एमर्सन

प्रेम की सर्वोत्तम विजय है जो सदैव विजयी के हृदय को बांध देती है।

—अशोक

पुराने सिपाही कभी नहीं मरते; वे केवल लुप्त हो जाते हैं।

—अज्ञात

अतीत को भगवान भी नहीं बदल सकता।

—एगाथन

अमरनाथ के यात्रियों को के० रि० पु० दल की सहायता



दिनांक 18 अगस्त, 75 से 23 अगस्त, 75 तक इस वर्ष अमर नाथ जी की यात्रा रही। इस यात्रा के लिये पुलिस-प्रबन्ध को 36 बटालियन की 'सी' कम्पनी लगाई गई। यह पहला अवसर था जब के०रि०पु० दल को इस प्रकार की सेवा करने को निरत किया गया। ऊंचाई के निर्दयी मौसम से जूझते हुये, हमारे जवानों ने कृत-संकल्पता रो कार्य किया।

अगस्त मास में श्री अमर नाथ जी की कन्दरा में शिव-लिंग के दर्शन के लिये, वह भूभाग खुला रहता है जहाँ यात्री अपनी यात्रा समाप्त तथा प्रारम्भ करते हैं। तत्पश्चात् सारे वर्ष भर कठिन चढ़ाइयों तथा मौसम की भीषण खराबियों के कारण वह बन्द पड़ा रहता है। ऊँचाई 2,287 मीटर (7,500 फीट) से लेकर 4,422 मीटर (14,500 फीट) तक की पाई जाती है। कई स्थानों पर यहाँ आक्सीजन की कमी है तथा वातावरण विरल है।

यात्रा के लिये पुलिस-प्रबन्ध बिलकुल विचित्र होते हैं। मार्ग में निरत जवानों को यह देखना पड़ता है कि निश्चित समय में सब यात्री एक स्थान से दूसरे स्थान पहुँच रहे हैं जिससे उन्हें देर तक सन्ध्या तथा रात्रि में ठहरना नहीं पड़े। कठिन यात्रा से थके बूढ़े तथा दुर्बल यात्रियों को विश्राम लेने को हमारे जवानों ने कहा तथा कुछ को तो सब प्रकार की कठिनाइयों को सहते हुये हमारे जवान कंधों पर चढ़ाकर ले गये।

यात्रा की तैयारियों के लिये तथा कठिन सेवाओं का अभ्यास डालने के हेतु,

कठिनता से एक सप्ताह भी इस कम्पनी को नहीं मिला। तब भी इसने ऊँचाई तथा निर्दयी मौसम की सभी जोखिमों से लोहा लिया, और सभी मार्गों पर विषम समयों में भी सतर्क रहते हुये, यात्रियों की देख-रेख में इसने बड़ा साहस दिखाया।

इस कम्पनी को कई चौकियों का प्रबन्ध दिया गया कि यह देखे कि उन चौकियों के बीच किसी यात्री को मौसम की खराबी से कष्ट उठाना नहीं पड़े।

'सी' कम्पनी का एक-एक सेक्शन उन चौकियों पर लगाया गया था। इतनी ऊँचाई पर काम करने के लिये जवानों को पूर्ण रूप से सज्जित किया गया था।

19 अगस्त, 75 को, जब घनघोर वर्षा हो रही थी तब चन्दनबाड़ी से यात्रा प्रारम्भ हुई। सारे मार्ग में फिसलन थी तथा खच्चरों पर भी चढ़ कर चलने में बड़ी कठिनाई हो रही थी। मार्ग इतना खराब हो रहा था कि चन्दनबाड़ी से पिस्सू टाप (चोटी) तक की 610 मी० (2,000 फीट) की सीधी चढ़ाई पर जवानों को यात्रीगण को पीठ-कंधों पर ले जाना पड़ा। तब वे शेषनाग पर रात्रि-विश्राम को पहँचे। यह सुनिश्चित करने के लिये कि कोई यात्री भी मार्ग में नहीं रह जाये, ठन्डी हवाओं तथा वर्षा में इस दिन हमारे जवान इन चौकियों पर बड़ी रात गये तक कार्य करते रहे।

दूसरे दिन 20 अगस्त, 75 को यात्रियों को निज यात्रा का एक सब से कठिन भाग शेषनाग से पंचतारणी को पार करना पड़ा जिसमें 4,422 मी० (14,500 फीट) की ऊँचाई पर एक दर्रा भी था तथा जहाँ आक्सीजन का अभाव था। इस दिन भी भारी वर्षा होती रही; शीतल पवनें चलती रहीं तथा सारे मार्ग में बड़ी फिसलन रही। इतनी बड़ी ऊँचाई पर वर्षा के थमने की प्रतीक्षा करना उचित नहीं था। इस मार्ग पर तथा मुख्य करके 4,422 मी० की ऊँचाई वाली महागुणुस चौकी पर नियुक्त हमारे जवानों ने वृद्धों तथा दुर्बलों को बेसुध गिरने से बचाने में तथा पंचतारिणी तक उनको पीठ पर लेजाने में उत्कट साहस दिखाया। उन्होंने उमंग भी दिखाई तथा अपनी चौकी पर चाय भी पिलाई।

22 अगस्त, 75 के प्रातः को पवित्र कन्दरा से दर्शन करके यात्री लौट रहे थे। पिछली रात्रि को वर्षा होती रही थी तथा उस प्रातः को तो महागुरगस चौकी पर मूसलाधार वर्षा आरम्भ हो गई। पैदल, खच्चरों पर तथा पालकियों पर यात्रियों की एक लम्बी पंक्ति महागुणुस चोटी पर चढ़ रही थी; तभी एक बर्फीली आँधी ने आधी मील तक धावा बोला। यात्रियों में बलवान तक घबड़ा गये थे जब सीधी चढ़ाई पर ओले के थपेड़ों ने उनके शरीर पर नील चिह्न डाल दिये। इस किटकिटाती ठण्ड में, अनेकों वृद्ध तथा कुछ तरुणियाँ और बच्चे तक बेसुध हो गये।

इस चौकी के जवानों ने यह सुनिश्चित किया कि किसी को भी व्यर्थ में ठण्ड नहीं लग जाये और उनको स्वस्थ रखने में सहायता दी तथा समय पर चिकित्सा दिलाने को चौकी पर ले गये जहाँ चिकित्सक दल निरत था। भीषण बर्फीली आंधी के होने पर भी किसी मनुष्य की मृत्यु नहीं हुई। इस हिमानीझंझा की सूचना पाते ही, कम्पनी कमांडर के साथ कमांडैंट, जम्मू तथा कश्मीर के स्वास्थ्य सेवाओं के उपनिदेशक चौकियों पर दौड़े-दौड़े गये, और दर्रे को पार करने वाले यात्रियों का स्वयं निरीक्षण किया। जब

उन्होंने देख लिया कि कोइ यात्री भी पीछे नहीं रह गया है, तब ही वे वहाँ से चले। बाद को नागरिक प्रशासन से यह विदित हुआ कि महागुणुस चौकी पर एक साधु बेसुध पड़ा रह गया है जहाँ यह सोच कर कि सब यात्री वहाँ से चले गये हैं, चिकित्सक दल तक ने अपना काम करना समाप्त कर दिया था। उस समय अंधकार छा रहा था और वर्षा हो रही थी। जवान उस साधु को स्ट्रेचर पर लिटा दूसरी चौकी पर ले गये तथा चिकित्सक दल को उसे सहायता के लिये सौंप दिया। फिर, एक और साधू रोगी होने से चल भी नहीं सकता था। 23 अगस्त, 75 को 16 किलोमीटर की दूरी पर चन्दनबाड़ी पर उसे ले जाया गया। उसका जीवन बचाने के लिये, जवान उसे एक काम-चलाऊ स्ट्रेचर पर छपाछप वर्षा में ले गये।

24 अगस्त, 75 के अपने इस सिगनल में उपमहानिरीक्षक कश्मीर ने इस कार्य की प्रशंसा की—

"श्री अमरनाथ जी की यात्रा पर नियुक्त सभी यूनिटों के अधिकारी तथा जवानों से दिखलाई गयी वीरता तथा व्रत-संकल्प उत्साह का संक्षिप्त विवरण अनन्त नाग के पुलिसाधीक्षक से फोन पर आज प्रातःकाल प्राप्त कर अत्यन्त प्रसन्नता हुयी। इस अनूठी सेवा-निष्ठा की प्रशंसा तथा धन्यवाद देने में मुझे अत्यधिक हर्ष हो रहा है जिसमें आप सब अत्यन्त खराब मौसम तथा ऊबड़-खाबड़ क्षेत्र की जोखिमों से जूझे। उपयुक्त पुरस्कार, प्रशंसा तथा प्रशस्ति-पत्रों के लिए नामावली कृपया शीघ्र भेजी जाये। इस संदेश को लाग (कार्य दैनिकी) पुस्तकों में चढ़ाया जाये तथा सब को अभी सुनाकर उनसे इसकी पुष्टि करा ली जाये। इस सन्देश को आज से निरन्तर तीन दिन रोल काल (नामाह्वान) के समय सब अधिकारियों तथा जवानों को पढ़-पढ़ कर सुनाया जाये।"

यह भी खूब रही

प्रेमी "थानेदार साहब ! मेरे उधार लिये पाँच हजार रुपये गुम हुये तो हुये; साथ में, मेरी प्रेमिका भी गुम हो गयी। उफ ! उसके सिवा अन्य किसी को पता भी तो नहीं है कि वे रुपये कहाँ रखे थे?"

अध्यापिका "अंग्रेजी बहुत हो चुकी; अब हिन्दी में उत्तर दो? तुम्हारा क्या नाम है ?"

"दीदी!– 'बसन्त क्षेत्र' ! क्यों यही तो मेरे नाम 'स्प्रिंग फील्ड' की हिन्दी हुई ?"

"मम्मी। आप तो कहती हैं कि फूल गेंदे को, गुलाब को तरह-तरह की खिलती कली को कहते हैं । पर मास्टर जी बड़े बुद्धू हैं । वे सदा मुझको ही 'फूल' कहते रहते हैं।"

नित्य की भाँति चिढ़ाता हुआ पति "मैं तुमसे प्रेम नहीं करता।" पत्नी "पर तुम्हें मुझ से करना पड़ेगा। तुम यीशुभक्त हो और उन्होंने कहा है कि जो तुमसे घृणा करे उससे तुम्हें अवश्य ही प्रेम करना चाहिये।"

मध्य प्रदेश के हेड कांस्टेबिल का फोटो दिखाते हुये विनोद बोला "पिताजी ! अब

देखिये सिपाही भी एम० पी० होने लगे।" पिता ने देखा तो अंग्रेजी में लिखा था "हेड कान्स्टेबिल दुर्गा प्रसाद एम० पी०।"

ऋणग्रस्त कृषक ऋण-दाता से परेशान होकर "बोल रामू की माँ ! अब कहाँ से हल लायें।"

अबोध रामू "बापू ! चाचा के घर से हल ले आयें, उन्होंने तो ट्रेक्टर ले लिया है।"

ट्रैफिक सिपाही मोटर के पास खड़े व्यक्ति से "क्या आप कार के स्वामी हैं ?"

व्यक्ति : "नहीं जनाब ! मेरे नाम अप्पा-स्वामी में अवश्य स्वामी आता है। परन्तु हूं मैं बेकार का स्वामी।"

हवलदार "क्या तुम बता सकते हो कि क्या समय है ?"

सिपाही "क्यों नहीं?"

नशे में करवट बदलता हुआ "धन्यवाद ! शाबाश जवान।"

प्रलंयकर बाढ़ से चुनौती

जबकि स्थल तथा वायु सेनायें बाढ़-ग्रस्त पटना तथा निकट के क्षेत्रों में सहायता तथा बचाव के अभियानों में लगी हुयी थीं, तब केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल कब पीछे रहने वाला था। बाढ़ इतनी अचानक आयी कि सब चकित रह गये। क्योंकि टेलीफोन और संचार के अन्य साधन अस्तव्यस्त हो गये, प्रारम्भ में सुगठित बचाव की व्यवस्था नहीं हो सकी। फिर भी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल की नगर में नियुक्त दो यूनिटों ने सहायता तथा बचाव कार्य अपने आप ही प्रारम्भ कर दिया।

25 अगस्त 75 की रात को, 44 बटालियन के० रि० पु० दल के लगभग 150 जवान स्वयं महेन्द्र घाट पर पहुँचे और कुछ नौकाओं द्वारा 100 से अधिक मनुष्यों के प्राण बचाये। 26 अगस्त, 75 को इस बटालियन के जवानों को गांधी मैदान तथा पटना कालेज में बचाव-सामग्री को खोलने में लगाया गया। उनको इसके लिये हेलीकाप्टरों से लाया गया। उसी दिन बी० बी० कालेज के 150 छात्रों को बचा कर इस बटालियन के एक प्लाटून ने उनके भोजन तथा आश्रय का प्रबन्ध किया। ऐसे 250 व्यक्तियों को 38 बटालियन के जवानों ने बचाया जिनकी झोपडियां बह गयी थीं।

यद्यपि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस की छोटी यूनिटों के शिविर स्थल लाजपतराय हाल तथा लेडी स्टीफेन हाल में 10-12 फीट जल में डूबे पड़े थे, तद्यपि 100 व्यक्तियों को बचा कर निकालने तथा अपने साधनों से उनके खाने के प्रबन्ध करने का श्रेय हमारे जवानों को है।

27 अगस्त, 75 से जवानों ने पाटलीपुत्र, शास्त्री नगर, एम एल ए फ्लैट्स, बोरिंग रोड, राजा बाजार तथा पास के क्षेत्रों में शुद्ध जल तथा आहार के पैकटों के वितरण

करने में नागरिक अधिकारियों की सहायता की। क्योंकि उन पर कोई नौका नहीं थी, वे लट्ठों की काम चलाऊ नौका बना कर द्वार-द्वार पर गये और छतों पर असहाय मनुष्यों को भोजन, औषध और छागलों में जल बाँटा। उनको ठीक नहीं पाकर एम० टी० स्टोरों से नये ट्यूबों के एकाकी मनुष्य के बेड़े बना कर भोजन तथा जल पहुँचाया गया।



बाढ़ पीड़ितों की सहायता-हेतु पानी में जाते हुये जवान

जब कि नगर की जनता इस अचानक बाढ़ के धक्के से उभरने का यत्न कर रही थी, के० रि० पु० दल के जवान इन काम-चलाऊ लट्ठों और ट्यूबों पर घूम-घूम कर निस्सहाय मनुष्यों की सहायता कर रहे थे। अपने जीवन को संकट में डाल कर, वे 11 सितम्बर 75 तक बचाव तथा साहाय्य कार्य में लगे रहे।

रोगियों की देख रेख हमारे दो चिकित्सा अधिकारी करते रहे। वे लट्ठों की नौकाओं पर जा कर चिकित्सा करते रहे। जनता की प्रार्थना पर वे खुशी-खुशी रात को उपचार में लगे रहे। हैजे के टीके जनता को लगाने के लिये, बटालियन के दो निरीक्षण कक्ष (एम० आई० रूम०) के अतिरिक्त, के० रि० पु० दल ने तीन अस्थायी ऐसे कक्ष बी० बी० कालेज, शेखपुरा, और राजेन्द्र नगर में खोले । साथ ही, टीके लगाने वाली दो गश्ती टुकड़ियाँ स्थान-स्थान पर गईं। लगभग 3000 मनुष्यों के टीके लगे और 1,300

व्यक्तियों की चिकित्सा की गई। इस अभियान में नालन्दा मेडीकल कालेज के छात्रों ने भी के० रि० पु० दल का हाथ बँटाया।

7 सितम्बर 75 की रात्रि को पटना नहर के बाँध में दरारें पड़ने पर बाढ़ की फिर आशंका हो गयी। के० रि० पु० दल के जवान तुरन्त वहाँ पहुँच कर दरारें भरने और बाँध को मजबूत करने लगे। निरन्तर चौबीस घण्टे बारी बारी से 500 जवान काम में जुटे रहे। रात्रि में प्रकाश के लिये दल को सिगनल यूनिट ने एक जेनेरेटर लगा दिया। साथ ही, दल ने बेतार संचार व्यवस्था चाल रखी। दो दिन में सोन नहर के बाँध के दाहिनी और बांयी ओर दरारें भर कर दल ने एक रिकार्ड कायम किया।

पहेलियाँ

दो अक्षर का मेरा नाम।
करता हूँ मैं निशिदिन काम।
उल्टा रख बोझा मर जाता।
ऊपर से मैं डण्डे खाता ॥ 1 ॥
तीन वर्ण का एक पतंग।
फूल फूल गा रहा उमंग ॥
आदि कटे तब मर ही जाता।
मध्य छँटे तब भर दृग लाता। 2।
खेत पाय खेती लहराये।
फूट पाय रगड़ा मिट जाये। 3।
मेरे नाम में अक्षर दो।
वर्तमान मेरा युग लो॥
भूत भविष्यत मुझ से सूचक।
आ जुड़ते ही कला का द्योतक। 4।


उत्तर--1. खर 2. भमर 3. हल 4. कल

सिगनल बटालियन की विशेष सेवा

पटना नगर में इतनी अचानक तथा अप्रत्याशित बाढ़ आयी कि सब चकित रह गये। बाढ़ के समय जब सारी जनता पटना से सुरक्षित क्षेत्रों को चली गई, तब भी संचार व्यवस्था ठीक रखने के कारण 3 सिगनल बटालियन की कम्पनी अपने स्थान पर डटी रही। परन्तु ज्यों ही सिगनल-ट्रांसमीटरों के कमरे में बाढ़ का भय हुआ, 38 तथा 44 बटालियनों के जवानों की सहायता से डीवाई० एस० पी० अहलूवालिया की कमान में

सिगनल जवानों ने कुछ ट्रांसमीटर बेतार-सेट, गोला-बारूद, शस्त्र और आवश्यक वस्तुयें इससे पूर्व कि ग्राउण्ड-फ्लोर में डूब जायें उनको बिल्डिंग की पहली मंजिल में ले गये। फलस्वरूप, वहाँ से दिल्ली नियंत्रण कक्ष तथा सभी सम्बद्ध व्यक्तियों को प्रति घण्टे सूचना मिलती रही।

बाढ़-स्थिति की रेडियो-सेट से तुरन्त सूचना भेजने के साथ में, सिगनल जवानों ने छाती-गहरे पानी में चल कर सहायता तथा उद्धार के दयालु कार्य किये। 29 अगस्त से 31 अगस्त, 75 तक कितने ही स्थानों पर नागरिक अधिकारियों के साथ उन्होंने बाढ़-ग्रस्त व्यक्तियों की चिकित्सा का प्रबन्ध किया, भोजन पकाया तथा जल का वितरण किया। उनके इस कार्य की प्रशंसा हुयी तथा स्थानीय पत्रों में यह प्रकाशित भी हुआ।



शिलांग में स्वतंत्रता दिवस पर भाग लेते हुये 27 बटालियन के० रि० पु० दल के जवान

हमारे ऐथलीट इंसपेक्टर हरीचन्द तथा सबइंसपेक्टर रघुबीर सिंह (जिन्होंने एशियन एथलेटिक्स में हमारा नाम ऊँचा किया था) भारत की ओलम्पिक टीम के प्रशिक्षण के लिये चुने गये हैं। रघुबीर सिंह को मनीला तथा सेओल एथलेटिक्स में भव्य प्रदर्शन के लिये एक प्रशंसा-पत्र के साथ 400 रु० का नकद पुरस्कार भी दिया गया है।



पटना में काम चलाऊ बेड़े पर बहुमूल्य सामान ले जाते हुये दल के जवान

चाय सम्पदा में नव-जीवन

अगस्त 74 में, दार्जिलिंग से लगभग 24 कि० मी० दूर पर स्थित मारीबंग टी इस्टेट के मैनेजर की हत्या की चेष्टा की गई थी। यह इस्टेट सब से बड़ी इस्टेटों में से एक है और दार्जिलिंग की निर्यात तथा देश के उपभोग को उत्तम चाय उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। इसके उत्पादन का मूल्य करोड़ों रुपये होता है।

हत्या के प्रयास ने इस फैक्टरी में ताला बन्दी करादी। फैक्टरी फिर से चलाने के लिए राज्याधिकारियों के सम्मुख अभियुक्तों को पकड़ कर सामान्य स्थिति लाने की समस्या थी। अतः 52 बटालियन के० रि० पु० दल की बी कम्पनी की सेवायें माँगी गईं।

25 अगस्त 75 को एक प्लाटून उस में लगाया गया। इसके जवानों ने चाय-इस्टेट में पहरा दिया, फैक्टरी की संरक्षा की तथा स्थानीय पुलिस की अभियुक्तों को पकड़ने हेतु छापे मारने में सहायता की। परिणाम यह हुआ कि सभी अपराधी बन्दी बनाये गये, और शान्त तथा न्याय-निष्ठ श्रमिकों में विश्वास का वातावरण उत्पन्न हुआ।

इस कार्य से उस चाय-सम्पदा में नव जीवन का संचार तो हुआ ही; साथ में अन्य निकटवर्ती बागानों में भी अनुशासन तथा विश्वास का उदय हुआ। मारीबंग में तालाबन्दी समाप्त हुई और लगभग 1,000 श्रमिक फिर काम पर लगे तथा फैक्टरी पूरा उत्पादन करने लगी।

कहानी

पाप की बेड़ी

ले० श्री जे० एस० शर्मा

"मनेजर साहब ! चाय तो आप की बड़ी स्वादिष्ट है।"

"हो क्यों नहीं साहब, हम अच्छा सामान जो लगाते हैं।"

"तभी तो अच्छी बिक्री होती है ?"

"अरे साहब ! 'महान' छोड़ आसपास के सभी गाँव वाले इसी होटल में चाय पीने आते हैं ?"

"तब तुम 'महान' को इतना महान नहीं समझते।"

"नहीं, नहीं, अच्छा ही।"

"यह तो तुम मरे मन से कह रहे हो; सच बताओ, कौन इससे उत्तम है।"

"उत्तमता की कोई सीमा ही नहीं। अब कोथाली ही ले लीजिये।"

"अरे हाँ, वहाँ के तो वह बड़े धनवान व्यक्ति हैं। भला सा उनका नाम है" माथा चटकाते हुये एक साथ चाय पीने वाले छै ग्राहकों में से एक ने कहा और फिर बोला

"अरे मैं तो उनके यहाँ कई बार ठहरा हूँ ।"

"अच्छा, आपका आशय नाम देव पाटि--"

"हाँ, हाँ; पाटिल जी--पाटिल जी; बड़े भले आदमी हैं।"

"अजी, उनकी क्यो पूछते हो ? बड़ी-बड़ी दूर तक सरनाम हैं।"

"बिलकुल"

घूंटे चढ़ीं; चाय के प्याले समाप्त हुये; और हुये नौ दो ग्यारह वे सब ग्राहक ।

अन्ततः बेकार बैठने से उन्हें लाभ ही क्या था? होटल का स्वामी भी प्रसन्न था कि आज तक किसी ने उसे छह प्यालों के पाँच रुपये नहीं दिये । "बावले थे--आखिर गाँव वाले जो ठहरे"--वह बुदबुदाता हुआ मुस्कराया।

रात्रि के साढ़े दस बजे थे; सर्वत्र सन्नाटा था। वैसे ही ग्रामों में रात्रि को मानव-गतिविधियाँ नहीं होती हैं। किन्तु कोथाली ग्राम तो बालकों की भाँति प्रसुप्त हो रहा था । लोहा गढ़ से कोथाली कोई पाँच मील की दूरी पर जंगली पथरीले मार्ग पर बसा हुआ है। वहाँ सुगमता से रात्रि में जाना टेड़ी खीर है और उस रात्रि तो वनैली वायु सन-सन चल रही थी; पथरीली अरण्यता सायं-सायं कर रही थी। हाँ, यदि कुछ चहल पहल थी,

तो नामदेव सिंदूद जो पाटेल के गृह में। नित्य को भाँति लालटेन के सहारे कुछ ग्रामीणों से पाटिल महोदय गपशप हाँक रहे थे। तभी अचानक गृह की पश्चिम ओर धम् धम् हुयी--

"ऐं ! यह क्या ? क्या किसी आदमी के कूदने की यह ध्वनि नहीं है।" सहसा पाटिल चिल्ला पड़े। सभी चौकेन्ने हुये।

"बिल्कुल" सब किसी के मुख से अना-यास निकल पड़ा। जब तक ग्रामीण उठ, एक कर्कश स्वर निस्तब्ध वातावरण में गूंज गया "बस सावधान" ।

उसी समय गृह के अन्दर से स्त्री बच्चों की करुण ध्वनि श्रुतिगत हुयी..."अरे मरे मार मत कसाई।"

"बस शान्त ! जो पहने हो; उतार दो। वरना खैर नहीं।"

"अरे! हम पर रखा क्या है ?" और एक कातर रुदन; एक करुण ध्वनि ।

"छिः लातों के भूत बातों से थोड़े ही मानते हैं"--फिर सड़ाक् सड़ाक्; तुमुल कोलाहल--एक दारुण क्रन्दन;-आबाल-महिलाओं की करुण पुकार। गाँव वाले सब बाहर स्तब्ध खड़े थे; लगभग एक दर्जन सशस्त्र डाकू उनकी ओर संगीनें ताने खड़े थे। कुछ अन्दर महिलाओं को बुरी भाँति पीट रहे थे; डरा रहे थे; धमका रहे थे।

"बता बुड्ढी ! कहाँ है तिजोरी की कुंजी।"

"अरे बेटा ! मुझे क्या खबर । यह काम पुरुषों का है । वे सब बाहर हैं।"

तभी पुनः सड़ाक् सड़ाक् कमचियों की बौछार, वृद्धा का हृदय-विदारक रुदन--"कमबख्तों ! कुछ तो दया करो ईश्वर के लिये"

"दया करने का काम भी तो कर । बड़ी घाघ है । मरने को बैठी है फिर भी झूठ से बाज नहीं आती।"

तत्काल पास पड़ोसियों ने कुछ इकट्ठे होने का साहस किया; परन्तु उन पर ईंट पत्थरों की बौछार प्रारंभ हो गई। सब "हाय हाय !" करते लहू-लुहान इधर उधर भाग खड़े हये। अन्दर से फिर चीत्कार--हाहाकार थी।

"अरे यह बुड्ढी नहीं बताने की--सीधी अगुंली थोड़े ही घी--"

"हाँ ! हाँ ! मुझे मार डालो।...मैं तो खुद प्रभु से प्रार्थना करती रहती हूँ। पर एक मेरे कागज हैं...जो पूरे होने का नाम नहीं लेते"।

वृद्धा बुरी भाँति रो रही थी, तभी एक डाकू चिल्लाया "छोड़ो इस मरी गाय को और : माँगो उस पाटिल के बच्चे से।"

बस इतना सुनना था कि पाटिल थर-थर काँपने लगे। उनकी हाथी सी देह पीपल के पत्तों के समान थर-थरा रही थी। इधर संगीन आगे बढ़ रही थीं।

"नहीं ! नहीं !! मेरे पास-" रोता हुआ पाटिल हाथ से मना कर रहा था।

"तुझ पर नहीं । तेरी मां पर नहीं-- तो क्या काने चोर पर हैं--बोल सच्च सच्च । कुंजी

कहाँ रखो—”

उसी समय सर-सर-गोली चली। अररर्र किसी डाकू के गोली लगी, एक दुखभरी कराहट हुई और डाकुओं में घबड़ाहट फैली। “अरे कमीनों पर भी बन्दूक है। पर जानते नहीं कि हम कौन हैं” कहते हुये एक डाकू ने कूद कर उस आदमी पर झपट्टा मारा जिस पर बन्दूक थी और उसका हाथ मरोड़ कर उसे छीन लिया। ग्रामीण सब दुम दबा कर भाग निकले।

डाकुओं ने कई हवाई फायर किये और तुरन्त जो भी मारपीट कर हाथ लगा उसे ले भागे । उनके एक साथी की पीठ से अजस्त्र रक्त प्रवाहित हो रहा था। इधर उन्हें भय था कि कहीं ऐसी हरकत और कोई ग्रामीण नहीं कर बैठे। तब भी इस उत्पात में, लूट-पाट में कितने ही नर-नारी विक्षत हुये; रक्त से लथपथ हो गये। डाकू रँगे हाथ लगभग चार सहस्र के आभूषण, नकद तथा बहुमूल्य वस्त्रादि लट ले गये और दे गये स्त्री-पुरुषों को तीव्र वेदना जो दीर्घकाल तक तड़पती रही।

पुलिस हवलदार सम्पत राव कोथाली से थोड़ी दूर पर ‘महान’ में बन्दोवस्त के लिए निरत था। यह महान वही था जहाँ उन डाकूओं ने होटल में भोलेभाले ग्राहक बन कर चाय पी थी। ग्रामीणों ने तुरन्त हवलदार को सूचित किया। उसने किन्चिन्मात्र भी विलम्ब नहीं किया और तत्काल घटना स्थल पर जा पहुँचा।

वहाँ कम से कम ग्यारह नर-नारी आहत पड़े थे; रक्त की बूंदों से गृह की दीवारे रंगी पड़ी थीं; स्त्रियाँ-बच्चे थर थर काँप रहे थे; वे बिलख बिलख कर रो रहे थे। बड़ा ही करुणोत्पादक दृश्य था, समग्र ग्राम में स्यापा पड़ा था।

सम्पत राव ने आते ही सर्वप्रथम काम तो यह किया कि उन ग्यारह व्यक्तियों को अकोला के अस्पताल भिजवाया। फिर रक्तधार से जान कर कि डाकू पश्चिम दिशा को गये हैं; वह बिना विलम्ब किये लोहागढ़ के स्टेशन जा धमका।

“कहिये स्टेशन मास्टर साहब ! कोई संदिग्ध व्यक्ति तो यहाँ नहीं आया ?”

“क्यों, क्या हुआ ?”

“अरे साहब ! यह पूछिये कि क्या नहीं हुआ ? अभी कुछ देर पहले कोथाली में पाटिल के घर कुछ लुण्टाकों ने डाका डाला है ।”

“क्या सच्च?”

“तब क्या झूठ बोलने मैं यहाँ तक आता? बताइये कुछ आप को तो नहीं सूचना ज्ञात ।”

“कुछ भी नहीं। परन्तु हाँ, एक व्यक्ति अभी कोई प्रातः साढ़े चार बजे दौड़ता आया था और कुछ टिकट पुर्ना तथा कुछ पुर्ली के खरीद कर उल्टे पाँव लौट गया।”

“सूरत-शक्ल में कैसा लगता था।”

“जैसे अन्य पुरुष होते हैं।” स्टेशन मास्टर हँसा।

“नहीं, मेरा आशय उसकी मुद्रा से ; हावभाव, बातचीत से था।”

"यह तो मैंने पहले ही बता दिया कि वह बहुत शीघ्रता में था; फिर घबड़ाहट होनी ही हुई।"

"तब अवश्य ही उन नर पिशाचों में से वह होगा"--यह सोचता हुआ हवलदार बोला।

"स्टेशन मास्टर साहब ! बड़ी शीघ्रता की आवश्यकता है। डाकुओं को बच भागने नहीं देना है। अतः मेरा अनुरोध है कि आप इस ओर के सभी स्टेशनों को टेलीफोन द्वारा सतर्क कर दीजिये।"

स्थिति की गम्भीरता समझते हुये, स्टेशन मास्टर ने तुरन्त टेलीफोन खटखटा दिये। हिन्गोली, वशीश, मालेगाँव सभी स्टेशनों को सचेत कर दिया। "कोई भी व्यक्ति संदिग्ध दशा में यहाँ दीखे, उसे तुरन्त पुलिस-हिरासत में ले लो। यही नहीं; बस स्टापों पर पुलिस को सावधान कर दो। अभी रात को कोथाली में डाका पड़ा है।"

हिंगोली का छोटा स्टेशन-रेल का रुकना खोमचे रेहड़ी वालों के ऊँचे-ऊँचे स्वर 'गरमा-गरम चाय' "सेव कश्मीरी" 'संतरे नागपुरी' और उनसे भी तेज डिब्बे-डिब्बे में 'साब कुली' की ध्वनि। पर आज अधिकारीगण इस ओर बिना ध्यान दिये किसी और ही ताक में थे।

तुरन्त उनके नेत्रों में कुछ ज्योति जग-मगाई, कोई पाँच व्यक्ति विभिन्न डिब्बों से उतरे; पर तुरन्त संकेत हुये और इकट्ठे हये। उनकी बातें कुछ अजीब थीं; उनका हुलिया कुछ विचित्र था।

"क्यों भई ! कहां से आ रहे हो ?"

"तुम्हारा मतलब" झिड़क कर उनमें से एक ने ढाठे बांधे पूछने वाले पर क्रूर दृष्टि डाली।

"अरे मुझे समझने की चेष्टा करो। मैं अकोले से आने वालों की प्रतीक्षा में हूँ" नेत्रों से सार्थक संकेत किये। फिर धीरे से कान में कहा "कोथाली।"

सब के मुख पर धीमी हँसी--पर यह क्या ? हँसा सो फँसा। तुरन्त सीटी बजी और हुजूम का हुजूम लाल पगड़ियों का सब ओर से निकल आया। पाँचों व्यक्तियों में बिजली-सी कौंध गई और वे बच भागने की उड़ाने भरने लगे। परन्तु सब ओर उनका पाप बेड़ी लिये खड़े था। वे अपने भाग्य को कोस रहे थे कि क्यों उस झाँसे में आ गये। उफ! उन्हें क्या ज्ञात था कि लूट की सूचना इतनी तीव्र गति से वहाँ तक पहुँच सकती है। जब बचने का कोई उपाय नहीं देखा, तब चार ने तो आत्म समर्पण कर दिया, किन्तु धेठाने का डाकू श्रावण जी सामन्त भाग निकला। यह भी उनकी कूट चाल थी। यदि पुलिस उसका पीछा करती; तो अन्य भी बच भाग निकलते। परन्तु पुलिस ने कोई कच्ची गोली नहीं खायी थी। उसने उन चारों की बड़ी चौकसी की; हाँ, कुछ सिपाही सामन्त के पीछे अवश्य लगा दिये। परन्तु जैसी की आशंका थी; उन सब के वह कान काट गया। चकमा देकर वह पर्वतीय वनों में हिरण की भाँति छँलागे मारता चम्पत हो गया।

पुलिस को उसके भागने का इतना दुःख नहीं था जितना उन्हें आनन्द चार के पकड़ने का था। जब पुलिस ने अपने ढंग से पूछताछ की, तब पता लगा कि उनके पाँच अन्य साथी पुर्ली बैजनाथ स्टेशन पर लूट के बँटवारे की प्रतीक्षा में होंगे। उस समस्त क्षेत्र में खोजबीन प्रारम्भ हुई। वे लोग तो नहीं मिले; किन्तु एक रेल-यार्ड में उस बन्दूक की नली अवश्य मिली जो उन्होंने कोथोली के ग्रामीण से छीनी थी। अब तो सन्देह और भी सदेह हो गया।

प्रात: की बेला थी। मनुष्यों की तो बात ही क्या, अभी द्विजगरण निज-निज नीड़ों से ढंग से नहीं निकल पाये थे। पौ फट रही थी; अरुणोदय की स्वर्ण-ज्योति नील- गगन में अबीर उड़ा रही थी। यही नहीं, देवांगना की भाँति प्रभु-प्रार्थना में झुकी हुई वह रश्मिमाला भूतल को भी प्रणाम कर रही थी। पार्श्ववर्त्ती निर्भर से भी 'हर-हर' का मधुर तरल स्वर अहरहः झर रहा था। फिर क्या आश्चर्य जो उस निर्भर में एक हृष्ट पुष्ट हर भक्त 'हर हर शंकर' कहता स्नान कर रहा था। परन्तु यह क्या ? निकट में श्रीमान ने एक बन्दूक भी रख छोड़ी थी। इस परस्पर विरोधी बातों से जब साधारण व्यक्ति तक आकृष्ट हुए बिना नहीं रह सकता था, तब पुलिस की तो बात ही अलग थी; चुपचाप खोजते जब उन्होंने यह दृश्य देखा तो एक सिपाही धीरे से कहकहा मारे बिना नहीं रह सका-'हाथ सुमरनी-बगल कतरनी'। तभी दूसरा बोला 'नहीं, मुख में जाप, पास में पाप।"

सब हँसे पड़े; परन्तु तुरन्त मृत्यु की भांति मौन हो गये। तभी उन्होंने देखा कि उन भक्तदेव की पीठ में बन्दूक की गोली का चिह्न था। सब सिपाहियों का माथा ठनका "क्या यही व्यक्ति तो नहीं है जो कोथाली के ग्रामीण से आहत हुआ था ?"

ज्यों ही आगे बढ़ कर भक्त निर्भर की ओरसे बढ़ा, उसे पत्तों की खड़खड़ाहट श्रवणगत हुई। हा हन्त। एक पुलिस दल शिवगणों की भाँति कालपाश लिये मानों उस के आगे बढ़ रहा था। वह उसी अर्द्धस्नात दशा में सिर पर पैर रख कर भाग खड़ा हुआ। घबड़ाहट में वह बन्दूक भी नहीं ले सका जिसका ध्यान वह भगवान शंकर से अधिक रख रहा था।

"चलो भक्तदेव। हमें शंकर जी का प्रसाद दे गये" कहते हुए बन्दूक पुलिस ने उठाली; फिर प्राणपण से उसका पीछा किया; किन्तु वह तो था पर्वत का चूहा। पुलिस की सकोटि चेष्टा करने पर भी वह उसके हाथ नहीं आ सका और शैल-काननों में भागता चला गया।

यद्यपि पुलिस के नखपंजरों में वह नहीं फँस पाया, तथापि इस दौड़ धूप में पुलिस को उस गुप्त स्थान का पता लग गया जहाँ से वे डाकू अभियान चलाते थे। वहाँ पर कई शाखायें मिली जो निकट के वृक्ष से काटी गई थीं। वे शाखायें उन शाखाओं से बिल्कुल मिलती जुलती थीं जिनसे डाकूओं ने नामदेव पाटिल के घर में स्त्री बालकों को पीटा था। दस टुकड़ों में कटे पाँच रेल-टिकट भी मिले जिनसे स्पष्ट होता था कि एक व्यक्ति ने पूर्ना तथा चार ने पुर्ली बैजनाथ के टिकट लोहागढ़ से खरीदे थे। वहाँ से प्राप्त नोटों तथा वस्त्रों पर जो रक्त के धब्बे थे वे भी पाटिल के घर के पीटे गये

कुलजनों के हो थे।

लौटने पर पूछताछ से 'महान' के होटल वाले से भी डाकुओं का वहाँ कुछ दिन पूर्व आना पुष्ट हुआ; किन्तु उसके शब्दों में "उसे क्या विदित था कि वह उस खूंखार नाटक का मंगलाचरण था जो बाद को नृशँसतापूर्वक कोथाली में खेला गया।"

परन्तु पुलिस उन्हें इतना सस्ता नहीं जाने देने की थी। उसने वन को खंगाल डाला; खड्ड-खाई छान मारे; गोलियों से वह भूभाग चलनी कर दिया। लुटेरे तो कोई हताहत नहीं हुये; परन्तु उनके मनोबल की लंका अवश्य भस्मसात् हो गई। शीघ्र ही दो और लुटेरे पुलिस के हाथ आये जो लुटेरों के नेता महादू श्रवण बुध तथा हरीरामतुलसी गोवेद के अतिरिक्त अन्य कोई नहीं थे।

क्योंकि पुलिस की तत्परता तथा सपदिता उन्हें रंगे हाथों पकड़ने में सफल हुई थी, दण्ड उनको मिलना ही था; परन्तु दण्ड पाते समय उनकी खिसयानी मुद्रा मानो कह रही थी "अब तक तो हम यह जानते थे कि चोरों के पाँव ही नहीं होते, किन्तु आज पाँववाली पुलिस हम से भी तेज निकली जिसने हम बेपाँव वालों के पाँव में बेड़ी डाल दी।"

किन्तु कोथाली वालों की धारणा भिन्न थी। उनका कहना था "पुलिस ने उतनी नहीं जितनी उनके पाप ने बेडी डाली हैं । पाप उनके सिर पर कारागार के रूप में नाच रहा था।"

दिल्ली लीग हाकी में दल की विजय

दिनांक 1 अक्टूबर 75 को शिवा जी स्टेडियम में दिल्ली लीग सीनियर डिवीजन हाकी चैम्पियनशिप के अन्तिम खेल में, के० रि० पु० दल ने उत्तरी रेलवे को एकल गोल से हराया। निरन्तर तीसरी बार इस दल ने यह चैम्पियनशिप जीती थी।

डीवाई० एस० पी० सी० बी० राठौड़ के प्रशिक्षण में, के० रि० पु० दल ने गेंद की पकड़ गति तथा दावपेंच में उत्तम खेल दिखाया। मुखाजेन, हरविन्दर तथा चांद जैसे अन्तर राष्ट्रीय ख्याति के खिलाड़ी भी उत्तरी रेलवे को विजयी नहीं करा सके । इन्साइड लैफ्ट जावेद ने पेनाल्टी को गोल में बदल दिया।



दो जवानों की वीर गाथा

29 अगस्त 75 को लगभग 10 बजे सुबह 55 बटालियन के हेड कां० रामेश्वर दास और कां अनुसुइया प्रसाद को एजल में स्टेट बैंक आफ इंडिया पर भेजा गया। वे सशस्त्र होकर अपनी टुकड़ी के मुख्यालय से चले। आधे मार्ग से, वे नगर को जानेवाली सड़क पर चढ़ने लगे। तभी, दोनों हाथों में एक एक पिस्तौल लिये एक सशस्त्र विद्रोही उनसे हथियार छीनने को सामने आ खड़ा हुआ। तुरन्त दोनों जवानों ने अपनी स्थिति सभाँली; किन्तु इससे पहले कि वे फायर करें, विद्रोही ने उनकी भुजाओं में गोलियाँ दाग दीं। दोनों आहत जवान उस विद्रोही से भिड़ पड़े और उसे भूमि पर गिरा दिया। उसी समय वहाँ से लगभग 3 गज दूरी की झोपड़ी में छिपे और विद्रोहियों ने इन जवानों के चँगुल से अपने साथी को बचाने के लिये स्टेन गनों से फायर किये। इन जवानों को तब भी विद्रोही को नहीं छोड़ते देख कर, वे झोपड़ी से निकल आये और उन दोनों पर गोलियों की बौछार की। फलस्वरूप, हे० कां० रामेश्वर दास के घातक घाव लगे। तब भी, उसने अन्तिम श्वास तक विद्रोही को छोड़ा नहीं।

गोलियों की बर्षा में, कां. अनुसुइया उठा, विद्रोही के सिर में तक कर गोली मारी और वहीं भून दिया। इस एकाकी सिपाही के कठोर प्रतिरोध के कारण, अन्य विद्रोही भाग खड़े हुये और एक घायल भी हो गया। जवान के पेट तथा वाँयी बाँह में एक-एक गोली लगी और दाहिनी बाँह में तीन लगीं। प्राथिमक चिकित्सा के उपरान्त, उसे सैनिक अस्पताल में भेजा गया। तुरन्त चीरा लगाया और उसने कुछ प्रगति दिखायी। किन्तु स्थिति बिगड़ने के कारण, वह अभागा सिपाही 31 अगस्त 75 को इस संसार से कूंच कर गया।

पूर्ण पुलिस सम्मान के साथ, दोनों वीर जवानों का अन्तिम संस्कार किया गया। 10,000 रुपये का पुरस्कार (जो मृत विद्रोही के लिये घोषित हुआ था) अब उन जवानों के आश्रितों को दिया जा रहा है। वह मृत विद्रोही एक लाकेट पहने था जिससे ज्ञात हुआ कि वह मिजो राष्ट्रीय सेना का स्वघोषित लेफ्टीनेन्ट था। वह एजल नगर का कमांडर था तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के हत्यारों में से एक था।

स्वास्थ्य सन्देश

घास खायें, रोग भगायें

अमरीका की प्रसिद्ध डा० श्रीमती एन विगमोर डी०डी० का कहना है कि मनुष्य घास खा कर निरोग रह सकता है। हैरान होने की कोई बात नहीं जिस घास के बारे में यहाँ बताया जा रहा है वह विशिष्ट घास है-गेहूँ की घास। गेहूं के पौधों में जब तक गेहूं की बालियां नहीं आतीं, इनका रंग-रूप साधारण घास जैसा ही होता है। इस को खाकर मनुष्य किस प्रकार निरोग रह सकता है तथा घास को कब, कैसे तथा कितनी मात्रा में खाना चाहिए, यह आपको नीचे विवरण से पता लगेगा।

गेहूँ की घास पर प्रयोग —अब से लगभग 35-40 वर्ष पूर्व अमरीका की प्रसिद्ध डाक्टर विशमोर के ध्यान में यह आई कि मनुष्य जानवरों की अपेक्षा अधिक संख्या में बीमार होते हैं और बीमार भी नाना प्रकार से। बहुत खोजबीन के पश्चात् वे इस परिणाम पर पहुंचीं कि मनुष्य जानवरों की तुलना में अधिक बीमार इसलिए होता है कि वह प्रकृति से दूर रहता है। उसका रहन-सहन तो है ही, लेकिन खान-पान भी अप्राकृतिक है। अक्सर गांव में रहने वाले लोग शहरी लोगों की अपेक्षा कम बीमार होते हैं। इसका एक कारण है खुला वातावरण, दूसरा है आहार। मनुष्य प्रायः आहार का रूप बिगाड़ कर खाता है। जिन सब्जियों और फलों को मनुष्य पकाकर अथवा भूनकर खाता है वह उनके पोषक गुणों को नष्ट कर देता है और न ही उनमें शक्तिदायक गुण रहते हैं सभी डाक्टरों की यही राय है कि मनुष्य को अपने स्वास्थ्य के हित के लिए फल तथा शाक-सब्जियां सभी हरी ही खानी चाहिए। अपने प्रयोग द्वारा डाक्टर विगमोर ने गेहूं की घास में रोग विरोधक शक्ति अधिक देखी। अतएव उन्होंने परामर्श किया कि गेहूं की घास खाने से लोगों को इन बीमारियों से छुटकारा मिलता है :- दमा, पुरानी खांसी, शक्कर आना जिसे डाइबिटीज कहते हैं, शरीर में चर्बी का बढ़ जाना, शरीर में खून की कमी, कैंसर, आंख, नाक, कान, यकृत अर्थात् शरीर की सभी बीमारियाँ दूर हो जाती हैं। गेहूं की घास रामबाण औषधि सिद्ध हुई है।

खाने का तरीका और उगाने का तरीका -घर में गेहूं-घास की ताजा पत्तियां पाने के लिए स्वस्थ गेहं के थोड़े से दाने लेकर दो गमलों में अच्छी तरह उपजाऊ मिट्टी में बो दें। तीसरे दिन गेहूं से अंकुर फूटने लगेगा। गमलों की मिट्टी थोडी नम होनी चाहिए। 7-8 दिन में ये पौधे 5 से 7 इन्च तक बड़े हो जायेंगे। पौधों को जड़ के ऊपर के अंकुर कैंची से काट लीजिए अथवा जड़ को उखाड़ कर फेंक दें। रोजाना गमलों में रासायनिक खाद का उपयोग नहीं करना चाहिए। पहले दो गमलों में बीज डालने के 3 दिन बाद दूसरे दो और गमले लेकर उनमें भी गेहूं के बीज उगादें। ऐसा करने से हर रोज नई घास खाने को मिल सकेगी। पहले गमलों की घास खतम होने पर फिर से गेहूं के बीज डाल दें। इस प्रकार यह क्रम चलता रहेगा और ताजी घास खाने को मिलेगी।

ले० श्री अनिल कुमार शर्मा

गेहं की घास जब 5 से 7 इन्च तक बड़ी हो जाए तभी उसे खाना चाहिए क्योंकि इस समय पत्तियां कोमल होती हैं तथा शरीर-पोषक गुणों से भरपूर होती हैं। उनमें ए. बी. सी. डी. आदि सभी प्रकार के विटामिन होते हैं। गेहूँ घास की 8-10 पत्तियों को तोड कर तथा साफ पानी में धोकर दिन में तीन चार बार तक खूब चबाकर उसका रस पी जाना चाहिये और शेष भाग को फेंक दें। इन पत्तियों को कूट कर और इनका रस निकाल कर भी पी सकते हैं। प्रत्येक बार ताजी पत्तियां ही इस्तेमाल करें। धीरे धीरे इस मात्रा को 15-20 पत्तियों तक बढ़ाया जा सकता है। इन 15-20 पत्तियों से एक औंस तक रस निकलता है और एक समय में एक- औंस से ज्यादा नहीं लेना चाहिए। दिन में जितनी बार भी पीना हो हर बार एक औंस से ज्यादा नहीं होना चाहिए। बच्चों को एक समय में 3-4 बूंद तक देना चाहिए। यदि रस पीने में अच्छा न लगे तो इसमें शहद मिला कर भी पी सकते हैं अथवा इस रस को अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों में मिलाकर भी पिया जा सकता है।

गेहूँ-घास का रस पीने की कभी यह प्रतिक्रिया भी होती है कि जी मिचलाने लगता है, उल्टी भी हो सकती है, जुकाम और बुखार तक भी हो जाता है। किन्तु इन लक्षणों से घबराना नहीं चाहिये। इस प्रकार से शरीर का संचित-विष निकलता है और इसके बाद गेहूँ का रस बहुत जल्दी लाभ करता है। यह भी ध्यान रखें कि गेहूँ घास का रस रोजाना दिन में 3-4 बार लेने से ही जल्द लाभ होता है। गेहूँ-घास की पत्तियां अगर कूट कर किसी जख्म या फोड़े फन्सियों पर बांध दी जाएं तो यह जख्म जल्द ही ठीक हो जाते हैं।

निधन



श्री सुरेन्द्र मोहन अवस्थी, 19 बटालियन के 'डी' - कम्पनी के कमाण्डर का निधन 22 अगस्त, 1975 को ऐजल के निकट एक जीप दुर्घटना में हो गया। तीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के दो मुख्य हत्यारों के बन्दी बनाने के अभियान में श्री अवस्थी भाग ले रहे थे।

श्री अवस्थी का विद्यार्थी जीवन भव्य रहा और उन्होंने बी० एस० सी० की परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास की। उन्होंने 20 वर्ष की सुकुमार अवस्था में इस दल में प्रवेश किया तथा 1973 में केन्द्रीय प्रशिक्षण कालेज (सी० टी० सी०) से उत्तीर्ण हुये। उन्होंने शस्त्र प्रशिक्षण कोर्स शस्त्र प्रशिक्षण के केन्द्रीय स्कूल, इन्दौर में पूरा किया।

<u>पुरस्कृत निबन्ध</u>

कागज संकट

"हम भारत के लोग भारत के एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न लोकतांत्रिक गण राज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राज नैतिक न्याय,

विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की गरिमा और राष्ट्र की एकता सुनिश्चित करने वाली बंधूता बढाने के लिए -दढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज दिनाँक 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ला सप्तमी संवत् 2006 विक्रमी) का एतद् द्ववारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मसमर्पित करते हैं।"

उक्त प्रतिज्ञा के अनुसार भारतवर्ष 26 जनवरी, 1950 को संपूर्ण प्रभुता संपन्न जनतंत्र गण राज्य बन गया। जनतंत्र अपने आप में एक अच्छी शासन-व्यवस्था है, परन्तु इसका स्वरुप आर्थिक विकास के स्तर के साथ बदलता रहता है। जनतंत्र की व्यवस्था सही ढंग से तभी चल सकती है जब एक खास स्तर का आर्थिक विकास हो चुका हो। यहाँ तक कि इंगलैंड, जहाँ से आधुनिक संसदीय जनतंत्र की शुरुयात मानी जाती है, में भी जनतंत्रीय प्रणाली की जरूरत औघों गिक क्रांति के बाद ही महसूस की गई थीं। जनतंत्र एक राजनैतिक विचार है किंतु आज समस्या मूलतः आर्थिक है। और उसमें से एक समस्या कागज के संकट की है। देश मँहगाई और अभाव के दौर से होकर गुजर रहा है जिसके कारण देश की अर्थव्यवस्था को बहुत धक्का लगा है और देश की योजनाओं की गति प्रायः शिथिल हो गई है। आज हम सभी को मिलकर अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहना है, योग्य बनना है। आर्थिक विषमता में पिसे जा रहे लोगों के सामने दूसरे रास्ते तो हैं नहीं। तर्कहीनता, दिशाहीनता और अबुद्धिगम्यता के शिकार वे अपना आक्रोश जैसे भी हो प्रकट कर देते हैं।

ऐसी परिस्थिति में ऐच्छिक रूप से हो नहीं बल्कि अनिवार्य हो जाता है कि सभी सरकारी कर्मचारी भारत सरकार के साथ सहयोग कर तथा छोटी-छोटी बचत करके अर्थतंत्र के आधार स्तंभों को मजबूत करें जिससे सरकार अपना उत्तरदायित्व निभाने में हल्कापन महसूस करें। कहावत है कि 'बूंद बूंद से घट भरे'। इसके अनुसार एक-एक नये पैसे की बचत से करोड़ों रुपये की बचत हो सकती है। फिर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल का तो कर्तव्य ही सरकारी संपत्ति की रक्षा करना है जिसके फलस्वरूप सरकार को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप में सरकारी साधनों की बचत होती है। जहाँ कहीं भी संपत्ति की क्षति का खतरा पैदा होता है, इस दल को तैनात कर दिया जाता है। जब केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के जवान सरकार की बाहरी अर्थव्यवस्था को बनाये रखने में सच्चे मनोबल से अपना कर्तव्य निभा रहे हैं तो मंत्रालयिक कर्मचारी भी आंतरिक अर्थव्यवस्था को बनाये रखने में एक महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। आज कागज का संकट और उसके उपभोग में कमी करने की एक गंभीर समस्या मुँह फाड़े खड़ी है और

ले. श्री श्यौनाथ सिंह

परिस्थितिवश हमारी सरकार ने भी सरकारी कार्यालयों का लेखन सामग्री का कोटा भी कम कर दिया है जिससे हमें निराश नहीं होना चाहिए; अन्यथा इंसान के अंदर गरीबी और बुराई या संकट के खिलाफ लड़ने की जो प्रेरणा होती है वह खत्म हो

जायेगी इच्छा, साहस और मेहनत लोगों को वह रास्ता दिखला देती है जिसका अनुसरण कर वह गंतव्य स्थान पर पहुंच जाता है जहाँ उसे आशा भी नहीं थी : फेवर कहता है -

> **"There are no necessities, but every where possibilities and man as a master of these possibilities is the judge of their use."**

अर्थ और आकार दो द्वन्द्वात्मक पहलू हैं। किसी भी आर्थिक संकट में स्थिति को नियंत्रण करने के लिए उसे सृजनात्मक आकार देना पड़ता है और आज वही बात कागज संकट के साथ है। हम केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल के कार्यालयों में निम्नलिखित पग उठाकर या सजनात्मक आकार देकर संकट कम कर सकते हैं :-

(क) उच्च अधिकारियों का कर्मचारियों को आदर्श

सबसे पहले हमारे अधिकारियों को चाहिए कि जहाँ कहीं भी कागज का दुरुपयोग देखें रोक लगाना चाहिए और अपनायी गई गलत पद्धति के लिए मार्ग प्रदर्शन करें। जिस प्रकार एक बेल को सशक्त वृक्ष का संबल मिल जाता है, वह फूलती फलती है, उसे शोभा प्राप्त होती है। इसी प्रकार महानिदेशालय के अन्दर भी **एक ऐसे उच्च अधिकारी हैं जिनका नाम उल्लेख करना उचित नहीं है, निजी कार्य के लिए कागज़, कार्बन और फाइल कवर बाजार से खरीद कर उपयोग में लाते हैं तथा स्याही तक भी अपने प्राइवेट कार्यों में सरकार की प्रयोग नहीं करते हैं।** अत: इस प्रकार का आचरण कर्मचारियों के लिए एक आदर्श है। इसी आदर्श ने क्या नहीं दिया उन्हें शारीरिक क्षमता, आत्मिक बल और मानसिक प्रखरता-सभी के तो वे धनी हैं। जो कर्मचारी उनके सिद्धांतों से अवगत हैं और सच्चे राष्ट्र के नागरिक हैं, जरूर उनके अपनाये मार्ग का अनुसरण करेंगे। जब भी वह अपने कार्यालय को छोड़ते हैं तो अपने आफिस अर्दली का इंतजार किये बिना कमरे की बत्ती बन्द करना, पंखा बन्द करना, कभी नहीं भूलते हैं। यही तो सच्ची राष्ट्रीयता की भावना और उच्च आदर्श है जिन्हें देख और सुनकर आँखें सद्भावना और न्याय से छलक उठती हैं। यदि हमारे अधिकारी वर्ग और कर्मचारियों के अंतर्गत इतनी सच्ची राष्ट्रीयता की भावना और आदर्श आ जायें तो देश कागज के संकट से ही नहीं बल्कि संपूर्ण अभाव और महँगाई से उभर सकता है और शायदे इतिहास कुछ और ही मोड़ लिए हुये होगा -- किन्तु न जाने कितनी बार हमारा इतिहास इन्हीं आदर्शों की कहानी दोहराता रहेगा। इसके विपरीत यदि बेल को वृक्ष का अवलंबन न मिले तो वह जमीन पर ही धूलधूसरित और पददलित होती रहती है,

ठीक उसी प्रकार यदि हमारे उच्च अधिकारी उक्त आदर्शों को नहीं अपनायेंगे तो कागज ही क्या प्रत्येक क्षेत्र में दुरुपयोग ही दुरुपयोग नजर आयेगा और सारी आर्थिक व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो जायेगी।

हम केवल अपने उन्हीं विचारों और कार्यों को सृजनात्मक कह सकते हैं--जो सेवा भाव और निष्ठा को प्रोत्साहित करते हैं, कार्य की दशा में सुधार करते हैं, व्यय और प्रयास में मितव्ययता तथा मानव श्रम में कमी करते हैं, परंतु वृहत् कार्यकुशलता की

प्राप्ति कराते है।

(ख) प्रशासनिक पत्राचार को बढ़ावा

सरकारी पत्र व्यवहार के अनेक रूप होते हैं। कहीं पत्र लिखा जाता तो कहीं 'अर्ध-सरकारी पत्र'। ज्ञापन के रूप में सूचना मांगी जाती है तो कभी सरकारी निर्णय की सूचना 'कार्यालय ज्ञापन' या 'अंतर कार्यालय ज्ञापन' द्वारा दी जाती है; किन्तु जहाँ तक स्थानीय के० रि० पु० दल के कार्यालयों या शाखाओं के साथ पत्राचार का संबंध है प्रशासनिक पत्राचार को बढ़ावा देना चाहिए जिससे कि व्यर्थ का टिप्पण और टंकण की जहमत और जिल्लत से बचा जा सके और कार्य में गतिशीलता भी आ सके। प्रशासनिक पत्राचार निम्नलिखित तरीकों से किया जा सकता है--

(1) संदेश वाहक का उपयोग करके-- किसी कागज पर अपेक्षित टिप्पण लिखकर संदेश वाहक को दी जाय और संबंधित शाखा या कार्यालय से हाथों-हाथ सूचना या स्पष्टीकरण मंगाया जाय।

(2) आंतरिक दूरभाष यंत्र का उपयोग करके सम्बंधित अधिकारियों से सूचना मालूम की जाय और उसका हवाला मिसिल में दर्ज किया जाय।

उपर्युक्त तरीकों को कार्यालय के काम में लाकर श्रम, समय और कागज की बचत होगी तथा कार्य में क्षमता भी आयेगी।

टिप्पण के संबंध में सामान्य सावधानियां

टिप्पण लिखने के बारे में निम्नलिखित कुछ ऐसी सावधानियां हैं जिनका अनुसरण कर कागज, समय और कार्य के भार में कमी आ सकती है :--

(1) सभी टिप्पणियाँ संक्षिप्त और विषय संगत होनी चाहिएँ। बहुत अधिक लम्बी टिप्पणियाँ लिखना दोष है। यह मान लेना चाहिए कि विचाराधीन कागजों पर पहले की टिप्पणियों को तो वह अधिकारी पढ़ेगा ही जिसके सामने मामला पेश किया जा रहा है। इसलिए विचाराधीन कागजों को या उसी मिसिल पर दूसरे मंत्रालयों की टिप्पणियों को ज्यों का त्यों उतारने या उनका वाक्य सार देने से बचना चाहिये।

(2) यदि किसी अधिकारी को ऐसी मिसिल पर टिप्पणी लिखनी हो जिसमें "तथ्यों का क्रमिक सार" मौजूद हो तो मामले के तथ्यों की ओर ध्यान दिलाते हुए उसे केवल 'सार' का हवाला दे देना चाहिये और अपनी टिप्पणी में तथ्यों का कोई भी अंश दोहराना नहीं चाहिए।

(3) नेमी मामलों में ओवती पर ही टिप्पणी करके जवाब, सूचना या स्पष्टीकरण दे देना चाहिए जिससे कागज, समय और श्रम की बचत होगी। इस प्रकार की कार्यप्रणाली का सेना में तो बहुत ही अनुसरण किया जाता है। जैसे कि प्रावती पर ही अधिकारी अपना आदेश दे देते हैं और लिपिक या अधीनस्थ अधिकारी उसके आदेशानुसार कागज पत्र संकेत आदि लगाकर प्रस्तुत कर देते हैं। यदि कोई बहुत ही महत्त्वपूर्ण मामला है तो अधिकारी के आदेश को अन्य कागज पर उतारकर उसके नीचे टिप्पणी कर देते हैं। इस प्रकार के

कार्य से व्यर्थ टिप्पण, टंकण आदि को। जहमत में नहीं पड़ना पड़ता और साथ कागज की खपत में भी कमी आती है।

(4) यह आम प्रचलन है कि जब कभी कोई बटालियन महानिदेशालय के साथ पत्राचार करती है तो जरूरी भी न समझते हुये उसकी प्रतिलिपि उप-महानिरीक्षक एवं महानिरीक्षक को भेजी जाती है। और जब महानिदेशालय सीधे किसी बटालियन को स्पष्टीकरण या जवाब आदि देते हैं तो उसकी प्रतिलिपि मध्यस्थ कार्यालयों जैसे उपमहानिरीक्षक और महानिरीक्षक के कार्यालय को भेजते हैं। ध्यान रखा जाना चाहिए कि केवल अपेक्षित सूचना से संबंधित पत्रों की प्रतिलितियाँ भेजी जायें।

सी० आर० पी० एफ० 46. (बड़ा व छोटा) पैड में संशोधन

अन्य कागज के अभाव में दल के सभी कार्यालयों में उक्त पैड का अधिकतम प्रयोग किया जा रहा है जिसके एक तरफ खाका बना हुआ और दूसरी तरफ खाली है। प्रायः देखा गया है कि कोई भी लिपिक या टाइपिस्ट खाके के तरफ का भाग उपयोग बिल्कुल ही नहीं करते हैं। पत्र के खाके में अनावश्यक जगह भी घिरी हुई है जिसके कारण न तो मसौदा टाइप किया जा सकता है और न ही साइक्लोस्टाइल्ड किया जा सकता है। अब कुछ दिनों से उच्च अधिकारियों से उस तरफ भी साइक्लोस्टाइल्ड करने के आदेश दिये हैं जिसके परिणामस्वरूप उस तरफ का छपा मसौदा या तो बहुत ही गंदा पाता है या पढ़ने में ही नहीं आता है। उचित यही रहेगा कि पत्र के खाका को समाप्त कर दिया जाय जिससे कागज का पूरा-पूरा उपयोग किया जा सके।

पत्र का कलेवर छोटा करना

(1) उच्च अधिकारी हों या कर्मचारी, इस बात का ध्यान रख सकते हैं कि मसौदा में अनावश्यक शब्दों प्रयोग तो नहीं किया जा रहा है। यदि ऐसा है तो हिदायत जारी की जाये कि भविष्य में संक्षिप्त और अपेक्षित उत्तर ही दिया जाय। इस प्रकार कार्य, शब्दजाल की भर्त्सना कांगज की खपत में कमी तथा कार्य की प्रगति में क्षमता कर सकती है

(2) पत्र के कलेवर की बांये या दांये और ऊपर नीचे खिसका कर छोटा किया जा सकता है। नया पैरा बनाते समय तथा संख्या, प्रेषक का पता और हस्ताक्षर एवं मसौदा के बीच की जगह कम करके कलेवर छोटा किया जा सकता है।

(3) प्रत्येक पत्र को टाइप करते समय यह ध्यान रखा जाये कि यदि उसमें पृष्ठांकन है तो उसे कागज के दूसरी तरफ ही टाइप किया जाये जिससे जो मसौदा बड़े साइज़ के टाइप कागज पर होना चाहिए था छोटा साइज के कागज से काम चल जाता है और इस प्रकार कागज की खपत में दुगनी कमी आ जाती है।

(4) जितने भी नेमी किस्म के मसौदे हैं उनको साइक्लोस्टाइल्ड करके रख लेना चाहिये और जरूरत पड़ने पर काम में लाना चाहिये जिससे कार्य के भार,

श्रम और समय की बचत होती है तथा कार्य क्षमता में बढ़ोत्तरी होती है।

छोटे-छोटे कार्यों के लिए कागज के दुरुपयोग पर रोक

पत्राचार प्रस्तुत करते समय जगह-जगह संदर्भों के संकेत के लिए छोटी-छोटी पर्चियों की आवश्यकता पड़ती है और लिपिक वर्ग पूरे साइज के कागज का प्रयोग करते हैं जिससे कागज का दुरुपयोग होता है। इस प्रकार के कार्यों के लिए टाइपिस्टों को हिदायत जारी की जाए कि मसौदा टाइप करने के बाद नीचे जो जगह बचती है उसको फाड़कर लिपिक वर्गों में बाँट दें जो छोटे-छोटे कार्यों में प्रयोग कर सकते हैं। यह क्रिया प्रतिदिन अपनाकर टाइपिस्ट वर्ग काफी कागज की बचत में सहयोग दे सकते हैं। कार्यालय लिपिक भी स्वच्छ ज्ञापन प्रस्तुत करते समय नीचे बचे कागज को फाड़कर अन्य कामों में ला सकते हैं।

कागज का दोनों तरफ से उपयोग

प्रायः लिपिक वर्ग ड्राफ्ट प्रस्तुत करते समय सी० आर० पी० एफ० -46 पैड का प्रयोग करते हैं और अनुमोदन होने पर फाड दिया जाता है । यदि उस कागज को सम्भाल कर रखा जाय तथा जरूरत पड़ने पर दूसरी तरफ का भाग अन्य मसौदे के लिए प्रयोग किया जाय तो कागज के बचत में सहयोग मिल सकता है। कागज का दोनों तरफ से उपयोग होने पर एक जगह जमा करते रहना चाहिए और जब उनकी संख्या दस या पन्द्रह हो जाय तो डाक प्रेषक लिपिक को दे देने चाहिएं जिससे वह उनका उपयोग लिफाफे के बनाने में कर सकता है और इस प्रकार हमारा कोई भी कागज बेकार नहीं जाएगा और कार्य के लिए कोई असुविधा भी नहीं होगी और कार्य करने में गतिशीलता भी आएगी।

अतिरिक्त प्रतियों का पूरा-पूरा उपयोग

सामान्यत: साइक्लोस्टाइल्ड पत्र की कुछ अतिरिक्त प्रतियों पर रोक लगाई जाये और यदि भेजने के बाद कुछ प्रतियाँ बच जाती हैं तो उनको लिफाफे बनाने के लिए उपयोग किया जा सकता है। इसी प्रकार टाइप किया हुमा मसौदा संशोधन के कारण दोबारा यदि टाइप करना पड़ा तो पहले वाले मसौदे को सम्हाल कर रखना चाहिए जिससे लिफाफा आदि बनाने के लिए डाक प्रेषक लिपिक या दफ्तरी को दिया जा सके। बाहर से प्राप्त लिफाफों को सावधानी से खोलना चाहिए जिससे उनका दोबारा उपयोग किया जा सके। इस कार्य के लिए हमें सफेद कागज की छोटी-छोटी स्लिपें तैयार रखना चाहिए और जब भी पुराने लिफाफे के उपयोग की जरूरत पड़े स्लिप लगाकर पता लिख देना चाहिए। इस प्रकार श्रम, समय और कागज की बचत होगी।

कभी विज्ञापन छापने पर जैसे उपपुलिस अधीक्षक के चुनाव आदि से सम्बन्धित हजारों की संख्या में आवेदन पत्र आते हैं और उनके साथ बहुत से प्रमाण पत्रों की प्रतियाँ संलग्न होती हैं । चुनाव आदि को कार्य समाप्त हो जाने के बाद हम इन प्रमाण पत्रों की प्रतिलिपियों को निकाल कर लिपिकों में बाँट सकते हैं और लिपिक वर्ग इनका उप योग मसौदा आदि बनाने के लिए कर सकते हैं। इस प्रकार काफी कागज की बचत हो सकती है। इन आवेदन पत्रों से प्रमाण पत्रों की प्रतिलिपि अलग करने के

बाद काफी संख्या में पेन एवं क्लिप आदि भी प्राप्त हो सकती हैं जिनको काम में लाया जा सकता है।

शब्दों के सीमित क्षेत्र से आगे न जाकर मैं यही प्रस्तुत करना चाहूंगा कि अगर अपने राष्ट्र की आर्थिक मशीन को द्रुतगामी बनाना है तो हम अपने-अपने परिवेश में रहते हुए उक्त प्रयासों को सफल बनाकर भागीदार बन सकते हैं। क्योंकि यह संसार एक परिवहन है, जिसकी गति तेज होगी वह दूसरे वाहन को पीछे छोड़ जायेगा। अतः हम अपने कार्य को सरल, सुव्यवस्थित, मितव्ययी बना कर चालकों को, जिनको विस्तृत क्षेत्र में काम करना है, उनके लिए योजना बनाकर सहयोग प्रदान कर सकते हैं। जिनके जहन में राष्ट्रहित है वे अपनी मानसिक प्रखरता और शारीरिक एवं आत्मिक बल से अवश्य ही दूसरों को दौड़ में पीछे छोड़ जायेंगे। हम सब मिलकर ऐसी सृष्टि का निर्माण करें, जो सर्वमुखी सम्पन्न हो और उसमें बार-बार जन्म लेने के लिए हम प्रभु से प्रार्थना करते रहें।



श्री डी० एस० भटनागर से जिमनास्टिक ट्राफी प्राप्त करते हुए श्री एल० एम० खन्ना

कुश्ती दंगल

9वां अन्तर रेंज कुश्ती दंगल 75 ग्रुप केन्द्र नई दिल्ली में आयोजित हुआ। सभी रेजों ने भाग लिया और दंगल में 155 पहलवान आये। दिल्ली ने चैम्पियनशिप जीती, और अजमेर तथा नीमच दूसरे स्थान पर रहे। दंगल का सर्वोत्तम मल्लयोधा ग्रप केन्द्र नई दिल्ली का कां० रामकुमार माना गया।

समापन समारोह की अध्यक्षता श्री निगमेन्द्र सेन सक्सेना महानिदेशक महोदय ने की। उन्होंने विजेता की चैम्पियनशिप शील्ड तथा द्वितीय स्थान पाने वाले को 'कप' प्रदान किया और पहलवानों को प्रमाण पत्र तथा पारितोषिक वितरित किये। इन

पहलवानों की कुश्तेयां प्रशंसनीय रहीं -


ई० दीवान सिंह, स० इं० ईश्वर सिंह हे० कां० बैजनाथ, हे० कां० रघुवीर सिंह, ना० जेतन यादव, कां० जगरूपन दास, ना० दादा कांसे, हे० कां धर्म देव, कां० रामकुमार, का० आजाद सिंह, रं० वेद प्रकाश, लां० ना० डी० डी० बलवेदकर, ना० जूठन सिंह, कां० राम चन्द्र, हे० कां० गिरि राज सिंह तथा कां० केदार नाथ।

अन्तर रेंज वालीबाल प्रतियोगिता 75 --अन्तर रेंज वालीबाल प्रतियोगिता 75 रेलवे इंस्टीच्यूट ग्राउण्ड पर 25 जुलाई से 30 जुलाई, 75 तक ग्रुप केन्द्र II अजमेर द्वारा आयोजित की गई। ऐजल तथा कलकत्ते के अतिरिक्त सभी टीमों ने भाग लिया। श्री० टी आर० जेतली उपमहानिरीक्षक के रि० पु० दल अजमेर ने 25 जुलाई, 75 को उद्घाटन किया। प्रतियोगिता लीग तथा नाक आउट के आधार पर खेली गई। अन्तिम मैचें 30 जुलाई, 75 को खेली गई।

हे. कॉ० सी० जे० कुरिआन ग्रु० के० हैदराबाद सर्वोत्तम खिलाड़ी माना गया तथा उसे एक विशेष पुरस्कार दिया गया। योग्यता प्रमाण-पत्र हैदराबाद रेंज (विजयी), नीमच रेंज (द्वितीय) तथा कोहिमा रेंज (तृतीय) को दिये गये। समापन समारोह की अध्यक्षता श्री ई० जे० मुकन्द भूतपूर्व उपमहानिरीक्षक ने की तथा पुरस्कार वितरित किये।



स० इ० ईश्वर सिंह को कुश्ती चैम्पियन शिप ट्राफी प्रदान करते हुये महानिदेशक श्री निगमेन्द्र सेन सक्सेना



रं० प्र० केन्द्र I- उडवाहा में अभ्यास रत दल के जिमनास्टिक खिलाड़ी

निम्नलिखित खिलाड़ी केन्द्रीय टीम को चुने गये—

1. जमा० गुरदीर सिंह (9 बटा०) 2. जमा० अशोक कुमार (42 बटा०) 3. हे० कां० सी० जे० कुरिआन (ग्रुप के० हैदरा०) 4. हे० कां० रोहतास सिंह (48 बटा०) 5. हे० कां० के० के० पुनप्पा (29 बटा०) 6. जमा० निर्मल सिंह (31 बटा०) 7. हे० कां० टी० जोश (32 बटा०) 8. लां० ना० स्वतन्त्र सिंह (51 बटा०) 9. लां० ना० बीरबल सिंह (2 बटा०) 10. हे. कां० फूल सिंह (48 बटा०) 11. कां० मिर्जा जहांगीर (20 बटा०) 12. हे० कां० आगस्टाइन जार्ज (42 बटा०) 13. हे कां० मुखराम (ग्रु० के० अजमेर II) 14. कां० धर्म सिंह (45 बटा०) 15. कां० टी० वी, लक्ष्मण (ग्रु० के० नौमच) 16. | लाँ० ना० प्रह्लाद सिंह (51 बटा०) 17. कां० मेयर कुट्टी (ग्रु० के० हैदरा०) 18. कां० के० पी० दिवाकर (54 बटा०)

अन्तर रेंज फुटबाल प्रतियोगिता 75—

10 जुलाई से 17 जुलाई 75 तक अन्तर रेंज फुटबाल प्रतियोगिता हुयी। यह लीग तथा नाक आउट के आधार पर खेली गयी। दस टीमों ने इसमें भाग लिया। 10 जूलाई, 75 को श्री बी वर्मा, उपमहानिरीक्षक, के०रि०पू० दल श्रीनगर ने इस प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। समारोह की अध्यक्षता कुँवर दिवाकर सिंह (जम्मू तथा कश्मीर के मुख्य संसद सचिव) ने की तथा पारितोषिक वितरण किये । हैदराबाद रेंज को विजेता ट्राफी तथा दिल्ली रेंज को द्वितीय ट्राफी प्रदान की गई।

अन्तर रेंज एम० टी० प्रतियोगिता 75—


अन्तर रेंज एम० टी० (मोटर गाड़ी) प्रतियोगिता 3 जुलाई से 8 जुलाई, 75 तक ग्रुप केन्द्र जम्मू द्वारा आयोजित की गई। दस टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का प्रारम्भ तथा समापन श्री सतीश कुमार कमांडैण्ट ग्रु० के० जम्म ने 3. 7. 75 तथा 8. 7. 75 को क्रमशः किया। दिल्ली रेंज प्रथम रही तथा श्रीनगर और नीमच रेंजें द्वितीय तथा तृतीय क्रमशः रहीं। निम्नलिखित खिलाड़ी केन्द्रीय टीम के लिये चुने गये—

1. कां० जोगेन पाल (नीमच रे०) 2. हे० कां० सुफेद सिंह (दिल्ली रे०) 3. हे० कां० लकी नारायण (गौ० रे०) 4. ना० बसी राम (नीमच रे०) 5. ना० कप्तान सिंह (श्रीनगर रे०)



दिल्ली तैराकी चैम्पियनशिप में दल की टीम


विशेष परेड
(हमारे विशेष संवाददाता द्वारा)
CRP officer honoured
Police Medal for CRP Jemadar
CRP fights floods
C.R.P.F. Too Good For Independents
By a Staff Reporter
THE MOTHERL
self-contained colo
C.R.P.F. Hockey
THE INDIAN EXPRESS


8
7
6
5
4
DEEP END